# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

शनिवार, 22 मार्च, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 78, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 557 अंकों की उछाल

घरेलू शेयर बाजार लगातार पांचवें दिन बढ़त के साथ बंद हुए। प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स में 557 अंक और निफ्टी में 160 अंक की तेजी रही। } 14

## साल में एक बार स्वास्थ्य जांच जरूर करायें लोस सदस्य

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने लोकसभा में सभी सदस्यों से साल में कम से कम एक बार पूरी स्वास्थ्य जांच कराने की अपील करते हुए कहा कि यहां कई सदस्य हैं जो ओवरवेट हैं। } 16



# रेप का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में ढेर

## मलिहाबाद में हुई मुठभेड़, एक लाख रुपये का था इनामी

विशेष संवाददाता



लखनऊ। राजधानी में रेप के बाद महिला की हत्या के मामले में फरार मुख्य आरोपी अजय पुलिस से मुठभेड़ में ढेर हो गया। इस पर विभिन्न थानों में 23 मुकदमें दर्ज थे, जिस कारण इस पर एक दिन पहले ही पुलिस ने एक लाख का इनाम घोषित किया था।

आरोपी का मलिहाबाद थाना क्षेत्र में पुलिस से सामना हुआ। इस दौरान पुलिस पार्टी पर बदमाश ने फायर झोंक दिया, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की और पुलिस की गोली से बदमाश को गोली लगी जिसे अस्पताल लाकर जाया गया, जहां डॉक्टरों में बदमाश अजय को मृत घोषित कर दिया। इससे पहले पुलिस ने घटना में शामिल मुख्य आरोपी के भाई दिनेश को गिरफ्तार कर लिया था। मुख्य आरोपी अजय फरार चल रहा था। इस पर पुलिस ने एक लाख का इनाम घोषित किया था। रात को मुख्य आरोपी की पुलिस से भिड़ंत हो गई। इसमें पुलिस की गोली लगने से वह ढेर हो गया। बता दें कि पुलिस ने रेप के बाद महिला की हत्या मामले में आरोपी के भाई को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आलमबाग से लेकर मलिहाबाद तक सीसीटीवी खंगाले और ऑटो को सर्च किया। इसी ...शेष पृष्ठ 14 पर

# दिल्ली हाईकोर्ट के जज के आवास से नहीं मिली नकदी : डीएफएस प्रमुख

## न्यायाधीश यशवंत वर्मा से संबंधित घटना को लेकर फैलाई गई गलत सूचना : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी



उच्चतम न्यायालय ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा से संबंधित घटना को लेकर गलत सूचना और अफवाहें फैलाई जा रही हैं। न्यायमूर्ति वर्मा के सरकारी आवास से आग लगने के बाद कथित तौर पर बड़ी मात्रा में नकदी बरामद नहीं हुई थी।



न्यायाधीश, यशवंत वर्मा

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास पर लगी आग बुझाने के दौरान दमकल कर्मियों को कोई नकदी नहीं मिली। यह जानकारी दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) प्रमुख अतुल गर्ग ने शुक्रवार को दी। गर्ग ने बताया कि नियंत्रण कक्ष को 14 मार्च की रात 11 बजकर 35 मिनट पर लुटियंस दिल्ली स्थित वर्मा के आवास में आग लगने की सूचना मिली और दमकल की दो गाड़ियों को तुरंत मौके पर भेजा गया। गर्ग ने बताया कि दमकल की गाड़ियां रात 11.43 बजे मौके पर पहुंचीं।

उन्होंने बताया कि आग स्टेशनरी और घरेलू सामान से भरे एक स्टोर रूम में लगी थी। उन्होंने बताया कि आग पर काबू पाने में 15 मिनट लगे और इसमें कोई हताहत नहीं हुआ। डीएफएस प्रमुख गर्ग ने कहा आग बुझाने के तुरंत बाद हमने पुलिस को आग की घटना की सूचना दी। इसके बाद अग्निशमन विभाग के कर्मियों का दल मौके से रवाना हो गया। हमारे अग्निशमन कर्मियों को अग्निशमन अभियान के दौरान कोई नकदी नहीं मिली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा से संबंधित घटना को लेकर गलत सूचना और अफवाहें फैलाई जा रही हैं। न्यायमूर्ति वर्मा के सरकारी आवास से आग लगने के बाद कथित तौर पर बड़ी मात्रा में नकदी बरामद हुई थी। न्यायालय के बयान में कहा गया है कि न्यायमूर्ति वर्मा के इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरण का प्रस्ताव स्वतंत्र है और आंतरिक जांच प्रक्रिया से अलग है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि सूचना मिलने पर दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने साक्ष्य और सूचना एकत्रित करने के लिए आंतरिक जांच प्रक्रिया शुरू की। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय, जिन्होंने 20 मार्च की कॉलेजियम की बैठक से पहले जांच शुरू कर दी थी, आज ही प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना को एक रिपोर्ट सौंपेंगे। इसपर (रिपोर्ट पर) गौर करने के बाद, अदालत आगे और आवश्यक कार्वाई के लिए आगे बढ़ेगी। वहीं दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के यहां स्थित आधिकारिक आवास से कथित रूप से बड़ी नकद राशि बरामद होने की घटना के बाद, उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने उन्हें इलाहाबाद उच्च न्यायालय स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अगुवाई वाले पांच सदस्यीय कॉलेजियम ने कथित घटना के बाद तत्काल एक बैठक की और न्यायमूर्ति वर्मा को दिल्ली उच्च न्यायालय से स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू करने का फैसला ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### अनियंत्रित वाहन पलटा, दो की मौत

हाथरस। जिले के सिकंदराराऊ थाना क्षेत्र में एक बोलेरो गाड़ी के असंतुलित होकर पलट जाने से चालक समेत दो लोगों की मौत हो गयी और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी श्यामवीर सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार रात करीब 11 बजे एटा रोड पर यह गाड़ी असंतुलित होकर पलट गयी जिससे चालक समेत दो लोगों की मौत हो गयी और छह अन्य घायल हो गए। सिंह के मुताबिक घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया था लेकिन जिनकी स्थिति गंभीर थी उन्हें अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज ले जाने का डॉक्टरों ने परामर्श दिया। ये लोग वृंदावन से एटा के गांव खंगरापुर जा रहे थे। हादसे में मृत व्यक्तियों की पहचान सत्यम और सरोज के रूप में हुई है।

### गाजीपुर में दो की गोली मारकर हत्या

गाजीपुर। जिले में शुक्रवार को दिनदहाड़े दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना खानपुर थानाक्षेत्र के उचौरी भैरोपुर गांव में हुई। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान सिधौना गांव के रहने वाले अमन चौहान और अनुराग सिंह उर्फ मोनू के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक इराज राजा ने बताया कि अधिकारियों को शुक्रवार दोपहर घटना की जानकारी मिली। ऐसा प्रतीत होता है कि दोनों की गोली मारकर हत्या की गई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने अपराधियों का पता लगाने के लिए चार टीमें बनाई हैं।

# 1148 युवा उद्यमियों को सीएम ने बांटा ऋण

## युवा उद्यमिता विकास योजना में तीन लाख से अधिक युवाओं का हुआ पंजीकरण: योगी

जिला संवाददाता



अयोध्या (उप्र)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत अब तक तीन लाख से अधिक युवा उद्यमियों के पंजीकरण हो चुके हैं और 32 हजार से अधिक युवाओं को ऋण स्वीकृत हो चुका है। योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत अयोध्या मंडल के सभी जिलों से आए युवाओं के ऋण वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह ऋण व्यवसाय को आगे बढ़ाने में युवाओं का संबल बनने के लिए स्वीकृत किया गया है।

- लिखने के लिए कोई महामानव है तो केवल राम हैं, राम पर लिखने से धन्य हो जायेगी लेखनी : योगी

उप्र में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना विकास अभियान (सीएम-युवा) के तहत लाभार्थी को पांच लाख रुपये तक की लागत का व्यवसाय शुरू करने के लिए ब्याज मुक्त कर्ज देने की सरकार की योजना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्याज-मुक्त ऋण युवा उद्यमियों को आगे बढ़ने के लिए एक बेहतरीन योजना है। उन्होंने कहा कि योजना शुरू होने के दो महीने के भीतर एक लाख युवाओं को इससे जोड़ने का लक्ष्य रखा गया था। उन्होंने कहा कि पोर्टल लांच होने के कुछ ही समय बाद उप्र के युवाओं से इस योजना को समर्थन मिला। तीन लाख से अधिक पंजीकरण अब तक हो गये हैं जिसमें एक लाख 27 हजार से अधिक युवाओं के फार्म स्क्रीनिंग के बाद बैंकों को भेजे जा चुके हैं। इसमें 32 हजार से अधिक युवाओं के लिए बैंक का कर्ज स्वीकृत हो गया है। मंडलवार आयोजित होने वाले इस तरह के समारोह की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा मैं इस सातवें कार्यक्रम में भाग ले रहा हूं। 25, 26, 27 मार्च तक हर जिले में निवेश मेला आयोजित होने जा रहा है, उस मेले में भी युवाओं के लिए ऐसी योजनाओं के शिविर लगेंगे। उन्होंने कहा कि एक हजार से अधिक युवा उद्यमी बैंक ऋण का लाभ लेकर एक नए जीवन की शुरुआत करना चाहते हैं। वे भी अपने जनपद, प्रदेश व देश के विकास में सहयोगी बनना चाहते हैं। कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी समेत कई प्रमुख लोग मौजूद थे। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या मंडल के 1,148 युवा उद्यमियों को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 47 करोड़ रुपये के ब्याज मुक्त ऋण वितरित किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के लाभार्थियों को टूलकिट भी वितरित किए ताकि वे अपने हुनर को निखार सकें। योगी ने कहा उत्तर प्रदेश का युवा पहले अपनी पहचान

- मुख्यमंत्री ने अयोध्या में हनुमानगढ़ी व राम मंदिर व मां पाटेश्वरी मंदिर में किया दर्शन-पूजन

छुपाता था लेकिन आज वह अपना उद्यम स्थापित कर रहा है। यह वही उत्तर प्रदेश है जहां पहले उद्यम नहीं लगते थे, आज नए-नए उद्यम भी लग रहे हैं और हमारा युवा भी अपना उद्यम लगाने के लिए तैयार हो रहा है। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति पर गर्व जताते हुए कहा कि पिछले आठ वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था 12.75 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 27.51 लाख करोड़ रुपये हो गई है, जो दोगुने से अधिक की वृद्धि है। योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के बदलते स्वरूप की चर्चा करते हुए कहा कि 2016-17 में पूरे साल में 2.34 से 2.50 लाख श्रद्धालु आते थे, लेकिन 2024 में 16 करोड़ से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। अब ...शेष पृष्ठ 14 पर

# पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया का वरिष्ठ महाप्रबंधक गिरफ्तार

नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के वरिष्ठ महाप्रबंधक उदय कुमार को मुंबई की कंपनी केईसी इंटरनेशनल के एक अधिकारी से 2.4 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि राजस्थान के अजमेर में तैनात कुमार को बृहस्पतिवार को सीकर में केईसी इंटरनेशनल के सुमन सिंह के साथ गिरफ्तार किया गया, जहां दोनों कथित तौर पर रिश्वत की रकम के लेनदेन के लिए मिलने के वास्ते सहमत हुए थे। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, यह रिश्वत कथित तौर पर पीएसयू (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम) द्वारा निजी कंपनी को दिये गये अनुबंधों से संबंधित बिलों की मंजूरी के वास्ते अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए दी गई थी। उन्होंने कहा कि एजेंसी ने उन परिसरों में छापेमारी की जहां कुमार और सिंह को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया था। उन्होंने बताया कि औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उन्हें बृहस्पतिवार तड़के गिरफ्तार ...शेष पृष्ठ 14 पर

# कर्नाटक विधानसभा में बवाल, 18 विधायक छह माह के लिए निलंबित

## भाजपा सदस्यों पर विस अध्यक्ष का अनादर करने के आरोप, मार्शलों ने विधायकों को बाहर फेंका

एजेंसी



बेंगलुरु। कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष यू. टी. खादर का कथित तौर पर अनादर करने को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 18 विधायकों को शुक्रवार को छह महीने के लिए निलंबित कर दिया गया।

विधानसभा ने विधि एवं संसदीय कार्य मंत्री द्वारा प्रस्तुत निलंबन प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। भाजपा विधायकों को ऐसे समय में निलंबित किया गया है, जब राज्य विधानसभा के बजट सत्र के आखिरी दिन में उन्होंने बड़े पैमाने पर विरोध किया था। भाजपा के विधायक उस मंच पर चढ़ गये, जहां विधानसभा अध्यक्ष का आसन है और उन्होंने उनपर कागज फेंके। कर्नाटक में सार्वजनिक अनुबंधों में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण दिए जाने से आक्रोशित विपक्ष ने विरोध जताया।

इससे पहले, भाजपा विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष के आसन के सामने आकर विरोध प्रदर्शन किया और सरकार पर एक मंत्री को मोहपाश में फंसाने (हनी ट्रैप) का प्रयास करने का आरोप लगाया और मामले में न्यायिक जांच की मांग की। इस दौरान मुख्यमंत्री सिद्धरमैया बजट चर्चा पर सदन को संबोधित कर रहे थे। विधानसभा से निलंबित किए गए सदस्यों में भाजपा के मुख्य सचेतक डोड्डनगौड़ा पाटिल, सी. एन. अश्वथ नारायण, एस.आर. विश्वनाथ, बी. ए. बसवराजू, एम. आर. पाटिल, चन्नाबसप्पा, बी. सुरेश गौड़ा, उमानाथ कोट्यान, शरणू सलगर, डॉ. शैलेन्द्र बी, सी के राममूर्ति, यशपाल सुवर्णा, बी. पी. हरीश, भरत शेट्टी, धीरज मुनिराजू, चंद्रू लमानी, मुनिरत्न और बसवराज एम. शामिल हैं। खादर ने निलंबन का आदेश पढ़ते हुए कहा, इस घटना से हमें बहुत ठेस पहुंची है और यह पीड़ादायी है। यह आसन सिर्फ कुर्सी नहीं है। यह लोकतंत्र, सत्य और न्याय का प्रतीक है। इस आसन से बोलना गर्व की बात है। हर सदस्य को इस आसन की ...शेष पृष्ठ 14 पर

# उत्तराखंड सरकार के तीन वर्ष पूरे

## 22 से 25 मार्च तक सभी जिला मुख्यालयों पर आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। राज्य सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर राज्य के सभी जनपदों में 22 मार्च से 25 मार्च तक जिला मुख्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

यह निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सभी कार्यक्रमों को जन-जन का कार्यक्रम बनाया जाए। सरकारी योजनाओं के माध्यम से जिन लोगों ने अपने कार्यक्षेत्र में सराहनीय कार्य किये हैं, उनकी सफलता की गाथाओं को अन्य लोगों को भी बताया जाए। पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, खेती, बागवानी और अन्य क्षेत्रों में राज्य में अच्छा कार्य करने वालों को इन आयोजनों में शामिल किया जाए। समाज के प्रतिष्ठित लोगों, सामाजिक सरोकारों से जुड़े लोगों, राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित राज्य के लोगों और विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों को भी इन कार्यक्रमों में शामिल किया जाए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक के दौरान कहा कि राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 24 मार्च से 30 मार्च तक राज्य के सभी विधानसभा और ब्लॉक स्तर पर बहुद्देशीय शिविरों का बड़े स्तर पर आयोजन किया जाए। जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य से संबंधित उपकरण उपलब्ध कराने के साथ ही सरकार की विभिन्न योजनाओं का लोगों को लाभ दिया जाए। मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से जुड़े सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों से पलायन को रोकने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ ही उनका नियमित लाभ भी दिया जाए। पर्वतीय क्षेत्रों में होम स्टे योजना, स्वरोजगार और स्टर्टअप्स को बढ़ावा देने के साथ ही बुनियादी सुविधाओं ...शेष पृष्ठ 14 पर

### रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:27 | 4:38 | 6:19 | 4:50 |



### आज का मौसम

अधिकतम : 34.06 डिसे.
न्यूनतम : 20.04 डिसे.

### भीतर पढ़ें


- बीबीडीयू: विकसित भारत युवा संसद का शुभारंभ (पृष्ठ-02)
- विधायक अभय सिंह के विरुद्ध अपील खारिज (पृष्ठ-02)
- सोना 400 रुपये टूटकर 91,250 पर (पृष्ठ-14)
- निवेशकों की पूंजी 22.12 लाख करोड़ बढ़ी (पृष्ठ-14)
- 36 पैसे मजबूत होकर रुपया 86.00 प्रति डॉलर (पृष्ठ-14)


विशेष खबर

## अमित शाह ने आतंकवाद, वाम नक्सलवाद और पूर्वोत्तर के उग्रवाद को तीन नासूर की संज्ञा दी

# अनुच्छेद 370 हटने के बाद आतंकवाद में आयी भारी कमी

एजेंसी



नयी दिल्ली। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद हुए परिवर्तन के बारे में प्रश्न पूछने वाले विपक्षी नेताओं पर करारा प्रहार करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि इसके समाप्त होने के बाद वहां आतंकवाद, पथराव, जबरदस्ती बंद की घटनाओं में भारी कमी आयी है तथा राज्य में जितना निवेश आया, उतना आजादी के बाद कभी नहीं हुआ था।

शाह ने जम्मू कश्मीर एवं वहां के आतंकवाद, वाम नक्सलवाद एवं पूर्वोत्तर के उग्रवाद को तीन नासूर की संज्ञा दी। इन्होंने कहा कि यदि इन तीनों समस्याओं को जोड़ दिया जाए तो चार दशकों में देश के कुल 92 हजार नागरिक मारे गये। उन्होंने कहा कि इन तीनों समस्याओं के लिए पहले ऐसे कभी सुनियोजित प्रयास नहीं किए गए जो नरेन्द्र मोदी सरकार ने सत्ता में आने के बाद किए हैं। गृह मंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर में पहले पड़ोसी देश से आतंकवादी सीमा पार कर आते थे और यहां धमाके करते थे, हत्याएं करते थे। उन्होंने कहा कि एक भी त्योहार ऐसा नहीं जाता था कि उसे लेकर चिंता नहीं की जाती थी। उन्होंने कहा कि उस समय की केंद्र सरकार ने लचीला रवैया अपना रखा था। वे चुप्पी साध जाते थे, बोलने में डर लगता था, वोट बैंक का भी डर था। शाह ने कहा हमारे आने के बाद भी हमले हुए, उरी पर हुआ, पुलवामा पर हुआ। पहले भी हमले होते थे, कोई कुछ नहीं बोलता था, कुछ नहीं करता था, दिल्ली के अखबारों में एक छोटी-सी खबर छप जाती थी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के आने के बाद उरी और पुलवामा हमलों के बाद दस दिन के भीतर पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक की गयी। उन्होंने कहा, पूरी दुनिया में दो ही देश ऐसे थे जो अपनी सीमा और सेना की सुरक्षा के लिए हमेशा समान के साथ तत्पर रहते थे, (ये देश हैं) अमेरिका और इजराइल। उन दो देशों की सूची में मेरे महान देश भारत का नाम जोड़ने का काम नरेन्द्र मोदी ने किया। उन्होंने कहा कि इसी के साथ आतंकवाद के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति शुरू हुई। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में आतंकवाद के मूल में अनुच्छेद 370 था। उन्होंने देश के संविधान निर्माताओं का धन्यवाद दिया कि उन्होंने अनुच्छेद 370 में ही इसको हटाने के बीज डाल दिये थे। शाह ने कहा कि इसी सदन ने पांच अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 को समाप्त कर दिया। उन्होंने कहा, हमारे संविधान निर्माताओं का वह स्वप्न कि एक देश में दो प्रधान, दो विधान, दो निशान नहीं होंगे, पांच-छह अगस्त (2019) को एक प्रधान, एक विधान और एक निशान कायम हुआ। उन्होंने अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर में भ्रष्टाचार निरोधक इकाई एवं महिलाओं के हितों को संरक्षित करने सहित विभिन्न कानून लागू करने का जिक्र किया।

# काकोरी में दो युवकों की गला रेतकर हत्या

विशेष संवाददाता

लखनऊ। काकोरी क्षेत्र के बरकताबाद गांव में खुरुमपुर जाने वाली रोड पर स्थित आर सी सेंटर के पास टीले पर पानखेडा गांव निवासी मनोज राजपूत(26) पुत्र रामनरेश और रोहित राजपूत(22) पुत्र रमेश की गला रेत कर निर्मम हत्या कर दी गई है।

मृतकों के गले को किसी भारी धारदार हथियार से रेता गया है दोनों के शरीर पर गहरे वार के निशान हैं। घटना स्थल पर ही मृतकों की स्प्लेंडर प्लस बाइक यूपी 32 जी यू 7962 खड़ी थीं जिसमें चाभी लगी हुई और स्विच ऑन था। मौकाए वारदात पर मृतकों को रोड पर लिटाकर जिस तरह काटा गया है उससे लगता है कि 5 से 6 लोगों ने मिलकर घटना को अंजाम दिया है। दोनों मृतक काकोरी क्षेत्र के पानखेडा के रहने वाले हैं। परिजनों ने बताया कि शाम को घर से किसी के यहां दावत में शामिल होने की बात कहकर घर से निकले थे। घटना रात के 9 बाजे के आस पास की है। मनोज दो भाई और एक बहन थे और रोहित तीन भाई और एक बहन थे रोहित ने रेलवे की परीक्षा दी है जिसमें वो उत्तीर्ण भी हो गए थे जबकि मनोज पुलिस की तैयारी कर रहा था। पुलिस प्रशासन के द्वारा मृतकों के शवों को पीएम के लिए भेज दिया गया है।

C M Y K

# मास्को अंतर्राष्ट्रीय यात्रा और पर्यटन प्रदर्शनी में यूपी के स्टाल पर उमड़ी भारी भीड़

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने रूस की राजधानी मास्को में 18-20 मार्च तक आयोजित ह्यमास्को अंतरराष्ट्रीय यात्रा एवं पर्यटन प्रदर्शनी 2025 (एमआइटीटी) में जोरदार उपस्थिति दर्ज कराई है। यूपी पर्यटन विभाग के मंडप में विभिन्न देशों के

- **यूपी के प्रमुख पर्यटन स्थलों को विश्व के मानचित्र पर पेश करना हमारा उद्देश्य : जयवीर सिंह**

व्यवसायियों ने प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों, टूर पैकेज और सुविधाओं की जानकारी ली। ताजमहल सहित अन्य आकर्षणों के बारे में भी आगन्तुको में उत्सुकता देखने को मिली।

यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी मंडप में स्टॉल लगाए गए थे, जिसमें अंग्रेजी और रूसी भाषा में उत्तर प्रदेश की थीम पर आधारित सजावट थी। इसमें धार्मिक-आध्यात्मिक सर्किट, ईको सर्किट, महाभारत सर्किट, जैन सर्किट, हस्तशिल्प और ऐतिहासिक धरोहर सहित अन्य पर्यटन आकर्षण को प्रदर्शित किया गया। मंडप में वीवीआईपी लॉन्ज, डिजिटल स्क्रीन, एआर इंटरैक्टिव टच पैनल और सेल्फी जोन जैसी सुविधाएं थीं, जहां उत्तर प्रदेश की सुंदर पृष्ठभूमि प्रदर्शित की गई। अंतरराष्ट्रीय टूर ऑपरेटरों, निवेशकों और अन्य हितधारकों के साथ बी-टू-बी बैठक आयोजित की गई। पीआर किट का वितरण किया गया, जिसमें अंग्रेजी और रूसी भाषा में ब्रॉशर, लघु फिल्में और डिजिटल सामग्री शामिल थीं।जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के प्रचार-प्रसार के तहत पर्यटन यात्रा कार्यक्रमों, वेबसाइटों और मोबाइल एप्लिकेशन का प्रदर्शन किया गया। राज्य को ह्यभगवान बुद्ध की धरतीह्न और ह्यसांस्कृतिक त्योहारों की भूमिह्न जैसे प्रमुख स्लोगनों के साथ प्रस्तुत किया गया। मंडप में आने वाले अधिकतर पर्यटकों ने अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयागराज, आगरा, दुधवा नेशनल पार्क, बुंदेलखंड, कुशीनगर, सारनाथ सहित अन्य स्थलों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। मंडप में आने वाले पर्यटकों को बताया गया कि उप्र में रेल, वायु तथा जलमार्ग की बेहतर कनेक्टिविटी है।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य को एक प्रमुख वैश्विक पर्यटन गंतव्य के रूप में प्रचारित करना था। इसका लक्ष्य उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, आध्यात्मिक पर्यटन और विविध यात्रा अनुभवों को प्रदर्शित कर अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों और निवेशकों को आकर्षित करना है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ जैसे आयोजन करके वैश्विक मंच पर भारत की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना को प्रदर्शित किया। इस महाकुंभ में विभिन्न देशों के राजदूत से लेकर सनातनी आस्था में विश्वास रखने वालों की भारी भीड़ रही। इस महाकुंभ का प्रबंधन एवं सफल आयोजन पूरी दुनिया के लिए कौतुहल का विषय बना हुआ है। मास्को में पर्यटन विभाग के मंडप में महाकुंभ के बारे में जानकारी प्राप्त करने तथा अपना अनुभव सांझा करने के लिए आगन्तुकों की भारी भीड़ देखने को मिली।

## अन्तर्राष्ट्रीय रामायण कॉन्क्लेव का भव्य शुभारंभ रामेश्वरम में

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अन्तर्राष्ट्रीय रामायण कॉन्क्लेव की श्रृंखला में दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ आज रामेश्वरम में हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन अन्तर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान, अयोध्या, संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश, एवं रामेश्वरम के कम्बन कोझकम, विवेकानंद केंद्र, रामकृष्ण मिशन के संयुक्त तत्वाधान सें किया जा रहा है।

कॉन्क्लेव का शुभारंभ संत विद्वत समागम से हुआ, जिसमें मदुरई के स्वामी शिवयोगानंदा, डॉ. वेंकटेश सुब्बा राव, नागपट्टिनम के स्वामी रामकृष्णानंद, चेन्नई के अभिनव कदम्बी, कोजहियालाम एन भराथन, वी.आर. श्रीरामदेसिकन और धरणी गुनसेकरण ने मंथन किया। इस अवसर पर पूर्व राज्यपाल एवं जटायु राम मंदिर, केरल के वर्तमान न्यासी कुम्मनम राजशेखरन मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में पद्मश्री लक्ष्मी ने अपनी भरतनाट्यम की मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद मुंबई के साईं राम अय्यर ने अपनी भजनों की संगीतमय प्रस्तुति से पूरे वातावरण को राममय बना दिया।

कॉन्क्लेव के दूसरे दिन प्रदीप गुप्ता एवं उनके दल द्वारा लीला - मैं अयोध्या हूं का मंचन किया जाएगा।

- **अन्तर्राष्ट्रीय कॉन्क्लेव संस्कृति, भक्ति, ज्ञान और इतिहास का अनूठा संगम : जयवीर सिंह**

साथ ही, लोकनृत्य और लोकगायन की भी अद्भुत झलक देखने को मिलेगी। तमिलनाडु के कलाकार कोलाट्टम, काराकट्टम और ओइलाट्टम जैसे पारंपरिक लोकनृत्यों की प्रस्तुति देंगे। रामेश्वरम का रामायण से आध्यात्मिक संबंध है। पौराणिक कथाओं के अनुसार लंका विजय के पश्चात भगवान श्रीराम ने यहां बालू से शिवलिंग स्थापित किया और ऐसा माना जाता है कि वर्तमान में इसी शिवलिंग को रामेश्वरम ज्योर्तिलिंग कहा जाता है। इसके अतिरिक्त श्रीराम ने हनुमान और वानर सेना की सहायता से रामेश्वरम से लंका तक रामसेतु का निर्माण किया था। श्रीलंका, नेपाल एवं देश के 6 राज्यों व राम वन गमन पथ समेत 10 स्थानों पर कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। यह श्रृंखला श्रृंगवेरपुर, प्रयागराज से प्रारंभ हुई और चित्रकूट, महाराष्ट्र के रामटेक, कर्नाटक के हम्पी होते हुए अब रामेश्वरम पहुंची है। कार्यक्रम के अनुसार 26 मार्च को श्रीलंका 29 मार्च को जम्मू (समापन) में कॉन्क्लेव का समापन होगा। उत्तर प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने अपने संदेश में कहा कि भगवान श्रीराम ने भारत ही नहीं, संपूर्ण विश्व को एक सूत्र में पिरोया है। इस प्रकार के आयोजन संस्कृति, भक्ति और त्रेतायुग के इतिहास को सजीव करते हैं।

# प्रदेश की इकोनॉमी मजबूत होने से देश बनेगा समृद्ध

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने देश को समृद्ध एवं सशक्त बनाने के लिए 05 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी क्रम में माननीय मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश को समृद्ध बनाने के लिए वर्ष 2028

- **नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग के योगदान एवं रणनीतियों पर चर्चा की**
- **उपलब्धियों व कार्यों की समीक्षा कर दिये निर्देश**

तक वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

जिसमें नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लिए दोनों विभागों के अधिकारी निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा प्राप्त करने के लिए रणनीतियां बनाकर युद्धस्तर पर कार्य करें। एके शर्मा ने शुक्रवार को जल निगम के फील्ड हॉस्टल संगम लखनऊ में दोनो विभागों के अधिकारियों के साथ वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के निर्धारित लक्ष्य के संबंध में उपलब्धियों एवं रणनीतियों पर चर्चा की। उन्होंने कार्यों



की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि ऊर्जा एवं नगर विकास विभाग सीधे जनता से जुड़े होने के कारण प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने एवं लोगों के जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि करने में बहुत ही सहायक हैं। इनके कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दास्त नहीं की जायेगी।

उन्होंने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को विद्युत उत्पादन एवं वितरण पर तथा नयी ट्रांसमिशन लाइन के निर्माण पर ध्यान देने को कहा। उन्होंने डिलायट इंडिया संस्था द्वारा दिये गये प्रस्तुतिकरण पर असंतुष्टि व्यक्त करते हुए संस्था के पदाधिकारियों को एक सप्ताह में 15 बिन्दुओं पर वैल्यू एडेड रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा अपर मुख्य सचिव ऊर्जा के साथ बैठक करने के निर्देश दिए तथा प्रदेश की जीडीपी में योगदान बढ़ाने के लिए सख्त कदम उठाने को कहा। वर्ष 2028 तक 210,489 लाख करोड़ रुपये ऊर्जा विभाग का वैल्यू अनुमान है। उन्होंने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना तथा कृषि फीडर्स के सोलराइजेशन पर अधिक से अधिक कार्य करने को कहा। नगर विकास मंत्री ने निकाय अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों के बेहतर जीवन के लिए निकायों के आधाभूत ढांचा में व्यापक बदलाव के लिए कार्य करने की जरूरत है। तेजी से बढ़ते शहरीकरण के कारण नगर विकास की जिम्मेदारी बहुत ज्यादा बढ़ गई है, जिसकों पूरा करने के लिए व्यापक रणनीतियां बनाकर कार्य करना होगा।

# बीबीडीयू : दो दिवसीय विकसित भारत युवा संसद का शुभारंभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय में विकसित भारत @2047 कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय विकसित भारत युवा संसद का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का

- **युवाओं ने विकसित भारत @2047 पर रखे अपने विचार**

आयोजन बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय परिसर स्थित सभागार में हुआ । यह कार्यक्रम बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता और बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के मार्गदर्शन और प्रेरणा से आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप के मुख्य अधिशासी निदेशक श्री आर के अग्रवाल, बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के प्रो कुलपति प्रो डॉ एस सी शर्मा, जिला युवा कल्याण अधिकारी विकास सिंह, आकार की निदेशक आईएएस पल्लवी सिंह, लखनऊ पब्लिक कालेज आफ प्रोफेशनल स्टडीज से प्रो दुर्गेश तिवारी, बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के स्कूल आफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन की डीन प्रो डॉ रीना श्रीवास्तव, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक प्रो डॉ प्रभास पाठक द्वारा किया गया। जिसमें युवाओं ने विकसित भारत @2047 पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप के मुख्य अधिशासी निदेशक आर के अग्रवाल ने कहा कि विकसित भारत @2047 भारत को 2047 तक विकसित बनाने का संकल्प है, जब भारत विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्था होगा और युवा उस सक्षम भारत की नींव होंगे। कार्यक्रम में बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के प्रो कुलपति प्रो डॉ एस सी शर्मा ने कहा कि विकसित भारत @2047 भारत सरकार का विजन है, जिसके तहत भारत सरकार ने भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा है। युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका इसे पूरा करने में मील का पत्थर साबित होगी। जिला युवा कल्याण अधिकारी विकास सिंह ने कहा कि विकास भारत युवा संसद विकसित भारत@2047 कार्यक्रम के तहत युवाओं को 2047 तक भारत को विकसित बनाने के संकल्प के विषय में जागरूक करना है, जिससे युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो डॉ प्रभास पाठक ने कहा कि विकसित भारत @2047 कार्यक्रम और विकसित भारत युवा संसद के तहत सरकार का लक्ष्य भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है, जो भारत की स्वतंत्रता का 100वां वर्ष होगा। युवाओं की भूमिका इसमें महत्वपूर्ण है, क्योकि आज का युवा ही कल देश का नेतृत्व करेगा। अन्त में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक प्रो डॉ प्रभास पाठक ने विशेष सहयोग के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक समरदीप सक्सेना, रासेयो की राज्य कार्यक्रम सम्पर्क अधिकारी डॉ मंजू सिंह और जिला युवा कल्याण अधिकारी विकास सिंह का धन्यवाद ज्ञापित किया और कार्यक्रम के सफल आयोजन की सराहना की और कार्यक्रम में सम्मिलित सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर एनएसएस के सभी वालंटियर्स मौजूद रहे ।

# भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा है कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। सत्ता संरक्षण में वसूली और लूट का पूरा गिरोह चल रहा है। हर विभाग में लूट मची है। इस वसूली और भ्रष्टाचार में सरकार के मुख्य लोगों और कई अफसरों की भी सांठगांठ है। उत्तर प्रदेश में ईज आफ डूईंग बिजनेस का यही सच है।

अखिलेश यादव ने कहा कि औद्योगिक विकास और निवेश के नाम पर संगठित भ्रष्टाचार हो रहा है। खुले आम कमीशनखोरी चल रही है। जब वसूली का खुलासा हो गया तो निलंबन का नाटक रचा जा रहा है। इस भ्रष्टाचार का अंतिम पड़ाव अधिकारी नहीं कोई और है। इस खेल में बड़े-बड़े शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जब बंटवारा सही नहीं हो पाता तो मामला उजागर होता है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार की जड़ें गहराई तक जम चुकी है। इन्वेस्ट यूपी से लेकर थाने, तहसील तक फैले भ्रष्टाचार से आम जनता त्रस्त है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के नेता और पदाधिकारी स्वयं स्वीकार करते है कि उन्होंने इतना भ्रष्टाचार पहले कभी नहीं देखा। भाजपा सरकार में एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं से लेकर सड़को के निर्माणकार्यों तक में हर जगह लूट हो रही है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे उद्घाटन के कुछ दिन पहले ही धंस और उखड़ गया। यादव ने कहा कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का बजट बढ़ता चला गया। उसमें गोरखधंधा अभी भी चल रहा है। निवेश के नाम पर फर्जी कम्पनियों से निवेश की जानकारियां लगातार सामने आ रही है। कम्पनियों के निवेश में कमीशनखोरी और लूट का यह जो खेल सामने आया है यही भाजपा सरकार का असली चरित्र है।

# जिला और शहर अध्यक्षों की घोषणा में सामाजिक न्याय का रखा ध्यान : कांग्रेस

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय ने जिलाध्यक्षों एवं शहर अध्यक्षों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस पार्टी ने

- **2027 के चुनाव में मजबूत भागीदारी के लिए सामान्य के साथ पिछड़ा और अतिपिछड़ा पर लगाया दांव**

पारदर्शी तरीके से आंतरिक लोकतंत्र को बनाये रखते हुए पूरी सकारात्मकता के साथ, पिछले तीन महीने से जमीनी कार्यकर्ताओं से समन्वय स्थापित कर एक साथ पूरे प्रदेश के समस्त जिला एवं शहर अध्यक्षों की सूची जारी की है।

राहुल गांधी की मुहिम के अनुसार अध्यक्ष पद पर सामाजिक न्याय की अवधारणा का पूरा ध्यान रखा गया है और उसमें पिछड़ों के साथ अतिपिछड़ों तथा दलितों के साथ अतिदलितों और सामान्य वर्ग में भी सभी को स्थान दिया गया है एवं अल्पसंख्यक समुदाय तथा महिलाओं को भी प्रतिनिधित्व दिया गया है। इस बार अध्यक्ष के चयन के लिए प्रदेश मुख्यालय पर 6 दिन तक सभी आवेदकों का इंटरव्यू लिया गया और इसके लिए सभी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तथा वरिष्ठ नेताओं को बुलाया गया था, जिन्होंने प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश अध्यक्ष तथा राष्ट्रीय सचिवगणों के साथ आवेदकों से बात किया और उसके उपरांत सभी की राय पर जिला अध्यक्ष तथा शहर अध्यक्षों का चयन किया गया।

डॉ. राय ने बताया कि पहली बार पूरे प्रदेश के समस्त जिलों एवं शहरों की सूची एक साथ जारी हुई है। समस्त जिला/शहर अध्यक्षों का मनोनयन एक पारदर्शी प्रक्रिया के तहत, जमीनी कार्यकर्ताओं एवं जिलों के वरिष्ठ नेताओं तथा पार्टी के सांसदों, विधायकों, पूर्व विधायकों, पूर्व सांसदों से समन्वय स्थापित कर एवं वार्ता करके किया गया है। राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के लड़की हूं लड़ सकती हूं के ध्येय वाक्य को स्मरण रखते हुए महिलाओं की भागीदारी भी बढ़ायी गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पांडे, सभी छह राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना के समेकित प्रयासों से ये मनोनयन हुए हैं। 2027 के चुनाव में मजबूत भागीदारी के लिए पंच स्तरीय संगठन का निर्माण अगले 100 दिनों में किया जायेगा।

प्रदेश में सामान्य वर्ग के 30 प्रतिशत एवं दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक सहित लगभग 70 प्रतिशत कार्यकर्ताओं को प्रदेश के जिला एवं शहर इकाईयों के अध्यक्ष पद पर कार्य करने का अवसर शीर्ष नेतृत्व द्वारा प्रदान किया गया है। जिसमें 21 से 30 उम्र के 1, 31 से 40 उम्र के 24, 41 से 50 उम्र के 59, 51 से 60 उम्र के 40, 61 से 70 उम्र के 5 तथा 70 से अधिक उम्र के 2 कार्यकर्ताओं को जिला/शहर का कार्यभार सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि जहां सामान्य वर्ग में ब्राह्मण 26, ठाकुर 12, भूमिहार 2, त्यागी एक, वैश्य 4, कायस्थ समाज से एक अध्यक्ष बनाया गया है तो पिछड़ों में अतिपिछड़े तथा दलितों में अतिदलित समाज को भी समुचित भागीदारी दी गयी है।

# भाजपा प्रदेश में आज मनायेगी स्नेह मिलन कार्यक्रम

**लखनऊ।** भाजपा एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित करेगी। विगत कई वर्षों से भाजपा ने एक भारत-श्रेष्ठ भारत को एक अभियान के रूप में प्रारम्भ किया है। देश के सभी प्रदेशों में दूसरे प्रदेशों के स्थापना दिवस व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से राष्ट्र सांस्कृतिक रूप से भी मजबूत होता है और नागरिकों में राष्ट्र की एकता तथा अखण्डता का भाव भी मजबूत होता है। शनिवार 22 मार्च को बिहार के स्थापना दिवस को भाजपा स्नेह मिलन कार्यक्रम के तहत प्रदेश में मनाएगी।पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष, राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े, तरूण चुग एवं दुष्यंत गौतम द्वारा अभियान के लिए की गयी वर्चुअल बैठक तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह के द्वारा तैयार कार्ययोजना के अनुसार बिहार स्थापना दिवस पर उत्तर प्रदेश में स्नेह मिलन सहित अन्य कार्यक्रम संपन्न होगें। अभियान के प्रदेश संयोजक व प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश ने बताया कि एक भारत-श्रेष्ठ भारत स्नेह मिलन कार्यक्रम, बिहार प्रवासियों के साथ चाय पर चर्चा, छठ पूजा समितियों के संयोजकों के साथ बैठक सहित अभियान के तहत अन्य के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसके साथ ही बिहार की संस्कृति को दर्शाते हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे।यदुवंश ने बताया कि बिहार दिवस के अवसर पर 22 मार्च को आयोजित होने वाले स्नेह मिलन कार्यक्रमों के क्रम में पूर्व केन्द्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह गाजियाबाद, केंद्रीय मंत्री नित्यानंदराय गोरखपुर, बिहार सरकार के मंत्री संतोष सिंह लखनऊ महानगर, सांसद डा. संजय जायसवाल नोएडों सम्मिलित होंगें।

# कृषि उत्पादों के निर्यात के लिए अपनायें आईपीएम : डॉ . ज्ञान प्रकाश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय के उप कार्यालय क्षेत्रीय केन्द्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र में प्रदेश से कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने हेतु इंटीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट (आई.पी.एम.) पर पाँच

- **पांच दिवसीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन प्रठठशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन**

दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ।

कार्यक्रम में बतौर अतिथि डा. सुग्रीव शुक्ल, उप निदेशक, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय एवं कार्यक्रम के संयोजक क्षेत्रीय केंद्रीय आई. पी. एम. सेंटर के प्रभारी एवं संयुक्त निदेशक डॉ. ज्ञान प्रकाश सिंह उपस्थित रहे। डा. सुग्रीव शुक्ल, उप निदेशक, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय, उत्तर प्रदेश ने कृषि विपणन अधिकारियों को संबोधित करते हुये कहा कि आप सभी विपणन अधिकारी आई पी एम में मास्टर ट्रेनर हो गए हैं और किसानों को एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन अपनाने के लिए प्रेरित करें। उन्होने कहा कि किसानों द्वारा फसलों को कीट एवं बीमारियों से बचाने के लिए रासायनिक कीटनाशकों का अनुचित एवं अंधाधुंध उपयोग किया जा रहा है किन्तु रासायनिक कीटनाशकों का अनुचित प्रयोग हर किसी के स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण के लिए बेहद नुकसानदेह है एवं रासायनिक कीटनाशकों के अवशेष सब्जियों एवं फलों में पाये जाने के कारण सब्जियों एवं फलों तथा खाद्यान्नों के निर्यात में बाधा उत्पन्न हो रही है।

उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि निर्यात प्रोत्साहन हेतु कृषकों का क्लस्टर बनाने के साथ - साथ कृषकों को एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन के प्रति प्रेरित करें और बगैर कीटनाशक अवशेष के गुणवत्तायुक्त कृषि उत्पादन करें क क्षेत्रीय केन्द्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, भारत सरकार के प्रभारी एवं संयुक्त निदेशक डॉ. जी.पी. सिंह ने इस पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की वर्तमान प्रासंगिकता तथा उपादेयता के बारे में संबोधित करते हुये कहा कि आई.पी.एम. को बढ़ावा दें । परिणामस्वरूप कम लागत के साथ गुणवत्तायुक्त कृषि उत्पाद प्राप्त करें। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि जरूरत पड़ने पर केन्द्रीय कीटनाशी बोर्ड एवं पंजीकरण समिति द्वारा संस्तुत रासायनिक कीटनाशक ही अंतिम विकल्प के तौर पर उपयोग में लाएं। उन्होंने यह भी कहा कि बगैर रसायन के उत्पादित सब्जियों का राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में अधिक मूल्य प्राप्त होता है ।

उन्होंने कृषि विपणन अधिकारियों को संबोधित करते हुये कहा कि यूरोपीय देशों को आम और सब्जियों के निर्यात हेतु किसान आई पी एम एवं गुड एग्रीकल्चर प्रैक्टिस अपनाएं और गुणवत्तायुक्त कृषि उत्पादन प्राप्त कर। कार्यक्रम में आर सी आई पी एम सी के समस्त अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन अमित सिंह, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी ने किया।

# विधायक अभय सिंह के विरुद्ध अपील खारिज, दोषमुक्ति बरकरार

विधि संवाददाता

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने जानलेवा हमले के एक मामले में सपा विधायक अभय सिंह व अन्य अभियुक्तों को दोषमुक्त किए जाने के परीक्षण अदालत के फैसले को बरकरार रखा है। न्यायालय ने

- **दो जजों के फैसले में अंतर के बाद तीसरे जज ने अभय को किया दोषमुक्त**

दोषमुक्ति के विरुद्ध दाखिल अपील को खारिज कर दिया है।

यह निर्णय न्यायमूर्ति राजन रॉय की एकल पीठ ने पारित किया है। इसके पूर्व दो जजों की खंडपीठ द्वारा आए फैसले में अलग-अलग मत हो जाने के बाद मामले को तीसरे जज के पास भेज दिया गया था। उक्त अलग-अलग मत वाले 20 दिसम्बर 2024 के फैसले में




न्यायमूर्ति एआर मसूदी ने अभय सिंह को दोषी करार देते हुए, तीन साल कारावास की सजा सुनायी जबकि न्यायमूर्ति अजय कुमार श्रीवास्तव प्रथम ने ट्रायल कोर्ट के दोषमुक्ति के फैसले को बरकरार रखा था। अब न्यायमूर्ति राजन रॉय द्वारा शुक्रवार को अभय सिंह के विरुद्ध अपील को खारिज किए जाने के पश्चात 2:1 के बहुमत से हाईकोर्ट द्वारा अभय सिंह के दोषमुक्ति पर मुहर लग गई। मामला अयोध्या जनपद के महाराजगंज थाने का है। मुकदमा दर्ज कराते हुए, वर्ष 2010 में विकास सिंह ने आरोप लगाया था कि उसके ऊपर अभय सिंह व उसके साथियों ने जानलेवा हमला किया। बाद में मामले की सुनवायी अम्बेडकर नगर कोर्ट में ट्रांसफर कर दी गई थी। 10 मई 2023 को अम्बेडकर नगर की कोर्ट ने अभय सिंह व अन्य आरोपियों को बरी कर दिया जिसके खिलाफ वादी विकास सिंह ने अपील दाखिल की थी।

# यूपी रेरा ने 18 नयी परियोजनाओं को दी मंजूरी
# 4774 आवासों व दुकानों का होगा निर्माण

- 8 पंजीकरण विस्तार से 4946 इकाइयों में आवंटियों को मिलेंगे आवास
- नयी परियोजनाओं में 3110 करोड़ रुपये का निवेश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी रेरा (उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी) की 166वीं बैठक में 18 नई परियोजनाओं को पंजीकृत किया गया। लखनऊ, गाजियाबाद, अयोध्या, मथुरा, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, हापुड़ और झांसी में परियोजनाएं विकसित की जाएंगी। जिनमें से 10 परियोजनाएं एनसीआर क्षेत्र में हैं। सबसे अधिक 6 परियोजनाएं गौतम बुद्ध नगर में स्वीकृत की गईं। इसके अलावा, 8 परियोजनाओं का पंजीकरण विस्तार किया गया, जिससे निर्माण कार्य पूरा करने का रास्ता साफ हुआ। नई पंजीकृत परियोजनाओं में कुल 3,110 करोड़ रुपये का निवेश होगा और 4,774 आवासीय एवं व्यावसायिक इकाइयों का निर्माण किया जाएगा।

लखनऊ, गाजियाबाद, अयोध्या, मथुरा में 2-2 मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, हापुड़ और झांसी में 1-1 परियोजनाएं विकसित की जाएंगी। इनमें से अकेले गौतम बुद्ध नगर में 2,355 करोड़ रुपये का निवेश होगा, जो कुल निवेश का 76 प्रतिशत है तथा 3,722 नई यूनिट्स बनेंगी। रेरा की ओर से पंजीकरण विस्तार के सभी 8 मामलों को भी मंजूरी दी गई, सभी गौतम बुद्ध नगर के हैं। इन परियोजनाओं के पूरा होने से 4,946 आवंटियों को उनके आवास मिलेंगे।




इनमें से 3 परियोजनाएं अमिताभ कांत कमेटी की संस्तुतियों के तहत हैं, जिसमें 2,478 यूनिट्स का निर्माण पूरा किया जाएगा। बैठक में यह पाया गया कि कई प्रमोटर्स अपने पंजीकरण आवेदन को सही तरीके से नहीं भरते, जिससे प्रक्रिया में देरी होती है। इसे ध्यान में रखते हुए, उत्तर प्रदेश रेरा ने निर्णय लिया है कि प्रमोटर्स और उनके कर्मचारियों को लखनऊ मुख्यालय में प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि वे रेरा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन सही तरीके से भर सकें। साथ ही, वे रेरा हेल्पडेस्क से भी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

उत्तर प्रदेश रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने कहा कि उनका प्रयास है कि सभी परियोजनाओं का पंजीकरण सही ढंग से हो, ताकि खरीदारों को पूरी जानकारी मिले और निर्माण कार्य बिना बाधा के पूरा हो सके। इसके साथ ही सभी परियोजनाओं पर पूरी तरह निगरानी भी रखी जाएगी।

## नरही में गंदगी देख भड़के मंत्री, तीन अफसरों का वेतन कटा

- जोनल अफसर, एसएफआई व सुपरवाइजर का कटा वेतन, संस्था पर दस हजार का जुर्माना

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने शुक्रवार को नगर निगम के जोन 1, 4 और 7 में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जोन एक में हजरतगंज से सटे नरही मोहल्ले में गंदगी देख कर भड़क गए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। इस पर नगर आयुक्त ने जोन-1 के जोनल अफसर, एसएफआई और सुपरवाइजर का तीन दिन का वेतन काटने और कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कार्यदायी संस्था वर्षा इंटरप्राइजेज पर भी 10 हजार रुपये का जुमोना लगाया है। शेष दोनों वार्ड में सफाई व्यवस्था संतोषजनक रही।

मंत्री सुरेश खन्ना शुक्रवार सुबह साढ़े सात बजे जोन 1 के रामतीरथ वार्ड के नरही क्षेत्र में पहुंचे। उस दौरान गलियों की सफाई हो रही थी। चिड़ियाघर के सामने नालियों में गंदगी और गलियों में अतिक्रमण देख कर नाराज हो गए। साथ चल रहे नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह से संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई करने के लिए कहा। इसके बाद वह महात्मा गांधी वार्ड पहुंचे। वहां सफाई व्यवस्था अच्छी मिली। यहां से जोन-4 में स्थित मारुति पुरम पहुंचे। वहां की सफाई व्यवस्था पर संतोष जताया। जोन-7 के इस्माइलगंज द्वितीय वार्ड में भी निरीक्षण के दौरान उन्हें सफाई व्यवस्था पर संतोषनक मिली। लगभग 3 घंटे के निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को सफाई व्यवस्था और दुरुस्त करने के लिए कहा। इस दौरान उनके साथ महापौर सुषमा खर्कवाल, समस्त अपर नगर आयुक्त, चीफ इंजीनियर, जोनल अधिकारी समेत नगर निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारी रहे। जोन 1 में गंदगी और अतिक्रमण मिलने पर मंत्री के निर्देश पर नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने जोन-1 के जोनल अधिकारी राजेश वर्मा, एसएफआई मुकेश और सुपरवाइजर जफर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही तीनों के तीन दिन का वेतन काटने का भी आदेश दिया। क्षेत्र में सफाई का कार्य देखने वाली कार्यदायी संस्था वर्षा इंटरप्राइजेज पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जोन-1 में महात्मा गांधी वार्ड के निरीक्षण के दौरान जुटे स्थानीय लोगों ने मंत्री के सामने सीवर व्यवस्था पर नाराजगी जताई। बताया कि 15 साल पहले यहां सीवर लाइन बिछा दी गई पर आज तक लोगों के घरों से उसे कनेक्ट नहीं किया गया। क्षेत्रीय पार्षद अमित चौधरी ने बताया कि वह कई बार सीवर का कनेक्शन कराने के लिए जलकल के जीएम से अनुरोध कर चुके हैं। कोई सुनवाई नहीं हो रही। इस पर मंत्री ने इस मामले को दिखवाने के लिए नगर आयुक्त से कहा। इस्माइलगंज वार्ड द्वितीय में लोगों ने क्षेत्र की खस्ताहाल सड़क को लेकर शिकायत की। मरम्मत करवाने के लिए मंत्री ने नगर निगम के मुख्य अभियंता को निर्देशित किया।

## कूटरचित तरीके से पीएम आवास पोर्टल पर अपलोड किया डाटा, केस दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत ऑनलाइन पोर्टल पर कूटरचित तरीके से फर्जी डीपीआर अपलोड करने पर सीएलटीसी प्रयागराज अविनाश मिश्रा की आबद्धता समाप्त कर दी गई है। साथ ही अविनाश मिश्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग व निदेशक सूडा, डॉ. अनिल कुमार ने तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत ऑनलाइन मोड में ही समस्त कार्य किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में जनपद प्रयागराज से प्राप्त होने वाले आवेदनों के सापेक्ष सीएलटीसी प्रयागराज अविनाश मिश्रा की ओर से पोर्टल पर 1177 आवेदकों के डीपीआर अपलोड किए गए। जांच के उपरान्त यह पाया गया कि 1062 आवेदकों के डीपीआर कूटरचित तरीके से पोर्टल पर अपलोड किए गए थे। जांच में यह भी पाया गया कि अविनाश मिश्रा की ओर से जिन प्रमाण पत्रों को पोर्टल पर अपलोड किया गया, उन्हें संबंधित तहसील की ओर से जारी नहीं किया गया था। विभागीय जांच में सीएलटीसी प्रयागराज की ओर से किए कृत्य के सामने आने के बाद सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग/निदेशक सूडा ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत कार्यरत सीएलटीसी प्रयागराज अविनाश मिश्रा के विरुद्ध तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए उनकी आबद्धता सामप्त करने व एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश परियोजना अधिकारी, डूडा, जनपद प्रयागराज को दिए हैं।

### आंदोलन की तैयारी

लखनऊ। कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वीपी मिश्रा एवं महासचिव शशि कुमार मिश्रा ने बताया कि कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के साथ मुख्य सचिव स्तर पर हुई बैठकों में लिए गए निर्णय, निदेशों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। यहां तक की प्रमुख सचिव स्तर पर बैठकें नहीं हो रही हैं, जिससे कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ गई है। सचिवालय प्रवेश पत्र नही बनाए जाने के करण पदाधिकारी संपर्क भी नहीं कर पा रहे हैं। बीपी मिश्रा ने बताया कि 18 नवंबर 2024 को मुख्य सचिव स्तर पर महत्वपूर्ण बैठकर हुई थी जिसका क्रियान्वयन सम्बंधित विभागों की ओर से नहीं किया गया, और न ही अभी तक कार्यवृत्त ही जारी हुई। महासचिव शशि कुमार मिश्रा ने बताया कि 22 मार्च को मोर्चा की बैठक बुलाई गई है। जिसमें आंदोलन करने का भी निर्णय लिया जा सकता है।

**तनिष्क दे रहा गोल्ड एक्सचेंज ऑफर :** तनिष्क ने तनिष्क गोल्ड एक्सचेंज प्रोग्राम शुरू किया है। सालों से लॉकर में रखे गए, भूले गए छोटे आभूषण हों या पीढ़ियों से विरासत माने गए आभूषण हों, तनिष्क में उन्हें एक्सचेंज कर सकते हैं। इसके अलावा पुराने सोने को एक्सचेंज करके प्राकृतिक हीरे भी बदला जा सकता हरिटेल और मार्केटिंग के उपाध्यक्ष अरुण नारायण ने कहा, सोने की बढ़ती कीमतों के समय में तनिष्क का गोल्ड एक्सचेंज प्रोग्राम बेहतर विकल्प लेकर आया है।

## गोसाईंगंज व गोमती नगर विस्तार में 5 अवैध प्लाटिंग ध्वस्त



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन टीम ने शुक्रवार को गोसाईंगंज व गोमती नगर विस्तार क्षेत्र में कार्यवाही की। इस दौरान लगभग 40 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 05 अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया गया। इसमें डेवलपर द्वारा स्थल पर विकसित की गयी सड़क, नाली, बाउंड्रीवाल, साइट ऑफिस आदि को ध्वस्त कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि राकेश सिंह व अन्य द्वारा गोमती नगर विस्तार में इंदिरा नहर के किनारे मलूकपुर ढ़कवा के गोकुलधाम में लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए कालोनी विकसित की जा रही थी।

प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी शशिभूषण पाठक ने बताया कि बीके सिंह व डीके सिंह की ओर से गोसाईंगंज के रकीबाबाद में लगभग 07 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। इसी तरह मोहम्मद अनवर खान द्वारा रकीबाबाद में लगभग 01 बीघा जमीन पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। इसके अलावा महेन्द्र शुक्ला व अन्य की ओर से गोसाईंगंज में इंदिरा नहर के किनारे ग्राम-भटवारा में एक जगह 03 बीघा व दूसरी जगह 20 बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनियां विकसित की जा रही थीं।

प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन चारों अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये थे। जिसके अनुपालन में प्रवर्तन टीम द्वारा प्राधिकरण पुलिस बल के सहयोग से अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करायी गयी।

## एलडीए में सम्पत्तियों की रजिस्ट्री के लिए लगेगा विशेष कैम्प

- 24 मार्च से 29 मार्च तक तैयार किये जायेंगे रजिस्ट्री के दस्तावेज
- 02 एवं 03 अप्रैल को पंजीयन की कार्यवाही

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण की विभिन्न आवासीय व व्यावसायिक सम्पत्तियों की रजिस्ट्री के लिए आगामी सोमवार से प्राधिकरण भवन में 08 दिवसीय विशेष निबंधन शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के शुरूआती 06 दिनों में एलडीए के सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी रजिस्ट्री के दस्तावेज तैयार करेंगे। वहीं, अंतिम 02 दिनों में निबंधन विभाग के अधिकारी कैम्प में उपस्थित होकर रजिस्ट्री की कार्यवाही सुनिश्चित कराएंगे। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने इस सम्बंध में आदेश जारी किये हैं।

एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि प्राधिकरण की ओर से समय-समय पर विभिन्न आवासीय एवं व्यवसायिक सम्पत्तियों का आवंटन किया गया है। इनमें कई सम्पत्तियों की रजिस्ट्री अभी नहीं हो पायी है। इसके दृष्टिगत प्राधिकरण व निबंधन विभाग के परस्पर सहयोग से विशेष निबंधन शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 24 मार्च से 29 मार्च, 2025 तक प्राधिकरण भवन के कमेटी हॉल में शिविर लगाया जाएगा। इसमें प्राधिकरण के सभी सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित होकर निबंधन सम्बंधी दस्तावेज तैयार करेंगे। वहीं, 02 एवं 03 अप्रैल, 2025 को रजिस्ट्री विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी कैम्प में उपस्थित रहेंगे, जिनके द्वारा निबंधन पंजीयन की कार्यवाही पटल पर ही सुनिश्चित करवायी जाएगी। सचिव ने बताया कि जिन आवंटियों ने सम्पत्ति का पूरा पैसा जमा कर दिया है। उन्हें उपाध्यक्ष के निदेर्शानुसार कॉल सेंटर के माध्यम से रजिस्ट्री कराने के सम्बंध में सूचना भेजी जा रही है। इसके अलावा जो आवंटी सम्पत्ति की धनराशि का 80 प्रतिशत या उससे अधिक भुगतान कर चुके हैं, उन्हें भी पूर्ण धनराशि जमा करवाकर रजिस्ट्री कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## रामकी को नहीं मिलेगा सड़कों की सफाई का काम

- नगर निगम की 24 मार्च को कार्यकारिणी की विशेष बैठक में होगा फैसला

आशीष मौर्य




**लखनऊ।** पार्षद कोटा बढ़ाने व रामकी कंपनी को सफाई का काम देने के विरोध में पार्षदों की बड़ी जीत होने वाली है। बीते दिनों बजट कार्यकारिणी की बैठक का भले ही भाजपा के आठ व सपा के दो सदस्यों ने का बहिष्कार किया हो, मगर उनके पूरे सदन का समर्थन प्राप्त है। यही वजह है कि पार्षदों की दोनों मांगों को पूरी करने के लिए नगर निगम प्रशासन को नतमस्तक होना पड़ रहा है। पार्षद कोटा बढ़ाने पर आंतरिक रूप से सहमति बन चुकी है। साथ ही 77 वार्डों में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का काम कर रही हैदराबाद की कंपनी रामकी को अब सड़कों की सफाई का काम नहीं दिया जाएगा। इन वार्डों में पुरानी व्यवस्था के तहत ही सफाई होगी। इस मामले में भी सहमति बन चुकी है। आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के मूल बजट को लेकर बुलाई गई 24 मार्च की बैठक में इसे मंजूरी दी जा सकती है।

पांच जोनों में सफाई के निजीकरण के विरोध में पार्षदों ने शुरू से ही मोर्चा खोल रखा है। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन को लेकर पार्षदों का कोई विरोध नहीं है मगर वार्डों में सड़कों की सफाई का काम देने के विरोध में है। रामकी की लखनऊ में एलएसए कंपनी को काम देने के लिए सदन से लेकर धरना प्रदर्शन तक हो चुका है। इसके चलते नगर निगम प्रशासन ने स्वच्छता सर्वेक्षण होने के बाबत कंपनी को सड़कों की सफाई का काम देने के लिए मार्च तक रोक लगा दी थी। अब अप्रैल शुरू होने को है। इधर, रामकी की ओर से शहर में इलेक्ट्रिक स्वीपिंग मशीन से सफाई के लिए करीब 70 गाड़ियों को सड़क पर उतार दिया गया। कंपनी ने एक महीने तक सफाई कराने के बाद नगर निगम को करोड़ों का बिल भेज दिया। इस पर नगर आयुक्त की ओर से कंपनी को नोटिस भेजी गई कि बिना वर्क आर्डर सड़कों की सफाई कर बिल कैसे भेज दिया गया? नगर निगम के अधिकारिक सूत्र बताते हैं कि मेयर, पार्षद और नगर निगम प्रशासन के बीच सहमति बनी है कि कंपनी को सड़कों की सफाई का काम नहीं दिया जाएगा। उसे सिर्फ डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का ही काम करना होगा। हालांकि अभी इस मसले पर अधिकारिक आदेश जारी नहीं किया गया है। चर्चा है कि विशेष बैठक में इस मुद्दे पर विचार विमर्श के बाद निर्णय लिया जाएगा। वहीं 33 वार्डों में निजी कंपनी लॉयन इन्वॉयरो को काम देने पर कोई विरोध नहीं है। 77 वार्डों में सड़कों की सफाई पुरानी व्यवस्था के तहत कार्यदायी संस्थाओं के माध्यम से ही होती रहेगी। नगर निगम मुख्यालय लालबाग स्थित बाबू राज कुमार श्रीवास्तव हॉल में 24 मार्च को दोपहर 01:00 बजे बैठक आयोजित होगी। अपर नगर आयुक्त ललित कुमार की ओर से सूचना जारी की गई है। बैठक में वर्ष 2025-26 के बजट से संबंधित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। पूर्व में प्रस्तावित बजट में संशोधन किया गया है। सफाई का बजट कम कर दिया गया है। रामकी को सड़कों की सफाई का काम न देने पर बजट कम कर दिया गया है जबकि सफाई ठेके के बजट को बढ़ा दिया गया है। इसके अलावा बैठक में नगर निगम की विभिन्न विकास योजनाओं, वित्तीय प्रावधानों और आगामी वर्ष की नीतियों पर विचार किया जाएगा। इस दौरान विशेष रूप से शहर की सफाई व्यवस्था, जल निकासी, सड़क मरम्मत, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, स्वच्छता अभियान, और अन्य नागरिक सुविधाओं को लेकर चर्चा की जाएगी।

## गेट परीक्षा में आईआईटी लखनऊ के छात्रों के चयन का मनाया जश्न

**लखनऊ।** आईईटी लखनऊ ने राष्ट्रीय स्तर की गेट 2025 परीक्षा में अपने 85 से अधिक छात्रों की अभूतपूर्व सफलता का जश्न मनाया। इन छात्रों ने विभिन्न शाखाओं से परीक्षा उत्तीर्ण की और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।



विद्युत अभियांत्रिकी से, प्रदीप चौहान ने विद्युत अभियांत्रिकी में पूरे भारत में प्रथम रैंक प्राप्त करके संस्थान का नाम पूरे देश में गौरांवित किया है, इसके अतिरिक्त विभाग के अन्य छात्रों में ध्रुव पांडे (एआईआर 13 और 53), और श्वेता सिंह (एआईआर 142) ने उत्कृष्ट रैंक हासिल की है। कंप्यूटर विज्ञान अभियांत्रिकी से अभिषेक श्रीवास्तव (एआईआर 23 और 289), शिखर तिवारी (एआईआर 27), और शुभ शर्मा (एआईआर 226 और 707) ने अपनी कुशलता दिखाई। केमिकल अभियांत्रिकी विभाग में प्रतीक मिश्रा ने (एआईआर 33) एवं अग्रिम मोहन यादव ने (एआईआर 189) प्राप्त की है। यांत्रिक अभियांत्रिकी और सिविल अभियांत्रिकी से भी कई छात्रों ने शीर्ष रैंक पायी है।

संस्थान के निदेशक प्रो. विनीत कंसल ने इस सफलता को छात्रों की मेहनत, संस्थान के शिक्षकों के मार्गदर्शन और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि आईईटी लखनऊ ने छात्रों को नवीनतम तकनीकों और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करते हुए उन्हें उनके लक्ष्य तक पहुंचाने का प्रयास किया है। यह सफलता हमारी प्रतिबद्धता और छात्रों की अद्भुत क्षमता का प्रमाण है। संस्थान ने भविष्य में भी डिजिटल शिक्षा और उन्नत संसाधनों के माध्यम से छात्रों के सर्वांगीण विकास का वादा किया है। गेट परीक्षा में सफलता छात्रों के लिए आईआईटी और आईआईएससी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में उच्च शिक्षा के द्वार खोलती है और पब्लिक सेक्टर यूनिट्स के क्षेत्र में नौकरियों में अवसर प्रदान करती है।

## जल संचयन और जल शोधन से ही जल संरक्षण संभव

- बेहतर सीवरेज सिस्टम व कचरा प्रबंधन से दूर होगी जल की समस्याएं
- नई तकनीकों से जल सुरक्षा को मजबूत कर रही सुएज इंडिया

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। आज विश्व जल दिवस है। लखनऊ जैसे शहर में, जल प्रबंधन और सीवर व्यवस्था को मजबूत बनाना समय की मांग है। जल जीवन का आधार है, फिर भी इसकी उपलब्धता गंभीर संकट में है। अत्यधिक भूजल दोहन, जल का अक्षम उपयोग और प्रदूषण ने कई क्षेत्रों को जल संकट के कगार पर ला खड़ा किया है। लगभग 60 करोड़ भारतीय अत्यधिक से लेकर अति-अत्यधिक जल संकट का सामना कर रहे हैं और 2050 तक भारत में प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता घटकर 1,140 घन मीटर तक पहुंचने की आशंका है, जो पूर्ण जल संकट की स्थिति के बेहद करीब है।

सुएज इंडिया के सीईओ रश्मि रंजन रे ने कहा, जल सुरक्षा हमारे समय की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। सुएज इंडिया स्वच्छ जल को आम जनता तक पहुंचाने के लिए नवीनतम तकनीकों का इस्तेमाल कर रहा है। देखा जा रहा है कि प्लास्टिक, पॉलीथिन और अन्य ठोस कचरे को नालियों और सीवर में फेंक दिया जाता है। इससे न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है, बल्कि सीवर जाम, बाढ़ की समस्या और सफाई में भारी खर्च जैसी परेशानियां भी पैदा होती हैं। इतना ही नहीं, इससे गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ता है। पुराने और टूटी-फूटी सीवर लाइनों से निकलने वाली जहरीली हाइड्रोजन सल्फाइड गैस भी सेहत के लिए खतरनाक है।

लखनऊ के नागरिकों से अपील है कि वे जिम्मेदारी के साथ कचरा प्रबंधन करें, कचरा सीवर में न डालें। रंजन रे ने कहा, हम अत्याधुनिक तकनीकों का विकास करके जल सुरक्षा को मजबूत कर रहे हैं। हमारे एआई आधारित स्मार्ट जल प्रबंधन पानी के वितरण की सटीक व्यवस्था करते हैं और पानी नुकसान बहुत कम हो इसका भी ध्यान रखते हैं। डीसेंट्रलाइज्ड वेस्टवॉटर ट्रीटमेंट स्थानीय स्तर पर जल के दोबारा इस्तेमाल को सम्भव बनाता है, वहीं डीसैलिनेशन और पानी के पुनः उपयोग की तकनीकें जल संकट वाले क्षेत्रों के लिए वैकल्पिक मीठे जल स्त्रोत उपलब्ध कराती हैं। विश्व जल दिवस के अवसर पर, सुएज इंडिया कंपनी के कर्मचारी यह शपथ लेंगे कि वे कम से कम एक जल-संरक्षण आदत को अपनाएंगे, जैसे रिसाव ठीक करना, स्नान में बाल्टी का उपयोग करना, बर्तन धोते समय नल बंद करना, ठंडे समय में पौधों को पानी देना, वर्षा जल एकत्र करना, पुनः उपयोग योग्य उत्पादों का इस्तेमाल करना और आरओ से निकले अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग करना। इसके अतिरिक्त, इस पहल के तहत सुएज इंडिया बेंगलुरु स्थित बायो एनवायर्नमेंटल ट्रस्ट के विशेषज्ञ की ओर से संचालित एक जल संरक्षण सत्र का भी आयोजन करेगा, जिससे कर्मचारियों में जागरूकता बढ़ाई जा सके।

## अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरा उतरा कान्हा उपवन, आईएसओ पत्र मिला

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगर निगम से संचालित नादरगंज अमौसी स्थित कान्हा उपवन गौशाला को हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मानक संगठन (आईएसओ) द्वारा आईएसओ 9001:2015 प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। यह प्रमाण पत्र गौशाला की व्यवस्थाओं और कामकाजी प्रक्रियाओं के कड़े निरीक्षण के बाद दिया गया, जिसे फरवरी माह में ही आवेदन किया गया था। कान्हा उपवन गौशाला को यह प्रमाण पत्र गुणवत्तापूर्ण प्रबंधन प्रणाली के तहत मिला है। यह गौशाला लखनऊ नगर निगम की पहली गौशाला बन गई है जिसे आईएसओ 9001:2015 प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है।

वर्तमान में यहां लगभग 10,000 या उससे अधिक गोवंश का संरक्षण, भरण-पोषण, चिकित्सा और देखभाल की जा रही है। कान्हा उपवन की स्थापना 2012 में तत्कालीन मेयर और वर्तमान राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा की प्रेरणा से की गई थी, जो गोवंशों के प्रति अपनी असीम स्नेह भावना के कारण निराश्रित गोवंशों के संरक्षण और भरण-पोषण के लिए समर्पित थे। नगर निगम ने इस गौशाला को निरंतर विस्तारित और सौंदर्यकरण किया है। प्रदेश सरकार और नगर निगम की ओर से निराश्रित गोवंशों के लिए किए जा रहे प्रयासों के कारण कान्हा उपवन ने यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस प्रमाण पत्र की वैधता तीन वर्षों तक रहेगी। कान्हा उपवन में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से गौशालाओं के लिए जारी सभी नियमों और आदेशों का पालन किया जाता है।




इस उपलब्धि को प्राप्त करने में महापौर सुषमा खर्कवाल और संवेदनशील नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव और पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा की दिशा-निर्देशों के साथ-साथ समर्पित प्रयासों का भी बड़ा योगदान रहा है। कान्हा उपवन गौशाला आत्मनिर्भर बनने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। यहां उत्पादित गोबर का उपयोग बायो-सीएनजी उत्पादन में किया जाता है, वहीं गौशाला से प्राप्त दूध को कर्मचारियों के बच्चों में वितरित करने के बाद बाकी दूध को बेचकर प्रति माह नगर निगम को औसतन 3 लाख रुपये की आमदनी हो रही है। इसके अलावा, गौशाला के बच्चों के लिए निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था भी की जा रही है।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# डीजीपी सख्त, कहा-सीमाओं पर हों सघन निगरानी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार नें आरक्षी नागरिक पुलिस में सीधी भर्ती-2023 के चयनित अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण की तैयारी एवं आगामी त्यौहारों को लेकर वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग कर कार्यों की समीक्षा कर अफसरों को बेहत्तर सुरक्षा प्रबंध के निर्देश दिए।

इस मौके पर डीजीपी प्रशान्त कुमार नें प्रदेश के सभी जोनल अपर पुलिस महानिदेशक व पुलिस आयुक्त तथा परिक्षेत्रिय पुलिस महानिरीक्षक व पुलिस उप महानिरीक्षक तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व पुलिस अधीक्षक के साथ विश्व के सबसे बड़े पुलिस संगठन में 60,244 प्रशिक्षु आरक्षी उ0प्र0 पुलिस का हिस्सा बनने जा रहे है जिनके प्रशिक्षण की तैयारियों को लेकर कड़े निर्देश दिए गये।डीजीपी नें इस दौरान पुलिस अफसरों से कहा है कि मुख्यालय स्तर से रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण हेतु निर्गत कार्ययोजना का अक्षरश पालन कराया जाये।सभी जिलों में जहाँ-जहाँ प्रशिक्षण होना है सभी अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षुओ के प्रशिक्षण के दौरान सक्रिय भागीदारी निभाई जाये।डीजीपी नें कहा कि प्रशिक्षण के लिए जिला व कमिश्नरेट को आवटिंत बजट से समस्त आधारभूत सुविधाओं एवं संसाधनो की व्यवस्था पूर्व से सुनिश्चित कर ली जाये। प्रशिक्षण में किसी भी स्तर पर कोई शिथिलता न बरती जाये। आवश्यक आधुनिक तकनीकी उपकरणों की व्यवस्था पूर्व से कर ली जाय।

डीजीपी नें कहा कि प्रत्येक प्रशिक्षण सेंटर में मानक के अनुरूप प्रशिक्षक उपलब्ध कराये जाये।प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को तीन नये कानूनों की गहनता से जानकारी उपलब्ध करायी जाय।प्रशिक्षुओं को आधुनिक तकनीक से दक्ष बनाने हेतु साइबर क्राइम के बारे में प्रशिक्षित किया जाय। फॉरेन्सिक विषयों की गहन जानकारी दी जाय।

डीजीपी नें कहा कि महिला प्रशिक्षुओं की सुरक्षा एवं मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाय।प्रशिक्षण के दौरान मूलभूत सुविधाओं सहित प्रशिक्षुओ के रहने इत्यादि की समुचित व्यवस्था पूर्व से कर ली जाय।अभ्यर्थियों को व्यवसायिक रूप से दक्ष बनाने एवं आधुनिक तकनीकी ज्ञान से युक्त करने हेतु पर्याप्त संख्या में कम्प्यूटर तथा कम्प्यूटर कक्ष इत्यादि की व्यवस्था कर ली जाय। डीजीपी नें यह भी कहा कि प्रशिक्षुओं को आम जनता से अच्छे व्यवहार का प्रशिक्षण दिया जाय।इस दौरान समुचित चिकिसा की व्यवस्था की जाये।डीजीपी नें अफसरों से यह भी कहा कि आगामी त्यौहारों यथा अलविदा की नमाज, ईंद, रामनवमी को लेकर छोटे से छोटे विवादो को गम्भीरता से लेकर कड़ी कार्रवाई की जाये। ताकि कोई छोटा से छोटा विवाद बड़े विवाद में परिवर्तित न हो सके।

डीजीपी नें अफसरों को थानो के त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन करनें के निर्देश दिए। साथ ही सभी ट्रैबल स्पॉट व हॉट स्पॉट की सूची बनाकर वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर पर भ्रमण कर बीते वर्षो में प्रकाश में आये विवादो की समीक्षा कर सभी स्थानो पर प्रभावी पुलिस प्रबन्ध करने को कहा।डीजीपी नें इस मौके पर अफसरों को कार्यक्रमों के आयोजको व पीस कमेटी एवं धर्मगुरूओं के साथ बैठक कर मजिस्ट्रेट एवं अन्य विभागो के अधिकारियों की मौजूदगी भी सुनिश्चित करने को कहा।

डीजीपी नें अफसरों से कहा कि कार्यक्रम व जुलूसो के मार्गो पर वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर से भ्रमण व समुचित पुलिस व पीएसी बल व उपलब्ध सीएपीएफ के साथ फ्लैग मार्च कराया जाये।जिले में मौजूद पुलिस बल की समीक्षा कर ली जाये तथा दंगा निरोधक उपकरणो की गुणवत्ता उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाये तथा उन्हे महत्वपूर्ण स्थानो पर स्ट्राइकिंग रिजर्व के साथ व्यवस्थापित किया जाये।सभी जिलों में पोस्टर पार्टी का गठन कर प्रातः काल धार्मिक स्थलों की नियमित चेकिंग की जाये।डीजीपी प्रशांत कुमार नें अफसरों से कहा कि भीड़ भाड़ वाले स्थानो एवं क्षेत्र में पुलिस विजविलिटी बनाये रखने के लिए नियमित रूप से पैदल गश्त की जाये। डीजीपी नें कहा कि अंतराष्ट्रीय व अन्तर्राज्यीय सीमाओं पर गतिविधियों की कड़ी निगरानी की जाये तथा इण्डो नेपाल बार्डर पर एसएसबी से समन्वय बनाकर संघन चेकिंग कर सतर्क दृष्टि रखी जाये।सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो पर भी सतर्क दृष्टि रखी जाये।

# फ्लाइट में यात्री की मौत, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** एयरपोर्ट पर शुक्रवार सुबह एक यात्री की मौत हो गई। यात्री फ्लाइट के अंदर बैठे-बैठे दम तोड़ दिया। यात्रियों के मुताबिक-युवक ने पहले पानी पिया फिर अचानक सीट पर बैठे-बैठे अचेत होने लगा। लैंडिंग के बाद सारे यात्री उतर गए, लेकिन वह बैठा ही रहा। इसके बाद फ्लाइट के क्रू मेंबर्स ने फौरन मेडिकल टीम को बुलाया, लेकिन तब तक यात्री की मौत हो चुकी थी। घटना एयर इंडिया की फ्लाइट अक-4825 की है। दिल्ली से आने वाली ये फ्लाइट सुबह 8.10 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंड हुई। मृतक आसिफ अंसारी दौला बिहार के गोपालगंज के रहने वाले थे। घटना के बाद फ्लाइट में मौजूद यात्रियों का कहना है कि यदि क्रू मेंबर्स ने समय रहते ध्यान दिया होता तो आसिफ की जान बचाई जा सकती थी। एयरपोर्ट प्रशासन की मेडिकल टीम को आने में भी काफी वक्त लगा। कई यात्रियों ने आसिफ के मुंह पर पानी भी छिड़का, लेकिन होश नहीं आया। फ्लाइट के अंदर भी फर्स्ट ऐड किट और मेडिकल सपोर्ट नहीं मिल सका। इससे साथी यात्री काफी खफा थे। शाम 7:50 बजे इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई-6354 से यात्रा करनी थी। इसी बीच उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। जानकारी मिलने पर एयरपोर्ट प्रशासन ने मेडिकल टीम बुलाकर जांच कराई। एंबुलेंस से तत्काल उन्हें लोकबन्धु अस्पताल पहुंचवाया। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

## ट्रक की टक्कर से गिरा बिजली पोल

लखनऊ। अबरार नगर में शुक्रवार दोपहर एक ट्रक की टक्कर से बिजली का पोल गिर गया। जिससे इलाके में दो घंटे से बिजली की आपूर्ति ठप है। पोल गिरने से ट्रक के ड्राइवर को तो कोई खास नुकसान नहीं हुआ, लेकिन बिजली का पोल गिरने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़क के बीच ने ट्रैक खड़ा होने से रास्ते पर जाम लग गया। दरअसल, ट्रैक अबरार नगर से खुर्रम नगर की तरफ आ रहा था। इस दौरान ट्रैक सड़क पर लगे बिजली पोल से टकरा गया। तार ट्रक के एंगल में फंस गया। इससे पोल टेढ़ा होकर के ट्रक पर गिर गया। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी ट्रक ड्राइवर को दी।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मो. फुरकान का चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **रहमतुन निशा पत्नी स्व. सलाहुद्दीन अंसारी नि.- मोहल्ला महाराजागंज कस्बा व पोस्ट बिसवां थाना व तहसील बिसवां जिला सीतापुर।**

# अवध कॉलेजिएट में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

- मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित,
- मेधावी छात्राओं की माताओं को मदर क्वीन की उपाधि से गया नवाजा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अवध कॉलेजिएट की पारा शाखा एवं मोहान शाखा का वार्षिकोत्सव पारा प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का आरंभ संस्थापक प्रबंधक सर्वजीत सिंह एवं निदेशिका जतिंदर वालिया व संयुक्त निदेशिका डॉ. ब्रह्मजोत कौर द्वारा सरस्वती मां पर माल्यार्पण कर व गायत्री मंत्र से किया गया। इस अवसर पर पारा शाखा की दूसरी पाली की प्राचार्या मोनिशा व्यास, मोहान शाखा की प्राचार्या अनिता झा एवं रामगढ़ शाखा की उप प्राचार्या अनिता शर्मा उपस्थित रही। इसके बाद सभी के द्वारा अवध एंथम का गायन किया गया। प्रबंधक ने अपने अभिभाषण में सत्र की वार्षिक रिपोर्ट को अभिभावकों से साझा किया। जिसमें स्कूल में हुई प्रतियोगिताएं, स्कूल एवं बोर्ड परीक्षा परिणाम, विद्यालय के अलमुनाई के किसी उत्कृष्ट क्षेत्र में चयनित किया जाना, बच्चों द्वारा भाग लिये जाने वाली अन्य स्थानों पर प्रतियोगिताओ का जिक्र किया। इस वार्षिकोत्सव में गत वर्ष बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट छात्र व छात्राओं को सम्मान दिया गया जिसमें यूपी बोर्ड एवं सीबीएसई बोर्ड के बच्चों को 8 स्कूल टॉपर्स को मोबाइल फोन, 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 12 छात्रों को 5100 रूपये का चेक, 92 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 49 छात्रों को साइकिले एवं 88 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 54 छात्रों को स्ट्रोली बैग देकर सम्मान दिया गया। इसी दिन 9 एवं 11 के परीक्षा परिणाम भी घोषित किया गया इस परीक्षा परिणाम में कक्षा के उत्कृष्ट छात्रों को नगद राशि दी गयी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण निदेशिका द्वारा इन मेधावी छात्राओं की माताओं का सम्मान मदर क्वीन की उपाधि से नवाजा एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया।

बच्चों ने एक माइम प्रस्तुत की जिसमें देश में हो रही गतिविधियों को प्रदर्शित किया। इसके अतिरिक्त फ्रेंच नाटिका, मार्शल आर्ट, म्यूजिकल बैंड के प्रदर्शन ने अभिभावकों का मन मोह लिया। विद्यालय की निदेशक जतिंदर वालिया ने सभी बच्चों की माताओ को बधाई दी एवं उन्हें कहा कि इन बच्चों की सफलता के लिए इन माताओं का बहुत बड़ा सहयोग होता है। विद्यालय की संयुक्त निदेशिका ने सभी अभिभावकों को गुड पैरेंटिंग के टिप्स भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का समापन ग्रैंड फिनाले से किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिशा व्यास द्वारा अभिभावकों का धन्यवाद किया।

# बुजुर्ग के बंद मकान का ताला तोड़ कीमती जेवरात-नगदी किया पार

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित जय प्रकाश नगर में चोरो ने बीते दिनों एक बंद मकान का ताला तोड़ चोरी की घटना को अंजाम दे फरार हो गए घटना के समय परिवार महाराष्ट्र गया हुआ था पड़ोसी की सूचना पर वापस घर लौटे पीड़ित ने स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली पहुंच पुलिस से लिखित लिखित शिकायत की है कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित जय प्रकाश नगर निवासी निरवैर सिंह पुत्र स्व हजारा सिंह के अनुसार वह बीते 5 मार्च की शाम बांद्रा महाराष्ट्र रह रही अपने पुत्री के पास गए थें 9 मार्च की सुबह उनके पड़ोसी तरुण श्रीवास्तव ने फोन कर घर का दरवाजा खुला होने और ताला टूटने की जानकारी दी जिसपर पीड़ित ने द्वारा ही घटना की जानकारी स्थानीय थाने पर दी और उसी रात फ्लाइट से वापस लखनऊ अपने घर लौटें मौके पर पुलिस ने घटना स्थल का निरिक्षण भी किया जिसके उपरांत पीड़ित ने पुलिस से लिखित शिकायत कीं पीड़ित की शिकायत कृष्णा नगर पुलिस ने जांचोपरांत गुरुवार को चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया हैं पीड़ित के अनुसार चोरो ने उनके घर में रखे 12 हजार रुपये नगद समेत कंप्यूटर रूम से डीवीआर, दो जोड़ी कान की बाली, 14 ग्राम का झुमका चोरी कर लिए है और जाते हुए पॉवर सप्लाई भी काट दिएं पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

**बीयर बार के सेल्समैन से हुई लूट :** आलमनगर के कनक सिटी निवासी रामबाबू जायसवाल पुत्र स्व नारायण प्रसाद जायसवाल से 20 मार्च की रात दो अज्ञात बाइक सवार ने दुगार्गंज पुराने चौराहे के पास उस समय लुटैती की घटना को अंजाम दिया जब वो दुगार्गंज( काकोरी ) स्थित बियर शॉप बन्द कर वापस अपने घर जा रहे थे। रामबाबू काकोरी के दुगार्गंज स्थित बियर शॉप पर सेल्समैन का काम करते हैं। गुरुवार को शॉप बन्द कर वापस अपने घर जा रहे रामबाबू से रात 10 बजे के आस पास दुगार्गंज पुराने चौराहे पर दो अज्ञात बाइक सवार उनका थैला, जिसमें सिर्फ दुकान की चाबियां थीं और मोबाइल लूट ले गए। बताते चलें कि घटना स्थल काकोरी थाने से मात्र चन्द कदम की दूरी पर है।स्थानीय पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर लुटेरों की खोज बीन शुरू कर दी है।

**मदरसा दारूल उलूम नूरिया एहसानिया भरवारी कौशाम्बी**

**आवश्यकता है**

मदरसा दारूल उलूम नूरिया एहसानिया भरवारी कौशाम्बी में दिनांक 31.03.2025 को सहायक अध्यापक तहतानिया के सेवानिवृत्त होने वाले रिक्त स.अ.तहतानिया के पद हेतु निम्नलिखित शैक्षिक योग्यता एवं आयु रखने वाले इच्छुक व्यक्तियों से सम्पूर्ण जानकारी सहित दिनांक 11.04.2025 तक मदरसा प्रबन्धक उपरोक्त के पते पर पंजीकृत डाक के माध्यम से शैक्षिक योग्यताओं की प्रमाणित प्रति के साथ या स्वयं मदरसा में जमा कर सकते हैं। लेवल 6 - **वेतन-** 112400 - 35400 - 4200 ग्रे. पे.

**शैक्षिक योग्यता-** आलिम अथवा इन्टर मीडिएट उर्दू विषय, **आयु-** 18 वर्ष से कम न हो। अर्ह आवेदकों को साक्षात्कार की सूचना बाद में पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रेसित की जायेगी।

**प्रबन्धक**
**मदरसा दारूल उलूम नूरिया**
**एहसानिया भरवारी कौशाम्बी**

**जगजीवन राम रेलवे सुरक्षा बल अकादमी**
(रेल मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन केन्द्रीयकृत प्रशिक्षण संस्थान)
**JAGJIVAN RAM RPF ACADEMY**
(A CTI OF GOVERNMENT OF INDIA UNDER THE MINISTRY OF RAILWAYS)
TALKATORA ROAD, ALAMBAGH. P.O. MANAK NAGAR, LUCKNOW- 226011
Email:directorjjr.academy@gov.in & Website: https://jrrpfa.indianrailways.gov.in

Control Room Nos. Mob: 9794833743 Landline: 0522-2983344

जगजीवन राम रेलवे सुरक्षा बल अकादमी, तालकटोरा रोड़, मानकनगर लखनऊ परिसर में 145 अदद आम, 18 अदद कटहल व 18 अदद लीची के वृक्षों की फसल की खुली नीलामी वर्ष 2025 के लिए दिनांक 26.03.2025 को 15:00 बजे अकादमी प्रांगण में करायी जायेगी। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यापारी किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 17:00 बजे तक फसल का भौतिक निरीक्षण तथा नीलामी की शर्तों की प्रति प्राप्त कर सकते है।

उप-प्रधानाचार्य
ज.रा. रे.सु.ब. अकादमी लखनऊ

**कार्यालय ग्राम पंचायत नरौली वि.खं. गौरीगंज अमेठी**

**पत्रांकः मेमो / नि0 कार्य / मनरेगा 2024-25** **दिनांक 21/03/2025**

**अल्प कालीन निविदा**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नरौली, वि.ख.- गौरीगंज जनपद अमेठी मे नरौली से कराये जाने वाले निम्न कार्य हेतु सामाग्री आपूर्ति किए जाने हेतु अनुभवी व पंजीकृत फर्मो से मुहरबंद निविदाये दिनांक 25/03/2025 तक अपरहान 3.00 बजे तक आमंत्रित कि जाती है एवं उसी दिन दिनांक 25/03/2025 को ग्राम पंचायत के कार्यालय मे निविदा दाताओ अथवा उनके प्रतिनिधिओ के समक्ष खोली जाएगी कार्य की bill of quantity भी कार्य दिवस मे प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | माप | अनुमानित लागत | सामग्री का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राम जी के दरवाजे से अरूण कुमार के घर तक इंटर लकिंग निर्माण कार्य। | 115X3.0 मी. | 5.922 लाख | सीमेंट, मोरम, बालू, लो. बालू, स्टोन डस्ट, 80एमएम मोटी इटरलाकिंग ईंट आदि |

**निविदा की शर्ते -:**
1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी।
2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार कार्यस्थल पर समय से करनी होगी।
3. आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप होनी चाहिये।
4. आपूर्ति कर्ता को GST NO की छायाप्रति उपलब्ध कराना होगा।
5. किसी विवाद की स्थिति मे अंतिम निर्णय अधोहस्ताक्षरी का होगा।

**सचिव** **ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत नरौली** **ग्राम पंचायत नरौली**

## ट्रांसपोर्टर को गोली मारने वाला कई दिनों से फरार, स्टेटस पर डाल रहा फोटो

लखनऊ। चिनहट इलाके में रविवार को ट्रांसपोर्टर पर फायरिंग करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन गैंग चलाने वाले मुख्य आरोपी अभी पकड़ से दूर हैं। दोनों पर चिनहट थाने में कई मुकदमे दर्ज हैं। उनमें से एक आरोपी हाल में जेल से छूटकर बाहर आया है। पूरे मामले में पुलिस की लापरवाही सामने आई है। 13 मार्च को दोनों बदमाश पल्सर गाड़ी से एजाज के साथी के घर पहुंचे थे। पिस्टल निकालकर फायर करने लगे, लेकिन गोली नहीं चली। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। चिनहट मल्हौर निवासी एजाज अहमद ट्रांसपोर्टर हैं। एजाज रविवार को अपने साथी खालिक अहमद के साथ बाबू टेंट हाउस के सामने खड़े होकर चाय पी रहे थे। था। तभी वैभव शूटर और आदित्य रावत मोटरसाइकिल यूपी 32 एमजेड 7980 से वहां पहुंचे और ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगे। जिसमें एजाज के तीन गोलियां दो पीठ और एक बाएं हाथ में लगी। जबकि खालिक के हाथ में गोली लगी। गोली की आवाज से इलाके में अफरा-तफरी मच गई थी। गोली चलने के बाद घटनास्थल पर भगदड़ मचने का फायदा उठाकर शूटर भाग निकले थे। वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घायलों का इलाज चंदन अस्पताल में चल रहा है। एजाज के भाई मुख्तार ने विशाल यादव, विशाल मौर्या, वैभव, आदित्य, रंजीत, प्रदीप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बुधवार सुबह आरोपी विशाल यादव और विशाल मौर्या को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं मुख्य आरोपी फरार हैं।

# मुख्यमंत्री योगी से मिले भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने दोबारा अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद शुक्रवार की शाम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सरकारी आवास पर भेंट की। भेंट के दौरान महानगर उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, व्यापार प्रकोष्ठ महानगर संयोजक अभिषेक खरें, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनायक पांडे, पूर्व पार्षद विजय भुर्जी, यशवेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आनंद द्विवेदी को नवीन कार्यकाल के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत रूप से परिचय प्राप्त किया और संगठनात्मक चर्चा करते हुए कहा कि बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें और आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अभी से तैयारी करें।

## वन विभाग में तैनात ईमानदार रेंजर की मनसा पर पलीता लगा रहे विभाग के अधिकारी

लखनऊ । सरोजनी नगर इलाके में वन विभाग में तैनात ईमानदार रेंजर की मनसा पर वन विभाग के अधिकारी पलीता लगा रहे हैं।क्षेत्र में की जा रही पेड़ों की कटाई की जानकारी होने के बावजूद मैं बने हुए है ।

मालूम हो कि सरोजनी नगर थाना क्षेत्र के स्कूटर्स इंडिया इंडस्ट्रियल एरिया स्थित प्रिया गोल्ड कंपनी के सामने एक दर्जन से ज्यादा पेड़ो को रातों रात वन विभाग की मिली भगत और सांठ गांठ के चलते ही पेड़ों को धराशाई कर दिया गया ।पेड़ों की कटाई किंझंकाती विभागीय अधिकारियों को होने के बावजूद कुछ भी नहीं कर पा रहे है ।इस मामले की सूचना जब किसी मीडिया कर्मी को मिली तो वन विभाग पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और मौके पर पहुंच कर काम को रुकवा दिया ।जबकि वही सूत्रों का कहना है कि इस दौरान ठेकेदार मौके से मजदूर सहित मौके से भाग निकले ।वही वन विभाग के अधिकारी ने तो पहले बताया कि उक्त पेड़ों का परमिट है ।बाद में पता चला कि अवैध तरीके से इन पेड़ों को काटा जा रहा था ।जबकि वही पर एक पेड़ का वीडियो देखा जा सकता है कि पेड़ अपनी जिंदगी और मौत के बीच की जंग लड़ राजा है ।

## 15 वर्षीय किशोरी लापता, मां की नामजद शिकायत पर युवक पर मुकदमा दर्ज

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली पर एक विधवा ने अपनी 15 वर्षीय किशोरी पुत्री को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने का आरोप लगा युवक के खिलाफ नामजद शिकायत की है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पी के सिंह ने बताया कि श्रृंगार नगर थाना कृष्णा नगर में रहने वाली महिला ज्योति सिंह पत्नी स्व राज सिंह के अनुसार उसकी 15 वर्षीय पुत्री अन्नया सिह को रविथापा उर्फ एन्डी निवासी नटखेड़ा रोड थाना कृष्णानगर ने बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया है। जो एक आपराधिक किस्म का व्यक्ति है और अवैध गांजा बेचने का कार्य करता है पुलिस के अनुसार लापता किशोरी की विधवा माँ की नामजद शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही है।

## अंसल इंफ्रा ने लेफ्टिनेंट कर्नल समेत छह लोगों से 86 लाख हड़पे

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली में अंसल इंफ्रा एण्ड प्रापर्टीज निदेशकों के खिलाफ छह नए मुकदमे दर्ज हुए। आरोपितों ने हाईटेक टाउनशिप विकसित करने के बदले आवंटियों से करोड़ों रुपये लिए थे। जिसके बाद एक ही प्लॉट को कई बार बेचा गया। अन्य योजनाओं में भी बड़े स्तर पर घपला निदेशकों ने किया था। गुरुवार को लेफ्टिनेंट कर्नल समेत छह लोगों ने मुकदमा दर्ज कराया है।गौतमबुद्ध मार्ग निवासी लेफ्टिनेंट कर्नल यतेंद्र सिंह के पिता भरत सिंह ने वर्ष 2007 में अंसल इंफ्रा में प्लॉट बुक कराया था। जिसके लिए करीब छह लाख रुपये अदा किए। इसके बाद भी उन्हें प्लॉट पर कब्जा नहीं मिला। करीब 18 साल तक कम्पनी के अधिकारी गुमराह करते रहे। वहीं, महानगर निवासी रिटायर राजपत्रित अधिकारी अवधेण मणि त्रिपाठी ने वर्ष 2009 में अंसल शॉपिंग काम्पलेक्स में एक दुकान बुक कराई थी। करीब 25 लाख अदा करने के बाद भी उनके नाम पर रजिस्ट्री नहीं की गई। इसी तरह बीबीडी सनब्रिज अपार्टमेंट निवासी पंकज श्रीवास्तव ने परिचित के जरिए अंसल ग्रुप से साढ़े पांच लाख में प्लॉट, सुशांत गोल्फ सिटी निवासी कफील अहमद ने करीब दो लाख, बाराबंकी लक्ष्मणपुरी निवासी दिनेश कुमार वर्मा ने 14 लाख 50 हजार रुपये में विला और विपुलखंड निवासी स्वदेश कुमार ने साढ़े दस लाख रुपये दिए थे। टाउनशिप बनाने का दावा कर करोड़ों रुपये का घोटाला करने वाले अंसल इंफ्रा के सुशील और प्रणव अंसल समेत कई अधिकारियों के खिलाफ मुकदमे दर्ज हैं। सुशांत गोल्फ सिटी, गोमतीनगर और हजरतगंज कोतवाली में मिला कर दर्ज मुकदमों की संख्या 45 के करीब है।

# एक साल में ही खराब हो गयी सड़क

## महेन्द्र यादव का आरोप, गलती छिपाने के लिए किया सीसी रोड पर डामरीकरण

- सांसद आरके चौधरी पीडब्ल्यूडी के विभागाध्यक्ष को पत्र लिखकर सड़क की गुणवत्ता जांच कराते हुए ठीक कराने की उठायी थी मांग

विशेष संवाददाता (vol)






**लखनऊ।** लोक निर्माण विभाग की ओर से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ( पीएमजीएसवाई ) के तहत राजधानी की विधानसभा बीकेटी के गोधना कैनाल से कुर्सी तक बनी सड़क एक साल में ही खराब हो गयी। इसके लिए सांसद आरके चौधरी ने लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता विकास एवं विभागाध्यक्ष को पत्र लिखा। उन्होंने सड़क की सामग्री की गुणवत्ता की जांच कराते हुए दोबारा से सड़क बनाने की मांग की है। इसके लिए सांसद को समाजवादी छात्रसभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेन्द्र यादव ने पत्र लिखा था।

महेन्द्र यादव का आरोप है कि पत्र लिखने के बावजूद जांच तो हुई नहीं, लेकिन सीसी रोड पर डामरीकरण कर भ्रष्टाचार छिपाया जा रहा है जबकि आबादी क्षेत्र में डामरीकरण नहीं किया जा सकता।

जिस पर मोहनलाल गंज सांसद आरके चौधरी ने पीडब्ल्यूडी के एचओडी को पत्र लिखा। महेन्द्र यादव से मिली जानकारी के अनुसार बीकेटी विधानसभा के गोधाना कैनाल पटरी से कुर्सी तक लम्बाई 10 किलोमीटर सड़क का निर्माण 6 जनवरी 2024 को कराया जा चुका है, जिसकी कुल लागत 1096.96 लाख रुपये है। सड़क निर्माण का निर्माण कार्यदायी संस्था ग्रा.अ.वि. पी.आई.यू., लखनऊ के माध्यम से मेसर्स एमके स्ट्रांग (जेबी) बहादुरपुर, नियर काली मंदिर बलिया के ठेकेदार द्वारा कराया गया था। सड़क की गुणवत्ता बेहद खराब है और सड़क किनारे पटरी और साइड नाली का भी निर्माण नहीं कराया गया। बीते एक साल में ग्राम सुभाननगर, अरिगवां, रायपुर बाबू समेत कई जगहों पर बेहद घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किये जाने से जगह-जगह पर खराब होने लगी है।

# नवरात्र : लखनऊ के 7 देवी मंदिरों में दर्शन करने से पूरी होती है मनोकामना




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चैत्र नवरात्रि की तैयारियां शुरू हो चुकी है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्रि की शुरूआत होती है। हिंदू पंचांग के अनुसार 30 मार्च को चैत्र नवरात्रि की शुरूआत होगी, इस साल माता रानी हाथी पर सवार होकर आ भक्तों के बीच आएंगी। हिंदू धर्म में नवरात्रि के पर्व का विशेष महत्व है। नवरात्रि के इन 9 दिनों में मां दुर्गा के 9 अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि के 9 दिनों तक भक्त व्रत रखते हैं और विधि-विधान से माता रानी की पूजा करते हैं। ऐसे में अगर आप लखनऊ में हैं तो इन 7 मंदिरों में दर्शन जरूर करना चाहिए।

**चंद्रिका देवी मंदिर :** बक्शी का तालाब स्थित चंद्रिका देवी मंदिर एक शक्तिपीठ और सिद्धपीठ मंदिर है। चंद्रिका देवी को लखनऊ की कुलदेवी भी कहा जाता है इसीलिए लखनऊ के लोगों को इनके दर्शन करना अनिवार्य माना जाता है। यहां के पुजारी राम आसरे वाजपेई बताते हैं कि पहले यहां पर नीम का खोखला पेड़ था उसी खोखले पेड़ से यहां पर देवी मां प्रकट हुई हैं। यह मंदिर चौक चौराहे के बेहद करीब स्थित है। यहां पर लक्ष्मी नारायण की प्रतिमा स्थित है लेकिन उन्हें काली के रूप में पूजा जाता है। यह मंदिर औरंगजेब के वक्त का है। नवरात्रि में यहां पर मेला लगता है जो कि लखनऊ का सबसे बड़ा मेला होता है। नवरात्रि में यहां दर्शन करने के लिए न सिर्फ लखनऊ बल्कि उत्तर प्रदेश के अलग जिलों से भी भक्त आते हैं।

**संकटा देवी मंदिर :** रानी कटरा में ही संकटा माई मंदिर हैं। चौपटियां के रानी कटरा में स्थित संकटा देवी मां का यह मंदिर



लखनऊ में सबसे अनूठा है। यह कश्मीर में विराजमान माता खीर भवानी की प्रतिमा का स्वरूप है, जो कई कश्मीरियों की कुलदेवी भी हैं। कहा जाता है कि नवरात्रि में इनके दर्शन करने थे संकट दूर हो जाते हैं।

**बंदी मां का मंदिर :** बंदी मां का मंदिर कटरा में स्थित है। इन्हें कटरा की रानी भी कहा जाता है। यह मंदिर 200 साल से भी ज्यादा पुराना है। नवरात्रि में इनके दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं और साड़ी समेत श्रृंगार का सामान अर्पित करते हैं।

**संदोहन मां मंदिर:** यह मंदिर भी छोटी काशी चौपटिया चौराहे के करीब स्थित है। इस मंदिर को 500 साल पुराना शक्तिपीठ और सिद्धपीठ भी माना जाता है। यहां पर शादी के बाद नए जोड़े अक्सर पूजा पाठ करते हुए नजर आ जाते हैं। यहां पर मुंडन भी होता है। नवरात्रि में इस मंदिर का भी खास महत्व है यह मंदिर टिकैतगंज कदीम के सिरे पर मेहंदी गंज नामक मोहल्ले में स्थित है।

**शीतला माता मंदिर :** शीतला मां के मंदिर को रामायण काल का बताया जाता है। इस मंदिर की स्थापना जानकी नंदन लव द्वारा की गई थी। नवरात्रि में इस मंदिर में दर्शन करने वालों की सबसे ज्यादा भीड़ रहती है। इन दिनों यहां मेला भी चल रहा है।

**भुईयन देवी मंदिर :** यह मंदिर गणेशगंज में स्थित है। इसके बारे में ऐसा कहा जाता है कि इस मंदिर पर जब जब पर्दा लगाया गया तब-तब पर्दे में या तो आग लग गई या पर्दा अपने आप ही गिर गया, जिसके बाद से इस मंदिर में माता के सामने कभी भी पर्दा नहीं लगा गया। इस मंदिर में देवी का मुख पूर्व दिशा की ओर है। इस मंदिर की खासियत यह भी है कि भुईयन देवी मां के ठीक दाहिने हाथ पर बगल में संकटा माई भी मौजूद हैं। नवरात्रि में इनकी पूजा और कीर्तन के लिए प्रदेश भर से भक्त आते हैं।

**श्री ज्वाला देवी मंदिर :** नवरात्रि में ज्वाला देवी के दर्शन करना चाहते हैं तो आपको हिमाचल प्रदेश जाने की जरूरत बिल्कुल भी नहीं है क्योंकि ज्वाला देवी के दर्शन आपको उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के आशियाना आलमबाग स्थित मां श्री ज्वाला देवी मंदिर में हो जाएंगे। यहां 2004 से एक अखंड ज्योत जल रही है। जो ज्वाला देवी से लाई गई थी।

## शीतला अष्टमी आज, राशि अनुसार करें पूजा, होगा शुभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हिंदू धर्म में शीतला अष्टमी का व्रत विशेष महत्व है। इसे बसौड़ा भी कहा जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, शीतला अष्टमी का व्रत चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रखा जाता है। इस दिन माता शीतला की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार, शीतला अष्टमी का व्रत करने व इस दिन शीतला माता की विधिवत पूजा करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। रोगों से मुक्ति मिलती है। जीवन में सुख-समृद्धि का आगमन होता है और संतान से जुड़े कष्ट दूर होते हैं।

हिंदू पंचांग के अनुसार, अष्टमी तिथि 22 मार्च 2025 को सुबह 04 बजकर 23 मिनट पर प्रारंभ होगी और 23 मार्च 2025 को सुबह 05 बजकर 23 मिनट पर समाप्त होगी। शीतला अष्टमी 22 मार्च 2025, शनिवार को मनाई जाएगी।

**शीतला अष्टमी पूजा विधि:** सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि करें। स्वच्छ-वस्त्र धारण करें। अब व्रत का संकल्प लें। पूजा के लिए थाली सजाएं। एक थाली में बासी भोजन रखें। दूसरी थाली में दीपक, रोली, चंदन, अक्षत, सिंदूर, सिक्के, मेहंदी, फूल, माला व फल आदि रखें। अब माता शीतला को जल अर्पित करें। माता शीतला को बासी भोजन को भोग लगाएं। माता शीतला की कथा पढ़ें और फिर आरती उतारें।



### राशि अनुसार शीतला अष्टमी पर करें ये खास उपाय

**मेष राशि:** शीतला अष्टमी के दिन मां शीतला की पूजा करने के साथ-साथ नीम के पेड़ की भी पूजा-अर्चना करें। पूजा के बाद नीम के पेड़ की 3 या 5 बार परिक्रमा करें। मान्यता है कि ऐसा करने से जीवन की परेशानियां कम होंगी और सकारात्मक ऊर्जा बढ़ेगी।

**वृषभ राशि:** वृषभ राशि के जातकों इस दिन गौ माता को भोजन खिलाना चाहिए। मान्यता है कि ऐसा करने से जीवन में आर्थिक स्थिरता आएगी और माता शीतला की कृपा बनी रहेगी।

**मिथुन राशि:** मिथुन राशि वाले जातक इस दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और मां शीतला की पूजा करें। उसके बाद देवी को लाल रंग के फूल और श्रृंगार का सामान अर्पित करें। इससे मान-सम्मान बढ़ेगा और सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क राशि:** इस दिन कर्क राशि वाले जातक देवी शीतला को गंगाजल, फल, फूल और श्रृंगार का सामान अर्पित करें। फिर पूजा के बाद घर में गंगाजल का छिड़काव करें। ऐसा करने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होगी और घर में सुख-शांति बनी रहेगी।

**सिंह राशि:** सिंह राशि वाले जातक इस दिन मां शीतला को कुमकुम, रोली और अक्षत अर्पित करें। इससे परिवार में खुशियां आएंगी और घर में सकारात्मक माहौल बना रहेगा।

**कन्या राशि:** देवी शीतला को प्रसन्न करने के लिए कन्या राशि के जातक उन्हें बासी रोटी का भोग लगाएं। इससे जीवन में बरकत बनी रहेगी और धन-धान्य की वृद्धि होगी।

**तुला राशि:** इस दिन मां शीतला को बासी पूड़ी और हलवे का भोग लगाएं। इससे मनचाही सफलता मिलेगी और परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा।

**वृश्चिक राशि:** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए इस दिन देवी शीतला के साथ गौ माता की पूजा करना शुभ साबित हो सकता है। इससे घर में सुख-समृद्धि बनी रहेगी और मानसिक शांति मिलेगी।

**धनु राशि:** धनु राशि के जातक इस दिन मां शीतला को लाल रंग की वस्तुएं अर्पित करें, जैसे लाल चुनरी या लाल फूल। इससे घर में सुख-समृद्धि आएगी और सभी कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मकर राशि:** मकर राशि वाले जातकों को इस दिन मां शीतला को बासी भोजन का भोग लगाना चाहिए। इससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और परिवार में खुशियां आएंगी।

**कुंभ राशि:** कुंभ राशि के जातकों के लिए इस दिन गरीबों को भोजन कराना और जरूरतमंदों को वस्त्र दान करना शुभ रहेगा। इससे भाग्य में वृद्धि होगी और अच्छे अवसर प्राप्त होंगे।

**मीन राशि:** मीन राशि वाले जातक इस दिन मां शीतला को बासी भोजन का भोग लगाएं और उनका आशीर्वाद लें। इससे घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी और जीवन में सकारात्मक बदलाव आएंगे।

# फिक्की फ्लो ने इंटरनल अवार्ड समारोह में सदस्यों को किया सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** फिक्की फ्लो ने बहुप्रतीक्षित आंतरिक पुरस्कार और संगीत संध्या के साथ अध्यक्ष विभा अग्रवाल के एक बहुत ही जीवंत और समृद्ध वर्ष का सही समापन देखा। यह कार्यक्रम गोमती नगर स्थित होटल हयात में आयोजित किया गया।

आज इस वर्ष फिक्की फ्लो लखनऊ चैप्टर के 10 साल पूरे होने का जश्न भी मनाया गया। चार्टर चेयरपर्सन ज्योत्सना हबीबुल्लाह से लेकर अंजू नारायण, अर्चना खेतान, रेणुका टंडन, माधुरी हलवासिया, पूजा गर्ग, आरुषि टंडन, सिमु घई, स्वाति वर्मा और विभा अग्रवाल तक के पिछले अध्यक्षों को लखनऊ चैप्टर के विकास में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया। विभा अग्रवाल और कोर कमेटी ने विभिन्न समितियों और समिति प्रमुखों द्वारा किए गए परिश्रमी प्रयासों को भी सम्मानित किया और अन्य सदस्यों को आगे आने और अध्याय में सार्थक योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।

सम्मानित होने वाले सदस्यों में शमा गुप्ता ,आरुषि टंडन, अदिति जग्गी,रिया पंजाबी, प्रज्ञा अग्रवाल, वनिता यादव, शिल्पा गुप्ता, श्रुति शांडिल्य, अनुपमा भाटिया, अर्चना ,सिमरन साहनी, मिताली ओसवाल, स्वाति वर्मा, वंदिता अग्रवाल, स्मृति गर्ग, स्वाति मोहन मुख्य थे। विभा अग्रवाल ने सम्मानित प्रायोजकों को धन्यवाद भी ज्ञापित किया। इसके बाद नाचीज बैंड द्वारा एक आकर्षक संगीत संध्या का आयोजन किया गया, जिसने अपने शानदार गानों से दर्शकों का मनोरंजन किया।

इस शाम को चैप्टर चेयरपर्सन विभा अग्रवाल और समिति द्वारा खूबसूरती से आयोजित किया गया और करिश्मा और श्रुति शांडलिय द्वारा संचालित किया गया। इसमें चैप्टर चेयरपर्सन विभा अग्रवाल, कोर कमेटी के सदस्य, पूर्व अध्यक्ष और फ्लो सदस्यों ने भाग लिया।

# 435वां युगऋषि वाङ्मय की स्थापना संपन्न

**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत यशराज इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन, बाघामऊ, गोमतीनगर, सेक्टर-6, लखनऊ, उ०प्र० के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं० श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 435वाँ ऋषि वाङ्मय की स्थापना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रिय कार्यकर्त्री श्रीमती रेखा श्रीवास्तव (पुत्रवधू) एवं मनोज कुमार श्रीवास्तव (पुत्र) ने अपने माता स्व. श्रीमती राजा बेटी श्रीवास्तव एवं पिता स्व. बाबूराम श्रीवास्तव की स्मृति में भेंट किया तथा सभी छात्र-छात्राओं, संकाय सदस्यों, विभागाध्यक्ष एवं अधिकारियों को अखण्ड ज्योति (हिन्दी) पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ज्ञानदान पूर्वजों के लिये सच्ची श्रद्धांजली है। संस्थान के निदेशक डॉ. देश दीपक पाण्डेय ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का समापन संस्थान के विभागाध्यक्ष डॉ. ओम प्रकाश सिंह यादव ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया। इस अवसर पर गायत्री ज्ञान मंदिर के प्रतिनिधि श्री उमानंद शर्मा, श्रीमती रेखा श्रीवास्तव, मनोज कुमार श्रीवास्तव, श्रीमती देवांगना श्रीवास्तव, श्री अनुभव श्रीवास्तव, डॉ. देश दीपक पाण्डेय, उपप्रबंधक योगेश सिंह सहित कॉलेज के संकाय सदस्य एवं छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।



# देश भक्ति की अलख जगाता काकोरी काण्ड

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रंगयात्रा नाट्य संस्था द्वारा ज्ञानेश्वर मिश्र ज्ञानी लिखित एवं निर्देशित काकोरी काण्ड पर आधारित नाट्य कृति द ट्रैन एक्शन डे का संस्कृत भाषा में सफल मंचन संस्कृत संस्थानम, उत्तर प्रदेश के सहयोग से बाल्मीकि रंगशाला में हुआ।

क्रांतिकारियों को आजादी के मिशन को पूरा करने के लिए धन की आवश्यकता थी इसलिए राम प्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में 8 डाउन सहारनपुर पैसेंजर ट्रैन में आ रहे ब्रिटिश खजाने को लूटने की योजना बनायीं गयी। इस योजना में अशफाक उल्ला खां, बावरी लाल, चंद्रशेखर आजाद, ठाकुर रोशन सिंह, मन्मनाथ, राजेंद्र प्रसाद लाहड़ी आदि ने मिलकर ब्रिटिश खजाने को काकोरी स्टेशन से कुछ दूर ट्रैन जाने पर उसकी चैन खींचकर रोका और लूटा 'खजाने को लूटकर ले जाते समय बनवारी लाल की चादर वहीं पर छूट जाती है' पुलिस धोबी के माध्यम से बनवारी लाल को पकड़कर पूछताछ करती है और सभी लोग पकड़ लिए जाते हैं। जब सब कोर्ट में जज के सामने पेश किये जाते हैं तब सब अजीमाबादी की गजल 'सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है गा कर जज को चिढ़ाते हैं। नाटक में सरकारी वकील जगतनारायण मुल्ला और बिस्मिल की तीखी बहस का दृश्य बड़ा ही रोचक दिखलाया है।



नाटक में मंच पर विश्वास श्रीवास्तव, सौरभ यादव, गिरिराज शर्मा, आदर्श पांडेय मुकुल चौहान, संकल्प शुक्ला, मोनिका अग्रवाल, आशीष सिंह गुलशन यादव, संदीप देव, निरुपमा राहुल, ज्योति सिंह पीहू गुप्ता नीरज शब्द ने सशक्त अभिनय किया नाटक में संगीत आदित्य शर्मा, प्रकाश तमाल बोस, मुख सज्जा नीमा गुप्ता एवं मंच सज्जा उमंग फाउंडेशन की थी ।

# लालच न करने का संदेश दे गया 'साइबर नटवरलाल'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पिछले उन्नीस वर्षों से नगर में विश्व कठपुतली दिवस का आयोजन काफिला लोक नाट्य संस्थान के कलाकारों द्वारा किया जाता रहा है। अपनी कला यात्रा के बीसवें वर्ष में संस्थान ने जश्ने काफिला पपेट नाट्यम का दो दिवसीय आयोजन आरम्भ किया।

आज लगभग हर व्यक्ति मोबाइल फोन धारक है। जीवन में मोबाइल अत्यन्त सुविधाजनक गैजेट है। मोबाइल के प्रयोग से जीवन काफी सरल हो गया है। परन्तु उसी मोबाइल के किसी दूसरे साइबर छोर पर बैठा कोई हैकर या धोखेबाज अपनी तिकड़म से मोबाइल यूजर को हैरान-परेशान कर सकता है। उसे लुभावने प्रलोभन देकर उसके खाते में सेंध लगा सकता है। कई घटनाओं में साइबर की दुनिया के इन धोखेबाजों ने मोबाइल यूजर को आंतकित कर कई कई दिन तक अपनी गिरफ्त में रख कर भारी धन वसूली की है।



समारोह के पहले दिन पुतुल नाटक साइबर नटवरलाल का मंचन किया गया। प्रस्तुति पपेट कोलाज के रूप में थी। ज्ञानियों ने कहा है कि लालच बुरी बला है, नुकसान हो सकता है। फिर भी मानव मन सहज ही आसानी से लालच के वशीभूत किया जा सकता है, साइबर संसार में सक्रिय धोखेबाज इस सच को भली भांति जानते हैं। इसलिए नित नए नए प्रलोभनों से लोगो को अपने चंगुल में लेकर उन्हें आर्थिक हानि पहुंचाते रहते है। सरकार और साइबर पुलिस लगातार लोगों को सावधान करते रहते है। मोबाइल पर हर काल से पहले सर्तक रहने का लगातार संदेश सुनाया जा रहा है। फिर भी रोज साइबर ठगी की कुछ खबरें समाचार पत्रों में छपती रही है। नाटक के पहले दृश्य में आसान कमाई के लोभ में एक रिटायर्ड वृद्ध इन जालसाजों के जाल में फंसकर अपना धन खो देता। दूसरे दृश्य में एक देवी जी मोबाइल पर गेम खेलते-खेलते लोन हैकर्स के जाल में फंस जाती हैं और आर्थिक क्षति उठाती है। एक अन्य पात्र संकट में फंसे हुए व्यक्ति का अभिनय कर रहे व्यक्ति को दयावश अपना मोबाइल प्रयोग करने के लिये दे देता है। वो जालसाज उस फोन में हेरा फेरी कर अपने साथी की मदद से उस पात्र को भारी धन हानि पहुंचा कर गायब हो जाता है। एक अन्य पात्र इनाम के लालच में ठगा जाता है, तो दूसरा कीमती पार्सल पाने के लोभ में। इस प्रकार कथा कोलाज विभिन्न लोभी चरित्रों से गुजरते हुए डिजिटल अरेस्ट तक पहुंचती है, जहां साइबर अपराधियों द्वारा पीड़ित को नाटकीय रूप से धमकाया जाता है। फिर उसे धन चुकाकर मुक्त करने का प्रलोभन देकर उसे भी शिकार बनता हुआ दिखाया गया है।

# भातखंडे : आधुनिक परिदृश्य में तबला वादन पर हुई चर्चा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के तालवाद्य विभाग द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रिय वेबिनार का सफल आयोजन शुक्रवार को भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ में आधुनिक परिदृश्य में तबला वादन विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन हुआ। यह वेबिनार विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. माडवी सिंह के मार्गदर्शन एवं ताल-वाघ विभाग के विभागाध्यक्ष डा. मनोज कुमार मिश्र एवं संकायाध्यक्ष प्रो. सृष्टि माथुर के संयोजन से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पं. रविनाथ मिश्र, प्रो. नीलू शर्मा, श्री अंकित पारिक, पं. विजय शंकर मिश्रा, पं. विनोद लेले ने वेबिनार में सहभागिता की और अपने अनुभव साझा किये।



पं. रविनाथ मिश्रा द्वारा तबले की गुरु-शिष्य परम्परा एवं स्वतंत्र वादन एवं तबले की साथ संगत एवं संगतकार के मनोवैज्ञानिक चिंतन पर विचार प्रस्तुत किये तथा तबले कि संगत में विभिन विद्याओं के संदर्भ में सौंदर्य, मनोवैज्ञानिक दृष्टीकोण एवं काव्यात्मक दृष्टीकोण के बारे में आपने विस्तृत रूप से वर्णन किया। प्रो. नीलू शर्मा द्वारा तबले के संदर्भ में साहित्यिक साहित्य का विस्तार एवं कथकनृत्य के साथ तकनिकी रूप से संगत के संदर्भ में विभिन्न कलाकारों के बारे में आधुनिक रूप्से विस्तृत रूप से चर्चा करी। अंकित पारिक जी द्वारा तबला वादन की नवाचार दृष्टि पर विचार प्रस्तुत किये तथा उस्ताद जाकिर हुसैन, पं. ज्ञान प्रकाश घोष, पं. बिरजू महाराज, तालयोगी पं. सुरेश तलवलकर और पं. गिरीशचन्द्र श्रीवास्तव के विचारों को प्रस्तुत किया एवं तकनीकि उपकरणों जैसे- लहरा स्टूडियो, तानपूरा ड्रॉइड इत्यादि उपकरणों के बारे में अपने विचार व्यक्त किये। पं. विनोद लेले द्वारा संगीत में ताल व ठेके के महत्व की विस्तृत रूप से उल्लेखित किया। एक कुशल संगतकर्ता गायन के विशेष संदर्भ के गुणों का विस्तृत रूप से वर्णन किया एवं आपने आप विभिन्न ठेके जैसे-आड़ लय तिलवाड़ा का ठेका, झूमरा का ठेका एवं एकताल के ठेके के ख्याल की बंदिश के साथ गाकर प्रस्तुतिकरण किया। डा. मनोज कुमार मिश्रा द्वारा संस्थागत शिक्षण प्रणाली की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं शिक्षण में शास्त्र एवं प्रयोगात्मक पक्ष का परस्पर संबंध के संदर्भ में आपने अपने विचार व्यक्त किये। आपने संस्थागत शिक्षण पद्धति के अतर्गत शिक्षण संस्थाओं का एवं शिक्षक के योगदान के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

पं. विजय शंकर मिश्रा जी द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आपने तबला वादन के स्वतन्त्र वादन एवं साथ संगत के विषय पर अपने विचार व्यक्त किये तथा आपने उस्ताद जाकिर हुसैन जी के लिये यह कहा कि वह ताल के छंद को मुख्य कलाकार के अनुरूप करके प्रस्तुत करते थे। वेबिनार के प्रथम सत्र की अध्यक्षता पं. रविनाथ मिश्र एवं द्वितीय सत्र की अध्यक्षता पं. विजय शंकर मिश्रा ने की।

# पंजाबी व हिन्दी भाषा की साहित्यिक यात्रा उसकी विविधता का परिचायक है

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी तथा खुन खुन जी गर्ल्स पी जी कॉलेज के संयुक्त संयोजन से संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका विषय हिंदी व पंजाबी भाषाओं का संरक्षण और प्रोत्साहन रहा। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में लुआकटा अध्यक्ष प्रो. मनोज पांडे, आईटी कॉलेज हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. नीतू शर्मा हिंदी विभाग, अवध गर्ल्स पी जी कॉलेज हिंदी विभाग प्रो. रेखा गुप्ता, शिक्षाविद विनय प्रकाश मिश्रा, सुधा मिश्रा एवं प्राचार्य अंशु केडिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शूरुआत की। प्राचार्य प्रो अंशु केडिया ने अतिथि वक्ताओं को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया।



प्रो नीतू शर्मा ने कहा कि पंजाबी साहित्य का एक महत्वपूर्ण पक्ष उसमें निहित लोककथाएँ और वीर गाथाएँ हैं। ये रचनाएँ न केवल मनोरंजन प्रदान करती हैं, बल्कि पंजाबी संस्कृति और जीवन के विभिन्न पहलुओं का गहन विचार भी प्रस्तुत करती हैं। इसके अतिरिक्त, समकालीन पंजाबी साहित्य ने विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया है, जो सामाज का प्रत्यक्ष प्रतिबिंब बनता है।

पंजाबी भाषा की साहित्यिक यात्रा उसकी विविधता और समग्रता का परिचायक है, जो उसे कलात्मक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण बनाती है। प्रो रेखा गुप्ता ने बताया कि पंजाबी और हिन्दी साहित्य ने अपने आप में अनगिनत उत्कृष्ट कृतियों का निर्माण किया है। इस साहित्य का प्रारंभिक चरण 11वीं शताब्दी में सिद्ध संतों द्वारा कृतियों की रचना से हुआ, जिनमें भक्तों की कविताएँ शामिल हैं। समय के साथ-साथ, इस भाषा के साहित्य में न केवल धार्मिक बल्कि प्रेम, समाज, और संस्कृति के विषयों पर आधारित रचनाएँ भी शामिल हो गईं। प्रमुख लेखकों में भाई गुरदास, शहेनशाह वाणी, और अमृता प्रीतम शामिल हैं, जिनकी कविताएँ और कहानियाँ आज भी पाठकों को आकर्षित करती हैं। प्रो मनोज पांडे ने कहा कि देश की उन्नति तभी संभव है जब हम अपना विकास अपनी भाषा में करेंगे क्योंकि आज के समय जितने भी विकसित देश हो चाहे वह चीन या जापान, सबने अपना विकास अपनी भाषा में ही किया है ।

# गोरखपुर-आनंद विहार के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन, यात्रियों को राहत




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा होली त्यौहार के उपरान्त यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए 02555/02556 गोरखपुर-आनन्द विहार टर्मिनस-गोरखपुर अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचलन गोरखपुर से 22 एवं 24 मार्च दिन शनिवार एवं सोमवार को तथा आनन्द विहार टर्मिनस से 23 एवं 25 मार्च दिन रविवार एवं मंगलवार को 02 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा।

02555 गोरखपुर-आनन्द विहार टर्मिनस अनारक्षित विशेष गाड़ी 22 एवं 24 मार्च दिन शनिवार एवं सोमवार को गोरखपुर से 17.10 बजे प्रस्थान कर खलीलाबाद से 17.48 बजे, बस्ती से 18.14 बजे, गोंडा से 19.45 बजे, सीतापुर जं. से 23.25 बजे, दूसरे दिन बरेली से 02.45 बजे तथा मुरादाबाद से 04.35 बजे तथा गाजियाबाद से 09.22 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनस 10.00 बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में, 02556 आनन्द विहार टर्मिनस-गोरखपुर अनारक्षित विशेष गाड़ी 23 एवं 25 मार्च दिन रविवार एवं मंगलवार को आनन्द विहार टर्मिनस से 11.50 बजे प्रस्थान कर गाजियाबाद से 12.32 बजे, मुरादाबाद से 15.25 बजे, बरेली से 17.35 बजे, सीतापुर जं. से 20.50 बजे, दूसरे दिन गोंडा से 00.15 बजे, बस्ती से 01.35 बजे तथा खलीलाबाद से 02.02 बजे छूटकर गोरखपुर से 02.45 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में साधारण द्वितीय/शयनयान श्रेणी के 20 तथा एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे

**कई ट्रेनों में लगाये जायेंगे अतिरिक्त कोचः** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 15080/15079 गोरखपुर-पाटलिपुत्र-गोरखपुर एक्सप्रेस गोरखपुर एवं पाटलिपुत्र से 22 मार्च से तथा 15107/15108 बनारस- लखनऊ-बनारस एक्सप्रेस बनारस एवं लखनऊ से 23 मार्च से कन्वेंशनल रेक के स्थान पर आधुनिक एल.एच.बी. रेक निम्नवत लगाया जायेगा। फलस्वरूप 15080/15079 गोरखपुर-पाटलिपुत्र- गोरखपुर अनारक्षित एक्सप्रेस में 07 आरक्षित कोच तथा 15107/15108 बनारस-लखनऊ-बनारस एक्सप्रेस में साधारण द्वितीय श्रेणी का 01 कोच बढ़ाया जायेगा ।संशोधित रेक संरचना के अनुसार 22 मार्च से 15080/15079 गोरखपुर-पाटलिपुत्र-गोरखपुर एक्सप्रेस में जनरेटर सह लगेज यान का 01, एल.एस.एल.आर.डी. का 01, साधारण द्वितीय श्रेणी के 07 तथा आरक्षित कुर्सीयान के 10 कोचों सहित कुल 19 कोच लगाये जायेंगे।इसी प्रकार संशोधित रेक संरचना के अनुसार 23 मार्च,2025 से 15107/15108 बनारस-लखनऊ-बनारस एक्सप्रेस में जनरेटर सह लगेज यान का 01, एल.एस.एल.आर.डी. का 01, साधारण द्वितीय श्रेणी के 05, द्वितीय श्रेणी कुर्सीयान के 08 तथा वातानुकूलित कुर्सीयान के 01 कोच सहित कुल 16 कोच लगाये जायेंगे ।कई ट्रेनों का लोदीपुर विशनपुर स्टेशन पर दिया गया ठहरावलखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा चैत्र अमावस्या मेला के अवसर पर मेला यात्रियों की सुविधा हेतु उत्तर रेलवे के लोदीपुर बिशनपुर स्टेशन पर 28 एवं 29 मार्च को निम्नलिखित गाड़ियों का दो मिनट का ठहराव प्रदान किया जायेगा ।15011 लखनऊ जं.-चण्डीगढ़ एक्सप्रेस 28 एवं 29 मार्च को लोदीपुर बिशनपुर स्टेशन पर 06.09 बजे पहुंचकर 06.11 बजे छूटेगी। 22453 लखनऊ जं.-मेरठ सिटी एक्सप्रेस 28 एवं 29 मार्च को लोदीपुर बिशनपुर स्टेशन पर 20.19 बजे पहुंचकर 20.21 बजे छूटेगी। इसी प्रकार वापसी यात्रा में 22454 मेरठ सिटी-लखनऊ जं. एक्सप्रेस 28 एवं 29 मार्च को लोदीपुर बिशनपुर स्टेशन पर 09.10 बजे पहुंचकर 09.12 बजे छूटेगी। 15910 लालगढ़-डिब्रुगढ़ एक्सप्रेस 28 एवं 29 मार्च को लोदीपुर बिशनपुर स्टेशन पर 10.29 बजे पहुंचकर 10.31 बजे छूटेगी। 15128 नई दिल्ली-बनारस एक्सप्रेस 28 एवं 29 मार्च को लोदीपुर बिशनपुर स्टेशन पर14.40 बजे पहुंचकर 14.42 बजे छूटेगी।

**ई ट्रेनों को नियंत्रित करके चलाया जायेगा** :रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु लखनऊ मंडल के सीतापुर-मैलानी रेलखण्ड में हरगॉव-लखीमपुर स्टेशनों के मध्य समपार 99ए पर गर्डर इरेक्शन एवं लॉन्चिंग कार्य के लिए यातायात एवं पावर ब्लॉक दिये जाने के कारण गाड़ियों का शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन एवं नियंत्रण निम्नवत किया जायेगा ।शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन के तहत 21, 22 मार्च तथा 09, 10 अप्रैल को लखीमपुर से चलने वाली 55081/55082 लखीमपुर-सीतापुर सवारी गाड़ी लखीमपुर स्टेशन से शार्ट टर्मिनेट/शार्ट ओरिजिनेट की जायेगी ।नियंत्रण के तहत 23, 24, 25 मार्च तथा 11, 12, 13 अप्रैल को लखीमपुर से चलने वाली 55081 लखीमपुर-सीतापुर सवारी गाड़ी को मार्ग में 25 मिनट तक नियंत्रित किया जायेगा।

## संरक्षा प्रणाली सम्पूर्ण रेलकार्य की आधारशिला है : बोरा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** इन्टर रेलवे सेफ्टी ऑडिट निरीक्षण के अंतर्गत प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी, नॉर्थ सेंट्रल रेलवे जे.सी.एस. बोरा एवं अन्य अधिकारियों का गत दिवस पर अपने दो दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम के तहत उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल में आगमन हुआ कइस कार्यक्रम के दूसरे दिन शनिवार को प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी ने अपने निरीक्षण का प्रारम्भ लखनऊ मण्डल के अन्य अधिकारियों के साथ लखनऊ स्थित लोको पॉयलेट/ट्रेन मैनेजर लाबी से किया। वहाँ पहुंचकर प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी ने वहाँ की सभी व्यवस्थाओं को देखा और ए. आई. बेस स्मार्ट सिग्नल काल आउट सिस्टम सहित वहाँ की कार्यपद्धति की क्रमवार जानकारी प्राप्त की तथा अभिलेखों की जाँच की।इसके उपरांत उन्होंने रनिंग रूम में पहुंचकर वहाँ के रिकार्ड और कार्यप्रणाली को परखा तथा इसके बाद सेल्फ प्रोपेल्ड एक्सीडेंट रिलीफ मेडिकल वैन का निरीक्षण किया।इसके पश्चात ऑडिट टीम ने कैरिज एण्ड वैगन डिपो में पहुंचकर विभिन्न कार्यशालाओं एवं इनकी कार्य पद्धति का निरीक्षण किया और इनकी जानकारी प्राप्त की ।निरीक्षण के अगले सत्र में प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी का आगमन हजरतगंज स्थित मंडलीय कार्यालय में हुआ।वहाँ उन्होंने सभागार में आयोजित की जाने वाली वाली समीक्षा बैठक में भाग लिया। इस बैठक में उन्होंने मण्डल रेल प्रबंधक एस. एम. शर्मा एवं अन्य अधिकारियों के साथ संरक्षा संबंधी अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श करते हुए इसकी समीक्षा की तथा संरक्षा संबंधी नई नीतियों एवं कार्यप्रणालियों को अमल में लाने की संभावनाओं पर गहन मंथन किया गया ।इस अवसर पर प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए अवगत कराया की संरक्षा प्रणाली सम्पूर्ण रेलकार्य की आधारशिला है।

अतः हम सभी को संरक्षा को प्रथम वरीयता प्रदान करते हुए अपना रेल कार्य करना है। संरक्षा की अनिवार्यता और महत्ता के कारण संरक्षा कोटि एवं संरक्षा सेवाओं से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों का उत्तरदायित्व एवं जिम्मेदारी और भी अधिक बढ़ जाती है। उन्होंने संरक्षा संबंधी सभी मानकों एवं नियमों का पूर्णतया पालन करते हुए इस विषय में बेहद सतर्क और जागरूक रहते हुए कार्य करने की सलाह दी। इस निरीक्षण कार्यक्रम में अपर मण्डल रेल प्रबंधक सचिन वर्मा, सहित संरक्षा कोटि के वरिष्ठ अधिकारीगण अन्य सभी विभागों के शाखाध्यक्ष तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## होली मिलन समारोह संग हास्य कवि सम्मलेन का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत लैंड पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में होली के शुभ अवसर पर लैंड पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की तरफ से होली मिलन समारोह एवं हास्य कवि सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत रुपईडीहा के चेयरमैन डॉक्टर उमाशंकर वैश्य रहे द्य कार्यक्रम में भारत व नेपाल दोनों तरफ के कवियों ने अपनी.अपनी रचनाएं पेश कर वाह वाही लूटी। कार्यक्रम का संचालन कवि तिलकराम अजनबी ने किया। सर्व प्रथम लैंड पोर्ट ऑफ इंडिया के प्रबंधक सुधीर शर्मा ने सभी आए हुए अतिथियों का पुष्प पुंज देकर स्वागत किया तत्पश्चात कवि वीरेश पांडे द्वारा वंदना आरती गाकर कवि सम्मेलन की शुरूआत किया द्य बहराइच से आए हुए वरिष्ठ शायर रईस सिद्दीकी ने होली पर अपनी रचना पेश करते हुए पढ़ा चारसू मोहब्बत में रंग भरती है होलीए नफरत भी जलता है जब यह जलती है होलीए आज दुश्मनों को भी तुम गले लगा लेनाए दूरियां मिटाती हैं प्यार देती हैं यह होलीए तूने तो नए कपड़े भी पहन लिए होंगे हम पर क्या गुजरती है जब यह आती है होली जिसे खूब सराहा गया। इसी क्रम को आगे बढ़ते हुए नेपाल से आए हुए कवि व लेखक सरदार मधई सिंह ने राजनीतिक परिवेश को देखते हुए अपनी रचना पेश कीद्य नेपाली कवित्री कृष्णा पाण्डेय एवं क्षेत्रीय कवि शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने अपनी रचना पेश की। नेपाल कस्टम अधीक्षक जनार्दन पौडेल ने अपनी युवावस्था में लिखी हुई कविता पेश की। इसी क्रम में कवि डॉक्टर अशोक पांडे गुलशन ने अपनी रचनाएं पेश कर खूब वाहवाही लूटी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ उमा शंकर वैश्य के द्वारा वीरेश पाण्डेय, शैलेन्द्र कुमार मिश्र, अशोक पाण्डेय, रईस अहमद सिद्दीकी, पीके प्रचंड, तिलक राम अजनबी, जनार्दन पौडल, सरदार मधई सिंह कवियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम में भारत व नेपाल के कस्टम एस एस बी इमीग्रेशन प्लांट क्वारंटाइन कर्मचारियों समेत दोनों देशों के गणमान्य व्यक्ति एवं पत्रकार मौजूद रहे।

## आरडीएसओ में मना इलेक्ट्रिकट्रेक्शन के 100 वर्ष पूर्ण होने का जश्न



लखनऊ। आरडीएसओ द्वारा इलैक्ट्रिकट्रेक्शनकेगरिमामयी 100 वर्षपूर्णहोनेपर समारोह का आयोजन भारतीय रेल में इलैक्ट्रिक्ट्रेक्शन के गरिमामयी 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में रेल्वे बोर्ड के निर्देशानुसार इस अवसर को टी आई निदेशालयआर डीएसओ में उत्सव के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर एक तकनीकी परिचर्चा आयोजित की गयी। जिसमें सभी अधिकारियों और कर्मचारियोंनेभारतीयरेल मेंइलैक्ट्रिक्ट्रेक्शनकेगरिमामयी100 वर्षकी यात्रा और उसमें आरडीएसओ के महत्वपूर्ण योगदान परप्रकाश डाला ।राजेशमोहन, प्रधान कार्यकारी निदेशक निश्चल श्रीवास्तव कार्यकारी निदेशक ने भारतीय रेल में इलैक्ट्रिक्ट्रेक्शन की लंबी यात्रा की सफलता में आरडीएसओ के योगदान को भी सराहा। उन्होंने सभीकर्मचारियों को सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्तिपत्र से सम्मानित किया। इस अवसर परटी आईनिदेशालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे। भारतीय रेल में इलैक्ट्रिक्ट्रेक्शन की उत्तरोतर प्रगति में प्रयासरत संगठन के लिए यहअत्यंत गौरव एवंहर्ष का विषय है।

## पीएम श्री विद्यालय में मां -बेटी मेले का हुआ आयोजन




लखनऊ। गोसाईंगंज के पीएम श्री विद्यालय पहाड़ नगर विद्यालय में मां बेटी मेले का शुक्रवार को आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडलीय शिक्षा निदेशक श्याम किशोर तिवारी, विशिष्ट अतिथि दिनेश सिंह पूर्व कमिश्नर चित्रकूट मंडल के अतिरिक्त बी ई ओ मुख्यालय राजेश सिंह, जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) अवधेश शुक्ला, खंड शिक्षा अधिकारी गोसाईगंज रामराज उपस्थित थे। कार्यक्रम में बच्चों ने अपने रंगारंग कार्यक्रमों से सबका मन मोह लिया, इसके अतिरिक्त मेले में विभिन्न प्रकार के खाने पीने व खेलकूद व टी एल एम के स्टाल लगाये गए। उक्त अवसर अतिथियों ने अपने उद्बोधन में अभिभावकों से प्रतिदिन बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए की अपील की, और कहा कि यदि अभिभावक एवं शिक्षक दोनों समन्वित रूप से कार्य करेंगे तो छात्रों को उन्नति के पथ पर अग्रसर होने से कोई रोक नहीं सकता है। उक्त कार्यक्रम में बच्चों और अभिभावकों के अतिरिक्त एजाज अहमद, नीरज साहू मोहिंदर पांडे, प्रभात कुमार आदेश सिंह, ज्योति सिंह, लक्ष्मी सिंह, बृजेश कुमार मौर्य, धर्मेंद्र सिंह, सुनीता तिवारी के अतिरिक्त बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के सभी शिक्षक अनुदेशक / शिक्षा मित्र उपस्थित रहें। कार्यक्रम के अंत में विनोद राय प्रधान अध्यापक ने सभी अतिथियों का कार्य क्रम में शामिल होकर कार्य क्रम की शोभा बढ़ाने के लिए आभार व्यक्त किया ।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों की दी गयी जानकारी

लखनऊ। राष्ट्रीय सेवा योजना, विधि संकाय की दोनों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. शशि प्रभा जोशी एवं डॉ चंद्र शेखर राय के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के स्वयंसेवकों को विधि संकाय के प्रमुख एवं अधिष्ठाता प्रो. बीडी सिंह एवं द्वितीय परिसर के निदेशक प्रो. आरके सिंह के मार्गदर्शन में विशेष शिविर के लिए विधि संकाय से रसूलपुर कायस्थ पंचायत भवन के लिए रवाना किया गया। वहां पहुंचकर दोनों इकाइयों के स्वयंसेवकों को बौद्धिक सत्र के आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों की जानकारी दी गई तथा मध्याह्न में जलपान वितरण के बाद द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों द्वारा घर-घर जाकर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के बारे में सर्वेक्षण किया गया। साथ ही विभिन्न समस्याओं पर प्रकाश डाला गया।

## सरकार को कार्रवाई करने की आवश्यकता: लोकदल

लखनऊ। प्रोजेक्ट को मंजूर करने के लिए कमीशन मांगने वाले इन्वेस्ट यूपी के अफसर के ऊपर निलंबन की कार्रवाई करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने कहा है कि जब से भाजपा की सरकार बनी है, अफसर मनमानी कर रहे हैं। यह बात सरकार को अब समझ आ रही है। भाजपा इन्हीं अफसर की तरफदारी करती थी तो आज सस्पेंड करने का ढोंग क्यों कर रही है ? इसके पीछे कौन है ? उन्हें कर्तव्य क्यों सिखाया जा रहा है भाजपा को समझ आ रहा है, मुख्यमंत्री भले ही अफसरों की टीम बनाते हों, काम तो अफसरों के ही जिम्मे होता है। शासन के सारे काम प्रशासनिक अफसर और कानून व्यवस्था ये ही संभालते हैं, सरकार ने जिन अफसर पर पारदर्शिता की जिम्मेदारी दी थी खुद ही लूटने लगे, जिन अफसरों पर सरकार आंख बांधकर विश्वास किया, वह खुद ही दलाली और कमीशन में लग गए। इस प्रकार के दुस्साहस करने वाले अधिकारी एक अभिषेक प्रकाश ही अधिकारी नहीं है ऐसे विभागों में बहुत से अधिकारी हैं, जिनकी लंबी लिस्ट है। सरकार को कार्रवाई करने की आवश्यकता है और ये अफसर सरकार को अंधेरे में रखकर कोई भी कसर नहीं छोड़ते।

## महोत्सव बना साहित्यिक फिल्मों का साक्षी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में यूजीसी सीईसी के सहयोग से आयोजित हो रहे तीन दिवसीय शैक्षिक फिल्म महोत्सव का दूसरा दिन शुक्रवार को कुछ अद्भुत साहित्यिक फिल्मों का साक्षी बना। कार्यक्रम के दौरान, देश के विभिन्न राज्यों से आई विजेता फिल्मों का प्रदर्शन किया गया।

लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय हॉल में प्रदर्शित फिल्मों ने जीवन, पौराणिक कथा और विज्ञान के विभिन्न पहलुओं को छुआ। जहाँ मणिपुर की फिल्म 'फ्लक्स सॉइल' (जिसे सर्वोत्तम शोध पुरस्कार मिला) ने हमारे पर्यावरण में कार्बन डाई ऑक्साइड के पुनः संकेंद्रण के संतुलन के ऊपर आधारित थी। वहीं दूसरी तरफ फिल्म 'यमुना घाट' (सर्वोत्तम छायांकन श्रेणी में पुरूस्कार जीतने वाली फिल्म) ने दिल्ली में यमुना घाटों के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व के बारे में बात की। प्रत्येक फिल्म प्रदर्शन के बाद एक पैनल चर्चा हुई, जहां प्रतिभागियों ने फिल्मों के संबंधित निर्देशकों के साथ बातचीत की। डायरेक्टर सीईसी प्रो. जेबी नड्डा ने भी चर्चा के दौरान प्रतिभागियो को सम्बोधित किया तथा वृत्तचित्र निर्माण के उद्देश्य और दायरे के बारे में बात की। ऑडियो-वीडियो उत्पादन में कंटेंट के प्रभाव को उजागर करते हुए उन्होंने कहा की एक क्रिएटर की मंशा एजुकेशनल डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से समाज में संस्कार का बीज बोने की होनी चाहिए। उन्होंने फिल्म महोत्सव में आये सभी फिल्म निर्माता व निर्देशकों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उन्हें शुभकामनाऐं दी। फिल्म महोत्सव के दौरान प्रदर्शित अन्य फि ल्में थीं दुर्गा पूजा, मैजिकल मिलेट इत्यादि। कार्यक्रम के दौरान ज्वाइंट डायरेक्टर, साफ्टवेयर सीईसी डॉ सुनील मेहरू, डीन एकेडमिक प्रो. गीताजंली मिश्रा, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के संयोजक प्रो. मुकुल श्रीवास्तव समेत अन्य शिक्षक और प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## लुप्त होती विधा को जीवंत करने का प्रयास सराहनीय : जयवीर

### विश्व कठपुतली दिवस पर गुलाबो-सिताबो और अलादीन का मंचन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




लखनऊ। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी में विश्व कठपुतली दिवस के अवसर पर गुलाबो-सिताबो और अलादीन का रोचक मंचन किया गया जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

आधुनिक मनोरंजन के अनेकों साधनों के बावजूद इस पारंपरिक कला का जादू बरकरार है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर आयु वर्ग के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कठपुतलियों द्वारा अलादीन की कहानी को इतने जीवंत और रोमांचक अंदाज में प्रस्तुत किया गया कि दर्शक देखते ही रह गए। 300 साल पुरानी गुलाबो सिताबो की कहनी ने दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी । कहा जाता है कि वाजिद अली शाह की 3000 रानियाँ थी। जिनके मनोरंजन के लिए ये नाटक किया जाता था। पर्दे के पीछे से कठपुतलियों को जीवंत करने वाले प्रतिभागी थे - अग्नि सिंह, निहारिका कश्यप, जूही कुमारी, कोमल प्रजापति, चंद्रभाष सिंह एवं अंकित मोदनवाल। कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में उपस्थित बिरजू महाराज कथक संस्थान की उपाध्यक्ष डॉ मिथिलेश तिवारी जी ने कहा कि यह अद्भुत शो था। 45 वर्षों से इस क्षेत्र में कार्यरत प्रदीप नाथ त्रिपाठी ने कठपुतली नाटक का बेजोड़ मंचन किया। ज्ञातव्य है कि संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली द्वारा आयोजित गुरु शिष्य परंपरा के अंतर्गत गुलाबो-सिताबो कठपुतली कार्यशाला विगत जून 2024 से संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ में चल रही है। वहीं उत्तर प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री जयवीर सिंह ने अपने संदेश में कहा कि कठपुतली कला हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न हिस्सा है। इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से न केवल इस पारंपरिक कला को प्रोत्साहन मिलता है, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का भी अवसर मिलता है। लुप्त होती विधा को जीवंत करने का प्रयास हैं ये कार्यक्रम।

## लविवि : रंगशिला में खेली गयी फूलों की होली

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में विभागाध्यक्ष प्रो. राम मिलन के मार्गदर्शन में शुक्रवार को होली मिलन समारोह रंगशिला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्‌घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों एवं अतिथियों की उपस्थिति में किया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत दीप प्रजवल्लन कार्यक्रम के साथ हुई। रंगारंग कार्यक्रमों की शुरूआत से पहले लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलगीत का गायन किया गया। इसके बाद स्वाति और मानसी के द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत की गयी। फिर रासलीला पर समूह नृत्य का अयोजन किया गया। विभाग की शोध छात्राओं निहारिका, सेजल जायसवाल, अर्पिता शर्मा, सोनाली जायसवाल ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया। अर्पिता और कृति के द्वारा एकल नृत्य प्रस्तुत किया गया। शिव तांडव पर मानसी ने अपनी शानदार एवं अविस्मरणीय प्रस्तुति दी। होली मैशअप पर सिमरन, साक्षी, हर्षिता, तान्या, श्रुति, अक्षिता, और संघमित्रा ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। निशांत, गरिमा, खुशी, हर्षिता, क्षितिज, परीशा, नरेंद्र, आर्यन, वंशिका, प्रांशु द्वारा फैशन शो के साथ समापन हुआ। सभी कार्यक्रम वाणिज्य संकाय के छात्रों और शोधार्थियों द्वारा प्रस्तुत किये गये। रंगारंग कार्यक्रम का समापन फूलों की होली के साथ हुआ।

## लविवि में तीन दिवसीय साइकिल यात्रा 24 से

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा तीन दिवसीय साइकिल यात्रा का आयोजन 24 मार्च से लेकर 26 मार्च तक किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य लखनऊ और इसके आसपास के ऐतिहासिक स्थलों से छात्रों एवं समाज को अवगत कराना है। इस यात्रा का शुभारम्भ लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय द्वारा किया जाएगा। इस साइकिल यात्रा का आदर्श वाक्य एक देश नेक देश-प्रगति पथ पर हमारा देश है।

यह साइकिल यात्रा लखनऊ के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों पर रुकते हुए लगभग 160 किलामीटर की दूरी तय करेगी, विश्वविद्यालय के द्वारा गोद लिये हुए गांवों में होकर निकलेगी, रास्ते में ग्राम प्रधानों एवं अन्य समाज के विशिष्ठ सदस्यों से भी संवाद स्थापित करेगी। साथ में नुक्कड़ नाटक एवं विशिष्ठ वक्ताओं के द्वारा राष्ट्रीय विषयों पर उद्बोधन भी कार्यक्रम का हिस्सा होंगे।

यह यात्रा 24 मार्च 2025 को प्रातः 08:00 बजे विवेकानन्द द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ से प्रारम्भ होकर परिवर्तन चौक, रेजीडेंसी एवं बड़ा ईमामबाड़ा, शिया पीजी कॉलेज होते हुए एतिहासिक स्थल बख्शी का तालाब का भ्रमण करते हुए सीबी गुप्ता महाविद्यालय में पहुंचेगी। इसके बाद लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गये गांवों का भ्रमण करते हुए ऐतिहासिक मां चंद्रिका देवी मंदिर में भ्रमण एवं रात्रि विश्राम करेगी।

25 मार्च को यह यात्रा मां चंद्रिका देवी मंदिर से प्रातः 08:00 बजे प्रारम्भ होकर माल रोड पर पड़ने वाले गांवों का भ्रमण करते हुए आदर्श सत्येन्द्र महाविद्यालय में पहुंचेगी जहां पर जागरूकता परक लेक्चर का आयोजन होगा। तत्पश्चात रहीमाबाद गांव का भ्रमण करते हुए कुंवर आसिफ अली कॉलेज में पहुंच कर रात्रि में विश्राम करेगी। 26 मार्च तीसरे दिन यह यात्रा कुंवर आसिफ अली कॉलेज से प्रातः 08.00 बजे प्रारम्भ होगी। इसके बाद रहीमाबाद एवं काकोरी ट्रेन ऐक्शन प्लॉन स्थल का भ्रमण करते हुए काकोरी गांव के प्रधान से चर्चा करते हुए जागरूकता परक लेक्चर, डिबेट एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जायेगा इसके पश्चात भालचन्द्र ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूट होते हुए आईआईएम रोड काकोरी स्मारक स्थल, लखनऊ ग्रीन कॉरिडोर, कुड़िया घाट, पक्का पुल, का भ्रमण करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय गेट नं. 2 गौरव स्थल पर पहुंच कर इस यात्रा का समापन होगा।

## मोरे खोय गयो बाजूबंद रसिया...



लखनऊ। लोक संस्कृति शोध संस्थान द्वारा चल रहे फागोत्सव के तहत शुक्रवार को सीतापुर रोड के खदरी क्रासिंग स्थित रिस्टार्ट कैफे में होरियारों ने फाग गीतों की धूम मचायी। संस्थान की संरक्षक डा. स्मिता मिश्रा ने सभी का स्वागत किया। बैठकी का शुभारम्भ सौम्या गोयल, प्रवीन गौर, माधुरी सोनी व साथी कलाकारों ने गणेश, शिव, काली, हनुमान और राम की होली से किया। सुमन मिश्रा, अविका, विनीता मिश्रा, अथर्व श्रीवास्तव, आद्रिका मिश्रा, अव्युक्ता, संस्कृति और श्रीयादीप ने मनमोहक नृत्य किया। गायिका अंजलि खन्ना ने मोरे खोय गयो बाजूबंद रसिया होली में, पल्लवी निगम ने भिजाई मोरी चुनरी, कुमकुम मिश्रा ने ये दोऊ राजकुंवर खेलत होली सरयू के तीर सुनाया। साथ ही नृत्यांगना ज्योति किरन रतन, नीलम वर्मा, सौरभ कमल, विद्याभूषण सोनी, अश्वित रतन आदि ने भी रंग जमाया। इस अवसर पर सर्वश्री राजनारायन वर्मा, एडवोकेट हर्षिका जायसवाल, अरुणा निगम, अनिल निगम आदि लोग उपस्थित रहे।

संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला युवती का शव

**कुशीनगर।** जिले के कसया थाना क्षेत्र के बुद्ध नगरी विशुनपुरा में 21 वर्षीय युवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका हुआ मिला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। जानकारी के अनुसार प्रतिभा बुद्धा स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर में बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा थी और पिछले तीन वर्षों से किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रही थी। शुक्रवार सुबह करीब 9:50 बजे प्रतिभा ने अपने घर पर बात की और मां से छोटे भाई मोहित को बुलाने के लिए कहा।

इसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया। भाई जब कुशीनगर स्थित किराए के मकान पर पहुंचा तो कमरा बाहर से बंद था। दरवाजा खोलने की कोशिश के बाद भी न खुलने पर, वह पीछे से गया और अंदर देखा तो बहन का शव फंदे से लटका हुआ था। किसी तरह कमरे में जाकर भाई ने शव को नीचे उतारा और मकान मालिक को सूचना दी।

# प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर 25 से होंगे 3 दिवसीय कार्यक्रम

**कुशीनगर।** प्रदेश सरकार के सेवा सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद स्तर, तहसील स्तर एवं विकास खण्ड स्तर पर दिनांक 25 से 27 मार्च के मध्य तीन दिवसीय कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर डीएम ने

- सेवा सुरक्षा व सुशासन के थीम पर आधारित होगा कार्यक्रम



एक आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की शुक्रवार को आयोजित बैठक में डीएम ने कहा कि उक्त तीन दिवसीय कार्यक्रम अंतर्गत सभी विभागों को सम्मिलित किया गया है, सभी विभाग अभी से अपनी अपनी तैयारी शुरू कर दें। विभागों द्वारा किए जाने वाले प्रदर्शन के संबंध में जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि अधिकारी गण इस कार्यक्रम को हल्के में न लें। कार्यक्रम स्थल पर साफ सफाई, टायलेट, पेय जल की आपूर्ति के निर्देश संबंधित को दिए। सभी को निर्देशित किया कि अपने विभाग से संबंधित विगत 08 वर्षों के उपलब्धियों सहित स्टाल के माध्यम से लाभार्थियों का ऑन लाइन आवेदन/रजिस्ट्रेशन करने हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करे। पशुपालन विभाग, जिला प्रवेशन अधिकारी, उद्योग विभाग, कृषि विभाग, पर्यटन व संस्कृति विभाग, शिक्षा विभाग, उद्यान विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य सभी विभागों को अपने विभाग से संबंधित स्टाल लगाने व उपलब्धियों से संबंधित फोटोग्राफ्स आदि लगाए। इस अवसर पर लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं अंतर्गत सम्मानित भी किया जाएगा। सीडीओ ने कहा कि कार्यक्रम के प्रथम दिवस प्रभारी मंत्री द्वारा उद्घाटन किया जाएगा, ये कार्यक्रम उत्सव के रूप में तीन दिनों तक मनाया जाएगा। बताया कि प्रत्येक दिवस हेतु नोडल अधिकारी नामित किए जाएंगे। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, उप कृषि निदेशक कृषि, सहित समस्त विभागों के अधिकारी, व खंड विकास अधिकारी सहित ईओ आदि उपस्थित रहे।

## 33 स्थलों से हटाया गया अतिक्रमण

**देवरिया ।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल के निर्देशन में संचालित ऑपरेशन कब्जामुक्ति अभियान के तहत आज 20 ग्रामों के 33 स्थलों को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। अब तक जिले में कुल 269 स्थलों को अतिक्रमण से मुक्त किया जा चुका है। एसडीएम भाटपाररानी रत्नेश तिवारी ने बताया कि तहसील क्षेत्र के पांच ग्रामों में छह स्थलों से अवैध कब्जा हटाया गया। इनमें बनकटा जगदीश, बौलिया पांडेय और डेमुसा में खलिहान की भूमि, परसिया छितनी सिंह में चकमार्ग तथा सिरसिया पवार में गड़हा की भूमि शामिल हैं। एसडीएम बरहज विपिन द्विवेदी ने बताया कि तहसील क्षेत्र के दो ग्रामों में छह स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया, जिनमें एक खलिहान और पांच चकमार्ग शामिल हैं। ग्राम गोहरिया और कपरवार बांगर में एक-एक चकमार्ग तथा पिपरा खेमकरण में एक खलिहान और त्सलेमपुर दिशा श्रीवास्तव ने बताया कि तहसील क्षेत्र के पांच ग्रामों में चार चकमार्ग और एक पोखरी की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया।

## जिम्मेदारी पर खरा उतरने का करूंगा प्रयासः विजयशेखर



**देवरिया।** कई महीनों के इंतजार के बाद कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व ने जनपद के रामपुर कारखाना विकास क्षेत्र के परसिया मल्ल निवासी युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष विजयशेखर मल्ल रोशन को जनपद में कांग्रेस की कमान सौंपी है। शुक्रवार को उनके पैतृक गांव में कांग्रेस कार्यकताओं ने फूल मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान सम्बोधित करते हुए नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विजयशेखर मल्ल रोशन ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उस पर शत प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करूंगा। कांग्रेस के नीतियों व सिद्धांतो को जन जन तक पहुंचाने का काम करूंगा। भाजपा के कुशासन के खिलाफ कांग्रेस जनों के साथ जोरदार आवाज बुलंद कर जनता को न्याय दिलाने का कार्य करूँगा। जिले के एक एक कार्यकर्ता का उचित सम्मान करते हुए संगठन को नई ऊर्जा के साथ गति प्रदान करने का काम निश्चित तौर पर करेंगे। स्वागत करने वालों में पूर्व जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह राकेश, मुकुन्द भाष्कर मणि त्रिपाठी, जयदीप त्रिपाठी, भरत मणि त्रिपाठी, रविन्द्र मल्ल, आलोक त्रिपाठी राजन, शिवशंकर सिंह, मानवेन्द्र तिवारी, धर्मेन्द्र पांडेय, विनोद दूबे, संदीप पांडेय, कमलेश मिश्र टुन्नू, गोविंद मिश्र, अशोक गौड़, अंकुर भारती, वासुदेव तिवारी, शेषनाथ गौड़ आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## बिहार दिवस के अवसर पर भाजपा के मंत्री करेंगे प्रवासी बिहारी समाज से संवाद

**कुशीनगर।** बिहार सरकार में पूर्व मंत्री व मोतिहारी के विधायक प्रमोद कुमार व उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही तथा बिहार भाजपा आईटी विभाग के पूर्व प्रदेश संयोजक मुकुल सिंह जिले में निवास करने वाले प्रवासी बिहारी समाज से संवाद करेंगे। बिहार दिवस के अवसर पर शनिवार 22 मार्च को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम अपराह्न 1:00 बजे से बेलवां चुंगी स्थित सृजन द गुरुकुल सभागार में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारी पूरी हो चुकी है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रवासी बिहारी समाज को आमंत्रित किया गया है।

# कप्तानगंज पुलिस मुकदमा दर्ज करने से पहले अपने हिसाब से लिखवाती है तहरीर

बृज बिहारी त्रिपाठी

**कुशीनगर।** जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मथौली बाजार में दो पक्षो के बीच किसी बात को लेकर हुई जमकर मारपीट मे जहां पक्ष की ओर से एक महिला का हाथ टूट गया है, वही दसरे पक्ष से एक युवक घायल हुआ है।

- बलवा और लूट का मुकदमा दर्ज करने से करने परहेज करती है कप्तानगंज पुलिस
- दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट व बलवा का मामला

इसके बाद दोनो पक्ष ने थाने पर तहरीर दी। बताया जाता है कि जिस महिला का हाथ टूटा है पुलिस उस परिवार पर तहरीर बदलने का दबाव बनाने लगी। तहरीर न बदलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज नही किया। इसी दरम्यान थाने पर तहरीर देकर अपने कार से लौट रहे युवक को दोबारा घायल युवक के पक्ष के लोगो ने चारो तरफ से घेरकर धावा बोल दिया। युवक ने किसी तरह से अपनी जान बचाई, इस पर आक्रोशित लोगो ने कार को लाठी-डंडा से प्रहार कर क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद पीडित ने एसपी को दोनो घटनाओं की लिखित शिकायत की। पुलिस अधीक्षक के निर्देश के दस घंटे बाद तहरीर से पैसा छिनने की घटना को दरकिनार कर मुकदमा दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक मथौली बाजार के स्वामी विवेकानंद नगर वार्ड के निवासी गोपीनाथ यादव व मेवा साहनी के परिवार के बीच किसी बात को लेकर जमकर मारपीट हुई। इस घटना मे मोरध्वज यादव की पत्नी प्रेमलता यादव का हाथ टूट गया जबकि मेवा साहनी के परिवार का एक युवक घायल हो गया। कप्तानगंज थाने मे दिये तहरीर में गोपीनाथ यादव ने कहा है कि 18 मार्च को प्रात साढे आठ बजे प्रार्थी का पुत्र अभिषेक प्रतिदिन के भांति अपने बैग में सरकारी कागजात, टिपिन व पन्द्रह सौ रुपये लेकर घर से बैंक ड्यूटी निकल रहा था। इसी दौरान चुन्नू पुत्र सागर साहनी, सन्दीप पुत्र सागर साहनी, अमित पुत्र निर्मल साहनी, मिथिलेश पुत्र अक्षयवर साहनी, श्यामबदन पुत्र अक्षयवर साहनी, बीरवल पुत्र शुभाष यादव, सता देव पुत्र वीरबल यादव, अंकित पुत्र वृद्धि साहनी, गोल बनाकर पहुच गये और भद्दी भद्दी गाली देते हुए लाठी-डंडे से अभिषेक को मारने पीटने लगे यह देख घर की महिलाएं प्रेमलता यादव पत्नी मोरध्वज यादव एंव बेइला देवी पत्नी गोपीनाथ यादव बीच बचाव करने गयी तो वह लोग डंडे से मारकर प्रेमलता का हाथ तोड दिया व बेइला देवी की गला दबाकर मारने लगे और अभिषेक का बैग लूटकर भाग गये। शिकायतकर्ता ने परिवार चोटिक तीनो व्यक्तियो का मेडिकल कराने का उल्लेख करते हुए आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की गुहार लगायी थी। किन्तु कप्तानगंज पुलिस ने तहरीर से बैग सहित पैसा लूटने एंव जान से मारने की नीयत संबधित वाक्य को से हटाने व अभियुक्तों की संख्या कम कर दुसरा प्रार्थना पत्र देने की बात कहकर मुकदमा दर्ज नही की। गोपीनाथ का कहना है कि तहरीर बदलने के शर्त पर जब पुलिस ने मुकदमा दर्ज नही किया तो उनका पुत्र अंजितेश थाने से बाहर निकलकर अपनी कार से घर लौटने लगा। इसी दरम्यान वहा विपक्षी पचास की संख्या मे पहुचकर उनके पुत्र को घेरने का प्रयास किया। उनका पुत्र किसी तरह से कार मे सवार होकर अपनी जान बचाकर भागा लेकिन गंभीरपुर चौराहे पर उसकी गाड़ी रोककर विपक्षियों ने धावा बोल दिया। इसके बाद अंजितेश किसी तरह से कार से निकलकर जान बचाने के लिए राजेश सिंह के मकान मे शरण लिया। आक्रोशित आरोपियों ने लाठी-डंडा व ईट-पत्थर से कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना की उन्होंने कप्तानगंज पुलिस को लिखित जानकारी देते हुए कार्रवाई के लिए पुनः गुहार लगायी। इसके बावजूद पुलिस ने मुकदमा दर्ज नही किया।

### फिर एसपी से लगाई गुहार

गोपीनाथ का कहना है कि विपक्षियों द्वारा दो बार लगातार हमला करने के बाद दिये गये तहरीर पर जब कप्तानगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज नही किया तो वह घटना के दुसरे दिन सभी साक्ष्य के साथ पुलिस अधीक्षक से मिलकर लिखित रुप से पुरी घटना से अवगत कराते हुए न्याय की गुहार लगायी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने न्याय का भरोसा दिलाते हुए तत्काल कप्तानगंज एसओ को मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### एसपी के निर्देश के दस घंटे बाद दर्ज हुआ मुकदमा

गोपीनाथ यादव ने बताया कि जब कप्तानगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज नही किया तो वह पुलिस अधीक्षक के दरबार मे न्याय की गुहार लगाये। पुलिस अधीक्षक द्वारा मुकदमा दर्ज करने के आदेश के दस घंटे बाद कप्तानगंज थानाध्यक्ष ने तहरीर से लूट की वारदात को हटाते हुए मुकदमा दर्ज किया, जबकि विपक्षी के तहरीर पर पहले ही मुकदमा दर्ज कर लिया।

## अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस पर जागरूकता गोष्ठी



**कुशीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर कसया क्षेत्र में वन विभाग के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में वन अधिकारी स्थानीय लोगों सहित अन्य ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। लोगों को वृक्षों के महत्व से अवगत कराया गया। गोष्ठी पर वन क्षेत्राधिकारी जयंत कुमार सिंह राणा ने कहा कि विश्व भर में वन हमारे जीवन का आधार हैं। ये हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, जलवायु को संतुलित रखते हैं और वन असंख्य जीव-जंतुओं का घर है। आगे कहा कि वन मिट्टी के कटाव को रोकते हैं। वर्षा को आकर्षित करते हैं और प्राकृतिक आपदाओं से हमारी रक्षा करते हैं। उन्होंने स्वस्थ जीवन और पृथ्वी को ग्लोबल वार्मिंग से बचाने के लिए लोगों को अधिक से अधिक पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया। स्वस्थ जीवन के लिए पर्यावरण संरक्षण अति आवश्यक महत्वपूर्ण है। पृथ्वी को ग्लोबल वार्मिंग जैसे हानिकारक प्रभावों से बचाने और पर्यावरण को संरक्षित करने में पेड़-पौधे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को शुभ कार्यक्रमों में एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। लेकिन आज वनों की अंधाधुंध कटाई औद्योगीकरण और प्रदूषण के कारण इनका अस्तित्व खतरे में है। हमें यह समझना होगा कि वनों के बिना हमारा जीवन अधूरा है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अधिक से अधिक पेड़ लगाएं, वनों को संरक्षित करें और पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाएं। अंतरराष्ट्रीय वन दिवस हमें याद दिलाता है कि प्रकृति के साथ हमारा रिश्ता अटूट है। इस दौरान वन दारोगा जलूद्दीन, वन दारोगा रामाधार सभासद, सूर्यनाथ यादव संत, फुलबदन यादव, रामचंद्र विवेक चौहान, मुकेश यादव, संतोष यादव, टिंकू, हरेंद्र, नागेंद्र, समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## विधायक की शिकायत पर लखनऊ से हाटा पहुंची जांच टीम

**कुशीनगर।** सिंचाई विभाग हाटा के भवन निर्माण में भ्रष्टाचार के मामले की जांच करने के लिए शासन द्वारा गठित जांच टीम शुक्रवार को हाटा पहुंची और जांच में जुट गयी। त्रिसदस्यीय टीम में टेक्नीकली एक्जामिनर प्रदीप कुमार, आशीष

- हाटा नगर में सिंचाई विभाग के भवन निर्माण में भ्रष्टाचार का मामला

सक्सेना व योगेश कौशिक शामिल हैं। विधायक मोहन वर्मा ने विधान सभा में नियम 301के तहत यह मुद्दा उठाया था कि सिंचाई विभाग का निरीक्षण भवन निष्प्रयोज्य था। सिंचाई विभाग शासन द्वारा भवन निर्माण के लिए दो करोड़ 49 लाख रुपये का धन आवंटित किया गया था, लेकिन चहेते ठेकेदारों द्वारा मानक के विपरीत निर्माण कराया और धन का बंदरबांट किया गया। मकान को ध्वस्त कर उसी नींव पर पुराने ईंटों से दीवार बना दिया गया। उनका यह आरोप भी है कि सहायक अभियंता इसके जिम्मेदार हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को भी पत्र दिया है और सहायक अभियंता की संलिप्तता पर सवाल उठाया है।

### जांच के बाद ही दी जायेगी जानकारी

जांच टीम के प्रदीप कुमार ने बताया कि जिन बिंदुओं पर शिकायत की गयी है उनकी बारीकी से जांच की जा रही है। भवनों के मरम्मीकरण के लिए धन का आवंटन किया गया है। नियमानुसार निर्माण किया गया है या नहीं, तकनीकी जांच के बाद ही बताया जा सकता है। जांच के बाद पूरी रिपोर्ट शासन को उपलब्ध करायी जाएगी। चर्चा है कि तीन दिन तक टीम हाटा रूककर विधिवत जांच करेगी।

### तीस यूथ हॉस्टल सदस्यों ने किया जंगल भ्रमण

अयोध्या। अंतरराष्ट्रीय वानिकी दिवस का उद्देश्य वनों के महत्व, संरक्षण और सतत प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। वनों का संरक्षण न केवल पर्यावरण संतुलन के लिए आवश्यक है, बल्कि यह जलवायु परिवर्तन को कम करने, जैव विविधता को बनाए रखें।

## भारतीय किसान यूनियन ने एडी एम को सौंपा ज्ञापन

देवरिया। खनौरी एवं शंभू बॉर्डर पंजाब में न्यूनतम समर्थन मूल्य गारंटी कानून बनाने की मांग को लेकर किसानों द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन में वार्ता के लिए बुलाए गए आंदोलनकारियों को वार्ता के बाद पंजाब पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने, आंदोलनकारियों के टेंट जेसीबी द्वारा हटाने की घटना के विरोध में भारतीय किसान यूनियन जनपद देवरिया द्वारा भाकियू पूर्वी उ०प्र० उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार, जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही उर्फ बड़े शाही के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति महोदया को संबोधित रोष पत्र अपर जिलाधिकारी देवरिया जैनेन्द्र सिंह को सौंपकर रोष प्रकट करते हुए गिरफ्तार आंदोलनकारी किसानों को तुरंत रिहा करने की मांग की गई।

भाकियू पूर्वी उ०प्र० उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है जहां आंदोलन के माध्यम से जनता अपनी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का काम करती हैं। मगर जब सरकार हठधर्मिता अपनाती हैं तो किसानों को सड़क पर बैठना मजबूरी हो जाता हैं। भाकियू जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही उर्फ बड़े शाही ने कहा कि भारतीय संविधान भारत की जनता को आंदोलन करने का अधिकार देता है प्रत्येक व्यक्ति को अपनी बात कहने का अधिकार है पंजाब सरकार ने आंदोलनकारियों को गिरफ्तार करके और उनके आशियाना को उजाड़ कर अंग्रेजों जैसा बर्ताव किया है जिसका परिणाम भोगना पड़ेगा। मण्डल संयोजक शहीद ख्वाजा मंसूरी ने कहा कि देश के एमपी, विधायकों, अधिकारियों, कर्मचारियों के वेतन भत्ते बढ़ाए गए, पूंजी पत्तियों के उत्पाद के दाम बढ़ाए गए और भारत का किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल खरीदने की गारंटी मांग रहा है उल्टे सरकारें आंदोलनकारियों को गिरफ्तार करके जेल भेजने का काम कर रही हैं जो बहुत ही निंदनीय है। जिला संयोजक सदानंद यादव ने गिरफ्तार नेताओं को तुरंत रिहा करने और टेंट को गिराने वाले अधिकारियों को बर्खास्त करने की मांग किया है।

रोष पत्र/ ज्ञापन देने वालो में जिला महासचिव धनंजय सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष जयकरण शाह जिला कोषाध्यक्ष चंद्रदेव सिंह जिला सलाहकार मदन चौहान जिला संगठन मंत्री दिग्विजय नारायण कुशवाहा युवा जिलाध्यक्ष मुन्ना सिंह भाकियू के वरिष्ठ नेता एस एस अंसारी , भाकियू नेता राम किशोर चौहान सुरेन्द्र चौहान गोविंद गुप्ता राम अशीष जायसवाल लल्लन कुशवाहा बृजेश यादव उमाशंकरसत्याग्रह सरोज इत्यादि लोग शामिल रहे।

## रालोद गांव, गरीब और किसान की पार्टी हैः सिया शरण पाण्डेय

कुशीनगर। जिले के रामकोला विधानसभा क्षेत्र के बोदरवार में स्थित पटवा मैरेज हॉल में शुक्रवार को राष्ट्रीय लोकदल की जनपद इकाई द्वारा कार्यकर्ता बैठक आयोजित कर पार्टी की नीतियों की चर्चा की गई। जनपद में आ रहे विज्ञान एवं प्रद्यौगिकी मंत्री अनिल कुमार के स्वागत को लेकर कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यकर्ता बैठक संबोधित करते हुए रालोद के प्रदेश सचिव सिया शरण पाण्डेय ने कहा कि रालोद गांव, गरीब और किसान की पार्टी है। चौधरी स्व. चरण सिंह और चौधरी स्व. अजीत सिंह के पदचिह्नों पर चलते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत सिंह आम जन को न्याय दिलाने का कार्य कर रहे हैं। पार्टी के कार्यकर्ता आम जन से जुड़े और उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य करें। विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष देवरिया रामशंकर चौहान, भगवान दयाल विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष चंद्र प्रकाश दूबे ने सांगठनिक पर बल दिया। अध्यक्षता करते हुए रालोद जिलाध्यक्ष विनोद प्रताप कुंवर ने कहा कि पार्टी जनपद में त्रिस्तरीय चुनाव जिला पंचायत, बीडीसी और प्रधानी मजबूती से लड़ेगी। इसके लिए प्रदेश के मंत्री का जिले में आगमन हो रहा है और बैठकर रणनीति बनेगी। आयोजक गणेश प्रसाद ने सभी का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। इस दौरान हरी कसेरा, श्रीनिवास गुप्ता, जिला सचिव कुलदीप, रामेश्वर लाल गौतम, जितेंद्र सिंहानिया, विश्वजीत दूबे, रामप्रीत पासवान, धर्मेन्द्र कुमार, राजमन, सुनैना देवी, रम्भा देवी, संगीता देवी, पुनीता देवी, ध्रुवतारा देवी, शीला देवी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## दिव्यांगजनों के लिए विशेष चिन्हांकन शिविर आज और कल

**देवरिया ।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बताया कि दिव्यांगजन लाभार्थियों के चिन्हांकन हेतु 22 व 23 मार्च को प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ( आईटीआई ), देवरिया में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के तहत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम ( एलिम्को ) तथा जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिलाधिकारी की विशेष पहल पर आयोजित हो रहे इस शिविर में दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, स्मार्ट छड़ी, श्रवण यंत्र ( कान की मशीन ) आदि सहायक उपकरणों के लिए चिन्हित किया जाएगा। चयनित लाभार्थियों की सूची एलिम्को, कानपुर को भेजी जाएगी, जिसके आधार पर उपकरण जनपद को उपलब्ध कराए जाएंगे और बाद में ब्लॉक स्तर पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में इनका वितरण होगा। शिविर स्थल पर आधार प्रमाणीकरण और एनपीसीआई पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिससे पात्र दिव्यांगजन आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर सकें। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से बैंक खाता खोलने की सुविधा दी जाएगी। जिन दिव्यांगजनों के पास प्रमाण पत्र नहीं है, उनके लिए मौके पर ही मेडिकल टीम द्वारा दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करने की व्यवस्था रहेगी। पंजीकरण के लिए दिव्यांग प्रमाण पत्र और यूडीआईडी कार्ड अनिवार्य होगा। आवेदक की सभी स्रोतों से मासिक आय ?22,500 से कम होनी चाहिए, जिसका प्रमाण पत्र सांसद, विधायक या ग्राम प्रधान द्वारा जारी किया जा सकता है। इसके अलावा, फोटोयुक्त पहचान पत्र, जैसे आधार कार्ड, वोटर कार्ड, बीपीएल राशन कार्ड, बैंक पासबुक या पैन कार्ड की छाया प्रति प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। यह शिविर दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने और आवश्यक दस्तावेजों को अपडेट करने का महत्वपूर्ण अवसर है। अधिक से अधिक पात्र दिव्यांगजन इस शिविर का लाभ लें।

## लेखपाल निलंबित, विभागीय कार्रवाई प्रारंभ

**देवरिया ।** उपजिलाधिकारी बरहज विपिन द्विवेदी ने बताया कि राजस्व निरीक्षक भलुअनी की आख्या दिनांक 21.03.2025 के अनुसार लेखपाल श्री समशुल हक ( ह. नं. 34, 47, राजस्व निरीक्षण क्षेत्र भलुअनी, तहसील बरहज ) के विरुद्ध सोशल मीडिया पर रुपये लेने संबंधी वीडियो क्लिप वायरल होने का प्रकरण संज्ञानित हुआ है। आख्या के अनुसार कार्रवाई करते हुए लेखपाल श्री समशुल हक को तात्कालिक प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है तथा उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई संस्थित कर दी गई है।

# करोड़ों के कबाड़ कारोबार पर प्रशासन नहीं कस पा रहा है नकेल

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जिले में इन दिनों धड़ल्ले से कबाड़ियों का अवैध कारोबार चल रहा है। इस व्यवसाय को करने के लिए न तो किसी को लाइसेंस की जरूरत होती है और न ही किसी की अनुमति की आवश्यकता होती है। इस व्यवसाय को शुरू करने

- बिना लाइसेंस और प्रशासन की अनुमति के बिना भी होता है कारोबार
- प्रशासन का नियंत्रण न होने से धड़ल्ले से फल-फूल रहा है अवैध कारोबार
- जिले में दो सौ से अधिक कबाड़ के है व्यवसायी, साल में करोड़ों का करते है कारोबार

के लिए सिर्फ एक स्टाक रजिस्टर की जरूरत होती है। स्टॉक रजिस्टर में खरीद-बिक्री किए गए समान को दर्ज कर इस व्यवसाय को आसानी से किया जा सकता है। इस व्यवसाय में पुलिस और प्रशासन का कोई रोकटोक नहीं होता है। मजेदार बात यह कि जिले में दो सौ से भी अधिक कबाड़ के व्यवसायी हैं। जो बेरोकटोक व बेखौफ कारोबार कर रहे हैं। इन पर किसी का नियंत्रण नहीं होने से जिले में दिन ब दिन कबाडि ?ों की संख्या में बढ़ती जा रही है। कबाड़ी बिना सत्यापन के साइकिल, मोटरसाइकिल एवं अन्य चोरियों के समान को बेधड़क खरीद रहे हैं। इस व्यवसाय में जिले के बाहर से आए लोग सक्रिय हैं। उनके द्वारा ही जिले में इस व्यवसाय को बढ़ावा दिया जा रहा है। आलम यह है कि पुलिस कबाडि ?ों पर नकेल नहीं कस पा रही है। कभी कभार ऐसे लोगों पर कार्रवाई कर औपचारिकता पूरी की जाती है। जिले में अक्सर सोलर प्लेट, साइकिल, बाइक व अन्य बड़े वाहनों चोरी की घटनाएं होती रहती हैं। दिन-दहाड़े सार्वजनिक स्थानों से साइकिल और बाइक चोरी हो रहीं हैं। साइकिल चोरी होने पर अमूमन लोग थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराते, क्योंकि पुलिस इसे छोटा मामला बताकर ध्यान नहीं देती। बाइक और साइकिल चोरी की



रिपोर्ट तो लिखी जाती है, लेकिन अक्सर ये वापस नहीं मिलते। इसका कारण यह है कि चोरी की साइकिल और बाइक के कलपुर्जे को अलग-अलग कर कबाड़ में बेच दिया जाता है। इसके अलावा इस धंधे में लोहे के सामान व घरेलू उपयोग के सामान सहित कई कीमती सामान पानी के मोल कबाड़ी अपने दलालों के माध्यम से खरीद कर करोड़ों कमाते है।

### बिना लाइसेंस के चल रहा करोड़ों का धंधा

कबाड़ व्यवसाय के लिए शासन ने कोई स्पष्ट नियम नहीं बनाया है, पर इसके लिए लाइसेंस जरूरी है। नियम के मुताबिक कबाड़ के व्यवसाय के लिए लाइसेंस बना होना चाहिए। शहर में कबाड़ की दो दुकानें हैं, पर उनके पास कोई लाइसेंस नहीं है। उन्होंने कहा कि जिले की दुकानें अवैध है क्योंकि उनके पास खरीदी-बिक्री की कोई रसीद भी नहीं होती। हालांकि औद्योगिक क्षेत्र नहीं होने के कारण यहां कबाड़ का बड़ा व्यवसाय नहीं होता।

### छोटे बच्चों को धंधे में लगा कर धकेल रहे अपराध की ओर

धंधे में भी कई मामले ऐसे भी आए हैं, जहां छोटे बच्चों को कबाड़ कारोबार में लगा रखा है। इस धंधे में लिप्त बच्चों से कबाड़ी चोरी के माल खरीदते हैं। वे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किशोरों को चोरी करने के लिए प्रेरित करते हैं। ये किशोर प्रायः गरीब तबके के होते हैं। पारिवारिक व सामाजिक मार्गदर्शन नहीं मिलने से वे घरो के आसपास फेंके गए कचरे में से कबाड़ चुनते हैं। बाद में इन बच्चों पर पारिवारिक नियंत्रण नहीं होने के कारण नशे के गिरफ्त में आ जाते है और अपनी आवश्यकता की पूर्ति के लिए चोरी के धंधे में उतर आते है।

### कबाड़ व्यवसायियों पर पुलिस कार्रवाई नहीं

कबाड़ का व्यवसाय करने वालों के खिलाफ पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने से इनके हौसले बुलंद हो गए हैं और ये बेधड़क चोरी के सामानों की खरीद बिक्री के काम में लगे हुए हैं। यदि पुलिस के द्वारा ऐसे व्यवासियों में कड़ी कार्रवाई की जाएगी जो जिले से चोरी हुए कई समान इनके पास से बरामद हो सकता है। यहां के कबाड़ियों के पास ज्यादातर भवन निर्माण में उपयोग होने वाले छड़, वाहनों के चक्के एवं अन्य सामाग्री आसानी से बरामद किया जा सकता है। इसके साथ ही इस मार्ग से बड़ी मात्रा में ट्रकों में कबाड़ भर कर झारखंड की ओर माल सप्लाई कर दिया जाता है।

### सीओ बोले

इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी कसया कुंदन सिंह ने कहा कि बिना लाइसेंस कबाड़खाना संचालित करना अवैध है। इस मामले में संबंधित थाना क्षेत्रों में जल्द ही कार्यवाई सुनिश्चित की जायेगी।

संक्षेप

## राम कथा का भक्तों ने किया श्रवण

मियागंज, उन्नाव। विकास खण्ड मियागंज की ग्राम पंचायत पुरवा के गायत्री माता मंदिर के परिसर में पूर्व प्रधान राम रतन पाल द्वारा आयोजित सात दिवसीय प्रभु श्रीराम कथा एवम् गायत्री यज्ञ के द्वितीय दिवस शांतिकुंज हरिद्वार से प्रशिक्षित आचार्य परमानंद महराज ने श्रोताओं को कथा का रसपान कराते हुए श्रीराम जन्म के उत्सव और पुत्रेष्टि यज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सभी का जीवन राममय होना चाहिए। कथा श्रवण करने पहुँचे नवयुग जन चेतना के अध्यक्ष पुत्तन लाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम सभी को राम को नहीं राम के आदर्शों को मानना चाहिए। तभी सच्चे अर्थों में हमारे समाज से सामाजिक कुरीतियाँ समाप्त होकर एक समतामूलक समाज की स्थापना हो सकेगी। इस अवसर पर मंजेश पाल संतराम, कमलेश, रामदास, मुन्नीलाल, रामकुमार, अरुण, अमित, ओम पाल पूर्व प्रधान श्रीमती पाल, केशकली, रामश्री, सोनापती, सुधा, साधना, रंजना, पूजा, वंदना नीलम, सोनी, दिव्या आदि भक्तों ने कथा का मंत्रमुग्ध होकर श्रवण किया।

## महामूर्ख कवि सम्मेलन का आयोजन

सिधौली (सीतापुर)। मोहल्ला सिद्धेश्वर नगर में महामूर्ख कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन में कवियों ने काव्य पाठ किया। देवेश शुक्ल को मूर्खाधिराज की उपाधि दी गयी। गुरुवार की रात कस्बा सिधौली के मोहल्ला सिद्धेश्वर नगर में आयोजित महामूर्ख कवि सम्मेलन में क्षेत्र से आये कवियों ने काव्यपाठ के माध्यम श्रोताओं को गुदगुदाया हंसाया और देशभक्ति गीतों पर जोश भरा। काव्य पाठ हो और गद्दार दुश्मन देश पाकिस्तान की बात न हो तो कवि सम्मेलन अधूरा लगता है। कवियों ने कविता के माध्यम से पाकिस्तान आड़े हाथों लिया। इस अवसर पर कवि देवेंद्र कश्यप निडर, नवनीत मिश्र नवल, केदार नाथ शुक्ल आदि कवियों ने अपने काव्यपाठ से खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम का आयोजन हास्य कवि लवकुश द्वारा किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन गंगाराम राजपूत, सेवक, लवकुश, प्रदीप मिश्र, धर्मेंद्र सिंह, अनुराग आग्नेय सहित काफी संख्या में दर्शक व स्त्रोता उपस्थित रहे।

## पेड़ से लटकता मिला महिला का शव

महोली/सीतापुर कोतवाली क्षेत्र के नेरी गांव में बीती रात एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थिति में गांव के बाहर एक पेड़ से लटकता मिला है। ।मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को उतरवाकर पीएम के लिए भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के नेरी गांव निवासी राजेश कुमार मिश्रा की पत्नी रीता 40 का शव गुरुवार देर रात पेड़ से लटकता मिला है। पति राजेश ने हत्या की आशंका जताई है। उन्होंने बताया कि बीस वर्ष पूर्व रीता से उसका विवाह हुआ था उनके दो पुत्रियां व एक पुत्र है। बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है। राजेश गुरूवार सुबह घर से लखीमपुर की एक कंपनी में मजदूरी करने गया था। पत्नी व तीनों बच्चे घर पर थे। देर रात 12 बजे पत्नी बड़ी बेटी से शौच जाने की बात कहकर घर से निकली थी। काफी देर तक वापस नहीं आई तो बेटी ने परिवारीजनों से बताया लोगों ने तलाश शुरू कर दी तकरीबन रात दो बजे शव मकान से 500 मीटर दूर खेत में लगे एक कंजी के पेड़ से लटकता मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा है।

# फिर दिखा तेंदुआ, ग्रामीणों में दहशत



जिला संवाददाता(vol)

पहला (सीतापुर)। थाना सदरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम रसूलपुर तराई में बुधवार दोपहर करीब दो बजे ग्रामीणों ने तेंदुआ देखा था। जिसकी सूचना उन्होंने वन विभाग महमूदाबाद को दी थी। सूचना पर पहुंची टीम ने ग्रामीणों को जागरूकता करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। लेकिन बीती रात वही तेंदुआ खाफा ग्राम में कमलेश मौर्य के घर के पास सियार का शिकार कर लेते जाते हुए फिर देखने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। फिलहाल वन कर्मी कांबिंग शुरू कर दी है ।मिली जानकारी अनुसार ब्लॉक पहला तहसील महमूदाबाद क्षेत्रांतर्गत रसूलपुर तराई गांव के पश्चिम दिशा में मुनव्वर अली के मकान के उत्तर जाफर अली के गेहूं के खेत में बुधवार दोपहर करीब दो बजे ग्रामीण मुनव्वर अली ओमप्रकाश कश्यप तथा अनिल कुमार ग्राम प्रधान ने तेंदुआ देखा था। जो रोड क्रॉस कर अनिल प्रधान के खेत से होकर सत्यराम के खेत में जाता हुआ देखा गया था। जिसकी सूचना उन्होंने वन विभाग महमूदाबाद को दी सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम के वन दरोगा अरविंद कुमार, निमिष सिंह चैहान, जितेंद्र कुमार, रामनरेश यादव आदि ने कांबिंग शुरू कर ग्रामीणों को सतर्क रहने को कहा था। मगर उन्होंने जानवर होने से इंकार किया था। मगर बीती रात करीब आठ बजे वहीं तेंदुआ ग्राम खाफा में कमलेश मौर्य के घर के पास सियार का शिकार कर लहसुन के खेत में कमलेश तथा धनीराम मौर्य ने इसी कुएं के पास फिर दिखा। जहां 2018 में कुएं में गिरे तेंदुआ को पकड़ा गया था ।फिलहाल वन दरोगा अरविंद कुमार, रमेश यादव आदि ग्रामीणों के साथ खबर लिखे जाने तक कांबिंग कर रहे थे।

## एसडीएम की अध्यक्षता में हुई संचारी रोग नियंत्रण बैठक

जिला संवाददाता(vol)



महोली/सीतापुर तहसील परिसर में संचारी रोग नियंत्रण की बैठक उप जिलाधिकारी शशीबिंद द्विवेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, नगर पंचायत कर्मचारी मौजूद रहे।

इस अवसर पर अधीक्षक महोली डॉक्टर सुधीर पांडेय ने बताया कि संचारी रोग बीमारी किसी कीड़े के काटने से, रक्त या शरीर के अन्य तरल पदार्थ में आने से, वायु जनित वायरस में सांस लेने से या इन तरीकों के किसी भी संयोजन से रोग एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है। उसे संक्रामक बीमारी कहते हैं ।संचारी रोग से बचने के लिए स्वस्थ जीवन शैली, टीकाकरण, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना है ।शासन की मंशा है कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभागों के लोगों को जागरूक रहना है। अगर किसी भी व्यक्ति के यह बीमारी मालूम हो तो उसका समय रहते इलाज जरूर कराये। इस अवसर पर अधीक्षक पिसावां संतोष चौधरी, टक्र अंकित कुमार,टरदीपा श्रीवास्तव, ऐडियोपीपी महोली सुरेंद्र सिंह, ऐडियोपी पी पिसावां राम निरोहि वर्मा, इउकरितेश कुमार वर्मा, टरपिसावां सुनीता राठौर ,खंड शिक्षा अधिकारी पिसावां अवनीश कुमार, नगर पंचायत लिपिक रामेश्वर प्रसाद मौजूद रहे।

## मारपीट में एक व्यक्ति की मौत, महिला समेत 5 लोग घायल



सिधौली (सीतापुर)। अटरिया थाना के भगौतीपुर में गांव के ही दो किशोर लड़कों के आपसी विवाद में शुक्रवार देर रात विवाद ने भयानक रूप ले लिया। दोनों लड़कों के बीच नाम बिगाड़कर पुकारने को लेकर हुई कहासुनी में दोनों परिवारों में लड़ाई हो गई। एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के लोगों को जमकर लाठी डंडों से पीटा। पिटाई से एक व्यक्ति की मौत हो गयी वहीं और एकमहिला सहित 5 लोग घायल हो हो गये। पुलिस के पहुंचने से पहले पिटाई करने वाले लोग फरार हो गये थे। पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सिधौली में भर्ती करवाया। वहीं मृतक की मौत की भी पुष्टि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली में डॉक्टरों ने कर दी।

घटना सिधौली सर्किल के अटरिया थाना क्षेत्र में घटी। जानकारी के अनुसार पीड़ित परिवार का आरोप है शुभम और गांव के ही दिनेश के लड़के विकास में कहासुनी हुई। वजह यह थी कि दोनों ने एक दूसरे को नाम बिगाड़कर पुकार रहे थे। जिसको लेकर विवाद हुआ। इस दौरान विकास के परिवार के पिता दिनेश, राजपाल, बबलू, गोरा और घर की महिलाएं लाठी-डंडों से लैस होकर आ गये। उन्होंने 16 वर्षीय शुभम पुत्र गुड्डू यादव और गुड्डू यादव पुत्र श्रीकेशन पर हमला कर दिया। बचाव के लिए गुड्डू के भाई अक्षय, उनकी पत्नी सुषमा और दीनबंधु पुत्र केशन आये। हमलावरों ने सभी को लाठी-डंडों से पीटा और मौके से फरार हो गए। गांव के अक्षय ने 112 डायल कर पुलिस बुलाई। पुलिस गड़डू यादव को घायलावस्था में सीएचसी सिधौली लेकर आई। सभी घायलों को सीएचसी सिधौली में भर्ती कराया गया। रात करीब 9 बजे डॉक्टरों ने गुड्डू को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है। सीओ सिधौली कपूर कुमार ने गांव का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। सीओ कपूर कुमार सीएचसी पर भी देर रात पहुंचे और म्रतक के घर वालों से मिले और घटना की जानकारी ली। घायलों का इलाज सीएचसी सिधौली में किया जा रहा है। वहीं ग्रामीण बताते हैं कि म्रतक गड़डू भगौतीपुर ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत सदस्य है। थाना प्रभारी रोहित दुबे ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है और फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## होली मिलन में जमकर गुलाल उड़ा, टोलियों ने गाया फाग गीत



असोहा, उन्नाव। होली मिलन कार्यक्रम में जम कर उड़ा गुलाल कई गांव की टोलियों ने जमकर लोक गीतों पर आधारित फाग गायन कर मनमोह लिया। क्षेत्र के पावन धाम कुटीबीर बाबा में हर वर्ष की भांति भाजपा नेता संजय शुक्ल ने होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया, कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ो लोग पहुंचे जम कर अबीर गुलाल से होली खेली।

वहीं क्षेत्र के कन्दरपुर, अजयपु, असोहा, नेवादा, दुर्गा खेड़ा, निमैचा, सेमरी आदि गांवों की फगियारो की टोलियां पहुंच कार्यक्रम को और आनन्ददायी कर दिया, फगियारो की टोलियों में जवाबी फाग होने लगा । हनुमान लंक खेल होरी, आज मैं हरि को अस्त्र गहियो, अवध में राना भयो मदार्ना, धनन्जय कियो प्रतिज्ञा भारी आदि फाग गा कर लोगो को मंत्र मुग्ध करते हुए तालिया बजाने के लिये मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में शिवनरायन अवस्थी, दिनेश पांडेय, सरजू यादव, रोहित शुक्ल, प्रदीप पांडेय, अवधेश पाल, जीत नरायन निरमल सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र वासी मौजूद रहे। होली मिलन का कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा।

## नमाज पढ़कर कुरान पाक मुकम्मल कराई

पुरवा, उन्नाव। 19 वे माह- ऐ - रमजान को विशेष नमाज तरावीह पढ़कर कुरान पाक मुकम्मल कराया। मौलाना आरिफ नगर के मोहल्ला मियां टोला स्थित अतऊ वाली मस्जिद में मौलाना आरिफ रजा ने ईशा की नमाज अदा कर 19 वे माह ऐ रमजान की विशेष नमाज तरावीह पढ़कर कुरआन पाक मुकम्मल कराया और हिंदुस्तान मुल्क में अमन चैन एवं खुशहाली की दुआ की। इस मुकद्दस मौके पर मौलाना मो० इस्लामुद्दीन बरकाती, मौलाना मो० अली, कारी नसरुद्दीन, कारी मोनिस, कारी इमरान, मौलवी आदिल, आदि उलमा रहे।

## दो गौतस्कर तस्कर गिरफ्तार



तम्बौर सीतापुर/ तंबौर थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंग के निर्देशन मर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत तंबौर पुलिस को मिली बड़ी सफलता हाथ लगी है पुलिस ने गोपनीय सूचना के आधार पर मुखबिर की सूचना पर दो गोवंश तस्करी में लिप्त अमिष पुत्र सिराजुद्दीन उम्र 20 वर्ष निवासी मो0 काजी टोला, अब्दुल सईद पुत्र अब्दुल हक उम्र 50 वर्ष मो0 काजी टोला को चौकी प्रभारी अमित दुबे, कॉन्सटेबल मनीष राणा, कॉन्सटेबल सुनील कुमार, कॉन्सटेबल अनुज कुमार ने कस्बे के बहा नाले से गिरफ्तार किया है दोनों अभियुक्तों जेल भेज दिया गया है।

## युवती की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज

महमूदाबाद, सीतापुर। देरशाम संदिग्ध परिस्थितियों में थाने से करीब पांच किमी दूर युवती संग बाइक के पास खड़े डायल 112 के आरक्षी को ग्रामीणों ने सड़क के किनारे रोंका। आरोप है कि आरक्षी ने ग्रामीणों संग मौके पर काफी अभद्रता की जिसपर 112 डायल पर ग्रामीणों ने पुलिस बुलाई।

पुलिस आरक्षी को लेकर थाने पहुंची। ग्रामीण शिकायत लेकर सदरपुर थाने पहुंचे और प्रभारी निरीक्षक को घटना की जानकारी देते हुए कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक ने कार्रवाई का आश्वासन देकर ग्रामीणों को वापस भेज दिया। इसके बाद पुलिस ने युवती की तहरीर पर चार नामजद के खिलाफ केस दर्जकर आरोपियों की तलाश में छापेमारी शुरू की। घटनाक्रम का वीडीयो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है।

युवती ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि वह गुरुवार को दवा लेने सदरपुर गई थी। वापस आते समय अंधेरा होने के चलते उसने अपने पिता को फोन कर बताया कि उसे घर आने में डर लग रहा है। इसपर युवती के पिता ने अपने परिचित सदरपुर थाने पर डायल 112 में तैनात आरक्षी महेंद्र सोनकर को बेटी का नंबर देकर उसे घर तक छोड़ने की बात कही जिसपर आरक्षी महेंद्र सोनकर ने खुरवल मोड़ से युवती को बाइक पर बैठा लिया और उसे छोड़ने जा रहा था। इसबीच शाम करीब साढ़े सात बजे नबीगंज से आगे संदना मोड़ खड़ंजा रास्ते के पास खुरवल के संजय शुक्ल पुत्र परमानंद, दीपांशु शुक्ल पुत्र संजय शुक्ल, बबलू उर्फ अभिषेक श्रीवास्तव, पुत्र कृष्ण कुमार, अनिल पुत्र मुन्ना आ गए और रास्ता रोककर छेड़खानी करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर युवती व आरक्षी संग मारपीट, गाली-गलौच और अभद्रता की गई।

उधर ग्रामीणों का आरोप है कि आरक्षी युवती को खुरवल गांव के पास से बैठाकर सूनसान स्थान पर सड़क किनारे देरशाम करीब साढे. सात बजे खड़ा था। टोकने पर आरक्षी ने अभद्रता के साथ मारपीट की। मौके पर 112 डायल कर पुलिस को ग्रामीणों ने बुलाया। घटनाक्रम का वीडीयो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। प्रभारी निरीक्षक मुकुल वर्मा ने बताया कि युवती की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ केस दर्जकर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## पीएम श्री खेलकूद प्रतियोगिता का विधायक ने किया शुभारंभ

उन्नाव। प्रथम जनपदीय पीएम श्री खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल, सदर विधायक पंकज गुप्ता, एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह के कर कमल से हुआ। प्राथमिक स्तर की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बालक वर्ग में 50 मी दौड़ में रवि पाल, 100 मीटर दौड़ में अरविंद, लंबी कूद में अरविंद निषाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा बालिका वर्ग में 50 मीटर दौड़ में नैना (नवाबगंज) 100 मीटर दौड़ में रिया पाल (सिकंदरपुर सरोसी) तथा लंबी कूद में दिव्यांशी (सफीपुर) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक स्तर पर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में समर (सिकंदरपुर सिरोसी) 200 मीटर दौड़ में समर (सिकंदरपुर सिरोसी) लंबी कूद में विकास पाल (सिकंदरपुर सरोसी) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार खो खो एवं कबड्डी में पुरवा ब्लॉक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में महक (हसनगंज) 200 मीटर दौड़ में गुड़िया तथा लंबी कूद में महक खो खो एवं कबड्डी में हसनगंज ब्लॉक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता बच्चो को पुरुस्कार दिए गए। एडीएम ने प्रतियोगिता का समापन किया। प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में खेल प्रभारी मनींद्र जिला व्यायाम शिक्षक पुरुषोत्तम यादव, निशा सिंह तोमर, गौरव, वैश्नव कनौजिया, सुशांत, गौहर, गोपी, शशांक, प्रदीप वर्मा, संजय कनौजिया, केएस मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

## रविवार को स्मृति द्वार का होगा लोकार्पण

पुरवा, उन्नाव। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, लोक अदालत के जनक एवं पूर्व राज्यसभा सांसद स्व० शिवदयाल चौरसिया के स्मृति द्वार का लोकार्पण सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा रविवार को गदनखेड़ा बाइपास पर किया जाएगा। भारतीय चौरसिया महासभा द्वारा स्मृति द्वार के लोकार्पण, सम्मान समारोह व होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन हिंदी भवन में किया जाएगा। उक्त जानकारी संगठन के प्रदेश मीडिया प्रभारी एडवोकेट रत्नम चौरसिया ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में सदर विधायक पंकज गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय चौरसिया, जिलाध्यक्ष चौरसिया शिवम चौऋषी समेत सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग प्रतिभाग करेंगे। चौरसिया शिवम चौऋषी समेत सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग प्रतिभाग करेंगे।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर वृद्धा की मौत

सीतापुर। पिसावां थाना क्षेत्र अन्तर्गत 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला की हाई वोल्टेज बिजली के तार की चपेट में आने से मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी। वह खेत में गन्ना छिलाई करने जा रही थी। बुजुर्ग महिला का बेटा परशुराम ने थाने पर सूचना दी कि मां शुक्रवार की साढ़े सात बजे खेतों में गन्ना छिलाई करने गयी थी। उपकेंद्र के जेई ने कहा मृतक महिला के परिजनों को 5 लाख रुपए की सहायता दिये जाने की बात कही है। जानकारी के अनुसार पिसावां थाना क्षेत्र के सतनापुर गांव निवासी छोटे की पत्नी मत्ता 65 वर्ष पशुओं के लिये गन्ना पाती व घास छिलाई करने जा रही थी। रास्ते में देवगवां गांव के निवासी खेत के ऊपर से निकली हाई वोल्टेज बिजली की लाइन के तार टूटकर गिरा हुआ था। जहां पर महिला का पैर तार के ऊपर पड़ गया। उसी समय महिला आग का गोला बन गयी। इससे महिला की मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बिजली विभाग को सूचना की जिसके बाद लाईन कट सकी। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग की लापरवाही के चलते बिजली का तार गिर गया था लेकिन बिजली नहीं कटी थी। जिसके चलते महिला की मौत बिजली के गिरे तार की चपेट में आने से हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया। वहीं देवगवां उपकेंद्र के जेई राजेश गौतम ने बताया कि सूचना मिली है हाई वोल्टेज के तार से महिला की मौत हुयी है। जांच करने के बाद परिजनों को 5 लाख की सहायता दिलायी जायेगी। थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि महिला की मौत हाई वोल्टेज बिजली तार की चपेट में आने से हो गयी। परिजनों की सूचना पर फौती दर्ज कर महिला के शव को पीएम के लिये भेज कर जांच करायी जा रही है।

## आपसी भाईचारे, अमन व मोहब्बत का पैगाम दे रहे रोजा इफ्तार

सीतापुर। रमजान-उल-मुबारक के पाक महीने में आयोजित होने वाले सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी आपसी सौहार्द व भाईचारे को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ समाज को अमन-चैन व मोहब्बत का पैगाम भी दे रहे हैं। दावते इफ्तार में शामिल हिंदू-मुस्लिम भाई यह संदेश दे रहे हैं कि समाज में जहर घोलने वालों की संख्या शांति व मिल्लत चाहने वाले से अधिक नहीं है। इसकी एक बानगी रामकोट के मिजार्पुर में भी दिखाई दी। विकासखंड खैराबाद की ग्राम पंचायत जवाहरपुर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोहित शुक्ला उर्फ मोनू के द्वारा ग्राम पंचायत के मजरा मिजार्पुर की मस्जिद परिसर में सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन कराया गया। शाम को निर्धारित वक्त पर अजान की सदा बुलंद होते ही बच्चों व बड़ों ने रोजा खोलते हुए खुदा का शुक्र अदा किया। इफ्तार के बाद मगरिब की नमाज हाफिज जी ने अदा कराई। इसके बाद दुआओं का एहतेमाम किया गया। इस मौके पर यहां रोजेदारों की जुटान ही नहीं हुई, बल्कि इफ्तार व मगरिब की नमाज के बाद बारगाहे-इलाही में दुआएं मांगी गई। इफ्तार के बाद रोजेदारों ने मस्जिद में मगरिब की नमाज अदा कर मुल्क की सलामती, तरक्की और खुशहाली के लिए दुआएं भी मांगी ।इस अवसर पर तमाम रोजगार, आदि मौजूद रहे।

## खाद्य पदार्थो की प्राथमिक जांच करने की बताई विधि

आजमगढ़। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) राहुल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जनपद स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति बैठक सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में सुशील कुमार मिश्र सहायक आयुक्त (खाद्य)-।। ने अध्यक्ष की अनुमति से बैठक के एजेण्ड़ा बिन्दु पर क्रमवार विभागीय पक्ष को सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने विद्यालयों में एक विशेष प्रशिक्षण आयोजित कर विद्यार्थियों को दूध तथा अन्य खाद्य पदार्थो की प्राथमिक जांच करने की विधि बताई जाये। विभाग की ओर से मुख्य खाद्य सुरक्षा दीपक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद के समस्त फेरी एवं रेहड़ी व्यवसायियों का नवीन पंजीकरण एवं पंजीकरण का नवीनीकरण निःशुल्क किया जा रहा है। साथ ही विभाग द्वारा कैम्प लगाकर मौके पर ही पंजीकरण निर्गत किया जा रहा है। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने खाद्य सुरक्षा विभाग को सरकारी/गैर सरकारी समस्त प्रतिष्ठानों व शराब के संचालित प्रतिष्ठानों को खाद्य पंजीकरण/अनुज्ञप्ति आच्छादित करने व खाद्य पंजीकरण/अनुज्ञप्ति की संख्या में वृद्धि करने हेतु निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा जेल/अस्पताल/अन्य सरकारी संस्थानों में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों के नियमित निरीक्षण व नमूना संग्रह हेतु निर्देशित किया गया, बडे प्रतिष्ठानों/विनिर्माण इकाईया के सम्बन्ध में कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही करने हेतु एवं प्रतिष्ठान पर खाद्य अनुज्ञप्ति/पंजीकरण उचित स्थान पर प्रदर्शित करने हेतु निर्देशित किया गया। समिति के सदस्य सन्त प्रसाद अग्रवाल ने कहा कि बाजारों में बहुतायात छोटे-छोटे पैकेटों में रेडिमेड नमकीन बिक रही है उसकी गुणवत्ता की विभाग जांच कराए। विभाग द्वारा दूध एवं दूध से निर्मित खाद्य पदार्थो पर विभाग की विशेष नजर रखी जा रही है। औषधि निरीक्षक, आजमगढ़ श्रीमती सीमा वर्मा द्वारा बताया गया कि औषधि निर्माण इकाईयों का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार हेतु दिशा निर्देश दिया तथा नशीली औषधियों के दुरूपयोग के रोकथाम हेतु विभाग द्वारा सघन निगरानी रखी जा रही है तथा उसके विक्रय एवं अनिधिकृत प्रयोग रोकने के लिए प्रवर्तन कार्यवाही के रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी, इस सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करने का औषधि निरीक्षक को निर्देश दिया गया। उक्त बैठक में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार श्रीवास्तव, अपर जिला पंचायती राज अधिकारी, मण्डी सहायक, आजमगढ़, जिला विद्यालय निरीक्षक, निरीक्षक बाट व माप विभाग, जिला खाद्य विपणन अधिकारी आदि सम्मिलित रहें।

## कम राजस्व वसूली पर जतायी नाराजगी

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कर-करेत्तर व राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान व्यापार कर, परिवहन, आबकारी विभाग द्वारा कम राजस्व वसूली पर नाराजगी व्यक्त की गई तथा इसे बढाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा अंश निर्धारण, एग्री स्टैक, फार्मर रजिस्ट्री आदि की भी समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि दिए गए दायित्वों का निर्वहन करें, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, सौरभ कुमार, अपर जिलाधिकारी भू राजस्व अजय अंबष्ट, जिलाधिकारी वि0/रा0 राम अक्षयबर चैहान सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# भारत में हर समझौतों का आदी होना छोड़ दियाः डॉ. हरिओम पवार

सीतापुर। जिला प्रशासन सीतापुर द्वारा आयोजित मिश्रिख-नैमिषारण्य महोत्सव के अंतिम दिवस पर आयोजित भव्य कवि सम्मेलन में काव्य प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ी।

देशभर के नामचीन कवियों ने अपनी ओजस्वी, श्रृंगारिक, हास्य और व्यंग्य से भरपूर कविताओं के माध्यम से रातभर उपस्थित जनता को बांधे रखा। पूरे पंडाल में ऐसी कविता की रसधारा बही कि श्रोता भोर तक मंत्रमुग्ध होकर कविताओं का आनंद लेते रहे। इस ऐतिहासिक कवि सम्मेलन में देश के जाने-माने कवियों ने हिस्सा लिया। जिनमें डॉ0 सर्वेश अस्थाना, भुवन मोहिनी, मणिका दुबे, उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला, गजेन्द्र प्रियांशु, नीलोत्पल मृणाल, हास्य कवि शंभू शिखर, जगजीवन मिश्र और अंत में डॉ0 हरिओम पवार ने काव्य पाठ किया। कवि सम्मेलन की भव्यता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि कार्यक्रम में सीतापुर के एम0एल0सी0 पवन सिंह चैहान, मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव, नैमिष क्षेत्र के संत-महंत और प्रशासनिक अधिकारीगण भी उपस्थित रहे और पूरी रात काव्य की गंगा में सराबोर होते रहे। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रोता पंडाल में डटे रहे और रातभर कविताओं का आनंद लिया। तालियों की गूंज और वाह-वाह की आवाजें पूरे आयोजन स्थल पर गूंजती रहीं।

### डॉ. सर्वेश अस्थाना ने किया बेहतरीन संचालन

कवि सम्मेलन का संचालन देश के प्रसिद्ध हास्य-व्यंग्य कवि डॉ0 सर्वेश अस्थाना ने किया। उन्होंने पूरे कार्यक्रम को अपनी ऊर्जा और हास्य से भर दिया। पूरी रात वे दर्शकों को हंसाते रहे और कवियों को मंच पर बुलाते रहे। उनकी चुटीली टिप्पणियों और हास्य कविताओं ने माहौल को हल्का और आनंदमय बनाए रखा।

### कवयित्री डॉ. भुवन मोहिनी की सरस्वती वंदना से हुई शुरुआत

कवि सम्मेलन की शुरूआत कवयित्री भुवन मोहिनी की सरस्वती वंदना से हुई, जिन्होंने अपनी मधुर वाणी से पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। उनकी वाणी में शक्ति और मधुरता का ऐसा संगम था कि पूरा पंडाल श्रद्धा और भक्ति में डूब गया। इसके बाद उन्होंने अपने भावनात्मक अंदाज में सुनाया- एक मीरा दीवानी तो मुझमें भी है।



### कवयित्री एसडीएम शिखा शुक्ला ने मोहब्बत भरे पढ़े छन्द

हर शाम तुम्हारी यादों में, हर रात तुम्हारी बाहों में, तो क्या इससे भी ज्यादा कुछ माँगा था मैंने जीवन से, मैं गीत बनाकर होठों पे तुमको रख लूँ, तुमको गाऊ, तुम खामोशी से सब कह दो, मैं खामोशी पढ़ती जाऊ। बड़े बेचैन लम्हे हैं बड़े बेचैन मंजर है जो आंखों में नहीं दिखते कभी-कभी दर्द अंदर है। तुम्हारी और यह मेरी नजर यूं ही नहीं जाती मेरी प्यासी निगाहें हैं तेरी आंखें समंदर है। कवयित्री मणिका दुबे ने अपनी कविता के माध्यम से होली के रंगों में रस घोल दिया। उनकी पंक्तियां सुनते ही पूरा पंडाल कृष्ण और राधा के रंग में डूब गया-कान्हा भी राधा संग खेले बरसाने में होली, बोले राधा मुझसे ना करियो अब आँख मिचैली।। राधा इन गालों पर मुझसे इंद्र धनुष बनवाओ, पिया मुझे धीमे रंग लगाओ। उनकी कविता में श्रृंगार और लोकगीतों की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी ।जब नीलोत्पल मृणाल मंच पर आए, तो पूरा पंडाल शांत हो गया। उनके शब्दों में युवा हृदय की पीड़ा और बदलते समाज की हकीकत झलक रही थी। उन्होंने अपने प्रसिद्ध कविता की पंक्तियां सुनाईं- स्कूलों की दीवारों पर जा दिल बनाने वाले लड़के, चलती तीर को हंसकर अपने दिल पर खाने वाले लड़के।। दिल टूटे तो बिस्तर पर ही झील बनाने वाले लड़के, उस दौर का जादू क्या जाने, ये रील बनाने वाले लड़के। इस कविता ने युवाओं को विशेष रूप से प्रभावित किया और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा मंच गूंज उठा। हास्य कवि शंभू शिखर ने जब मंच संभाला तो पूरे पंडाल में ठहाकों की गूंज सुनाई देने लगी। उनकी राजनीतिक व्यंग्यात्मक कविताओं ने श्रोताओं को खूब हंसाया। उन्होंने उत्तर प्रदेश की राजनीति पर तंज कसते हुए सुनाया- लालू से मिलो, वो तुम्हे बिहारी न कर दे, जनता तुम्हे यहां की भिखारी न कर दे। उत्तर प्रदेश जाना ट्रंप सोच समझ कर, योगी जी तुम्हे ट्रंप से तिवारी न कर दें। इस पर दर्शकों ने तालियों और हंसी के साथ कवि का स्वागत किया। कवि गजेन्द्र प्रियांशु ने समाज की सच्चाइयों को अपनी कविता के माध्यम से बड़े ही प्रभावी अंदाज में प्रस्तुत किया। उनकी कविता की पंक्तियां सुनकर पूरा पंडाल भावुक हो गया-रात-रात भर तुमको गाया, सुबह छपे अखबार में। उनकी इस कविता ने समाज की संवेदनाओं को झकझोर दिया और दर्शकों को गहरी सोच में डाल दिया।

### अंत में हरिओम पवार की ओजस्वी प्रस्तुति ने भरा जोश

कार्यक्रम के अंतिम चरण में मंच पर आए वीर रस के प्रतिष्ठित कवि डॉ0 हरिओम पवार। उनके ओजस्वी काव्य पाठ ने पूरे पंडाल में जोश भर दिया। उन्होंने सुनाया-भारत में हर समझौतों का आदी होना छोड़ दिया, कुछ बातों में हमने बापू गांधी बनना छोड़ दिया। इन पंक्तियों को सुनकर जनता ने जोशीले नारों और तालियों से कवि का स्वागत किया। उनकी कविताएं हमेशा की तरह भारतीयता और राष्ट्रप्रेम की भावना को बुलंद करने वाली थीं।

संक्षेप

## मारा पत्थर आंख बाहर निकली

**ललितपुर।** मामूली बात को लेकर हुये विवाद के अगले दिन दबंगों ने महिला के सिर में पत्थर से जानलेवा प्रहार कर दिया। इस हमले में महिला की एक आंख बाहर निकल गयी। अर्द्धमूर्छित अवस्था में महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर पीड़ित की तहरीर पर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम मथुराडांग में रहने वाले रोहित पटैरिया पुत्र कैलाश नारायण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 19 मार्च को उसके पड़ौस में रहने वाले पंकज पुत्र रामबाबू पटैरिया, रामनरेश व रामबाबू पुत्रगण देवकी नन्दन पटैरिया से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। आरोप है कि इसी विवाद के चलते अगले दिन 20 मार्च को दोपहर करीब 12 बजे पंकज पटैरिया पुत्र रामबाबू पटैरिया ने उसकी मां माण्डवी देवी के सिर में पत्थर से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उसकी मां की आंख निकल गयी। हमले के बाद माण्डवी देवी बेहोश हो गयी। आगे बताया कि इस हमले के बाद रामनरेश पटैरिया ने पीड़ित और उसकी बहन रजनी मिश्रा के साथ भी मारपीट कर दी। वहीं घायल उसकी मां का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित की तहरीर पर बार पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 125, 118 (2), 110 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## एक्सपोजर विजिट के लिए मिला लिखित आदेश

**ललितपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं द्वारा जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया, जिसमें जिलाधिकारी के आदेश पर समस्त प्रशिक्षु डी.आई.ओ.एस.कार्यालय गए, जिसमें डीआईओएस को अपनी सारी समस्याओं से अवगत कराते हुये एक्सपोजर विजिट के लिए लिखित आदेश प्राप्त किया। जिसमें विजिट प्रभारी डाइट प्रवक्ता विनोद बबेले को बनाया गया। ज्ञापन डाइट के छात्र नेता राजा भईया के नेतृत्व में दिया गया। साथ में अनुज यादव, संदेश शर्मा, सलमान खान, रोहित पांडेय, जयपाल सिंह, पंकज नायक, स्नेहा साहू, सीमा, ताजवीन, सुमित, राहुल पाल आदि प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान के लिए कमेटी गठित

**ललितपुर।** जिला प्रशासन, लोक निर्माण विभाग और नगर पालिका परिषद द्वारा संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाओ अभियान की बैठक आयोजित की गयी थी। बैठक में अवैध अतिक्रमण हटाओ अभियान को चलाये जाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आदेशित किया गया। अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने एक कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी में कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, कर अधीक्षक राजेश कुमार जैन, अवर अभियंता खुशबू खान, अवर अभियंता विशाल सिंह, अवर अभियंता आशीष दूरवार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, हेड स्वास्थ्य नायक संजय बाल्मीकि, मुहर्रिर रेन्ट/नजूल पुरुषोत्तम कुशवाहा, कार्या.रेन्ट/कर संग्रहकर्ता धीरेन्द्र घावरी व कार्य.स्वास्थ्य नायक जोन प्रथम अमित बाल्मीकि को शामिल किया गया है। नवगठित कमेटी को ईओ ने आदेशों का कड़ाई से अनुपालन करने के आदेश दिये हैं।

# पराली न जलायें, फसलों के अवशेष को डिकम्पोज करें



**ललितपुर।** जिला औद्यानिक मिशन योजनान्तर्गत दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का शुभारम्भ उपाध्यक्ष जिला सहकारी समिति ललितपुर हरिओम निरंजन द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। तदोपरांत जिला उद्यान अधिकारी

● दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण में किसानों को गईं अनेकों जानकारियां

परवेज खान द्वारा दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा पर संक्षिप्त प्रकाश डाला गया तथा विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। कृषि विज्ञान केन्द्र के डॉ0 दिनेश तिवारी द्वारा कृषकों को जैविक खेती की जानकारी दी गयी तथा कृषकों को वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने व रसायनिक आधारित कृषि को जैविक खाद में परिवर्तित करने से होने वाले लाभों की जानकारी दी गयी। उद्यान निरीक्षक रंजीत यादव द्वारा कृषकों को फलदार पौधों की बड बांधनें का प्रशिक्षण दिया गया तथा बीज के अलावा फलदार पौधों को तैयार करने की विस्तृत जानकारी दी गयी। समन्वयक के0वी0के0 डॉ0 मुकेश कुमार द्वारा कृषकों को पराली जलाने से खेती को होने वाले नुकसान से अवगत कराया तथा बेस्ड बायो डिकम्पोजर से फसलों के अवशेष को डिकम्पोज करने के तरीके बताये, साथ ही जनपद के कृषकों को कृषि विज्ञान केन्द्र से सम्पर्क कर खेती की विधाओं में हो रहे परिवर्तन के साथ चलने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम के दूसरे दिन डॉ. अंशुमान, अनुवांशिकीय एवं पादप वैज्ञानिक, रानी लक्ष्मी बाई कृषि विश्व विद्यालय झांसी द्वारा शाकभाजी की प्रजातियों के चयन पर प्रकाश डालते हुये स्पष्ट किया गया कि सही किस्म के चयन मात्र से उत्पादन में 30 प्रतिशत की वृद्धि हो जाती है वही डॉ0 मीनाक्षी आर्य द्वारा शाकभाजी फसलों में लगने वाली बीमारियों की विस्तार से चर्चा करते हुये उसकी पहचान व बचाव हेतु बरती जाने वाली सावधानियों पर विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुये पौधों के पोषण व रोग प्रतिरोधक क्षमता के बीच स्थापित संबंधों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी है। तथा पौधों के पोषण पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया गया।

उप कृषि निदेशक बसंत दुबे द्वारा कुसुम योजनान्तर्गत सोलर सिंचाई पम्प का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया जबकि जिला कृषि अधिकारी द्वारा कृषि विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। अन्त में प्रतिभागी 32 कृषकों को प्रमाण पत्र वितरित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## आर्टिका कार की टक्कर से युवक की मौत

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अन्तर्गत गजानन पुरम काली माता मंदिर के चकरा मुहल्ला में रहने वाले चतुर्भुज रावत पुत्र माधव प्रसाद ने थाना बानपुर पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 9 मार्च को 9 से 10 बजे के मध्य बाड़ाघाट दरबाजे के पास उसका पुत्र विनोदकूंज चकरा रोड के पास निवासी हर्ष व विशाल पुत्रगण रामदास रजक एवं रवीन्द्र कुशवाहा पुत्र धनिराम के साथ किसी साधन आने का इंतजार कर रहे थे। वहां एक्टिवा गाड़ी संख्या एम.पी.36 जेड.डी. 8084 जिसे पुराना बस स्टेण्ड बानपुर निवासी भरत मिश्रा टीकमगढ़ की ओर अपनी साइड से चलाकर आ रहा था। तभी भरत मिश्रा लघुशंका करने के लिए गाड़ी खड़ी करके चला गया। इसी बीच उसका पुत्र हर्ष रावत व उसका साथी विशाल रजक, रवीन्द्र कुशवाहा ने एक्टिवा के पास खड़े होकर बात कर रहे थे। इसी बीच टीकमगढ़ की ओर से आर्टिका गाड़ी नम्बर यू.पी.80 डी.टी. 8313 के चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये उसके पुत्र हर्ष, विशाल व रवीन्द्र को मय एक्टिवा समेत जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उक्त लोग घायल हो गये और एक्टिवा भी क्षतिग्रस्त हो गयी। घटना की सूचना रवीन्द्र व विशाल ने उन्हें फोन पर दी, जिसके बाद वह सभी निजी कार से हर्ष को लेकर टीकमगढ़ के जिला अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने घायलों को बाहर रेफर कर दिया। पीड़ित ने बताया कि इस दुर्घटना के बाद उसके पुत्र की हालत नाजुक हो गयी और रास्ते में उसकी मौत हो गयी।

# सरकार के 8 वर्ष पूर्ण! कई स्थानों पर भव्य आयोजन कराये जायेंगे: डीएम




**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम के सम्बन्ध में दिशा निर्देश संबंधी बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में बताया कि प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 08 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद में आगामी 25 से 27 मार्च तक उत्तर प्रदेश भारत का ग्रोथ इंजन थीम पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें शासन की महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं योजनाओं की जानकारी से जन सामान्य को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि विगत आठ वर्षों में प्रदेश ने विभिन्न क्षेत्रों में कई कीर्तिमान स्थापित किये है तथा लोकहित में अनेक नवीन जनकल्याण की योजनाएं, परियोजनाएं कार्य प्रगति पर हैं। इसके अलावा विकास के विभिन्न लोककल्याणकारी कार्यक्रमों में राष्ट्रीय स्तर पर उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा देश में प्रथम उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया गया है। उन्होंने बताया कि इन कीर्तिमानों के संबंध में तथा सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं के बारे में जनसामान्य को अवगत कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा तथा शिविरों का आयोजन कर योजनाओं के पात्रों के आवेदन भी भरवाने की व्यवस्था भी की जाएगी। सभी विभाग कार्यक्रम स्थल पर अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की तीन दिवसीय प्रदर्शनी लगायेंगे, ताकि जनमानस योजनाओं के प्रति और अधिक जागरूक हो सके और वह योजनाओं का आगे आकर लाभ ले सकें।

उन्होंने बताया कि विधानसभावार तथा नगर निकायों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अनुसार 25 से 27 मार्च तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिसमें जनपद के प्रतिभाशाली कलाकारों को अपना कौशल प्रदर्शन का अवसर भी प्रदान होगा। नगर निकायों मे भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में केन्द्र सरकार के 10 वर्ष व प्रदेश सरकार की 08 वर्ष की उपलब्धियोंए नीतियों, कार्यक्रमों व योजनाओं को जोड़कर यूपी भारत का ग्रोथ इंजन की थीम को केन्द्र में रखते हुए भव्यता के साथ कार्यक्रम आयोजित कराया जाएगा। प्रदेश सरकार के 08 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भव्य आयोजन विभिन्न स्थानों पर आयोजित कराये जाएगें। जिसमें जनप्रतिनिधिगण, सामाजिक संगठनों, व्यापार आदि संगठनों के पदाधिकारी किसान, युवा, महिला, आम जनमानस की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि शनिवार तक आगामी तीन दिवसीय आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## सुभाषचन्द्र प्रजापति को एनसीसी महानिदेशक ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया



जिला संवाददाता(vol)

**धामपुर, बिजनौर।** वरिष्ठ सहायक पद पर तैनात सुभाषचंद्र प्रजापति को उनके विशिष्ट कार्यों और महत्वपूर्ण योगदान के लिए 32 बटालियन एनसीसी धामपुर के

● विद्यालयों के शिक्षक और कैडेट्स भी उनके व्यक्तित्व और कार्यशैली से प्रभावित हैं

कार्यालय में एनसीसी महानिदेशक, नई दिल्ली द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। इस उपलब्धि से सुभाषचंद्र उत्साहित हैं और उन्हें भारी संख्या में लोगों ने बधाई दी है।

सुभाषचंद्र प्रजापति को बटालियन की रीढ़ की हड्डी कहा जाता है, क्योंकि कार्यालय के आवश्यक कार्यों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उनके साथी अधिकारी और कर्मचारी समय-समय पर उनसे सलाह लेते हैं। बटालियन के अधिकारी भी उनके कार्यों की सराहना करते हैं और उनके निर्णयों को सटीक मानते हैं। बटालियन के कार्यवाहक कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल ललित भट्ट ने सुभाषचंद्र की जमकर प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उनके प्रशंसकों में न केवल बटालियन के अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं, बल्कि विद्यालयों के शिक्षक और कैडेट्स भी उनके व्यक्तित्व और कार्यशैली से प्रभावित हैं। सुभाषचंद्र की इस उपलब्धि से पूरे एनसीसी कार्यालय में खुशी का माहौल है, और यह सम्मान उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है

# अपना कर्तव्य और उत्तरदायित्व के महत्व को समझकर व्यवहार करें: सीएमओ



**ललितपुर।** हौंसला प्रशिक्षण केन्द्र में राष्ट्री स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत चिकित्सा इकाइयों में कार्यरत कर्मियों हेतु व्यवहार सम्बन्धी एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि चिकित्सा इकाईयों पर कार्यरत सुरक्षा गार्ड, स्वागत कक्ष कर्मी तथा वार्ड सहायक की भूमिका तथा उनके कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व के महत्व को समझते हुये व्यवहार सम्बन्धी प्रषिक्षण प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। जन-सामान्य, स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्यायें उत्पन्न होने पर आकस्मिकता की स्थिति में बड़ी उम्मीदें, आषाएं एवं अपेक्षाएं लेकर राजकीय चिकित्सा इकाइयों पर आते है। रोगी एवं उनके परिवारीजनों के लिए चिकित्सालय एक नया तथा अपरिचित स्थान होता है।

वे जानते हैं कि चिकित्सालय में उनका इलाज तो होगा, परन्तु यह नही जानते कि चिकित्सालय पहुंचने के बाद किससे मिलना हैं, पर्चा कैसे बनेगा, चिकित्सक तक कैसे पहुंचना हैं, उन्हे तुरन्त स्वास्थ्य सेवा कैसे मिलेगी, आवश्यक जांचे कहां होंगी आदि। चिकित्सा इकाइयों में तैनात कर्मिक सुरक्षा गार्ड, स्वागत कक्ष कर्मी, सुरक्षा कर्मी आदि मरीज एवं तीमारदारों के लिये प्रथम सम्पक्र बिन्दु का कार्य करते हैं, इन कर्मचारियों द्वारा दी गयी सहायता, जानकारी एवं इनका व्यवहार लाभार्थी के चिकित्सालय के अनुभव को प्रभावित करता है। अतः इनके द्वारा मरीजों एवं उनके साथ आने वाले तीमारदारों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाना अत्यन्त आवष्यक है। इस हेतु यह प्रषिक्षण आयोजित किया जा रहा है। सीएमएस डा.मीनाक्षी सिंह ने बताया कि स्वागत कक्ष कर्मी तथा वार्ड सहायकों को व्यवहार सम्बन्धी प्रशिक्षण प्रदान किये जाने की पहल की गई है, जिससे वह अपने व्यवहार की महत्ता को समझ सकें। पब्लिक हैल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने बताया कि इस प्रशिक्षण के द्वारा चिकित्सा इकाइयों में कार्यरत कर्मियों को व्यवहारगत विशयों और बेहतर संवाद तथा परामर्ष का प्रषिक्षण दिया जा रहा है ताकि लाभार्थी चिकित्सा इकाइयों में प्रदान की जा रही सेवाओं से पूरी तरह संतुष्ट होकर घर जायें। प्रशिक्षण का कार्य जिला मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य परामर्शदाता रविशंकर झा, अस्पताल मैनेजर नंदलाल द्वारा किया गया। जिला मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य परामर्शदाता रविशंकर झा ने बताया कि उक्त प्रशिक्षण कुल 6 बैच आयोजित किये जा रहे हैं।

## बाइक सवार 4 युवकों को रोककर एआरटीओ की नसीहत



**बांदा।** सड़क सुरक्षा के प्रति परिवहन विभाग और यातायात पुलिस बेहद संजीदा हैं। एआरटीओ शंकरजी सिंह ने शुक्रवार को रूटीन चेकिंग अभियान के दौरान बाइक में 4 युवकों के सवार होने पर उन्हे रोका और काफी देर तक यह न करने की नसीहत दी। उन्होने कहा कि यह नियमों का उल्लंघन है और इस पर बड़ी कार्रवाई भी हो सकती है लेकिन यह गलती दोबारा नही होनी चाहिए। उन्होने एक जिम्मेदार अधिकारी की भूमिका निभाते हुए युवकों को सचेत करते हुए कहा कि दो पहिया वाहन चालक को हर हाल में हेलमेट का प्रयोग करने के साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस रखने की अनिवार्यता पर जोर दिया। उनकी यह अपील बेहद महत्वपूर्ण है। परिजनों को जागरूक करना इस दिशा में और प्रभावी हो सकता है क्योंकि माता-पिता का बच्चों पर सीधा प्रभाव होता है। एआरटीओ ने कहा कि यह अभियान न केवल नियमों का पालन करवाने के लिए है बल्कि युवाओं के जीवन को सुरक्षित करने का भी एक महत्वपूर्ण प्रयास है। ऐसे कदमों से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के निश्चित रूप से मदद मिल सकती है। कहा कि सभी का उत्तरदायित्व है कि सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के पथ पर चलकर अपने साथ-साथ दूसरों का भी जीवन सुरक्षित रखना बेहद महत्वपूर्ण है।

## हज यात्री 3 अप्रैल तक जमा करें अंतिम किश्त

**बांदा।** हज यात्रियों को हज कमेटी ऑफ इंडिया ने यात्रा के लिए तीसरी व अंतिम किश्त जमा करने के लिए 3 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। हज कमेटी ऑफ इंडिया से चयनित मुख्य हज ट्रेनर हाजी आरिफ खान ने बताया कि लखनऊ एंबार्केशन प्वाइंट से उड़ान भरने वाले आजमीने हज में कुल 3,37,350 रुपये खर्च होंगे जबकि मुंबई एंबार्केशन प्वाइंट से उड़ान भरने वाले हज यात्रियों को 3,19,600 रुपये खर्च करने होंगे। कुबार्नी के लिए विकल्प हां चुनने वाले हाजियों को 16,600 रुपये अतिरिक्त भुगतान करना होगा। अभी तक लखनऊ से उड़ान भरने वाले प्रत्येक हाजी के पहली और दूसरी किश्त के जरिए 2,72,300 रुपये जमा हो चुके हैं, 65,050 जमा किया जाना है। चित्रकूट मंडल के चारों जिलों के 71 हज यात्री में केवल बांदा जिले के 5 हज यात्री मुंबई एंबार्केशन प्वाइंट से उड़ान भरेंगे। बांदा जनपद से 44, हमीरपुर से 15, महोबा से 8 व चित्रकूट जिले से 4 हज यात्री कन्फर्म हैं। लखनऊ एंबार्केशन प्वाइंट की फ्लाइट 29 अप्रैल से शुरू होगी और यह मदीना जाएगी। हज यात्रियों की रवानगी के पहले शासन के निदेर्शों के तहत वैक्सीनेशन का कार्यक्रम कराया जाएगा। तीसरी किश्त की रकम स्टेट बैंक ऑफ इंडिया व यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में चालान के माध्यम से अथवा ऑनलाइन नेट बैंकिंग और डेबिट कार्ड के माध्यम से हज कमेटी ऑफ इंडिया के खाते में जमा की जानी है। चालान प्रतिदिन शहर के कोतवाली रोड स्थित कैंप कार्यालय से किसी भी समय प्राप्त किए जा सकते हैं।

# डीएम ने स्कूलों का जाना हाल, सुधार के निर्देश



**बांदा।** ब्लाक बड़ोखर खुर्द के प्राथमिक विद्यालय मवई बुजुर्ग-1 एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय बिलबई का जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। उन्होने मवई बुजुर्ग प्राथमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की उपस्थिति पंजिका, कंपोजिट ग्रांट रजिस्टर और अन्य अभिलेख देखे। इस दौरान विद्यालय में तीन सहायक शिक्षक, 5 शिक्षामित्र तैनात हैं। लेकिन एक शिक्षिका कुसमा देवी अनुपस्थित मिलने पर इनके विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डीएम जे0 रीभा ने शिक्षकों को छात्र संख्या के अनुसार छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कराने के साथ डेज्स में ही बच्चों को विद्यालय आने के निर्देश दिए। उन्होने छात्रों से कहा कि सभी बच्चे प्रतिदिन स्कूल डेज्स पहन कर आएं। उन्होने भवन की खिड़की ठीक कराने और स्टोर में सफाई रखने के भी निर्देश दिए। उन्होने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने और शिक्षकों की नियमित उपस्थिति के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय बिलबई में कक्षा 6 व 7 के विद्यार्थियों से बात कर शिक्षण कार्य के बारे में जानकारी ली और स्मार्ट क्लास का निरीक्षण किया। उन्होने शिक्षकों को निर्देश दिए कि विद्यालय के सभी छात्रों को स्मार्ट क्लास में शिफ्ट कर क्लास लगाई जाए। उन्होने विद्यालय जल निगम की पाइपलाइन से पानी का लीकेज तत्काल ठीक कराने और निमार्णाधीन दिव्यांग शौंचालय के कार्य को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होने विद्यालय में छात्रों एवं शिक्षकों की उपस्थिति रजिस्टर को देखा और छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए। यहां सभी शिक्षक उपस्थित मिले। उन्होने विद्यालय में सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अव्यक्त राम तिवारी व शिक्षक मौजूद रहे।

## धामपुर रेलवे स्टेशन का डीआरएम ने किया निरीक्षण



**बिजनौर।** उत्तर रेलवे मुरादाबाद के मंडल रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह ने धामपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने टीम के साथ अमृत भारत योजना के तहत बन रहे धामपुर के नए रेलवे स्टेशन के कार्यों का निरीक्षण किया। साथ ही संबंधित कंपनी को निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी दिए। मुरादाबाद डीआरएम राजकुमार सिंह गुरुवार की देर शाम अपनी टीम के साथ धामपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। जहां टीम में अलग-अलग विभागों के अधिकारी व तकनीकी स्टाफ शामिल रहे। डीआरएम राजकुमार सिंह ने रेलवे स्टेशन में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी ली और प्लेटफार्म, मुख्य गेट, नए बन रहे कार्यालयों आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन की पानी की निकासी, लाइटों के लिए बिछाई गई लाइन, खुदे हुए गड्ढों व अधूरे कामों को जल्द से जल्द तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मीडिया के सवालों जवाब भी दिया, स्टेशन के पूरा होने सवाल पर डीआरएम ने कहा कि सभी विभाग व पूरी तकनीकी टीमें निरंतर कार्य में लगी हुई हैं। आशा है कि तय समय सीमा में सभी काम पूरे कर लिए जाएंगे। उन्होंने सभी ठेकेदार व कर्मचारियों को आदेश दिया कि काम में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए और समय से काम पूरा होना चाहिए। वहीं ठेकेदार का कहना है कि संभवतः जून में काम पूरा कर लिया जाएगा। निरीक्षण टीम में सुशील कुमार, धनंजय सिंह, सचिन कुमार, रवि विक्रम सिंह, अक्षय कुमार, दिनेश कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

## बार संघ प्रांगण में 6 चेंबर बने, एक का भी पत्र नहीं

**बांदा।** बुंदेलखण्ड विकास निर्माण विधायक निधि से यूपीएसआईसी कानपुर जिला अधिवक्ता संघ प्रांगण में 7 चेंबर बनाने के लिए प्राक्कलन तैयार किया था। जिसमें 6 चेंबर तो बनकर तैयार हो गये हैं लकिन एक चेंबर का कुछ पता नही चल रहा है। इस मामले को लेकर जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष द्वारिकेश सिंह यादव और महासचिव मनोज निगम ने संयुक्त रूप से जिलाधिकारी को पत्र भेजकर शिकायत की है। संघ का कहना है कि अगर 7 चेंबर से 6 बनकर तैयार हो गये हैं तो सातवां चेंबर कहां है। यदि चेंबर नही बना है तो उसकी धनराशि कहां गयी। यदि धनराशि वापस हुई है तो इसकी जानकारी भी नही दी गयी है। संघ नेताओं ने आरोप लगाया कि अभी भी निर्माण कार्य चल रहा है लेकिन इसका उद्घाटन भी कर दिया गया है जबकि अब तक एक भी चेंबर अधिवक्ता संघ को नही सौंपे गये हैं। अधिवक्ता संघ ने इस मामले पर जिलाधिकारी जे0 रीभा से जांच कराकर कार्रवाई करने के साथ ही तैयार चेंबर अधिवक्ता संघ को सौंपने की मांग की है।

# काली पट्टी बांधकर माध्यमिक शिक्षकों ने किया अपनी मांगों के समर्थन में धरना - प्रदर्शन



**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट एवं हाईस्कूल की परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य प्रारंभ हो गया है। जनपद मुख्यालय के जीजीआईसी, डीएवी इंटर कॉलेज तथा राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य प्रारंभ हो गया।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय आव्हान पर शिक्षकों ने अपनी अनेक लंबित मांगों के पूरा न होने के कारण विरोध स्वरूप बाजू पर काली पट्टी बांधकर कार्य प्रारंभ किया। संगठन के जिलाध्यक्ष गय्यूर आसिफ एवं जिला मंत्री विनोद कुमार ने संयुक्त विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की पुरानी पेंशन बहाली, शिक्षक सेवा नियमावली की धारा 12, 18 तथा धारा 21 को बहाल करने के लिए सभी शिक्षकों को निशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान करने तथा ऐसी अनेक महत्वपूर्ण मांगों को लेकर संगठन लंबे समय से शासन से मांग कर रहा रहा है किंतु अनेक आश्वासन के बावजूद भी सरकार ने किसी समस्या पर कोई निर्णय अभी तक नहीं लिया है।

संगठन ने इस लिए विरोध स्वरूप पूरे प्रदेश में शिक्षकों से काली पट्टी बांधकर मूल्यांकन कार्य करने का आह्वान किया था। इसी क्रम में जनपद बिजनौर के भी तीनों मूल्यांकन केंद्रों पर बीते दिन माध्यमिक शिक्षकों ने बाजू पर काली पट्टी बांधकर अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाए। उसके बाद मूल्यांकन कार्य में सहयोग किया। तीनों केंद्रों पर प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों में रविन्द्र कुमार शर्मा, मयूर मलिक, ब्रजवीर सिंह, अनिल योगी, राजेंद्र सोलंकी, निर्दोष कुमार, सुधांशु कुमार वत्स, मनोज यादव, विनोद कुमार आदि शामिल रहे।

## कैडेट्स के साथ ट्रैफिक पुलिस ने चलाया अभियान

**ललितपुर।** क्षेत्राधिकारी यातायातकृष्ण कुमार मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा नेहरू महाविद्यालय के कैडेट्स के साथ आम जनमानस को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया साथ ही शहर के प्रमुख चैराहों पर ड्रिंक - ड्राइव, ब्लैक फिल्म, मोडिफाइड साइलेंसर, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट के खिलाफ अभियान चलाया गया।

आम जनमानस को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया यथा- दो पहिया वाहन पर चालक और पीछे बैठी सावरी अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाएं, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाएं, निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाना, नशे की हालत में वाहन न चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें।

## मारपीट का वीडियो बनाकर वायरल करने वाले इनामी बदमाश गिरफ्तार

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सदर-पाली के निकट पर्यवेक्षण में, जनपद में अपराध एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना नाराहट पुलिस द्वारा थाने पर पंजीकृत मु0अ0स0-40/25 धारा 119(1),191(2),352,351(3) बी0एन0एस0 के वाँछित व 25,000 रुपए के पुरस्कार घोषित अपराधी शक्ति राजा पुत्र भरत सिंह जूदेव उम्र करीब 21 वर्ष निवासी ग्राम कुलुवा थाना नाराहट जनपद ललितपुर हाल निवासी कमाबाई नगर थाना कोतवाली जनपद ललितपु, 15000 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्त आर्यन उर्फ मक्खन पुत्र मूरत सिंह उम्र करीब 21 वर्ष निवासी कस्बा व थाना नाराहट जनपद ललितपुर व अभियुक्त मंजेश झा पुत्र राजेश झा उम्र करीब 20 वर्ष निवासी कस्बा व थाना नाराहट जनपद ललितपुर को नेशनल हाईवे 44 के किनारे वाले अमझरा घाटी के जंगल बहद ग्राम गौना से शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों ने पूछतांछ करने पर बताया कि साहब हम लोगो का एक संगठित अन्तर्राज्जीय गिरोह है। हमारा 20-25 वर्ष की आयु के लड़को का एक ग्रुप है, जो बाइको से गैंग बनाकर चलते है। जब हम लोग अपने शौक पूरे करने के लिए किसी व्यक्ति से अवैध रूपयों की मांग करते हैं तो उसके द्वारा रुपए न देने पर, उसके साथ मारपीट करना, जबरजस्ती पैसे ले लेना और उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भय फैलाने के उद्देश्य से वायरल भी कर देते हैं। पकड़े गये सभी आरोपियों पर पूर्व में गम्भीर धाराओं में कई मुकदमे पंजीकृत हैं।

## बगेहटा में मिनी स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**बांदा।** प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी ने बबेरू क्षेत्र के बगेहटा गांव में निःशुल्क मिनी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। मुख्य अतिथि जिला कार्यक्रम प्रबंधक बृजेन्द्र कुमार व ग्राम प्रधान ने फीता काटकर मिनी स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़ का चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। आयुष्मान कार्ड बनवाने से वंचित रह गये लोगों का कार्ड भी बनाया गया। स्वास्थ्य शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, मलेरिया, बलगम, टीबी और एड्स की जांच कर लोगों को दवाओं का वितरण किया गया। मुख्य अतिथ बृजेन्द्र कुमार ने कहा कि एचआईवी एवं सिफलिश के बारे में विस्तार से जानकारी दी। यहां परीक्षण के दौरान सभी जांचें कराई जा रही हैं। उन्होने कहा कि स्वास्थ्य अच्छा तो सब कुछ अच्छा। डॉ विनोद कुमार ने टीबी के लक्षणों के बारे में बताया। उन्होने कहा कि निःशुल्क डॉट्स की जांच कराई जाती है और टीबी मरीजों को 500 रुपये भी दिए जाते हैं। डीआईएस दिशा मुन्ना लाल प्रजापति ने एचआईवी एवं एड्स के बारे में जानकारी दी। उन्होने कहा कि इससे संबंधित सभी जानकारी टोल फ्री नंबर 1097 में मिलेगी। कार्यक्रम में डॉ धर्मेन्द्र कुमार, टीआई संजय सिंह, राकेश कुमार, अबरार बेग, वर्षा गुप्ता, विष्णु सिंह और बबेरू की स्वास्थ्य टीम मौजूद रही।

## सुनीता की वापसी

अंतरिक्ष में नौ महीने 14 दिनों तक फंसे रहने के बाद सुनीता विलियम्स की सकुशल धरती पर वापसी से हरेक भारतीय गर्व से झूम उठा। सुनीता भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री हैं और इस कारण उनकी सकुशल वापसी के लिए पूरे देश में दुआएं की जा रही थीं। दरअसल भारत की बेटी कल्पना चावला के अंतरिक्ष से लौटते वक्त हुए हादसे के कारण सुनीता को लेकर भी चिंताएं देश में बहुत अधिक थीं। लंबे समय तक अंतरिक्ष में फंसे रहने के कारण उनके स्वास्थ्य और सकुशल वापसी के लंबे इंतजार के कारण जब वे धरती पर लौटीं तो देशवासियों के साथ ही हर एक विज्ञान प्रेमी की खुशियां भी दोगुनी हो गयीं। दरअसल उनकी वापसी का क्षण बेहद भावुक, खुशनुमा, उत्साहपूर्ण और अमेरिका व भारत के साथ ही पूरी दुनिया को गौरवान्वित करने वाला है। भारतीय मूल की बेटी अंतरिक्ष से सकुशल घर लौटी है। ब्रह्मांड की ऐसी दुनिया में रहकर और पल-पल संघर्ष कर लौटी है, जहां पानी, ऑक्सीजन से लेकर ताजा खाना तक नहीं था। अपने ही मूत्र और पसीने को रिसाइकल कर पानी पीना पड़ता है। खाना डिब्बाबंद था, जो अंतरिक्ष यात्री अपने साथ ले गए थे। ऐसी दुनिया में रहना सामान्य हो ही नहीं सकता है। सुनीता और उनके साथी अंतरिक्ष यात्रियों ने जिंदगी और



अपने शोधात्मक मिशन के लिए लंबी लड़ाई लड़ी। यह दरअसल अपनी जिंदगी को दांव पर लगाकर विश्व के कल्याण के लिए काम करने का अद्भुत उदाहरण होता है, जो अंतरिक्ष यात्री करते हैं। विज्ञान के शोध व्यक्तिगत नहीं होते हैं बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए होते हैं और इस कारण अंतरिक्ष यात्री संपूर्ण मानवता के लिए कार्य कर रहे होते हैं। ऐसे उनके किसी एक देश का नहीं बल्कि पूरी दुनिया का लगाव होता है। इन यात्रियों ने भविष्य के यात्रियों के लिए एक रास्ता और तरीका तैयार किया कि अंतरिक्ष में अपेक्षाकृत लंबा समय कैसे बिताया जा सकता है? शून्य गुरुत्वाकर्षण में सहज जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती, लेकिन उस दुनिया में भी भारत की बेटी 286 दिन रही, चहलकदमी का चुनौतीपूर्ण काम किया, अंतरिक्ष में तुलसी का पवित्र पौधा भी रोप दिया। महाकुंभ की तस्वीरें ली और इस तरह सुनीता ने भारत के प्रति अपना प्यार भी दिखाया। बेशक सुनीता का जन्म अमेरिका में हुआ, लेकिन उनके पिता दीपक पंड्या की पारिवारिक जड़ें भारत के गुजरात में मौजूद हैं, लिहाजा सुनीता के पैतृक गांव झूलासण (मेहसाणा जिला) में अखंड ज्योति भी बीते 9 माह से प्रज्वलित रही। बेटी के प्रत्येक शुभ और सकारात्मक पल के लिए प्रार्थनाएं की गयीं और अंततः आस्था एवं विश्वास भी जीते और अंतरिक्ष विज्ञान, प्रौद्योगिकी और मानव समाज के लिए सब कुछ न्यौछावर करने वाले अंतरिक्ष विज्ञानियों की भी यह बड़ी विजय है। सुनीता विलियम्स तीन बार अंतरिक्ष में जा चुकी हैं और कुल 609 दिन वहां वास कर चुकी हैं। उनसे आगे अमेरिका की ही पैगी विटसन हैं, जो 675 दिन अंतरिक्ष में रहीं। यह विश्व कीर्तिमान रूस के ओलेग कोनोनेन्को के नाम दर्ज है, जो पांच बार अंतरिक्ष-यात्रा कर चुके हैं और कुल 1110 दिन अंतरिक्ष में बिताए हैं। कुछ भी हो, ऐसे प्रयास अलौकिक और अति मानवीय लगते हैं। इस बार सुनीता ने जितना समय अंतरिक्ष में बिताया, उस दौरान उन्होंने करीब 4500 बार पृथ्वी की परिक्रमा की। उनकी गति 28,000 किलोमीटर प्रति घंटा रही और उस दौरान एक दिन में 16 सूर्योदय और 16 ही सूर्यास्त देखे। वहां एक दिन मात्र 19 मिनट का होता है। कितना रोमांचक और अद्भुत अनुभव रहा होगा! जब स्पेस एक्स के ड्रैगन कैप्सूल ने बुधवार, 19 मार्च की लगभग भोर में 3.27 बजे समंदर में लैंडिंग की, तो सोचिए कितनी दुआएं फलितार्थ हुई होंगी। वैज्ञानिक बनने के सपने पाल रहे कितने छात्रों-बच्चों के सपनों को पंख लगे होंगे। वैज्ञानिक समुदाय ने कैसी विजय भुजा का अनुभव किया होगा। भारत को तो भावुक और खुशी से पागल करने वाला क्षण था ही। अंतरिक्ष यात्रियों की सकुशल घर-वापसी ने एक नया इतिहास लिख दिया।

### विचार

आग से जलते हुए एक ही सूखे वृक्ष से सारा वन जिस प्रकार जलकर भस्म हो जाता है, उसी प्रकार एक कुपुत्र सारे कुल के लिए संताप और विनाश का कारण होता है।
-चाणक्य.

जो तुम सोचते हो वह हो जाओगे। यदि तुम खुद को कमजोर सोचते हो, तो कमजोर हो जाओगे। अगर तुम खुद को ताकतवर समझते हो तो ताकतवर हो जाओगे।
-स्वामी विवेकानंद.

सर्वोत्तम कीर्ति प्रतिद्वन्द्वी द्वारा की गयी प्रशंसा है।
-टॉमस मूर.

जिस प्रकार श्रम शरीर को शक्ति प्रदान करता है, उसी प्रकार कठिनाइयां मनुष्य को शक्ति सम्पन्न बनाती हैं।
-सेनेका.

वैरी वैर करता है और दूसरों के वैर का भागी होता है। इस प्रकार वैर से वैर आगे बढ़ता जाता है।
-महावीर.

# स्टारलिंक, सैटेलाइट इंटरनेट का युग!



शाहिद ए चौधरी

**यह सोचने की बात है कि जब स्टारलिंक के जरिये एक ही व्यक्ति मस्क का राज होगा तो ब्रॉडबैंड यूजर्स को सेवाएं सस्ते में मिलेंगी या महंगी मिलेंगी? हां, यह जरूर है कि जो क्षेत्र इंटरनेट से वंचित थे, वह भी ऑनलाइन हो जायेंगे। सरकार को चाहिए कि सुदूर गांवों में मुफ्त सामुदायिक कनेक्शन दे ताकि महंगे सैटेलाइट-इंटरनेट के बोझ को बर्दाश्त किया जा सके।**



हाल ही में वाशिंगटन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका की सैटेलाइट कंपनी स्टारलिंक के मालिक एलोन मस्क की मुलाकात हुई थी। इस मुलाकात को अभी एक माह भी नहीं हुआ है कि स्टारलिंक ने एक के बाद एक दो बड़े समझौते भारत की दो प्रमुख टेलिकॉम कम्पनियों से किये हैं। पहले सुनील भारती मित्तल की कंपनी एयरटेल ने 11 मार्च 2025 को घोषणा की कि वह भारत में स्टारलिंक की सैटेलाइट इंटरनेट सेवाओं को मार्किट करेगी व उसके नेटवर्क कवरेज की जरुरतों की पूर्ति करेगा। इसके अगले ही दिन मुकेश अम्बानी की रिलायंस जिओ ने भी स्टारलिंक के साथ ऐसा ही समझौता होने का ऐलान किया। दोनों जिओ व एयरटेल की नीतियों में यह बहुत जबरदस्त परिवर्तन है, क्योंकि वह अभी तक भारत में स्टारलिंक के प्रवेश का जमकर विरोध करती आ रही थीं, यह कहते हुए कि स्टारलिंक को एयरवेव्स बहुत सस्ते में मिल रहे हैं। इनके विरोध के चलते स्टारलिंक को भारत में कॉमर्शियल तौर पर कामकाज करने का लाइसेंस भी नहीं मिल रहा था, जिसकी प्रतीक्षा में मस्क की कंपनी 2022 से ही थी। लाइसेंस न देने के कारणों में राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताएं भी थीं, जिन पर अब संभवतः विराम लग गया है। शायद इसलिए भी क्योंकि स्टारलिंक की सेवाएं युद्ध के दौरान यूक्रेन के लिए बहुत महत्वपूर्ण साबित हुई हैं, दोनों सैन्य व नागरिक कम्युनिकेशन के मामले में। प्रधानमंत्री मोदी की वाशिंगटन यात्रा के बाद भारत के प्रमुख घरेलू टेलिकॉम खिलाड़ियों और स्टारलिंक के बीच दो समझौते होने से इतना तो स्पष्ट है कि यह करार भारत व अमेरिका की सरकारों की सहमति मिलने से ही हो पाए हैं। इसलिए अनुमान यह है कि स्टारलिंक को अपनी सेवाएं देने का लाइसेंस भी जल्द ही मिल जायेगा, जिसके बाद स्पेक्ट्रम व आवश्यक जमीनी इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण का सिलसिला आरंभ होगा। इसका अर्थ है कि स्टारलिंक की सेवाएं आरंभ होने में अभी समय लगेगा, जोकि अत्यधिक महंगी हो सकती हैं, वर्तमान में भारतीय टेलिकॉम ऑपरेटर्स के दामों की तुलना में, वैसे दाम तय होने अभी शेष हैं। अमेरिका में स्टैण्डर्ड स्टारलिंक सेवा 120 डॉलर प्रति माह में मिलती है यानी लगभग 10,500 रुपये में।

### एकाधिकार का खतरा

बहरहाल, स्टारलिंक स्पेस एक्स सैटेलाइट-आधारित इंटरनेट सेवा प्रोवाइडर है। इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए यह तकरीबन 7,000 लो अर्थ ऑर्बिट (लियो) का प्रयोग करता है। दिसम्बर 2024 तक स्टारलिंक 72 देशों में लगभग 5 मिलियन सब्सक्राइबर बेस के साथ मौजूद था। भारत में 945 मिलियन इंटरनेट सब्सक्राइबर्स हैं, जिनमें से अधिकतर वायरलेस हैं। इस लिहाज से देखा जाये तो यह अमेरिकी सैटेलाइट कंपनी भारत में धमाकेदार प्रवेश कर रही है और जब चुनौती देने वाले ही सहयोगी बन रहे हैं तो भारत के टेलिकॉम इकोसिस्टम पर मस्क का ही राज हो जायेगा। अनुमान यह है कि वोडा आइडिया भी स्पेसएक्स के साथ ऐसे ही समझौते की घोषणा करने जा रहा है। गौरतलब है कि पर्यटक व्यापारी मस्क ने भारत में टेस्ला के प्रवेश की अपनी योजना पर फिर से कोशिश करना शुरू कर दिया है। जहां तक नई दिल्ली की बात है तो यह स्टारलिंक के जरिये दो प्रमुख लाभ देख रही है। एक, सैटेलाइट कम्युनिकेशन्स की वजह से पूरे देश में 100 प्रतिशत मोबाइल कवरेज हो जायेगा और बाजार में एक नये ऑपरेटर का भी स्वागत होगा। दूसरा यह कि ट्रम्प प्रशासन में मस्क की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिससे कुछ अन्य समझौतों व अमेरिका से बेहतर रिश्तों की उम्मीद की जा सकती है। स्टारलिंक की ग्लोबल मोबाइल पर्सोनल कम्युनिकेशन बाई सैटेलाइट (जीएमपीसीएस) सेवा लाइसेंस की अर्जी लम्बे समय से भारत के टेलिकॉम विभाग व गृह मंत्रालय के पास मंजूरी के लिए लम्बित पड़ी हुई थी, जिसके अब जल्द क्लियर होने का अनुमान है। जीएमपीसीएस मिलने के बाद भी स्टारलिंक को कुछ अन्य मंजूरियों के साथ ही स्पेस विभाग से भी मंजूरी लेनी होगी और तभी वह अपना ऑपरेशन आरंभ करने के लिए ऑर्डर्स व कार्य ले सकेगी। उसे भारत में लैंडिंग स्टेशन भी स्थापित करने होंगे और सरकार को यह यकीन दिलाना होगा कि वह भारतीयों का डाटा ट्रांसफर नहीं करेगी व कानून लागू करने वाली एजेंसीज के आग्रहों का पालन करेगी। यह अच्छी खबर है कि सैटेलाइट-आधारित इंटरनेट सेवाएं भारत में भी आ रही हैं, लेकिन साथ ही जरुरत इस बात की भी है कि डिजिटल विभाजन को जल्द से जल्द समाप्त किया जाये। भारत जैसे विशाल देश में तार वाले ब्रॉडबैंड की स्पष्ट सीमाएं हैं और सरकार का नवीनतम डाटा सब्सक्राइबर्स की संख्या मात्र 41 मिलियन दिखा रहा है।

हालांकि मोबाइल इंटरनेट 903 मिलियन लोगों तक पहुंचता है, लेकिन दूरदराज की बस्तियों तक 4जी या 5जी टावर्स को पहुंचाना आर्थिक दृष्टि से कठिन है। चूंकि सैटेलाइट पर्याप्त हैं इसलिए, सैटेलाइट इंटरनेट पृथ्वी के हर कोने को स्पर्श कर सकता है और स्टारलिंक में यह क्षमता है। अंतिम गिनती में उसके पास 7,000 से अधिक वर्किंग सैटेलाइट थे और उसकी योजना 42,000 का विशाल तारामंडल बनाने की है। कोई दूसरी कंपनी इसके आस पास भी नहीं आती है, विशेषकर इसलिए क्योंकि मस्क के पास अपने स्पेसएक्स रॉकेट्स से बहुत ही सस्ते में सैटेलाइट लांच करने की क्षमता भी है। जिस तेज रफ्तार से स्टारलिंक ने तीन साल पहले युद्ध के शुरू होते ही यूक्रेन की फौज को कनेक्ट किया था वह उसकी प्रभावकारिता का प्रमाण है।

दिलचस्प है कि स्टारलिंक भारत में पहली सैटेलाइट आधारित इंटरनेट सेवा नहीं है। पिछले साल अक्टूबर में सरकारी बीएसएनएल ने अपनी सैटेलाइट-टू-डिवाइस सेवा की घोषणा की थी। लेकिन स्टारलिंक दूसरे स्थान पर इसलिए नहीं आया कि उसने कोशिश नहीं की थी। नवम्बर 2021 में उसने सब्सक्राइबर्स की एडवांस बुकिंग इस उम्मीद में शुरू कर दी थी कि उसे आवश्यक मंजूरी मिल जायेगी। वह योजना सफल न हो सकी। भारत की टेलिकॉम कम्पनियों ने दृढ़ता के साथ उसके प्रवेश का विरोध किया, यह कहते हुए, कि उन्होंने बहुत महंगा स्पेक्ट्रम खरीदा है और सेलुलर इन्फ्रास्ट्रक्चर में भी बहुत अधिक निवेश किया है, स्टारलिंक के आने से उन्हें भारी नुकसान हो जायेगा। अक्टूबर 2024 तक भारतीय कम्पनियां इस बात पर जोर दे रही थीं कि भारत में लांच करने के लिए स्टारलिंक स्पेक्ट्रम नीलामी में हिस्सा ले। लेकिन सैटेलाइट स्पेक्ट्रम के लिए इंटरनेशनल टेलिकम्युनिकेशन यूनियन के नियम बाधा थे। भारतीय कम्पनियों को पांच माह के भीतर ही अक्ल आ गई कि लड़ने से कोई लाभ नहीं है और वह स्टारलिंक का विरोध करने की बजाय उससे ही हाथ मिला बैठीं। एयरटेल व जिओ से समझौते का अर्थ है कि स्टारलिंक भारत में प्रतिद्वंदी के रूप में प्रवेश नहीं करेगी और जिओ भी पहले जैसा टैरिफ युद्ध आरंभ नहीं करेगी। लेकिन यह सोचने की बात है कि जब स्टारलिंक के जरिये एक ही व्यक्ति मस्क का राज होगा तो ब्रॉडबैंड यूजर्स को सेवाएं सस्ते में मिलेंगी या महंगी मिलेंगी? हां, यह जरूर है कि जो क्षेत्र इंटरनेट से वंचित थे, वह भी ऑनलाइन हो जायेंगे। सरकार को चाहिए कि सुदूर गांवों में गरीब लोगों को सब्सिडी दे या मुफ्त सामुदायिक कनेक्शन दे ताकि महंगे सैटेलाइट-इंटरनेट के बोझ को बर्दाश्त किया जा सके।

### सोशल मीडिया



नक्सल मुक्त अभियान की दिशा में आज हमारे जवानों ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर व कांकेर में सुरक्षा बलों के आपरेशन में 22 नक्सली मारे गये।
अमित शाह.

## भारत भूमि का गौरव

एक समय भारत की कला संस्कृति और सभ्यता दुनिया में सबसे अधिक सम्पन्न और चमकदार थी। लेकिन विदेशी आक्रांताओं ने हमारी संस्कृति पर बहुत हमले किये। स्वर्ण जैसी भारत भूमि की सारी विशेषताओं का अपहरण कर लिया। पतन और पराभव ही रह गया, अब हम दानी नहीं याचक बनकर रह गये। शासन अर्थ, शिक्षा, विज्ञान आदि भौतिक क्षेत्रों में ही नहीं सांस्कृतिक दृष्टि से भी भरतवर्ष आयातक भर है। निर्यातक बनने की स्थिति तो अभी तक नहीं बन पायी। इस दृष्टि से ईसाई मिशन निर्यातक होने का गौरव प्राप्त करते हैं। इस देश के साधु बाबा, धर्म प्रचारक और दूसरे लोग कभी विदेश जाते हैं तो लालच की आंखें और याचना की झोली भर लेकर बाहर पहुंचते हैं। बहाने बनाने के हजार रास्ते हैं। मांगने के लिए भी अनेक सच्चे-झूठे कारण एवं पाखण्ड खड़े किये जा सकते हैं। दृष्टि तो वही रही जिसके कारण उनके प्रति जनसाधारण की श्रद्धा घटती और प्रभावोत्पादक सामर्थ्य मिटती है। यहां चर्चा समर्थ देशों से राजनीतिक वैज्ञानिक आर्थिक याचना के होते रहने वाले प्रवाहों की नहीं हो रही वह दूसरे लोगों के सोचने की बात है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक एवं राजनीतिक सामंजस्य एवं संतुलन के निर्धारण का दायित्व एक वर्ग विशेष पर है। इन पंक्तियों में उस सांस्कृतिक दरिद्रता का उहापोह चल रहा है जिसके कारण पूर्वजों की भांति भारत भूमि के देव पुत्र विश्व मानक को वह भी नहीं दे पाते जिसकी उनसे अपेक्षा की जाती है। जबकि इस गई गुजरी स्थिति में भी दे सकने के योग्य उनके पास बहुत कुछ है। सर्वविदित है कि भौतिकवादी दृष्टिकोण और सम्पन्नता के दुरुपयोग ने नैतिक मूल्यों का बुरी तरह ह्रास किया है। फलतः पारस्परिक स्नेह सहयोग में भारी कमी आयी है। स्वार्थपरता और निष्ठुरता बढ़ने से सारा प्रचलन ही उलट गया है और विषाक्त वातावरण ने जनजीवन को अनिश्चित, अशान्त और आतंकित करके रख दिया है। इन दिनों समृद्धि तो निश्चित रूप से बढ़ी है पर साथ ही यह भी स्पष्ट है कि पूर्वजों को स्वल्प साधन वाली स्थिति की तुलना में वह अत्यंत तुच्छ और कष्ट कारक बनकर रह रही है। इस व्यापक विपन्नता को दूर करने के लिए भारत अभी भी इस स्थिति में है कि पूर्वजों के प्रतिपादनों और निर्धारणों से अवगत कराते हुए, विश्व मानस को यह सुझाये कि विनाश के कगार पर खड़ी सभ्यता को पीछे लौटने और शान्ति पूर्वक जीने का क्या तरीका हो सकता है। निःसंदेह भारत बहुत कुछ खो चुका है। उसके पास जो बचा है, अस्त-व्यस्त और नष्ट भ्रष्ट है फिर भी उसके कुछ टुकड़े ऐसे हैं जिन्हें अभी भी डूबते को तिनके के सहारे प्रयुक्त किया जा सकता है।

अंतर्दृष्टि

# बड़े संकट का संकेत है घटता पेयजल

अरविन्द जयतिलक



विश्व जल दिवस पर विशेष

भारत में जल का वितरण सर्वत्र एक समान नहीं है। कुछ क्षेत्रों में यह प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है तो अन्य क्षेत्रों में इसकी कमी है। आज जरुरत इस बात की है कि जल संबंधी ऐसी वितरण व्यवस्था हो ताकि जल हानि न हो और जल प्रदूषित होने से भी बच जाए। इसे बचाने की कोशिश नहीं हुई तो मानव जीवन का संकट में पड़ना तय है। ध्यान देना होगा कि भूजल आपूर्ति का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। इसका उचित संरक्षण और उपयोग बेहद आवश्यक है। भारत के जल संसाधन पर नजर दौड़ाएं तो भारत में विश्व के जल संसाधनों का 4 प्रतिशत भाग पाया जाता है। इसका लगभग एक तिहाई भाग वाष्पीकृत हो जाता है। तथा 45 प्रतिशत भाग ढाल के अनुरूप बहकर तालाबों, झीलों और नदियों में चला जाता है। वर्षा से जल की जो थोड़ी-सी मात्रा यानी तकरीबन 22 प्रतिशत मृदा में प्रवेश कर भूमिगत हो जाती है उसे भौम जल या भू-जल कहा जाता है। भारतीय उपमहाद्वीप में भूजल का व्यवहार अत्यधिक जटिल है। जीईसी 1997 के दिशा निर्देशों एवं संस्तुतियों के आधार पर देश में स्वच्छ जल के लिए भूजल संसाधनों का आकलन किया गया जिसके मुताबिक देश में कुल वार्षिक पुनः पूरणयोग्य भूजल संसाधनों का मान 433 घन किमी है। प्राकृतिक निस्सरण के लिए 34 बीसीएम जल स्वीकार करते हुए नेट वार्षिक भूजल उपलब्धता का मान संपूर्ण देश के लिए 399 बीसीएम है। वार्षिक भूजल का मान 231 बीसीएम है जिसमें सिंचाई उपयोग के लिए 213 बीसीएम तथा घरेलू एवं औद्योगिक उपयोग के लिए जल का मान 18 बीसीएम है।




धरातलीय जल तथा पुनर्भरण योग्य भूमिगत जल से 1,869 घन किमी जल उपलब्ध है और इनमें से केवल 60 प्रतिशत यानी 1,121 घन किमी जल का लाभदायक उपयोग किया जाता है। भूजल पीने के पानी के अलावा पृथ्वी में नमी बनाए रखने में भी मददगार साबित होता है। पृथ्वी पर उगने वाली वनस्पति तथा फसलों का पोषण भी इसी जल से होता है। यहां यह भी जानना जरुरी है कि अन्य देशों की तुलना में भारत में सालाना मीठे व स्वच्छ पानी की खपत अधिक होती है। विश्व बैंक के विगत चार साल के आंकड़ों के अनुसार घरेलू, कृषि एवं औद्योगिक उपयोग के लिए प्रतिवर्ष 761 बिलियन घन मीटर जल का इस्तेमाल होता है। विडंबना यह है कि भूजल के स्तर में लगातार गिरावट भी हो रही है। भौगोलिक परिदृश्य पर नजर दौड़ाएं तो भारत के पठारी भाग भूजल की उपलब्धता के मामले में कमजोर हैं। यहां भूजल कुछ खास भूगर्भिक संरचनाओं में पाया जाता है जैसे भ्रंश घाटियों और दरारों के सहारे। वहीं दूसरी ओर उत्तरी भारत के जलोढ़ मैदान हमेशा से भूजल में संपन्न रहे हैं। लेकिन अब उत्तरी व पश्चिमी भागों में भूजल के तेजी से दोहन से अभूतपूर्व कमी देखने को मिल रही है। गिरता भूजल सिर्फ महाराष्ट्र के मराठवाड़ा, उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड या बिहार के सीतामढ़ी तक ही सीमित नहीं है। पंजाब व हरियाणा जैसे राज्यों में भूजल स्तर 70 प्रतिशत तक नीचे पहुंच चुका है। आंकड़ों के मुताबिक वर्तमान समय में भारत के 29 प्रतिशत विकास खंड भूजल के दयनीय स्तर पर हैं। ऐसा माना जा रहा है कि 2025 के अंत तक लगभग 60 प्रतिशत विकास खंड चिंतनीय स्थिति में आ जाएंगे। हालांकि देश में जल संरक्षण तथा प्रबंधन कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए समय-समय पर अनेक उपाय किए गए हैं। मसलन 1945 में केंद्रीय जल आयोग का गठन किया गया जो राज्यों के सहयोग से देश भर में जल संसाधनों के विकास, नियंत्रण, संरक्षण तथा समन्वय को आगे बढ़ाता है। 1970 में केंद्रीय भू-जल बोर्ड का गठन किया गया। बोर्ड का मुख्य कार्य भू-जल संसाधनों के प्रबंधन, स्थायी एवं वैज्ञानिक विकास के लिए प्रौद्योगिकियों को विकसित करना तथा राष्ट्रीय नीति की निगरानी में उन्हें वितरित करना है। इसी तरह 1980 में राष्ट्रीय जल बोर्ड तथा 2006 में भू-जल के कृत्रिम पुनर्भरण के लिए सलाहकार परिषद का गठन किया गया। 2012 में राष्ट्रीय जल नीति तैयार किया गया जिसके तहत सुनिश्चित किया गया कि जल की उपलब्धता बढ़ाने के लिए वर्षा का प्रत्यक्ष उपयोग एवं अपरिहार्य वाष्पोत्सर्जन को कम करने का प्रयास होगा।

देश में भूजल संसाधन की मात्रा एवं गुणवत्ता की स्थिति का पता लगाया जाएगा। जलवायु परिवर्तन के अनुरूप जल संसाधनों के संरक्षण तथा अनुरूप प्रौद्योगिकी विकल्प को आजमाया जाएगा। औद्योगिक परियोजनाओं के लिए जल उपयोग हेतु परियोजना मूल्यांकन एवं पर्यावरणीय अध्ययन का विश्लेषण किया जाएगा। लेकिन सच तो यह है कि इन प्रयासों के बावजूद भी भारत में जल संरक्षण एवं प्रबंधन हेतु व्यापक स्तर पर संचालित कार्यक्रम परिणाम की दृष्टि से प्रभावी साबित नहीं हुए है। भूजल के उपयोग को नियंत्रित करने के लिए एक स्पष्ट प्रभावी कानूनी ढांचे का अभाव बना हुए है। नतीजा भूजल न सिर्फ बुरी तरह प्रदूषित हो रहा है बल्कि उसके स्तर में भी भारी गिरावट आ रही है। हैरान करने वाला यह कि इस गहराते संकट का असर दिखने के बाद भी इसके बचाव के लिए कोई कारगर पहल नहीं हो रही है। नतीजा हर वर्ष अरबों घन मीटर भूजल दूषित हो रहा है। यह समझना होगा कि भारत सालाना जल की उपलब्धता के मामले में चीन, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों से बहुत पीछे है। ऐसे में अगर दूषित व गिरते भूजल को बचाने का समुचित उपाय नहीं किया गया तो हालात खतरनाक स्तर तक पहुंच सकते है। याद होगा अभी गत वर्ष पहले ही सर्वोच्च अदालत ने नदियों में बढ़ते प्रदूषण और उससे लोगों की सेहत पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को लेकर कड़ा रुख अख्तियार किया। सुप्रीम कोर्ट ने दो टूक कहा कि साफ पर्यावरण और प्रदूषण रहित जल व्यक्ति का मौलिक अधिकार है और इसे उपलब्ध कराना कल्याणकारी राज्य का संवैधानिक उत्तरदायित्व है। कोर्ट ने यह भी कहा कि संविधान का अनुच्छेद-21 जीवन का अधिकार देता है और इस अधिकार में गरिमा के साथ जीवन जीने और प्रदूषण रहित जल का अधिकार शामिल है। सर्वोच्च अदालत ने यह भी कहा कि संविधान के अनुच्छेद 47 और 48 में जन स्वास्थ्य ठीक करना और पर्यावरण संरक्षित करना राज्यों का दायित्व है। साथ ही प्रत्येक नागरिक का भी कर्तव्य है कि प्रकृति जैसे वन, नदी, झील और जंगली जानवरों का संरक्षण व रक्षा करे। याद होगा गत वर्ष पहले भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने जारी अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया कि दिल्ली के पेयजल की गुणवत्ता कम हुई है जिससे जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। इस रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली के पेयजल के नमूने 19 मानदंडों में से किसी पर खरे नहीं पाए गए थे। कमोबेश ऐसी ही स्थिति देश के तकरीबन सभी राज्यों की है।

उचित होगा कि सरकार दूषित और गिरते भूजल स्तर की समस्या से निपटने के लिए दीर्घकालीन उपायों के साथ ही कुओं व तालाबों के संरक्षण, सिंचाई के स्रोतों के विकास और जल स्रोतों के पुनर्जीवन के बारे में जल मित्रों के जरिए जनभागीदारी के साथ जागरुकता फैलाने के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों को गति दे। घटते भूजल संसाधनों के संवर्धन के लिए समुद्र में प्रवाहित होने वाले अतिरिक्त वर्षा अपवाह का संरक्षण करे और फिर उसकी सहायता से पुनः पूरण द्वारा भूजल संसाधनों में वृद्धि करे। जलाशयों के जल का समय-समय पर परीक्षण करा नियमित सफाई सुनिश्चित करे। जनसाधारण में जल प्रदूषण के प्रति जागरुकता फैलाए। तटवर्ती भागों में समुद्री जल का निर्लवणीकरण करके जल का विभिन्न कार्यों में प्रयोग करे। राष्ट्रीय स्तर पर दूषित भूजल की रोकथाम के लिए योजना बनाकर उसका प्रभावी क्रियान्वयन करने की भी जरुरत है। यह समझना होगा कि भूजल समस्त वनस्पतियों, पशुओं तथा मानव जीवन का आधार है। उसे प्रदूषण से बचाने के लिए व्यवहारिक पहल की आवश्यकता है। सिर्फ कागजों पर योजनाओं को उकेरने मात्र से नतीजे अनुकूल नहीं होंगे।

## आप की बात

### कोचिंग पर जरूरी है लगाम

शिक्षा राष्ट्र निर्माण का सबसे बेहतरीन माध्यम है लेकिन अगर शिक्षा देने का तौर-तरीका ठीक नहीं होता है, तो इससे संपूर्ण देश का भविष्य भी प्रभावित होता है। इसलिए अदालती टिप्पणियों, सरकारी बयानबाजी और प्रशासनिक कार्रवाई की सिफारिशों से मामला सुलझने वाला नहीं है। देश में विशेषकर जेईई, नीट और अन्य बड़ी प्रवेश परीक्षाओं से जुड़े कोचिंग को हतोत्साहित करने, कोचिंग की जरूरत खत्म करने जैसी बयानबाजियां दशकों से चल रही हैं। इस बीच कोचिंग उद्योग अब कारपोरेट आकार ले चुका है और सरकार को इसमें मोटा टैक्स भी मिलता है। क्योंकि इन संगठित आकार के कोचिंग उद्योग पर सरकार 18 प्रतिशत की दर से भारी भरकम जीएसटी भी लगाती है। इस तरह कोई छात्र कोचिंग करके अपनी शिक्षा निखारने में मदद पाता है या नहीं यह सब उसके हाल पर छोड़ दिया जाता है और सीधे सीधे सरकार और कोचिंग संस्थाएं मुनाफा काटती हैं। मुनाफे के इस खेल में जब सरकार भी शामिल हो गयी है, तो गैर जरूरी बयान बाजी का कोई तुक नहीं। ऐसा लगता है कि कोचिंग के खिलाफ गैर जरूरी बयानबाजी करने के अलावा सरकार के पास कोई ठोस विकल्प नहीं है। दरअसल कोचिंग कोई गलत चीज नहीं है। अगर छात्र स्कूल की शिक्षा से अपने पाठ्य विषय की अच्छी से तैयारी नहीं कर पा रहा है, तो उसे कोचिंग के जरिए मदद लेनी चाहिए इसमें कोई हर्ज नहीं है। यहां समस्या यह है कि स्कूल की पढ़ाई को ठेंगा दिखा कर सिर्फ कोचिंग के सहारे परीक्षा और प्रतियोगिता को पास करने का जुगाड़ किया जाने लगा है। यहीं से डमी स्कूल का कान्सेप्ट उभरा है।

शिव प्रकाश सिंह, लखनऊ.

### सुरक्षा का हो अहसास

कानून व्यवस्था और आम आदमी को सुरक्षा का अहसास करना एक जटिल चुनौती बनती जा रही है। पूरे देश में अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं। साल दर साल हत्या, डकैती, बलात्कार की घटनाओं के आंकड़े बढ़ते जा रहे हैं लेकिन दुर्भाग्य से कानून व्यवस्था कभी भी सरकारों के एजेंडे में नहीं रही। राजनीतिक दल लंबे चौड़े वायदे करते हैं लेकिन अगर वे कानून का राज ही कायम कर दें तो उनको ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं होगी। पुलिस भी अब अपने उद्देश्यों में भटक गयी है। पुलिस ने अपराध रोकने के लिए जिस रणनीति पर काम किया वह पूरी तरह फ्लॉप हो गयी है, उससे सरकार की काफी किरकिरी भी हुई है। दरअसल कानून व्यवस्था बेहतर हो इसके लिए सुरक्षा का अहसास जरूरी है।

सत्येन्द्र त्रिवेदी, लखनऊ.

संक्षेप

## सह फसली खेती में किसान ने उगाये लाखों के टमाटर

**कुशीनगर**। उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच गोरखपुर द्वारा आयोजित कृषक प्रशिक्षण गोष्ठियों में गन्ने के साथ आलू, लहसुन, गोभी, टमाटर, प्याज, सरसों, मटर आदि का फोटो ग्राफ दिखाकर सहफसली खेती से लाभ की जानकारी ओमप्रकाश गुप्ता द्वारा दिया जा रहा है। किसानों द्वारा सह फसली खेती अपनाकर लाखों का लाभ कमाया जा रहा है।शुक्रवार को सुकरौली विकास खण्ड के ग्राम गानेशपुर में वसंतकालीन गन्ना बुवाई गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके बाद प्रगतिशील गन्ना किसान मैनेजर सिंह के खेत पर जाकर गन्ने के साथ टमाटर की सहफसली खेती व गन्ना नर्सरी का अवलोकन किसान के खेत पर मिलिए कार्यक्रम के तहत पूर्व सहायक निर्देशक ओमप्रकाश गुप्ता औरबकिशनों ने व किसान की सहफसली की कहानी सुनिए उनकी जुबानी सुनी। किसान ने बताया कि 20 जनवरी को एक बिगहा टमाटर की रोपाई की गई।

# अयोध्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ बन रही आजीविका का भी आधारः सीएम



जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या**। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि आस्था की वजह से अयोध्या में देश और दुनिया से उमड़ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ आजीविका का भी आधार बन रही है।

अयोध्या दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां शीतल पेय बॉटलिंग संयंत्र की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश और दुनिया से आने वाले श्रद्धालु अयोध्या को देखने के लिए उत्सुक हैं। आज भी यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। यह केवल आस्था नहीं है, यह आजीविका का भी आधार बन रही है।

उन्होंने कहा कि यह विरासत विकास का आधार बन रही है। यह संस्कृति का संवर्धन हमारी समृद्धि का आधार बन रहा है। महाकुंभ प्रयागराज ने आपके सामने उसकी एक झलक दिखाई है और इस सामर्थ्य को हमें और अधिक सुविधाओं से युक्त कर नए-नए रोजगार के सृजन की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। एक विज्ञप्ति के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने बॉटलिंग संयंत्र का निरीक्षण किया, मशीन के समक्ष आरती की और फैक्ट्री परिसर में एक पौधा लगाया।

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने जिले में बेहतर कनेक्टिविटी के लिये महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, चार लेन की सड़कों, सरयू और बलिया नदियों के माध्यम से हल्दिया तक जलमार्ग का उल्लेख किया।

## राम मंदिर के लिए सत्ता भी गंवानी पड़े तो कोई समस्या नही : योगी

**अयोध्या**। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि राम मंदिर के लिए अगर सत्ता भी गंवानी पड़े तो कोई समस्या नहीं है। योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अयोध्या में साहित्य महोत्सव की शुरुआत करने के बाद अपने संबोधन में उक्त बात कही। उन्होंने 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद अयोध्या के विकास और राम मंदिर के प्रति अपनी आस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी तीन पीढ़ियां (गोरक्षपीठ के दिवंगत महंत दिग्विजय नाथ, ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ, स्वयं योगी आदित्यनाथ) राम जन्मभूमि आंदोलन के लिए समर्पित थीं। मुझे कोई समस्या नहीं थी, लेकिन नौकरशाही में एक बड़ा वर्ग ऐसा था जो कहता था कि अयोध्या जाने में भी विवाद खड़ा होगा। मैंने कहा कि विवाद खड़ा होता है तो हो लेकिन अयोध्या के बारे में भी सोचने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एक वर्ग ऐसा था जिसने कहा कि आप जाएंगे तो फिर राम मंदिर की बात होगी। मैंने कहा कि कौन हम सत्ता के लिए आए हैं। राम मंदिर के लिए अगर सत्ता भी गंवानी पड़े तो कोई समस्या नहीं है। मुख्यमंत्री ने इसके बाद अयोध्या में दीपोत्सव का उल्लेख किया, जिसकी शुरुआत वर्ष 2018 में हुई थी और तब से यह आयोजन लगातार प्रतिवर्ष हो रहा है। राम मंदिर आंदोलन की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि अयोध्या को वह सम्मान मिलना चाहिए, जिसकी वह सदियों से हकदार रही है। उन्होंने कहा कि 2017 में जब अयोध्या में दीपोत्सव मनाने की योजना बनाई गई, तब कुछ लोगों ने इसे लेकर सवाल उठाए, लेकिन आज लाखों करोड़ों श्रद्धालु दीपोत्सव में शामिल होते हैं।

## इंटीग्रेशन के बाद 1 अप्रैल से शुरू होगी शराब की बिक्री और प्राप्ति



**बाराबंकी**। जनपद में वर्ष 2024-25 के देशी शराब, विदेशी मदिरा एवं बीयर की फुटकर बिक्री की दुकानों तथा माडलशॉप्स के अनुज्ञपियों को अपनी आवंटित दुकान पर बिक्री हेतु लगाए गई पीएसओ मशीन को आगामी 31 मार्च की समाप्ति के साथ ही मशीन को सर्किलों के आबकारी निरीक्षकों व सेवा प्रदाता कंपनी ओएसिस के अधिकृत प्रतिनिधियों के माध्यम से जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय में जमा करना होगा। आबकारी आयुक्त द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देश की जानकारी देते हुए जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर ने बताया कि अतिरिक्त वर्ष 2025-26 हेतु जनपद के देशी शराब, कम्पोजिट दुकान एवं माडलशाप के नवचयनित अनुज्ञापियों को कार्यालय से पीएसओ मशीनें अपने पक्ष में आवंटित कराकर सेवा प्रदाता कम्पनी (ओएसिस) द्वारा अधिकृत किये गये प्रतिनिधि के सहयोग से इनका आईईएससीएमएस पोर्टल से इंटीग्रेशन कराना होगा। जिसके बाद दिनांक 1 अप्रैल से मदिरा की प्राप्ति एवं बिक्री किया जा सकता है।

## गेहूं खरीद ट्रेनिंग कार्यशाला का आयोजन आज

**बहराइच** ।जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि विपणन वर्ष 2025-26 अन्तर्गत गेहूं खरीद योजना हेतु समयबद्ध रूप से आवश्यक कार्यवाही/व्यवस्था-प्रबन्ध पूर्ण किये जाने के उद्देश्य से 22 मार्च 2025 को अपरान्ह 05:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में गेहूँ खरीद ट्रेनिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया है। डीएम मोनिका रानी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय कार्यशाला में प्रतिभाग करने के निर्देश दिये हैं।

## जिला स्तरीय जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता कल

**बहराइच** । पं. दीन दयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत खेल निदेशालय के तत्वाधान मे जिला खेल कार्यालय, बहराइच इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम, बहराइच में 23 मार्च 2025 को जिला स्तरीय जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए क्रीड़ा अधिकारी आनन्द कुमार श्रीवास्तव ने जिले के शिक्षण संस्थाओं से आयु प्रमाण पत्र के साथ विद्यालय की टीम भेजने की अपेक्षा की है। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए उप क्रीड़ाधिकारी अभिषेक कुमार के मो.न. 9336620993 अथवा कनिष्ठ सहायक विकास यादव के मो.न. 7388731668 पर सम्पर्क कर सकते है।

## सीएम योगी ने अयोध्या में हनुमानगढ़ी और राम मंदिर में किए दर्शन-पूजन



**अयोध्या**। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अयोध्या में हनुमानगढ़ी और भगवान श्री राम लला का भव्य दर्शन और पूजन किया। इसके पहले उन्होंने बलरामपुर में चैत्र नवरात्र मेले की तैयारियों का जायजा लिया तथा देवी शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी मंदिर में दर्शन-पूजन किया। मुख्यमंत्री शुक्रवार को अयोध्या दौरे पर पहुंचे और उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हनुमानगढ़ी तथा राम मंदिर में विधिवत दर्शन-पूजन किया। उन्होंने देवों से लोक कल्याण की कामना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि के लिए भगवान से प्रार्थना की।राम मंदिर में पुजारियों ने योगी आदित्यनाथ को तिलक लगाकर एवं अंगवस्त्र प्रदान कर उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्था संबंधी आवश्यक दिशानिर्देश भी दिये।एक आधिकारिक बयान के अनुसार इसके पहले गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर बृहस्पतिवार को बलरामपुर पहुंचे थे, जहां उन्होंने चैत्र नवरात्रि मेले की तैयारियों का जायजा लिया।योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार प्रातः तुलसीपुर (बलरामपुर) में देवी शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी मंदिर में दर्शन, पूजन-अर्चन किए। मुख्यमंत्री ने मां से सुखी उत्तर प्रदेश की कामना की।इसके बाद मुख्यमंत्री गोशाला गए, जहां उन्होंने गायों को गुड़ खिलाया। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान मंदिर के महंत मिथिलेश नाथ योगी, कालीबाड़ी मंदिर गोरखपुर के महंत रवींद्र दास जी आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री के हाथों जनपद के 540 लाभार्थियों को मिले रू. 2124 लाख के ऋण स्वीकृति पत्र



जिला संवाददाता(vol)

**बहराइच** । वृहस्पतिवार को स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय गोंडा परिसर में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजनान्तर्गत आयोजित मंडल स्तरीय वृहद ऋण वितरण कैंप का मा. मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी ने मा. मंत्री सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग श्री राकेश सचान व अन्य जनप्रतिनिधियों के फीता काटकर शुभारम्भ किया। मण्डल स्तरीय वृहद ऋण वितरण शिविर के दौरान मा. मुख्यमंत्री ने देवीपाटन मण्डल के लगभग 2127 लाभार्थियों को रू 8201.00 लाख के ऋण स्वीकृत पत्र एवं 1333 लाभार्थियों को रू. 5191.00 लाख के ऋण का वितरण किया गया।

यह जानकारी देते हुए उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा ने बताया कि मण्डल स्तरीय वृहद ऋण वितरण शिविर में जनपद बहराइच की बात की जाये तो मा. मुख्यमंत्री के हाथों 540 लाभार्थियों को रू. 2124.00 लाख के ऋण स्वीकृति पत्र तथा 366 लाभार्थियों को रू. 1406.00 लाख ऋण का वितरण किया गया। श्री वर्मा ने बताया कि मण्डल स्तरीय वृहद ऋण वितरण शिविर में जनपद बहराइच द्वारा ओडीओपी, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान अन्तर्गत हल्दी प्रोसेसिंग इकाई तथा जनजातीय हस्तशिल्प पर आधारित प्रदर्शनी स्टाल लगाये गये। जिसका मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा अवलोकन भी किया गया।श्री वर्मा ने बताया कि मण्डल स्तरीय वृहद ऋण वितरण शिविर में जनपद की ओर से जिला विकास अधिकारी राजकुमार, उपायुक्त स्वत रोजगार दीपक कुमार सिंह, उपनिदेशक कृषि शिशिर कुमार वर्मा, के प्रबन्धकों सहित जिले के लगभग 150 लाभार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का की हुई शुरुआत

अयोध्या। का.सुत्र साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी 6 इकाइयों का सत्र 2024- 25 हेतु सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन की, शुरूआत गणपत सहाय सरस्वती विद्या मंदिर रानोपाली में शुरू हुआ। शिवर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दानपति तिवारी ,मुख्य नियंता प्रो अशोक कुमार मिश्र, छात्र कल्याण अधिकारी डॉ रवि चैरसिया डा सन्तोष कुमार द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य जी द्वारा विशेष शिविर के बारे में स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया गया तथा छै द्वारा किस प्रकार अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकते हैं,इस पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। प्रो अशोक कुमार मिश्रा एवं पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर मिर्जा साहब शाह द्वारा भी स्वयंसेवकों को सात दिवसीय विशेष शिविर के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। उद्घाटन सत्र में रसायन ॅ मेडिटेशन द्वारा किस प्रकार अपने मन मस्तिष्क को संतुलित कर अपने उद्देश्य एवं लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

## नवागत एसडीएम से जन व्यापारी उद्योग व्यापार मण्डल पदाधिकारियों ने की शिष्टाचार भेंट



**बाराबंकी**। जन व्यापारी उद्योग व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने नवागत उपजिलाधिकारी आनंद तिवारी को बूके भेंटकर शिष्टाचार मुलाकात की। तथा व्यापारियो की विभिन्न समस्याओ के अवगत कराया। जिस पर नवागत एसडीएम ने समस्याओं को प्राथमिकता के साथ निस्तारण करवाये जाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री रोहिताश्व दीक्षित, जिलाध्यक्ष अंकुर जैन, प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मो0अकील, संजय वर्मा, बाहुबली जैन, सरदार सतपाल सिंह, हसन अब्बास, संतोष गुप्ता, प्रदीप मिश्रा, हिमांशु अवस्थी, मनीष गुप्ता आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# हत्या कांड का खुलासा, 5 हत्याभियुक्त गिरफ्तार

**बाराबंकी**। थाना मोहम्मदपुर खाला पुलिस ने जुगराज सिंह उर्फ जोगा हत्याकाण्ड का खुलासा करते हुये 5 हत्याभियुक्तों को आलाकत्ल, बाइक बरामद करते हुये गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार



**● दोस्त की बहन से प्रेम संबंधो के चलते की गई हत्या**

बीती 18 मार्च 2025 को वादी हरिजेन्द्र सिंह पुत्र लखा सिंह निवासी ग्राम खण्डेहरी थाना मोहम्मदपुर खाला ने बीती 16 मार्च 2025 को अपने पुत्र जुगराज सिंह उर्फ जोगा के गुमशुदा होने की सूचना दी। सूचना पर पुलिस टीम ने गुमशुदगी दर्ज करते हुये जांच के बाद जुगराज का शव जनपद लखनऊ के थाना माल क्षेत्रान्तर्गत गोमती नदी से बरामद किया। जिसके बाद पुलिस टीम ने घटना का खुलासा करते हुये हत्याभियुक्त अर्पित यादव पुत्र राजेश यादव निवासी ग्राम रशिद खेड़ा मजरे मंझी थाना माल, लखनऊ, आयुष रावत उर्फ मास पुत्र राजेश रावत निवासी ग्राम चक पृथ्वीपुर मजरे अर्जुनपुर थाना इटौंजा, लखनऊ, रोहन यादव पुत्र विनोद यादव निवासी देवटी रूखारा थाना बीकेटी, लखनऊ, शोभित कुमार रावत पुत्र लवकुश निवासी ग्राम अर्जुनपुर थाना इटौंजा, लखनऊ, अमित यादव पुत्र भानू यादव निवासी ग्राम अकरिया थाना इटौंजा लखनऊ को आलाकत्ल व मृतक की मोटरसाइकिल बरामद करते हुये गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ के दौरान अर्पित यादव की लगभग दो वर्ष पूर्व मृतक से जान पहचान हुई। जिससे दोनों का एक-दूसरे के घर आना जाना व रुकना होता था। इसी दौरान अभियुक्त अर्पित यादव की चचेरी बहन से मृतक की नजदीकियां हो गई थीं। जिसका अभियुक्त ने विरोध किया। तथा इसी को लेकर घटना को अंजाम देने हेतु योजना बनाकर अपनी चचेरी बहन से मृतक को फोन कराकर गांव राशिद खेड़ा मजरे मंझी के बाहर बुलवाया। तथा पीटकर हत्या कर गोमदी नदी मे फेक दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे प्रभारी निरीक्षक जगदीश प्रसाद शुक्ला, उ0नि0 सुशील त्रिपाठी, हे0का0 अनिल यादव, मो0 मुस्लिम, का0 सत्यवीर कुमार मौजूद रहे।

# मॉडलों के माध्यम से छात्रों ने दिखाया हुनर

सुरियामऊ/गोसाईगंज । पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुरियामऊ में अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन व पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुरियामऊ के संयुक्त तत्वाधान में विज्ञान प्रदर्शनी एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गोसाईगंज के ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा डिंपल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में गोसाईगंज के खंड शिक्षा अधिकारी रामराज ने उपस्थित रहे।

छात्र छात्राओं ने न केवल प्रदर्शनी हेतु विभिन्न प्रकार के मॉडल बनाकर उनका प्रदर्शन किया अपितु स्वयं द्वारा निर्मित ड्रोन को उड़ा कर दिखाते हुए सबका मन मोह लिया। प्रदर्शनी में निर्मित मॉडलों का मूल्यांकन विज्ञान शिक्षकों की टीम के द्वारा कार्यक्रम के अन्त में पुरस्कार वितरण भी किया गया। उक्त प्रदर्शनी में अंकुश द्वारा निर्मित 2/2 और 4/4 फोर्स से चलने वाली कार को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, द्वितीय स्थान पर कॉजल तथा तृतीय स्थान पर खुशी का मॉडल चयनित किया गया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान जगरूप सिंह यादव, मोहिन्दर पाण्डेय, नीतू राय, बबीता, विनोद राय, प्रभात कुमार, नीरज साहू, एजाज अहमद लक्ष्मी सिंह ज्योति सिंह,ममता,प्रतिष्ठा सिंह, स्वर्णिका सिंह एवं बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाओं व अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा द्वारा छात्र-छात्राओं की भूरि भूरि प्रशंसा की गई तथा विद्यालय को इस गर्मी के प्रारंभ होने से पूर्व वाटर कूलर देने का भी आश्वासन दिया गया।



## दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर कृषकों का दल रवाना




**बहराइच** ।के.वी.के. उन्नत ग्राम योजना 2024-25 के अन्तर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच एवं नानपारा द्वारा चयनित 05-05 ग्रामों के 50-50 किसानों के दल को वृहस्पतिवार को नरेंद्रदेव कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के लिए रवाना किया गया। शैक्षणिक भ्रमण पर जाने वाले 100 सदस्यीय दल को कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच के कृषि वैज्ञानिक डॉ अरूण कुमार राजभर, डॉ. शैलजा प्रियंका सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा के कृषि वैज्ञानिक डॉ. उमेश कुमार, एसडीओ नानपारा सुधीर कुमार मिश्रा व सदर बहराइच उदय शंकर सिंह द्वारा संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

## आग में संपूर्ण गृहस्थी जलकर हुई खाक

**मिल्कीपुर-अयोध्या**। जनपद के थाना कोतवाली इनायतनगर के चैकी क्षेत्र हैरिंग्टनगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरा में शुक्रवार दोपहर हृदयविदारक घटना घटित हुई। फतई प्रजापति पुत्र भदई प्रजापति के घर पर अचानक करीब अज्ञात कारणों से आग लग गई। घर से धुआं उठता देख ग्रामीणों ने शोर मचाया, जिससे पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते, तब तक संपूर्ण गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही चैकी प्रभारी हैरिंग्टनगंज अपनी टीम के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने फौरन फायर स्टेशन मिल्कीपुर को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस घटना में फतई प्रजापति की पड़िया बुरी तरह से झुलस गई। घटना से पूरा परिवार सदमे में है। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित परिवार को उचित मुआवजा और सहायता प्रदान करने की मांग की है। इस आगजनी में गरीब परिवार का सबकुछ जलकर खाक हो गया, जिससे परिवार के सामने जीवनयापन का संकट खड़ा हो गया है।

## मेगा प्लेसमेन्ट ड्राइव में शामिल हुए प्रतिभागी



कानपुर। किदवई नगर स्थित डा. वीरेन्द्र स्वरुप इंस्टीट्यूट आफ प्रोफेशनल स्ट्डीज में शुक्रवार को मेगा प्लेसमेन्ट ड्राइव का आयोजन किया गया। संस्थान के सचिव गौरवेन्द्र स्वरूप के प्रेरणा से आयोजित हुई इस ड्राइव में 60 से अधिक हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ विविध विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं उनके प्रतिनिधियों के स्वागत अभिनंदन के साथ प्राचार्या डॉ. पूनम मदान, शिप्रा मिश्रा, अंकिता त्रिपाठी तथा सरला मन्ध्यान के द्वारा किया गया। बता दें कि छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय से संबद्ध लगभग 300 बीएड कालेजों में से केवल डॉ. वीरेन्द्र स्वरुप इंस्टीट्यूट आफ प्रोफेशनल स्टडीज किदवई नगर कानपुर ही एक ऐसा बी.एड. संस्थान है जो प्रतिवर्ष मेगा प्लेसमेन्ट ड्राइव का आयोजन करता है और अपने कॉलेज की छात्राध्यापिकाओं के साथ-साथ अन्य कालेजों की छात्र-छात्राओं को प्लेसमेन्ट दिलाने में महती भूमिका अदा कर रहा है। कार्यक्रम में रजिस्ट्रेशन का कार्य ऊषा मिश्रा, निधि अवस्थी तथा शिवानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा. अनीता शर्मा के द्वारा किया गया। इस मौके पर डा. अरुणा बाजपेयी, प्रो. आशा अवस्थी, डा. सीमा मिश्रा, अनिरुद्ध यादव, ज्योति सेंगर, नाजिश खान, प्रेरणा अरोड़ा, जसनीत कौर, नेहा शुक्ला, अंजू सिंह, कनीज फातिमा, शाह अंसब, धीरज आदि ने व्यवस्थापन कार्य को प्रभावी ढंग से किया।

# भूगर्भ जल में बढ़ोत्तरी, सिंचाई के लिए वरदान

जिला संवाददाता(vol)

**बहराइच** । उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के किसानों को सिचाई, बुआई, वीज, खाद, कृषि उपकरण सहित लाभ पहुंचाते हुए हर स्तर पर सुविधा दे रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने किसानों को परम्परागत ढंग से सिचाई के लिए श्खेत तालाब योजनाश लागू की है। यह योजना प्रदेश के सभी किसानों के लिए है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक किसान जो अपने खेतों के आसपास, बीच में तालाब बनायेगें, उन्हें राज्य सरकार की ओर से सब्सिडी प्रदान की जा रही है। प्रदेश सरकार की इस योजना को शुरू करने का उद्देश्य यह कि बरसात का पानी जमा करा कर किसानों की खेती में सिंचाई की मात्रा को बढ़ावा देना है इससे किसानों को दोनों तरफ से लाभ प्राप्त होगा। किसान खेत में फसल की सिंचाई के साथ-साथ मत्स्य पालन भी कर सकते हैं। सरकार की खेत तालाब योजना से भूगर्भ जल में बढ़ोत्तरी भी हो रही है और किसानों की फसल में अच्छा उत्पादन भी हो रहा है

उत्तर प्रदेश खेत तालाब योजना किसानों के लिए शुरू की गयी है। इस योजना के माध्यम से प्रत्येक किसान जो अपने खेत के सामने या बीच में, जहाँ बारिश का पानी ज्यादा इकट्टा होता है अगर वहाँ किसान तालाब बनाते हैं, तो किसानों को इस योजना के तहत 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी प्रदान की जाती है। इस तालाब का मुख्य उद्देश्य यह भी है कि बरसात के मौसम में दो चार दिन तक लगातार बारिश के समय जो बरसाती पानी फसलों को बर्बाद कर देता है, उसे तालाब बना कर इकट्ठा कराया जाए, इससे किसानों की फसल सुरक्षित रहेगी और इकट्ठे पानी से किसानों को सिंचाई के लिए ट्यूबवेल का इस्तेमाल ज्यादा नहीं करना पड़ेगा। साथ ही जिन किसानों के पास सिंचाई के लिए मोटर सुविधाएं जो बिजली से चलती हो और वहां लाइट की सुविधा न पहुंच पा रही हो उस स्थिति में किसानों की खेती की सिंचाई के लिए पानी की सुविधा देने के लिए तालाब बनवाये जायें। ताकि किसानों को खेती ने सिंचाई करने में किसी भी प्रकार की समस्या न उठानी पड़े। तालाबों में किसान बरसात एवं अन्य स्थानों से आने वाले पानी को एकत्र कर सकेंगे और अपनी फसलों को ठीक से सिंचित कर सकेंगे।

खेत तालाब योजनान्तर्गत खेत में प्लास्टिक लाइनिंग पौंड साइज 20203 मीटर (फैब्रिक एरिया 635 वर्ग मीटर), प्लास्टिक लाइनिंग पौंड साइज 32323 मीटर (फैब्रिक एरिया 1426 वर्ग मीटर), प्लास्टिक लाइनिंग पौंड-साइज 45453 मीटर (फैब्रिक एरिया 2642 वर्ग मीटर) आकार के तालाब खुदवाने का प्राविधान है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत उत्तर प्रदेश खेत तालाब योजना में अनुदान राशि राज्य के सभी श्रेणी के कृषकों को लागत का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम राशि रुपए 52,500 कच्चे फार्म तालाब पर और 75,000 रुपए की राशि प्लास्टिक लाइनिंग कार्य के साथ 300 आइक्रोन बीआईएस के लिए देय है। बुंदेलखण्ड का सूखे से बचाने में खेत तालाब योजना से बहुत मदद मिली है। राज्य के अधिक से अधिक किसानों को इस योजना का लाभ प्रदान कराया गया है। ललितपुर में हजारों किसानों के खेत में तालाब बनाए गए हैं। जिसमें किसान वर्षा का पानी एकत्रित कर अपनी फसल की सिंचाई करते हुए उत्पादन में बढो×री कर रहे हैं इच्छुक लाभार्थी किसान राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई, इस योजना में लाभ लेना चाहते हैं, तो उन्हें योजना की ऑफिशियल वेबसाइट यूपीएग्रीपारदर्शी डाट जीओवी डाट इन पर जाकर आवेदन करना होता है। खेत तालाब योजना के शुरू होने से वे सभी किसान जो पहले पानी की समस्या को लेकर और तालाब बनाने के लिए असमर्थ थे अब वह आसानी से योजना का लाभ उठा कर अपने खेतों में तालाब का निर्माण कर सकते हैं। उ×र प्रदेश खेत तालाब योजना भूगर्भ जल के स्तर में वृद्धि लाने में भी सहायक हो रहा हैं।

## सन्दर्भ निस्तारण में शिथिलता पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी का वेतन बाधित

बहराइच 21 मार्च। आई.जी.आर.एस. संदर्भ संख्या 40018025007665 दिनांक 11 फरवरी 2025 का जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा नियत तिथि/निर्धारित समयान्तर्गत निस्तारण/कार्यवाही न किये जाने के कारण उक्त प्रकरण डिफाल्टर की श्रेणी में प्रदर्शित हुआ है। जिससे जनपद की रैकिंग प्रभावित हुई। इस स्थिति का कड़ा संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा अग्रिम आदेशों तक जिला ग्रामोद्योग अधिकारी का वेतन बाधित किया गया है।

## हीरो मोटर्स लगाएगा मेगा कैम्प और निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**अयोध्या**। हीरो मोटरसाइकिल व स्कूटर निमार्ता हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड द्वारा अयोध्या नगर में 23, 24, व 25 मार्च को मेगा सर्विस कैम्प का आयोजन पार्वती मैरिज लॉन देवकाली तिराहा, देवकाली पर किया जा रहा है। सर्विस कैम्प में कहीं से भी कभी भी खरीदी गयी पुरानी से पुरानी मोटरसाइकिल व स्कूटर की सर्विस मात्र 99 रुपए में की जायेगी। जबकि कम्पनी का आम रेट 400 रुपये है साथ ही नाइट्रोजन हवा, धुलाई च पालिश मुफ्त की जायेगी । सालाना मेटिनेस कार्ड (जायराइड) पर 30 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। सर्विस कैम्प के दौरान ग्राहकों के लिये मुफ्त स्वास्थ्य जाँच की भी व्यवस्था रहेगी। इसके साथ ही ग्राहकों के मनोरंजन के लिए कमेडियन, जादूगर व गायक की भी व्यवस्था रहेगी। प्रत्येक दिन तीन लकी ड्रा भी निकाला जायेगा। इस कैम्प का आयोजन कम्पनी की सर्विस इंजीनियरों की खरेख में होगा। आयोजन में मुख्य रूप से कम्पनी के ऑल इण्डिया सर्विस हेड संजय नाथ सेजवाल, जोनल सर्विस हेड दिनेश कुमार खण्डेवाल उपस्थित रहेंगे। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के सर्विस हेड चन्द्रकान्त चमोल भी मेगा सर्विस कैम्प में तीनों दिन उपलब्ध । मेगा सर्विस कैम्प के आयोजक हीरो मोटरसाइकिल के जिला वितरक चन्द्रा हीरो सिविल लाइन व वंशादि हीरो सहादतगंज की देखरेख में किया जा रहा है।

संक्षेप

## तमंचा और कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को उनि. मुकेश कुमार थाना मुसाफिरखाना मय हमराह ने देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान 1 नफर अभियुक्त विषद मिश्रा उर्फ धन्नू पुत्र स्व अर्जुन प्रसाद मिश्रा नि0 ग्राम बैदौलिया मौजा उच्चगांव थाना कुड़वार जनपद सुलतानपुर उम्र 30 वर्ष को कस्तुनी रेलवे क्रासिंग के पास से समय करीब 3.55 बजे सुबह गिरफ्तार किया । तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से1 तमंचा व 1 कारतूस 312 बोर बरामद हुआ।गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने कार्यवाही कर जेल भेज दिया।

## सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत

**कूरेभार, सुलतानपुर।** शुक्रवार की सुबह कूरेभार थाना क्षेत्र के अयोध्या-प्रयागराज हाइवे पर मुजेश गांव के समीप बाइक सवार एक 60 वर्षीय बुजुर्ग अश्वनी पांडेय पुत्र राम समझ पांडेय निवासी रहाईकपुर थाना कूरेभार को एक तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने जोरदार टक्कर मार दिया। हादसे में बाइक सवार बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में घायल को सीएचसी कूरेभार इलाज के लिए लाया गया। जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख घायल अश्वनी को मेडिकल कालेज सुल्तानपुर रेफर कर दिया।जहां इलाज के दौरान अश्वनी पाण्डेय की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। उधर हादसे के बाद स्विफ्ट डिजायर कार चालक वाहन सहित फरार हो गया। कूरेभार थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक को पोस्मार्टम हेतु भेजवाते हुए विधिक कार्यवाई की जा रही है।

## लीगल एंड क्लीनिक का किया गया निरीक्षण

**रायबरेली।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के एक्शन प्लान के अनुक्रम में व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, रायबरेली राजकुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में तहसील महराजगंज के अन्तर्गत स्थित लीगल एड क्लीनिक कुण्डौली रायबरेली का निरीक्षण अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अनुपम शौर्य के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पराविधिक स्वयं सेवक बृजपाल से लीगल एड क्लीनिक के कार्यों के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी ली गयी। अपर जिला जज/सचिव द्वारा सुनील कुमार उप निरीक्षक बछरावां को निर्देशित किया गया वह लीगल एड क्लीनिक को उनके कार्यों के प्रति सहयोग प्रदान करें।इसके अतिरिक्त दिये गये प्रार्थना पत्रों पर की गयी कार्यवाही की सूचना पराविधिक स्वयं सेवक को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

## एसपी ने परेड का किया निरीक्षण

**रायबरेली।** एसपी डॉ० यशवीर सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस बल को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाईन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए।एसपी ने क्वार्टर गार्द, एमटी शाखा, यूपी 112 पीआरवी आदि का निरीक्षण किया।

# प्रधानपति को मुकदमे में फंसाने का आरोप, ग्रामीणों का प्रदर्शन

## दोस्तपुर थानाक्षेत्र के शाहपुर नरसिंहपुर गांव का मामला



**सुलतानपुर (वीओएल)।** होली के दिन दो पक्षों में हुए विवाद के बाद मारपीट के मामले में बुजुर्ग महिला की मौत के मामले में नामजद प्रधानपति को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। शुक्रवार को सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने प्रधानपति व एक अन्य आरोपी पीडब्ल्यूडी कर्मचारी को निर्दोष बताते हुए तिकोनिया पार्क में प्रदर्शन किया और प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए एसपी को सम्बोधित प्रार्थना पत्र व शपथपत्र सिटी मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह को सौंपा।

मामला दोस्तपुर थानाक्षेत्र के शाहपुर ग्राम पंचायत का है।जहां बीते 14 मार्च को होली के दिन दो पक्षों में मारपीट हुई थी, जिसमें बुजुर्ग महिला सोनारा देवी की मौत हो गयी थी। सिकंदर पुत्र पुन्नवासी गौतम की तहरीर पर पुलिस ने प्रधानपति कृष्ण कुमार पुत्र राजाराम, रमाशंकर पुत्र राजाराम, पीडब्ल्यूडी कर्मचारी फूलचंद्र पुत्र गंगाराम, लल्लू पुत्र पुल्ली, पवन कुमार पुत्र राम आसरे के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।चारों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। तिकोनिया पार्क में शाहपुर की ग्राम प्रधान रागिनी देवी के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने पोस्टर, बैनर व शपथ पत्र के साथ प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान नाराज ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रधानपति कृष्णकुमार को राजनैतिक रंजिश के कारण मुकदमें में फर्जी तरीके से फंसा दिया गया, जबकि वे घटना के दौरान वे मौजूद नहीं थे। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि दोनों पक्षों के लोगों को चोट लगी थी, लेकिन पुलिस ने सिर्फ एक ही पक्ष का मुकदमा दर्ज किया, जबकि प्रार्थना पत्र देने के बावजूद पुलिस ने उनका मुकदमा दर्ज नहीं किया। ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की। सूचना मिलते ही एलआईयू की टीम तिकोनिया पार्क पहुंची। उन्होंने प्रदर्शन की सूचना प्रशासन को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची सिटी मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह ने ग्रामीणों का प्रार्थना पत्र लिया और निष्पक्ष जांच का भरोशा दिया।

## अज्ञात कारणों से छप्पर में लगी आग, गृहस्थी राख

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के खडसरा गांव में शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे सृष्टि पत्नी धर्मेंद्र कुमार के छप्पर के मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गयी।ग्रामीण आग पर काबू पाने में जुट गए, लेकिन हवा के कारण आग की चपेट से पड़ोसी नीलम पत्नी उदयराज, पूनम पत्नी श्रवण और शीला पत्नी रुदल के छप्पर के मकान भी चपेट में आ गए।जिससें घरों में रखा गृहस्थी का सारा सामान राशन, कपड़ा, साइकिल, ठेला आदि जल गया।सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। इस घटना में चार परिवारों के मकान खाक हो गए, जिससे वे खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम जयसिंहपुर वैशाली चोपड़ा व तहसीलदार मयंक मिश्र मौके पर पहुंचे,स्थिति का जायजा लिया।प्रधान व कोटेदार को आग से बेघर परिवारों को राशन उपलब्ध कराने के साथ ही हल्का लेखपाल लाल बहादुर को नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।आग में आंशिक रूप से जली नीलम पत्नी फेकू कहार का सीएससी अधीक्षक डॉ. अवनीश मिश्र के निर्देश पर डॉ. जेपी वर्मा, फार्मासिस्ट राम बहादुर की स्वास्थ्य टीम गांव पहुंचकर लोगों का उपचार किया।

## समस्याओं को लेकर बीएसए व लेखाधिकारी से मिले शिक्षक

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल रणवीर सिंह के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता तथा वित्त एवं लेखाधिकारी अमित मोहन मिश्र से शिक्षक समस्याओं के निस्तारण के संबंध में मिला। इस अवसर पर विभिन्न शिक्षक समस्याओं यथा 2025 में सेवानिवृत्त शिक्षकों के विभिन्न देयकों का ससमय भुगतान, एफएलएन प्रशिक्षण/अन्य प्रशिक्षण का भुगतान, प्रोन्नत/चयन वेतनमान, नोशनल इंक्रीमेंट, शिक्षकों की ई सर्विस बुक अपडेट करना तथा एक दिन की वेतन कटौती बहाली आदेश आदि का समयंतर्गत निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय साथ ही साथ लेखाधिकारी से जीपीएफ लेखा अद्यतन करने, लेखापर्ची उपलब्ध कराने अवशिष्ट वेतन भुगतान। एनपीएस कटौती हेतु ब्लॉकों से आई पत्रावली का सासमय निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय।

# प्रबंध समिति के अध्यक्ष सचिव का प्रशिक्षण आयोजित

**नसीराबाद, रायबरेली।** ब्लॉक संसाधन केंद्र छतोह में विद्यालयों के अध्यक्षों व सचिवों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न हुआ। खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश ने बताया कि बीआरसी छतोह में विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्षों एवं सचिवों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिसमें प्रशिक्षक अवधेश बहादुर सिंह, बलराम यादव, अशफाक अहमद, रमेश कुमार शुक्ला ने प्रतिभागियों का पंजीकरण, सन्दर्भ सामग्री का वितरण, परिचय प्रशिक्षण का उद्देश्य एवं अपेक्षाएँ, बाल अधिकार एवं बाल अधिकारों का संरक्षण, निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 तथा उत्तर प्रदेशनिःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमावली 2011 का संक्षिप्तपरिचय, विद्यालय प्रबन्ध समिति की संरचना, गठन, कार्यकाल एवं समिति के कार्य, विद्यालय प्रबंध समिति के दायित्व, विद्यालय प्रबंध समिति के वित्तीय दायित्व, विद्यालय विकास योजना, स्थानीय प्राधिकारी के कार्य एवं दायित्व एस०एम०सी० बैठक रजिस्टर, शारदा कार्यक्रम के अंतर्गत आउट ऑफ स्कूल का चिन्हांकन, नामांकन एवं विशेष प्रशिक्षण, दिव्यांग बच्चे एवं यू-डायस की जानकारी, समग्र शिक्षा का सोशल ऑडिट, बालिका शिक्षा एवं विद्यालय शिक्षा में प्री-स्कूल,निपुण भारत मिशन एवं गुणवत्ता शिक्षा ऑपरेशन कायाकल्प में एसएमसी के कार्य एवं दायित्व, मध्याह्न भोजन योजना, विद्यालय स्वास्थ्य कार्यक्रम, बालश्रम रोकथाम, विद्यालय में बच्चों की सुरक्षा एवं जलवायु परिवर्तन हेतु जानकारी, विद्यालय प्रबंध समितिः क्षमता संवर्धन फिल्म प्रशिक्षण, अभिभावक एवं समुदायिक भागीदारी आदि पर चर्चा परिचर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से कृष्ण कुमार, बाल मुकुंद सिंह, श्याम नारायण, शिव लखन मौर्य, अनवर अली, राज कपूर, राम करन कनौजिया, हरिओम साहू, जितेंद्र कुमार, गीता सिंह, आत्मा देवी, कृता सरोज, शिव कुमारी, श्वेता कौशल सहित सभी 88 विद्यालयों के अध्यक्ष व सचिव उपस्थित रहे।

## स्थानांतरण होने पर पूर्ति निरीक्षक को दी विदाई

**महराजगंज, रायबरेली।** पूर्ति निरीक्षक अमित यादव के गैर जनपद स्थानांतरण होने पर तहसील सभागार में कोटेदारों द्वारा एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम सचिन यादव ने की।

# डीएम ने प्रधानाध्यापकों को किया सम्मानित

- निपुण लक्ष्य कराने वाले 800 में से 624 स्कूल परीक्षा में पास, विद्यालयों को मिला सम्मान



**रायबरेली।** परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत क्लॉस एक और दो के बच्चों को पढ़ाई में निपुण बनाने वाले प्रधानाध्यापक और शिक्षकों का सम्मान जिला बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से निपुण भारत मिशन के तहत एक विशेष कार्यक्रम गोपाल सरस्वती इंटर कॉलेज सभागार रतापुर में निपुण सम्मान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय रहे।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि निपुण भारत अभियान के तहत जनपद के 800 विद्यालयों में दो चरणों में निपुण टेस्ट डायट में अध्ययनरत प्रशिक्षुओं ने किया था। पहले चरण में दिसंबर 2024 और दूसरे चरण में फरवरी 2025 के दौरान डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा चिह्नित निपुण विद्यालयों में टेस्ट बच्चों का किया गया था।इस अभियान के तहत जिले के कुल 800 विद्यालयों में से 624 विद्यालयों ने निपुण परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परिषदीय विद्यालयों के कक्षा एक व दो के बच्चों का फरवरी में निपुण आंकलन किया गया। इसमें बच्चों की भाषाई दक्षता, जोड़कर पढ़ने व अंकों की पहचान का मूल्यांकन हुआ था।इस उपलब्धि में स्कूल के अध्यापकों, एसआरपी और छात्रों की मेहनत का योगदान रहा। जिले में उत्कर्ष करने वाले विकासखंड बछरावां, ऊंचाहार और राही के खंड शिक्षा अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया।

प्राथमिक विद्यालय जमुनिया राही के बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। राही ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय राजापुर की क्लॉस दो की छात्रा जाह्नवी और जमुनिया के सोनू का निपुण टेस्ट जिलाधिकारी के सामने किया गया। भविष्य में और बेहतर परिणामों के लिए एक विशेष प्रेजेंटेशन भी दी गई। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया गया।इसके अलावा प्रधानाध्यापकों को विभाग की तरफ से प्रमाणपत्र भी उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में उप शिक्षा निदेशक डायट जय प्रताप सिंह, बीईओ बृजलाल, सत्य प्रकाश यादव, विजय सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, ऋचा सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवनीश प्रताप सिंह अध्यक्ष तो राजीव मिश्रा बने मंत्री



**महराजगंज, रायबरेली।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ जनपद रायबरेली के निर्देश के क्रम में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ उप शाखा तहसील महराजगंज की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।जिसमें अवनीश प्रताप सिंह अध्यक्ष तो वहीं राजीव मिश्रा मंत्री निर्विरोध निर्वाचित किए गए। बताते चले कि रायबरेली जिले के वरिष्ठ लेखपाल व निर्वाचन अधिकारी रामअनुज दीक्षित व पर्यवेक्षक प्रमोद कुमार की मौजूदगी में तहसील सभागार में महराजगंज तहसील लेखपाल संघ का निर्वाचन निर्विरोध संपन्न हुआ।जिसमें अध्यक्ष पद पर अवनीश प्रताप सिंह मंत्री पद पर राजीव मिश्रा वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार कनिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन कुमार मौर्या उप मंत्री सुशील कुमार शर्मा कोषाध्यक्ष अमित कुमार शुक्ला लेखा परीक्षक राजेश कुमार कुशवाहा निर्विरोध निर्वाचित किए गए। वहीं सुबह से ही तहसील परिसर में लेखपाल संघ के चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज रही तथा तहसील क्षेत्र के समस्त लेखपालों ने चुनाव के दौरान अपनी सहभागिता दर्ज कराई तो वहीं वरिष्ठ लेखपालो की मौजूदगी में संपूर्ण लेखपाल संघ का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ। तहसील महराजगंज के लेखपाल संघ के चुनाव में निर्विरोध निर्वाचित हुए पदाधिकारियों को रायबरेली से आए पदाधिकारियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर दर्शिता श्रीवास्तव, प्रीती गुप्ता, प्रिया सिंह, संगीत यादव, ओम प्रकाश, राजेश कुमार, प्रमोद कुमार, विवेक सिंह, विवेक वर्मा, धर्मेंद्र यादव, संतोष कुमार पटेल सहित अनेक लेखपाल मौजूद रहे।

## प्रदीप सिंघल बने कांग्रेस के पुनः जिला अध्यक्ष

**अमेठी।** अमेठी जिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल को पुनः बनाए जाने पर केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में बधाई देने के लिए कांग्रेसियों का ताँता लगा रहा । कल 20मार्च को देर रात भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस जिला अध्यक्ष की सूची आते ही अमेठी कांग्रेस जनों व आम जनमानस मे खुशी की लहर आ गयी । देर रात से ही लोग जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल को बधाई व माननीय अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा जी को धन्यवाद एवं सांसद जी के माध्यम से ही शीर्ष नेतृत्व देश के जननायक राहुल गाँधी , सोनिया गाँधी,राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे,अमेठी कांग्रेस संगठन पर सदैव ध्यान रखना माननीया प्रियंका गाँधी वाड्रा के प्रति आभार जताया।अमेठी जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल के मनोनयन पर कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों सहित वरिष्ठ लोगों ने जिला अध्यक्ष सहित एक दूसरे को मिठाई खिलाया और ब्लॉक अध्यक्षो ने खूब गोले पटाखे फोड़े। गौरतलब है कि प्रदीप सिंघल को पहली बार 2019 में पार्टी की कमान सोपी गई थी. इसके बाद विपरीत परिस्थितियों में उन्होंने कार्यकताओं की एकजुट रखते हुए संगठन की मजबूती पर काम किया. जिसका असर 2024 के चुनाव में देखने को मिला और भारी अंतर के साथ कांग्रेस को अमेठी में जीत मिली. जिसके बाद एक बार फिर से शीर्ष नेतृत्व ने उन पर बड़ा भरोसा जाताते हुए पार्टी की कमान सौंपी हैं।

## कोटेदार के घर से लाखों की नकदी समेत जेवरात चोरी

**नसीराबाद, रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात ग्राम पंचायत बनी में अज्ञात चोरों ने एक कोटेदार के घर चोरी की घटना को अंजाम देते हुये 45 हजार की नगदी सहित लाखों रुपए के जेवरात पार कर दिया।घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित कोटेदार के घर में हड़कंप मच गया। जहां पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है ।बताते चले कि ग्राम पंचायत बनी के निवासी कोटेदार मेराज अहमद पुत्र स्वर्गीय रियाज अहमद ने थाने में तहरीर देते हुये बताया कि उसकी पत्नी और बच्चे जो कि घर के बरामदे मे सो रही थी ।जिसका फायदा उठाकर बीती गुरुवार रात घर में घुसे अज्ञात चोरों ने बक्से का ताला तोड़कर बक्से में रखे सोने चांदी जेवरात को उठा ले गये जिसमें 45 हजार नगदी सोने के मंगल सूत्र, चांदी की पायल ,एवं सोने में झुमकी,,सोने की अंगूठी, एक मोबाइल सहित करीब तीन लाख के जेवरात चोरों ने पार कर दिया। वहीं पीड़ित मेराज अहमद ने बताया कि तकरीबन तीन लाख का रुपए के जेवरात चोरी हुआ है ।इस संबंध मे थाना प्रभारी कमलेश कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर मिली है।जांच करवायी जा रही है।जांचोपरांत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष व शहर अध्यक्ष का स्वागत



**रायबरेली।** जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष पद पर पंकज तिवारी व षहर अध्यक्ष पद पर धीरज श्रीवास्तव को मनोनीत किये जाने पर कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह दिखा।एआईसीसी द्वारा जिलाध्यक्षों की सूची जारी होते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को बधाई दी और शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने मनोनीत जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी एवं षहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव का फूल-माला और बुके देकर भव्य स्वागत किया।जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी व शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने दोबारा अध्यक्ष बनाये जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, किशोरी लाल शर्मा एवं प्रदेशअध्यक्ष अजय राय का आभार व्यक्ति किया।स्वागत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर नवनियुक्त अध्यक्षों को बधाई दी।

# कमीशन न देने पर डॉक्टर व स्टाफ से सीएमएस ने की गाली गलौज

- ईएमओ ने दी थाने में तहरीर
- बाहर की दवा की पर्ची खुद लेकर आते हैं सीएमएस और करते हैं बवाल : डॉ. संतोष सिंह



**रायबरेली।** सूबे के मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री के आदेशों का स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी तार तार कर रहे हैं।सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति बेअसर साबित हो रही है।भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा में डूबे जिम्मेदार पदों पर बैठे अधिकारी अट्टहास कर रहे हैं। यहां बीते कई महीनों से जिला अस्पताल के सीएमएस व डॉक्टर तथा स्टाफ के बीच अक्सर तनातनी का माहौल बना रहता है जिसके लगातार वीडियो, फोटो, ऑडियो वायरल हो रहे हैं। लेकिन भ्रष्ट अधिकारी पर कोई कार्रवाई अभी तक नहीं हो सकी है।

मामला शहर के राणा बेनी माधव बक्स सिंह जिला चिकित्सालय का है, यहां एक ऐसा मामला गुरुवार की रात को सामने आया है।जिसने पूरे स्वास्थ्य विभाग को कलंकित कर दिया है। जिला अस्पताल में तैनात सीएमएस प्रदीप अग्रवाल ने कमीसन न देने पर इमरजेंसी में तैनात डाक्टर व अन्य स्टाफ से गाली गलौज की। जिसका वीडियो कमरे में कैद हो गया।यह कोई पहली बार घटना नहीं हुई है। ऐसा पहले भी कई बार हो चुका है जब सीएमएस अपना आपा खो देते हैं और डॉक्टर व स्टाफ पर ही अपना गुस्सा निकाल देते हैं। गाली गलौज के मामले ने तूल पकड़ लिया। और अब शिकायत थाने तक पहुंच गयी।

जिला अस्पताल के इमरजेंसी में तैनात ईएमओ डॉ संतोष सिंह ने सीएमएस प्रदीप अग्रवाल द्वारा गाली गलौज किए जाने व जान से मारने की धमकी देने के वायरल वीडियो के आधार पर कोतवाली में शुक्रवार को पहुंचकर तहरीर देकर केस दर्ज कर कार्रवाई की है। गुरुवार की रात को करीब 11 बजे सीएमएस डॉक्टर प्रदीप अग्रवाल हाथ में एक पर्ची लेकर आये जिसमें किसी इंजेक्शन का नाम लिखा था जो बाहर से मिलती है। वह पर्ची लेकर गुस्साए गेट पर पहुंचते ही एमरजेंसी ड्यूटी पर तैनाद डॉक्टर संतोष सिंह, वार्डबॉय को वहां मौजूद मरीज और तीमारदारों के सामने, गालियां देने लगे और कहने लगे किसने यह पर्ची लिखी है। जबकि वह पर्ची खुद अपने साथ लेकर आए थे और यहां हंगामा करने लगे मरीज के सामने गालियां देने लगे और जान से मारने की धमकी भी डॉक्टर को दी गई है जिसका आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी गई।

कोतवाली राजेश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि मामले की तहरीर प्राप्त हुई है। जांच की जा रही है जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसे आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

सीएमएस डॉक्टर प्रदीप अग्रवाल ने मीडिया को बयान देते हुए कहा कि मैं एक ईमानदार अधिकारी हूं, एक पत्रकार मिश्रा ने मुझे यह पर्ची दी है कि जिला अस्पताल से किसी ने बाहर की दवा लिखी है। वही मैं वहां पूछने गया हुआ था गाली देने की बात कोई सामने नहीं आई है।

## प्लास्टिक प्रदूषण एक वैश्विक संकट है

**सुलतानपुर।** राणा प्रताप पीजी कॉलेज सुल्तानपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चैथे दिन का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के श्लक्ष्य गीतश के साथ हुआ।तत्पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा कूरेभार सड़क मार्ग की सफाई करते हुए लोगों को श्प्लास्टिक मुक्त भारतश की संकल्पना से अवगत कराया। डॉ. विभा सिंह ने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण एक वैश्विक संकट है। डॉ. विरेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि युवा प्लास्टिक के युग का अंत करें। डॉ प्रभात कुमार श्रीवास्त ने कहा कि प्लास्टिक थैलियां के बजाय कपड़े के थैली का प्रयोग करें। प्लास्टिक किस तरह मानव जीवन के लिए खतरा बनता जा रहा है।हम सभी लोग धीरे-धीरे उसकी चपेट में आते जा रहे हैं । यहां स्वयंसेवकों ने पेड़ लगाये,जल बचाएं,प्लास्टिक हटाए का नारा दिया। साथ-साथ बताया कि अपने शहर गांव को ना करें मैला, प्रयोग में लायें।

# कैरियर को लेकर काउंसलरों ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)।** संजय गाँधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय चैकिया सुलतानपुर में प्राचार्या डा. मंजू मगन की अध्यक्षता में कैरियर काउंसलिंग आयोजित की गयी।महाविद्यालय के सेमिनार हाल में आयोजित इस काउंसलिंग में राजकीय पॉलीटेक्निक केनौरा के जेपी सोनकर, रामप्रतिज्ञा और अमित मौर्य ने पॉलीटेक्निक चलो अभियानश के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को कैरियर अवसर की जानकारी दी। पॉलिटेक्निक के काउंसलर जेपी सोनकर ने बतया की राजकीय पॉलिटेक्निक में इलेक्टेशियन, मैकेनिकल, ब्यूटीशियान आदि कोर्सो में डिप्लोमा। करके रोजगार पाया जा सकता है।उन्होंने बताया कि राजकीय पॉलिटेक्निक केनौरा में संचालित विभिन्न कोर्सों की जानकारी दी जो ग्रेजुयेशन के बाद किये जा सकते हैं और जिनको करके युवा रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं ।प्राचार्य महोदया ने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें स्वावलम्बी बनने के लिए कौशल विकास कर बल देना चाहिए। सरकार इस दिशा में सार्थक प्रयास कर रही है। पॉलिटेक्निक में संचालित विभिन्न डिप्लोमा कोर्स युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करने वाले हैं ।युवाओं को उनका प्रशिक्षण लेकर रोजगार प्राप्त करना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल के संयोजक डा. धर्म विजय सिंह ने राजकीय पॉलिटेक्निक केनौरा से आये हुए काउंसलरों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

# आगामी पीढ़ियों को संस्कारित करने का संकल्प



**अमेठी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्र जागरण 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ ( लघु अश्वमेध यज्ञ ) में शुक्रवार को यज्ञशाला में आओ गढ़ें संस्कार वान पीढ़ी के तहत संकल्प दिलाया गया।यज्ञशाला में क्षेत्र से हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं का तांता लग रहा।यज्ञशाला परिसर में लगी प्रदर्शनी और भारत माता का चित्र लोगों के आकर्षण का केंद्र बना है।

अमेठी के देव यज्ञ नगर खेरौना में राष्ट्र को जागृत करने के संकल्पों के साथ चल रहे यज्ञीय कार्यक्रम में हजारों की तादाद में श्रद्धालु आकर यज्ञ पूजन करने के साथ युग ऋषि पंडित श्री राम शर्मा आचार्य के विचारों से प्रेरणा ले रहे हैं।साहित्य केंद्र में जाकर श्रद्धालु अपने जीवन की समस्याओं को दूर करने के लिए और समाज को बेहतर बनाने के लिए अपने मन मुताबिक पुस्तकों का चयन कर रहे हैं।यही नहीं नौकरी पेशा वर्ग के लोग अपनी दैनिक नौकरी और कार्यों से अवकाश लेकर यज्ञ में शामिल होकर राष्ट्र जागरण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रहे हैं। शांतिकुंज हरिद्वार से आए मुख्य प्रतिनिधि प्रमोद भटनागर ने कहा कि गायत्री मंत्र महामंत्र है,इससे शरीर का अंग प्रत्यंग झंकृत होकर जागृत हो जाता है ।प्रज्ञा पुत्र नरेंद्र ठाकुर ने यज्ञ के दौरान लोगों को अपने जन्मदिन, विवाह दिन को पौधरोपण के साथ मनाने को प्रेरित किया।यज्ञशाला की दूसरी पाली में दूरदराज से आई मातृशक्तियों को आओ गढ़ें संस्कार वान पीढ़ी के तहत संकल्प दिलाया गया।गायत्री परिवार से आई डॉ. संगीता सारस्वत ने गर्भ धारण से ही संस्कार के महत्व को समझाया।

प्रज्ञा सक्सेना ने गर्भवती महिलाओं से संवाद कर उन्हें माँ की संस्कारशाला ऑनलाइन प्लेटफार्म से जोड़ा । बताया कि आने वाली पीढ़ियों से राष्ट्र का नव निर्माण करने के लिए योजना गर्भ धारण के समय से ही करना चाहिए, इसलिए गर्भवती महिलाओं के विचारों को उत्कृष्ट बनाने के लिए गुरुदेव के साहित्यों को मनन करने के लिए भी प्रेरित किया गया।शुक्रवार को देव पूजन के लिए आए डॉ अक्षयवर नाथ तिवारी, एलआईसी के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक मनोज मिश्र, एसपी सिंह, आशीष श्रीवास्तव,सत्यम अग्रहरि,अविनाश सिंह,चेतना तिवारी ने राष्ट्र जागरण के लिए हो रहे यज्ञ को अमेठी के लिए वर्तमान और भविष्य के लिए वरदान बताया। यज्ञशाला में सप्त ऋषियों का पूजन यजमान के रूप में सतीश शुक्ल, डॉ अभिनय प्रताप सिंह,सुभाष शुक्ल के साथ विशिष्ट लोगों ने किया। सुरक्षा व्यवस्था प्रभारी महेंद्र मिश्रा एवं सह प्रभारी कैलाश सिंह ने बताया लगभग दो किलोमीटर के परिक्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर श्रवण सिंह, डॉ राम लखन, राज करन सिंह, लाल बिहारी, संतराम मौर्य, सूबेदार बीपी मिश्र आदि मौजूद रहे।

## व्यापारियों ने खेली गुलाब के फूलों से होली

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज कस्बे में उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया।कार्यक्रम के मौके पर सांस्कृतिक और सम्मान समारोह का भी आयोजन कियागया।हनुमान मंदिर के निकट स्थित एक लॉन में आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। होली मिलन समारोह की मुख्य अतिथि कांग्रेसी नेत्री सुधा द्विवेदी , विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत लालगंज की अध्यक्ष सरिता गुप्ता ,वरिष्ठ समाजसेवी शैलेंद्र अग्निहोत्री और व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष व जनपद रायबरेली के जिला अध्यक्ष बसंत सिंह बग्गा ने कहा कि ऐसे आयोजन आपसी सौहार्द और भाईचारे को मजबूत करते हैं। श्री बग्गा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से व्यापारी समूह भी मजबूत होता है और एक दूसरे से परिचय करने का अवसर भी मिलता है। पिंटू शर्मा के नेतृत्व में कानपुर से आए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। राधा रानी के गीतों पर श्रोता झूम उठे। कार्यक्रम देर रात तक चला, जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।कार्यक्रम के समापन पर गुलाब के फूलों की होली भी खेली गई। व्यापार मंडल के जिला प्रभारी और नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने सभी सम्मानित बंधुओं का स्वागत करते हुए कहा कि होली फाग का त्योहार हिंदू समुदाय के लोगो का परंपरागत त्यौहार है।उन्होंने कहा कि होली फाग का त्योहार प्यार, स्नेह और खुशी का प्रतीक है। यह त्योहार लोगों को एक दूसरे के साथ जोड़ता है और समाज में एकता और सौहार्द को बढ़ावा देताहै। होली मिलन समारोह का सफल संचालन भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता चंद्र प्रकाश पांडे ने किया ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ समाज सेवी शैलेंद्र अग्निहोत्री, भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला,पूर्व नगर अध्यक्ष अनूप बाजपेई, रामबाबू गुप्ता, कांग्रेस नेता दीपेंद्र गुप्ता, भाजपा नेता रवींद्र सिंह, शिव प्रकाश पांडे, मनोज अवस्थी, राजेश सिंह फौजी, प्रो. अरुण कुमार सिंह मुन्ना , अवनीश सिंह, सरार्फा व्यवसाय दिनेश गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य प्रभात सिंह त्रिलोक चंदी का भी स्वागत सम्मान हुआ। होली मिलन एवं सम्मान समारोह में व्यापार मंडल के संरक्षक दीप प्रकाश शुक्ला रविंद्र मुरारका रामबाबू सोनी, किरन सोनी, संतोष सिंह, नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा, रोहित सोनी, दीपचंद्र , मृत्युंजय वाजपेयी, अप्पू शर्मा, परवेज, शिवम गुप्ता, सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

संक्षेप

## दहेज हत्या में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना नारखी पुलिस टीम ने दहेज हत्या में वांछित 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार को थाना नारखी पुलिस टीम थाना नारखी पर पंजीकृत दहेज प्रतिषेध अधिनियम से संबंधित मुकदमे में वांछित अभियुक्तगण पोप सिंह उर्फ पप्पू पुत्र स्व.अर्जुन सिंह, शान्ती देवी पत्नी पोप सिंह उर्फ पप्पू निवासीगण दौलतपुर थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद को न्यू बाईपास जलेसर पुल के पास से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## तमंचा कारतूस जब्त अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना एका पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को एक अवैध तमंचा व 2 जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। थाना एका पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त अमन पुत्र ज्वालाप्रसाद निवासी फरैदा थाना एका, जनपद फिरोजाबाद को एक अवैध तमंचा व 2 जिन्दा कारतूस सहित गोपालपुर भट्टे के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध बरमादगी के आधार पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की है।

## माता सीयर देवी मेले में उमड़े श्रद्धालु

**टूंडला।** माता सीयर देवी कोट कसौंदी स्थित दो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर मेले आंनद लिया। माता सीयर देवी के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं का रैला आना शुरू हो गया था। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रेलिंग लगाई गई थी। कई थानों का फोर्स लगाया गया। शाम तक देवी के मंदिर पर पैर रखने तक को जगह नहीं मिली। दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं को धक्का-मुक्की करनी पड़ी। इस मौके पर ब्रजेश कुमार, प्रताप सिंह, योगेशधर्मवीर सिंह, सियाराम बैजनाथ जितेंद्र कुमार माधव सिंह, डॉ. तारा चंद्र, हरिओम राजकुमार, भंवर सिंह,वीरेंद्र सिंह के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## मथुरा जंक्शन पर पकड़े गये बंदर

**मथुरा।** रेलवे ने सिविल प्रशासन समन्वय स्थापित कर मथुरा जंक्शन पर बंदर पकड़ो अभियान चलाया गयास मथुरा जं. पर्यटकों व श्रद्धालुओ की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण स्टेशन है। रेलवे को रेल मदद के माध्यम से बंदरो की शिकायत समय- समय पर प्राप्त हो रही थी। यात्रियों की सुरक्षा व सुगम यात्रा सुनिश्चित करने हेतु मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल के निर्देशन में स्टेशन निदेशक/ मथुरा एन.पी. सिंह द्वारा अथक प्रयास करते हुए नगर निगम मथुरा की टीम से संपर्क कर बंदरो को पकड़ने की कार्रवाई शुरू की और स्टेशन से बंदर पकड़े।

## एसएसपी ने किया परेड का निरीक्षण

**मथुरा।** रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउन्ड पर शुक्रवार सुबह परेड का एसएसपी शैलेश कुमार पांड़े ने निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कप्तान ने परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया गया। तत्पश्चात पुलिसकर्मियों में शारीरिक दक्षता विकसित करने को दौड़ लगवाई गई तथा एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल भी करवाई गई थी।

# एक राष्ट्र एक चुनाव पर जिला स्तरीय युवा संसद का शुभारंभ




जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** विकसित भारत युवा संसद 2025 कार्यक्रम का आयोजन नोडल जिला मथुरा में किया गया। मेरा युवा भारत के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र संगठन, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं के आर गर्ल्स पीजी कॉलेज मथुरा के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय सभागार में किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मथुरा एवं हाथरस जिले 293 के प्रतिभागियों ने अपना ऑनलाइन पंजीकरण किया। उक्त कार्यक्रम में भाग लेने के लिए स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा सर्वश्रेष्ठ 150 प्रतिभागियों का चयन किया। जिनका ऑफलाइन जिला स्तरीय युवा संसद के प्रथम दिन आयोजन में 70 युवाओं ने प्रतिभागिता की। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम के विषय एक राष्ट्र एक चुनाव जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर अपने ओजपूर्ण एवं मौलिक विचार रखे। इसके लिए प्रतिभागियों को 3 मिनट का समय दिया गया। कार्यक्रम का विधिवत प्रारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि श्री राजेश यादव, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, मथुरा द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात प्राचार्या प्रोफेसर लकी गुप्ता द्वारा मुख्य अतिथि एवं समस्त अतिथि गणों का स्वागत किया गया। प्राचार्या द्वारा मुख्य अतिथि राजेश यादव ए.डी.एम नमामि गंगे का स्वागत पारंपरिक पटुका प्रदान कर किया गया। प्राचार्य द्वारा सभी अतिथिगण राजेश यादव ए.डी.एम नमामि गंगे आर. एस.गौतम पूर्व सी.डी.डो, यतेंद्र सिंह जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र मथुरा, डॉ दीनदयाल, एनएसएस समन्वयक, डा सतनाम अरोड़ा प्रवक्ता बी एस ए कॉलेज मथुरा, का परिचय कराते हुए स्वागत किया गया। अंक वितरण विषय वस्तु, विचारों की अभिव्यक्ति की स्पष्टता, भाव भंगिमा, नवीनता व रचनात्मकता, अभिव्यक्ति प्रवाह एवं समय सीमा जैसे छः वर्गों में क्रमशः 20 ,15,25,20,10 ,10 मे आवंटन के नियम एवं प्रतियोगिता को पारदर्शी बनाने हेतु बनाए गए सभी नियमों से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में पहले दिन 70 प्रतिभागियों द्वारा दिए गए विषय पर युवा संसद में अपने विचार प्रस्तुत किए गए । कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## रानी अवंतीबाई लोधी के इतिहास को छुपाने का हो रहा प्रयास : अतुल

जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** विधानसभा ऊंचाहार के जगतपुर ब्लॉक के सिंघापुर भटौली में वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी का बलिदान दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी ऊंचाहार विधानसभा अतुल सिंह ने रानी अवंती बाई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि इनका जन्म 16 अगस्त 1831 को मध्य प्रदेश के शिवनी में हुआ था। भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली प्रथम महिला वीरांगना थी। युद्ध कौशल एवं गोरिल्ला छापामार में निपुण रानी अवंती बाई लोधी को अंग्रेजों ने जब धोखे से चारों ओर से घेर लिया तो अपने तलवार से अपना सर धड़ से अलग कर दिया। श्री सिंह ने कहा की रानी अवंतीबाई लोधी के इतिहास को छुपाने का प्रयास हो रहा है।जिला पंचायत सदस्य राकेश राना ने कहा कि अवंती बाई लोधी जी के इतिहास को हम सबको पढ़ना चाहिए इससे हम सबको प्रेरणा मिलती। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना, आयोजक रोहित लोधी, शैलेंद्र सिंह,रामकुमार सिंह, रामदत्त पांडे, त्रिलोकी सिंह, गोलू अग्रहरि, दिनेश रावत,शिव बहादुर लोधी, रवि सिंह,राम बिशुन लोधी, रविंद्र लोधी, अशोक सिंह, रामराज लोधी, दरबारी लोधी, सुखलाल सरोज, लालू प्रसाद सैनी, संतोष सैनी,दिनेश मौर्य,देशराज मौर्य,सुभाष यादव, वीरेंद्र कुमार,श्याम बहादुर, रमेश यादव,प्रदीप य्आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## बैंक के प्रिंटर खराबी से खाता धारकों में रोष

जिला संवाददाता (vol)

**भेटुआ, अमेठी।** क्षेत्र के नौगिरवा मे स्थित ग्रामीण बैंक का प्रिंटर बीते दो सप्ताह के अधिक समय से खराब पड़ा। खाता धारको को अपना बैलेंस प्रिंट कराने मे बैंक के चककर काटने पड़ रहे है। मार्च माह के चलते जो खाता धारक टैक्स देते है उनको खाते का स्टेटस मेंट्स लेना आवश्यक रहता है वे भी परेशानी झेल रहे है। ग्रामीण बैंक मैनेजर आज आओ कल आओ का बहाना बता रहे है। नौगिरवा ग्रामीण बैंक शाखा के खाता धारको ने शीघ्र समस्या को दूर कराने की मांग की है।

## विश्व वानिकी दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया



**फिरोजाबाद।** वन विभाग फिरोजाबाद रेंज के दतौजी नगर वन के अंतर्गत विश्व वानिकी दिवस 2025 कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कामिनी राठौर महापौर नगर निगम फिरोजाबाद , लक्ष्मी नारायण यादव ब्लॉक प्रमुख फिरोजाबाद व अन्य जन प्रतिनिधि अखिलेश कुमार पटेल उप प्रभागीय वन अधिकारी फिरोजाबाद एवं रविंद्र कुमार सिंह भदोरिया,उप प्रभागीय वनाधिकारी शिकोहाबाद समस्त क्षेत्रीय वन अधिकारीगण स्वयं सहायता समूह की महिला शक्ति करण से दिव्या भारद्वाज उपसचिव शुभ मंगलम स्वार्थ संस्थान , ग्राम प्रधान एवं वन विभाग के फील्ड एवं कार्यालय स्टाफ तथा स्थानीय स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों में जागरूकता फैलाने हेतु चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले स्कूली बच्चों को पुरस्कार वितरित किया गया तथा वन विभाग में फील्ड एवं कार्यालय स्टाफ में से उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारीयों को उनके अलग-अलग कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त जन प्रतिनिधि एवं वन विभाग के अधिकारी गणों द्वारा विश्व वानिकी दिवस पर वनों की सुरक्षा वृक्षारोपण व अपने जन्म दिवस एवं महत्वपूर्ण दिवसों में प्रत्येक व्यक्ति को एक-एक पौध रोपण अवश्य किए जाने वनों से मिलने वाले लाभ के बारे में सुझाव एवं जानकारी दी गई।

## जीआरपी पुलिस ने मोबाइल चोर को भेजा जेल

**टूंडला।** जीआरपी टूंडला पुलिस एक मोबाइल चोर को इटावा से गिरफ्तार कर थाने लाई। जिसकी तलाशी लेने पर दो मोबाइल बरामद हुए। जिसे पुलिस ने जेल भेजा है। जीआरपी टूंडला पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान इटावा बरालोकपुर से एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाने लाई जहां उसकी तलाशी लेने पर दो चोरी के मोबाइल बरामद हुए है। पकड़े गये अभियुक्त ने अपना शौकत अली पुत्र ईदू खां निवासी बरालोकपुर थाना चौबिया जिला इटावा बताया है। जिसे पुलिस ने मोबाइल चोरी के मामले में जेल भेजा है।

## थाना गोविन्द पुलिस ने पकड़े दो शातिर वाहन चोर, पांच वाहन बरामद

मथुरा। थाना गोविन्दनगर पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को लुहार बगीची कब्रिस्तान से गिरफ्तार किया है, उनके कब्जे से पुलिस ने चोरी के पांच वाहन एवं असलाह भी बरामद किया है। पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में कमलेश सिंह प्रभारी निरीक्षक गोविन्दनगर के नेतृत्व में बीतीरात उ0नि0 अजय कुमार सिंह ( चैकी प्रभारी डीग गेट ) द्वारा मौ0 अनवार कुरैशी पुत्र मौ0 यूनुस निवासी कोसीकलां, यूसुफ उर्फ ईसुब पुत्र अशरफ उर्फ चांद निवासी बद्रीनगर नई बस्ती थाना गोविन्द नगर बीतीरात लुहार बगीची कब्रिस्तान से करीब 20 कदम दूर अमरनाथ स्कूल की तरफ से चोरी की चार मोटरसाईकिल व 01 स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया है। यूसुफ उर्फ ईसुब उपरोक्त के कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। युसूफ पर कई थानों पांच मुकद्में और अनवर कुरैशी पर एक मुकद्मा दर्ज है। पुलिस ने पकड़े गए शातिरों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## मुठभेड़ में चार अन्तर्राज्यीय शातिर बदमाश गिरफ्तार, दो घायल

**मथुरा।** कोसी पुलिस और एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही में देर रात चार अन्तर्राज्यीय शातिर बदमाशों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पुलिस की गोली से दो बदमाश घायल हो गये है। इनके कब्जे से चोरी का स्क्रेप व अवैध असलाह बरामद हुये है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण त्रिगुण बिसेन ने बताया कि 8 मार्च बदमाशों ने चेन्नई से कुंडली हरियाणा जा रहे ट्रक से स्क्रैप चोरी किया था। इस मामले में कोसीकला थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। देर रात मुखबिर से सूचना मिली कि कोसीकला फैक्ट्री एरिया में बदमाश मौजूद हैं। पुलिस और एसओजी टीम ने घेराबंदी की। बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं। दो बदमाश साहिल और सोहेल उर्फ अरबाज पैर में गोली लगने से घायल हुए। रिंकू और रईस कुरैशी ने आत्मसमर्पण कर दिया। बताया गया कि घायल हुए बदमाश कोसीकलां क्षेत्र के ही रहने वाले हैं जबकि बदमाश रिंकू राजस्थान के भरतपुर का रहने वाला है तो वही रईस कुरैशी कोतवाली क्षेत्र मथुरा का रहने वाला है। पुलिस ने चारों के कब्जे से चोरी का 8000 किलोग्राम स्क्रैप बरामद किया, जिसकी कीमत लगभग 51 लाख रुपए है। इसके अलावा बिना नम्बर का एक छोटा हाथी ( वाहन ), दो तमंचे और पांच कारतूस भी बरामद किए गए। पुलिस ने चारों अंतर्राज्यीय साहिद पुत्र खालिद निवासी साठावाडिया वास कोसीकलां थाना कोसीकलां, सोहिल उर्फ अरवाज पुत्र खलील निवासी नाडूवास कोसीकलां थाना कोसीकलां, रिंकू कुमार पुत्र अतर सिंह निवासी वरौली रन थाना नदवई जिला भरतपुर राज. रहीश कुरैशी पुत्र उमरदराज निवासी अहीर गली, वद्रीनगर डीग गेट थाना गोविन्दनगर को जेल भेजा है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रमुख रूप से कोसी प्र.नि. अजीत सिंह, एसओजी प्रभारी राकेश यादव, चैकी प्रभारी गोपालबाग हरेन्द्र कुमार, चैकी प्रभारी बठैन गेट अंकित मलिक, चैकी प्रभारी कोटवन अरविन्द कुमार, उ.नि. मनमोहन शर्मा मौजूद रहे।

# जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे



**मथुरा।** उप्र विधान परिषद की नियम पुनरीक्षण समिति के कार्यकारी सभापति/अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार भारद्वाज के कलेक्ट्रेट आगमन पर गार्ड ऑफ ऑनर ने सलामी दी। गार्ड ऑफ ऑनर के पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में सभापति धर्मेंद्र कुमार भारद्वाज, सदस्य किरण पाल कश्यप, योगेश चौधरी, विच्छे लाल राम, सदस्य विधान परिषद ओम प्रकाश सिंह तथा महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़ का डीएम मथुरा चंद्र प्रकाश सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक /एसएसपी मथुरा शैलेश कुमार पांडेय, डीएम फिरोजाबाद रमेश रंजन एवं एसएसपी फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा बुके भेंट कर एवं पटुका पहनाकर स्वागत किया गया।

उप्र विधान परिषद की नियम पुनरीक्षण समिति के कार्यकारी सभापति / अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार भारद्वाज की अध्यक्षता में जनपद मथुरा एवं फिरोजाबाद के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई संपन्न। सभापति ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण कराना समिति का मुख्य उद्देश्य है। प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। बैठक के दौरान सभापति ने 10 बिन्दुओं यथा विगत तीन वर्षों में विधान परिषद के कितने अल्पसूचित /तारांकित/ अताराकित पत्रों के उतर भेजे गए है। इसी प्रकार विधान परिषद् के नियम 116, 105, 110 तथा 111 भी कितनी सूचनाओं के उत्तर भेजे गये है। उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की कितनी याचिकाएं प्राप्त हुई और उसके सम्बन्ध में अब तक क्या कार्यवाही की गई है। विशेषाधिकार हनन के कितने मामले लम्बित है। विधान परिषद् उत्तर प्रदेश के कितने सदस्यों के पत्र प्राप्त हुए और उन पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है। क्या जिला स्तर के अधिकारियों को संसदीय व्यवहार तथा प्रक्रिया का पूरा ज्ञान है। विधायकों के प्रोटोकाल के उल्लंघन के कितने मामले लंबित है।

# रैंकिंग में सुधार लायें अन्यथा कठोर कार्यवाही की जायेगी : एडीएम



**फिरोजाबाद।** एडीएम न्यायिक संगीता गौतम की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में की गई,बैठक में सभी उपस्थित अधिकारियों के साथ-साथ जनपद स्तरीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया, एडीएम ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर जिन-जिन विभागों की प्रगति खराब होने से जिले की रैंकिंग प्रभावित हो रही है, वह समस्त विभाग अपने कार्य में सुधार लाते हुए, रैंकिंग में सुधार लाये अथवा कठोरतम कार्यवाही की जाएगी, सभी मंडी परिषदों की खराब स्थिति को देखते हुए एडीएम ने इनको स्पष्टीकरण जारी करने के आदेश दिए, साथ ही उन्होंने कहा कि फिर भी प्रगति में सुधार न पाया गया तो आप सभी का वेतन रोक दिया जाएगा, इसी तरह खाद्य विभाग की प्रगति खराब पाई जाने पर भी एडीएम ने इनके विरुद्ध नोटिस जारी करने के आदेश दिए। अपर जिलाधिकारी ने डिप्टी आरएमओ को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में कुल 70 से अधिक गेहूं क्रय केंद्र अवश्य खोले जाएं, जिससे किसानों को कोई परेशानी न हो, सभी उपस्थित तहसीलदारों को निर्देशित किया कि आपके यहां कोई भी आय एवं जाति प्रमाण पत्र लंबित नहीं होने चाहिए, उन्होंने डूडा विभाग की रैंकिंग खराब होने पर नाराजगी व्यक्त की, अंत में उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि अपनी अपनी-अपनी कार्यों की प्रगति सुधारें जिससे जनपद की रैंकिंग प्रभावित न हो, बैठक में उपस्थित समस्त एसडीएम एवं जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेसियों ने किया नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत

**फिरोजाबाद।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के द्वारा मनोनीत जिले के रामनिवास यादव जिला अध्यक्ष फिरोजावाद की नियुक्ति की घोषणा होते ही कांग्रेसियों में जोश की लहर दौड़ पड़ी और मध्य रात्रि ही रामनिवास यादव के गांव मौडा पहुंचकर फूलमाला साफा पहनाकर जोशीला स्वागत किया गया स्वागत उपरांत उत्तर प्रदेश कांग्रेस सूचना का अधिकार विभाग के प्रदेश सचिव डॉ बी एस गौतम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रामनिवास यादव को मनोनीत होने पर बेहद हर्ष का विषय तो कांग्रेसियों के लिए है ही लेकिन वह जनता के लिए एक ब्रह्मास्त्र के रूप में कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे रामनिवास यादव जमीन से जुड़े हुए नेता हैं वह पूरे जिले में अपनी पहचान के मोहताज नहीं कि वह एक छोटे से छोटे स्तर के कार्यकर्ता एवं आम नागरिक को सीधे समस्याओं को सुनते हुए समाधान करने के लिए हमेशा से जाने जाते रहे हैं कांग्रेस नेता अनिल उपाध्याय ने कहा कि रामनिवास यादव फिरोजाबाद जिले में कांग्रेस के करनधार साबित होंगे वह एक मील के पत्थर की तरह कांग्रेस पार्टी को मजबूत करते हुए दिखाई देंगे और जन-जन तक कांग्रेस की रीति नीति तथा विचारधारा को पहुंचने में सूत्रधार साबित होंगे स्वागत कार्यक्रम में अजय यादव सिद्धार्थ पृथ्वीराज सिंह राजुद्दीन अली उमर फारूक शैलेंद्र शुक्ला संजय यादव अनिल यादव रॉकी यादव हैदर अली नवेद आलम मोहम्मद फैज संदीप ओझा प्रमोद रावत राकेश वर्मा गीतम सिंह प्रदीप वर्मा रामवीर सिंह वीरपाल दीपक कुमार नरेश कुमार मोहम्मद इमरान आदि लोगों उपस्थित रहे।

## कांग्रेस हाईकमान के निर्णय का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**मथुरा।** कांग्रेस पार्टी हाई कमान द्वारा मथुरा जिला की कमान पार्टी के संघर्षशील जुझारू कर्मठ कार्यकर्ता वर्ष 2024 में लोकसभा का चुनाव लड़ चुके मुकेश धनगर को मथुरा जिला का अध्यक्ष बनाकर सही वह उचित निर्णय लिया है मुकेश धनगर के जिला अध्यक्ष बनने से पार्टी और मजबूत होगी और मुखर तरीके से राष्ट्र विरोधी सांप्रदायिक ताकतों से जो कि देश में नफरत फैलाने का कार्य कर रहे हैं उन्हें बेनकाब करने के लिए संघर्ष किया जाएगा। जनता के सवालों को लेकर स्वतंत्र तरीके से निर्णय लेकर आंदोलन शुरू करेगी, मुकेश धनगर ने एन एस यू आई छात्र संगठन से अपना राजनीतिक सफर शुरू किया है वह युवा कांग्रेस एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव भी रहे हैं तथा पार्टी ने उन्हें वर्ष 2024 में कांग्रेस पार्टी में लोकसभा का प्रत्याशी भी बनाया था। मुकेश धनगर के अध्यक्ष बनने पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई संदेश प्रेषित किया है हर्ष व्यक्त करने वालों में पूर्व विधायक राजकुमार रावत पूर्व अध्यक्ष दिनेश पाठक पूर्व महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि उमेश शर्मा पार्षद पुनीत बघेल विपुल पाठक अप्रतिम सक्सेना गौरव सिंह संतोष पाठक धनंजय चैधरी अबरार कुरैशी जिलानी कादरी मानवेंद्र पांडव उमाशंकर शर्मा आशीष अग्रवाल डॉ सी एल शर्मा यूथ कांग्रेस अध्यक्ष हरवीर सिंह पुंडीर विवेक अग्रवाल सिम्मी बेगम गीता दिवाकर राजा गौतम शैलेंद्र चैधरी संजय पचौरी मनोज गौड़ सरवन अहमद बंटी दिवाकर विवेक धनगर ललित शर्मा आदि कांग्रेस जनों ने हर्ष व्यक्त किया।

## ब्रह्मोत्सव में मोहिनी स्वरूप में रजत निर्मित पालकी में सवार हुए भगवान रंगनाथ

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** वृंदावन तीर्थनगरी के प्रसिद्ध श्री रंगनाथ मंदिर के ब्रह्मोत्सव में पंचम दिवस ठाकुर रंगनाथ भगवान मोहिनी स्वरूप में रजत निर्मित पालकी में सवार होकर भक्तो को कृतार्थ करने निकले। प्रभु के अद्भुत स्वरूप के दर्शनों के लिए भक्तों में भारी उल्लास देखा गया। श्री रामानुज संप्रदाय के प्रमुख दिव्यदेश श्री रंगमंदिर के दस दिवसीय ब्रह्मोत्सव के पांचवे दिन शुक्रवार को भगवान रंगनाथ ने मोहिनी स्वरूप धारण किया। गर्भगृह से स्वणाभूषण से अलंकृत ठाकुर जी को रजत निर्मित पालकी में विराजित कर कुंभ आरती उतारी गई। उसके बाद बैंड बाजे और दक्षिण भारतीय परंपरागत वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनि के साथ सवारी रंगजी के बड़ा बगीचा पहुंची। कुछ समय विश्राम के बाद ठाकुर जी सवारी श्री वैष्णव संप्रदाय से जुड़े मंदिर देवालयों में पहुंची। पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान की यह कथा समुद्र मंथन के समय की है। जिसमे श्री नारायण ने बहुत ही सुन्दर मोहिनी रूप का वेष धारण किया था। भगवान ने इस रूप को धारण कर सभी असुरों को अपने रूप से मोहित कर दिया था। एवं प्रत्येक देवता गणों को अमृत का पान कराया था।आज वर्तमान समय में नारी के इस अलौकिक मोहिनी रूप से असुर तो मोहित होते है। परन्तु दिव्यजन दर्शन कर भक्ति की डगर पर चल पड़ते है। अतः भगवान के इस अलौकिक मोहिनी रूप के दर्शन मात्र होने से भक्त मोह माया से विरक्त होकर प्रभु भक्ति में लीन हो जाते हैं।

# नवसंवत्सर मेला 29 को, तैयारियां पूर्ण

अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा मुख्य आकर्षण



**मथुरा।** नववर्ष मेला समिति की गुरुवार को देर सायं सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर में आयोजित समीक्षा बैठक में नवसंवत्सर की पूर्व संध्या पर 29 मार्च को होने वाले विशाल नववर्ष मेला की तैयारियों को अंतिम रुप दिया गया। बैठक का संचालन करते हुए मेला महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया कि भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत2082 की पूर्व संध्या पर चैत्र कृष्ण अमावस्या तदनुसार 29 मार्च को सेठ बी०एन०पोद्दार इंटर कॉलेज मथुरा के मैदान में परम्परागत रूप से विभिन्न सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रमों के साथ इस वर्ष 24 वां विशाल मेला आयोजित होगा।

इस अवसर पर रात्रि 8 बजे से आयोजित नववर्ष समारोह में मुख्य अतिथि राधाबल्लभ संप्रदाय प्रधान पीठाधिपति तिलकायत अधिकारी गोस्वामी श्रीहित मोहित मराल जी महाराज व विशिष्ट अतिथि बेबीरानी मौर्य मंत्री महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग उत्तर प्रदेश होंगी। रात्रि 9.15 बजे से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन मुख आकर्षण का केंद्र होगा। इसमें दिल्ली के हास्य कवि महेंद्र अजनबी, पार्थ नवीन एवं मोनिका देहलवी, वीर रस के कवि मनवीर मधुर, डा. कुमार मनोज, अजय अंजाम, राधाकांत पाण्डेय एवं ज्योति त्रिपाठी कविता पाठ करेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सह विभाग कार्यवाह डा. संजय अग्रवाल ने मार्गदर्शन किया। बैठक में समिति अध्यक्ष कमलेश अरोरा, डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह, आरएसएस महानगर कार्यवाह विजय बंटा, डॉ. दीपा अग्रवाल, योगेश आवा, रजत बाल्मीकि, अनिरुद्ध अग्रवाल, सुभाष सैनी, अजय अग्रवाल, गंगाधर अरोड़ा, मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा, विशाल रुहेला, समीर बंसल, राजीवकृष्ण अग्रवाल, आचार्य ब्रजेंद्र नागर, रामदास चतुवेर्दी, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजू यादव, नयन शर्मा, अनुराधा शर्मा, नानक चंद्र महावर, डा. सीमा मिश्रा, डा० रुचि अग्रवाल, डा. मुकेश आर्यबंधु, अवधेश उपाध्याय, रामकिशन पाठक, जमुना देवी शर्मा, जेपीएस सिसोदिया, लक्ष्मण पाल, कान्हा यादव, संदीप माथुर, केशव गौड़, आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष कमलेश अरोरा ने एवं संचालन महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने किया।

## गिलट आभूषण व्यवसायी समिति मथुरा का वार्षिक सैल महोत्सव 24 को

**मथुरा।** मथुरा गिलट आभूषण व्यवसायी समिति मथुरा के तत्वावधान में वार्षिक सैल महोत्सव हण्डा 24 मार्च को भागवत सेवा संस्थान गोवर्धन में होगा। जिसके तहत शुक्रवार अन्नपूर्णा रथ भण्डारा की सामग्री लेकर रवाना हुआ। समिति के उपाध्यक्ष राहुल नक्षत्र द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि 24 मार्च को सुबह 9 वजे श्री गिर्राज महाराज का अभिषेक दूध दही शहद बूरा के साथ होगा। 11 वजे छप्पन भोग लगाये जायेंगे जो कि देर शाम तक दर्शनाथीयों के लिए खुले रहेंगे व 12 वजे से भण्डारा प्रसादी का कार्यक्रम रहेगा। अन्नपूर्णा रथ के रवानगी के समय अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल सादावाद वाले, मुख्य संयोजक गुड्डू अग्रवाल, सह संयोजक सुरेन्द्र चौधरी, बालकिशन अग्रवाल, शंकर अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, अंकित गुरू, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार, राहुल नक्षत्र, नीरज अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल आदि सदस्य मौजूद थे।

## मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ने मथुरा जं. का किया निरीक्षण

**मथुरा।** प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक प्रयागराज बृजेन्द्र कुमार ने आगरा मंडल के मथुरा जं. स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-01 के निरीक्षण के दौरान फूड प्लॉजा, फूड ट्राली का निरीक्षण किया व यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। इसके उपरान्त प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक बृजेन्द्र कुमार ने मथुरा जंक्शन स्टेशन पर निरिक्षण के दौरान उन्होंने यात्री सुविधा, बुकिंग कार्यालय, रिजर्वेशन कार्यालय, द्वितीय प्रवेश द्वार, तृतीय प्रवेश द्वार, गुड्स शेड, स्टेशन पर नवनिर्मित लिफ्ट कार्य, सकुर्लेटिंग एरिया व स्टेशन पुनर्विकास सहित अन्य यात्री सुविधाओ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आगरा मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमित आनन्द, स्टेशन निदेशक मथुरा एन पी सिंह, सहायक वाणिज्य प्रबंधक फ्रेट संजीव कुमार मौजूद रहे।

संक्षेप

## बड़ौदा एमडिजिनेक्स्ट मोबाइल ऐप की शुरुआत

लखनऊ। बैंक ऑफ बड़ौदा ने आज बड़ौदा कैश मैनेजमेंट सर्विसेज का उपयोग करने वाले बैंक के कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए नकदी प्रबंधन सेवा से संबंधित एक विशिष्ट ऐप बड़ौदा एमडिजिनेक्स्ट मोबाइल ऐप की शुरूआत करने की घोषणा की। इससे बैंक ऑफ बड़ौदा भारत के उन चुनिंदा बैंकों में शामिल हो गया है जिन्होंने कॉरपोरेट्स की नकदी प्रबंधन संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए विशिष्ट ऐप की पेशकश की है। कई महत्वपूर्ण भुगतान प्रणालियों की पेशकश के साथ, बड़ौदा एमडिजिनेक्स्ट मोबाइल ऐप कॉर्पोरेट्स के वर्किंग कैपिटल एवं कैश फ़्लो प्रबंधन के तरीके को बदलते हुए उनके लेनदेन में तेजी लाएगा।

## आरबीआई के निदेशक मंडल ने की वैश्विक समीक्षा

तिरुवनंतपुरम। भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल ने शुक्रवार को उभरते वैश्विक और घरेलू आर्थिक परिदृश्य की समीक्षा की और वित्त वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय बैंक के बजट को मंजूरी दी। आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 614वीं बैठक गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में यहां आयोजित की गई।

## डब्लूडी ब्लू एसएन 5000 एनवीएमई एसएसडी लॉन्च

बंगलुरू। प्रीमियम कंटेंट की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, कंटेंट क्रिएटर्स और प्रोफेशनल्स को ज्यादा स्टोरेज की जरूरत होती है, जो तेज और बेहतर तरीके से काम करे। साथ ही, एआई तकनीक से बड़े मीडिया फाइल्स बन रहे हैं, जिससे ज्यादा स्टोरेज और हाई-परफॉर्मेंस डेटा स्टोरेज की जरूरत बढ़ रही है।यूजर्स की जरूरतों को पूरा करने के लिए, वेस्टर्न डिजिटल ने हाल ही में डब्लूडी ब्लू एसएन 5000 एनवीएमई एसएसडी लॉन्च किया है। यह नेक्स्ट जनरेशन स्टोरेज खासतौर पर कंटेंट क्रिएटर्स और प्रोफेशनल्स के लिए बनाई गई है, जो 4के वीडियो, इमेज और ऑडियो जैसे हाई वर्कफ्लो पर काम करते हैं डब्लूडी ब्लू एसएन 5000 एनवीएमई एसएसडी की स्टोरेज क्षमता 500जीबी से 4टीबी तक उपलब्ध है।

## निवा बूपा ने लॉन्च किया 'राइज'

बंगलुरू। निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने 'राइज' को लॉन्च किया है। यह एक खास हेल्थ इंश्योरेंस प्लान है, जिसे भारत के ₹मिसिंग मिडल₹ के लिए बनाया गया है, ताकि अच्छे इलाज को और भी ज्यादा लोगों की पहुंच में बनाया जा सके। इसमें कई नए और अनोखे फीचर्स शामिल हैं जो 'राइज' हेल्थ इंश्योरेंस को किफायती और सरल बनाते हैं। 'राइज' को भारत के बड़े और छोटे शहरों में रहने वाले मध्यम वर्ग के लोगों की जीवनशैली, जरूरतों और पसंद को समझने के लिए गहराई से अध्ययन करने के बाद तैयार किया गया है। कई लोगों से बातचीत करने से पता चला कि इस वर्ग के लोगों की आमदनी सीजन के अनुसार बदलती रहती है, जिससे बेहतर प्राथमिक निजी स्वास्थ्य सेवाओं को पाना उनके लिए थोड़ा मुश्किल है। इसलिए वे ऐसे किफायती दमदार लाभों की तलाश में है, जिससे वह अपनी सेहत संभाल सकें।

## माय11सर्किल का नया कैंपेन सर्किल में आजा हुआ लॉन्च

बंगलुरू। टाटा आईपीएल 2025 के लिए बढ़ते उत्साह के बीच गेम्स24x7 का प्रमुख फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म माय11सर्किल अपने नए कैंपेन सर्किल में आजा के साथ उत्साह को बढ़ाने को तैयार है। इस कैंपेन के साथ माय11सर्किल एक इमर्सिव एक्सपीरियंसव ब्रांड एंबेसडर्स की आकर्षक लाइन अप के साथ यूजर्स के एंगेजमेंट को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है और यूजर्स को आईपीएल के एक्शन के साथ जुड़ने के लिए आमंत्रित कर रहा है। जो कुछ भी करते हैं वह हमारे यूजर्स और खेल के प्रति उनके प्यार के इर्द-गिर्द केंद्रित होता है। हम अपने प्लेटफॉर्म को खिलाड़ियों के लिए अधिक मनोरंजक एवं रिवार्डिंग बनाने के लिए निरंतर इनोवेशन करते रहते हैं।

## तेजी से बढ़ने वाला ब्रांड बना एबीडी

नई दिल्ली। एबीडी ने अपनी आइकॉनिक व्हाइट के साथ नया मुकाम हासिल किया है। लॉन्च के महज 344 दिनों में इस ब्रांड ने 50 लाख (5 मिलियन) केस की बिक्री पार कर ली है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 3.2 लाख केस की शुरूआती बिक्री के बाद, 2023-24 में यह आंकड़ा 22.7 लाख केस तक पहुंच गया, जिससे यह 2023 का सबसे तेजी से बढ़ने वाला स्पिरिट ब्रांड बन गया।

# सेंसेक्स 557 अंक उछला



मुंबई। विदेशी कोषों की लिवाली और बैंक शेयरों में बढ़त के दम पर घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार पांचवें दिन बढ़त के साथ बंद हुए। प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स में 557 अंक और निफ्टी में 160 अंक की तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 557.45 अंक यानी 0.73 प्रतिशत उछलकर 76,905.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 693.88 अंक बढ़कर 77,041.94 पर पहुंच गया था। इसी तरह एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी 159.75 अंक यानी 0.69 प्रतिशत चढ़कर 23,350.40 अंक पर बंद हुआ। विशेषज्ञों ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने इस साल दो बार ब्याज दरों में कटौती की बात कही है। इससे घरेलू बाजार में आशावाद फिर से जग गया है। सेंसेक्स के शेयरों में एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक, नेस्ले, लार्सन एंड टूब्रो, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड और जोमैटो लाभ में रहे। दूसरी ओर इन्फोसिस, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन और बजाज फिनसर्व में गिरावट हुई। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 3,239.14 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। घरेलू बाजारों में लगातार सुधार के साथ कारोबारी सप्ताह खत्म हुआ। जोखिम-मुक्त दरों में कमी, डॉलर सूचकांक में सुधार और उभरते बाजारों में विदेशी निवेश आने के कारण तेजी का दौर बना। उन्होंने कहा कि इससे घरेलू बाजार में एक बार फिर आशावादी नजरिया देखने को मिल रहा है। इस कारोबारी सप्ताह में बीएसई सेंसेक्स 3,076.6 अंक यानी 4.16 प्रतिशत बढ़ा और एनएसई निफ्टी ने 953.2 अंक यानी 4.25 प्रतिशत की छलांग लगाई। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 2.05 प्रतिशत और मिडकैप सूचकांक में 1.14 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बीएसई पर क्षेत्रवार सूचकांकों की बात करें तो तेल एवं गैस खंड में 2.25 प्रतिशत, उपयोगिता खंड में 2.11 प्रतिशत, दूरसंचार में 1.91 प्रतिशत और ऊर्जा खंड में 1.86 प्रतिशत की वृद्धि हुई। दूसरी ओर उपभोक्ता टिकाऊवस्तु और धातु शेयर खंड गिरावट के साथ बंद हुए। शुक्रवार को बीएसई के 2,823 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि ।,213 में गिरावट हुई। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी बढ़त के साथ बंद हुआ, जबकि जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरकर बंद हुए। यूरोपीय बाजार नकारात्मक क्षेत्र में कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.21 प्रतिशत गिरकर 71.85 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

# सोना 400 रुपये टूटा चांदी में भी रही गिरावट



नयी दिल्ली। वैश्विक बाजारों में कमजोरी और मुनाफावसूली की गतिविधियों के कारण राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोना 400 रुपये की गिरावट के साथ 91,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना कल 91,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 400 रुपये की गिरावट के साथ 90,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ जो एक दिन पहले 91,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। व्यापारियों द्वारा मुनाफावसूली और डॉलर में आए सुधार के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पॉवेल द्वारा अमेरिका में वृद्धि की रफ्तार सुस्त होने और मुद्रास्फीति बढ़ने की टिप्पणियों से कीमती धातु में गिरावट आई है। लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रहने के कारण चांदी में भी ।,700 रुपये की गिरावट आई और यह 1,00,300 रुपये प्रति किलोग्राम बोला गया। बृहस्पतिवार को यह 1.02 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना 12.15 डॉलर की गिरावट के साथ 3,032.75 डॉलर प्रति औंस रह गया। कॉमेक्स सोना वायदा 0.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,036.60 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स सोना 3,040 डॉलर प्रति औंस से नीचे है, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लगाए सीमा शुल्कों के संभावित प्रभावों और पश्चिम एशिया में तनावपूर्ण भू-राजनीतिक स्थिति से जुड़ी चिंताओं के कारण सुरक्षित निवेश की मांग होने के कारण इसमें तेज गिरावट सीमित रह सकती है। उन्होंने कहा कि बाजार में उतार-चढ़ाव बना हुआ है क्योंकि ट्रंप ने हाल ही में कहा है कि व्यापक जवाबी शुल्क और कुछ अतिरिक्त क्षेत्र-विशिष्ट शुल्क दो अप्रैल को लागू हो जाएंगे।

## वाहन पंजीकरण और बिक्री में अंतर पर ओला इलेक्ट्रिक से मांगा गया स्पष्टीकरण

नयी दिल्ली। ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड से भारी उद्योग और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने वाहन पोर्टल पर वाहनों के पंजीकरण तथा शेयर बाजार को दी जानकारी के अनुसार बिक्री में अंतर के बारे में जानकारी मांगी है।

ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, इसके अलावा, मंत्रालयों ने व्यापार प्रमाणपत्रों की आवश्यकता का अनुपालन न करने संबंधी रिपोर्ट पर भी स्पष्टीकरण मांगा है। कंपनी सूचना के अनुसार, दोनों मंत्रालयों की ओर से पूछे गए प्रश्न वाहन पोर्टल के अनुसार वाहन पंजीकरण और फरवरी 2025 के महीने के लिए कंपनी की 28 फरवरी 2025 की नियामक जानकारी के अनुसार बिक्री में बड़े अंतर से संबंधित हैं। ओला इलेक्ट्रिक ने कहा, कंपनी उपरोक्त मामले का जवाब देने की प्रक्रिया में है। फरवरी माह में वाहन पोर्टल पर ओला इलेक्ट्रिक द्वारा पंजीकरण वाहनों की कुल संख्या 8,652 थी, जबकि नियामकीय सूचना में कंपनी ने फरवरी 2025 के दौरान 25,000 से अधिक इकाइयों की बिक्री की जानकारी दी थी। वहीं 20 मार्च तक वाहन पोर्टल पर कंपनी के पंजीकरण वाहनों की संख्या 11,781 थी। इसके अलावा कंपनी ने कहा कि उसे चार राज्यों में अपने कुछ स्टोर के लिए व्यापार प्रमाणपत्र के संबंध में नोटिस मिले हैं।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30.5 करोड़ डॉलर बढ़ा



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 मार्च को समाप्त सप्ताह में 30.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 654.271 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15.267 अरब डॉलर बढ़कर 653.966 अरब डॉलर हो गया था। यह दो वर्षों में किसी एक सप्ताह में आया सबसे तेज उछाल था। इस उछाल का श्रेय 28 फरवरी को केंद्रीय बैंक द्वारा किए गए 10 अरब डॉलर के विदेशी मुद्रा विनिमय को दिया गया। रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने में मदद के लिए आरबीआई द्वारा विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ पुनर्मूल्यांकन के कारण हाल ही में विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट का रुख रहा है। सितंबर 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 9.6 करोड़ डॉलर घटकर 557.186 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। हालांकि, समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 6.6 अरब डॉलर बढ़कर 74.391 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 5.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.262 अरब डॉलर हो गया। आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 28.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.431 अरब डॉलर रहा।

## पांच दिनों में निवेशकों की पूंजी 22.12 लाख करोड़ रुपये बढ़ी



नयी दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में लगातार पांच दिनों से जारी तेजी के बीच बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों के कुल बाजार पूंजीकरण में 22.12 लाख करोड़ रुपये की जोरदार बढ़त दर्ज की गई है। शुक्रवार को बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 557.45 अंक यानी 0.73 प्रतिशत उछलकर 76,905.51 अंक पर बंद हुआ।

व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 2.05 प्रतिशत और मिडकैप सूचकांक में 1.14 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह सेंसेक्स में तेजी का लगातार पांचवां दिन रहा। इन पांच सत्रों में सेंसेक्स में चार प्रतिशत से अधिक उछाल दर्ज की गई है। तेजी के इस दौर में बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 22,12,191.12 करोड़ रुपये बढ़कर 4,13,30,624.05 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

# 1.91 लाख सर्किट किलोमीटर पारेषण लाइन जोड़ने की योजना



नयी दिल्ली। केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने वर्ष 2032 तक लगभग 1.91 लाख सीकेएम (सर्किट किलोमीटर) पारेषण लाइन और ।,274 जीवीए परिवर्तन क्षमता जोड़ने की योजना बनाई है। बिजली मंत्री ने बृहस्पतिवार शाम बिजली मंत्रालय से संबंधित संसदीय सलाहकार समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में बिजली एक महत्वपूर्ण घटक है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विद्युत योजना वर्ष 2023 से वर्ष 2032 की अवधि के दौरान देश में जोड़े जाने वाले आवश्यक पारेषण व्यवस्था का विवरण प्रदान करती है, जो देश में बिजली की मांग में वृद्धि और उत्पादन क्षमता के अनुरूप है। उन्होंने यह भी कहा कि पर्याप्त पारेषण व्यवस्था न होने से उत्पादन क्षमता का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जा सकता है, जो एक विश्वसनीय विद्युत प्रणाली की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि एनईपी-ट्रांसमिशन के मुताबिक, 10 साल की अवधि (वर्ष 2023 से वर्ष 2032) के दौरान लगभग 1.91 लाख सीकेएम पारेषण लाइन बिछाने और ।,274 जीवीए परिवर्तन क्षमता जोड़ने की योजना है। सांसदों ने विभिन्न पहलों और योजनाओं के संबंध में कई सुझाव दिए। उन्होंने देश में पारेषण नेटवर्क के विस्तार में बिजली मंत्रालय की पहलों और प्रयासों की भी सराहना की। लाल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सांसदों द्वारा दिए गए सुझावों को शामिल करने के लिए उचित कार्वाई करें तथा लोगों के कल्याण को प्राथमिकता दें।

## सेबी ने संबंधित पार्टी लेनदेन मानकों के अनुपालन की समय सीमा बढ़ायी

नयी दिल्ली। नियामक सेबी ने शुक्रवार को सूचीबद्ध संस्थाओं द्वारा संबंधित पार्टी लेनदेन की समीक्षा के लिए न्यूनतम जानकारी ऑडिट समिति और शेयरधारकों को देने की समयसीमा तीन महीने तक बढ़ाकर एक जुलाई कर दी। इससे पहले, ये उद्योग मानक एक अप्रैल, 2025 से प्रभावी होने वाले थे। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा, सेबी को विभिन्न हितधारकों से प्रतिक्रिया मिली है और उन्होंने समयसीमा बढ़ाने का अनुरोध किया है। इसलिए यह तय किया गया है कि परिपत्र की प्रभावी तारीख एक जुलाई, 2025 होगी। उद्योग मानक फोरम में तीन उद्योग निकायों - एसोचैम, सीआईआई और एफआईसीसीआई - के प्रतिनिधि शामिल हैं। आईएसएफ ने ही उद्योग के इन मानकों को तैयार किया था।

# रुपया 38 पैसे मजबूत होकर बंद



मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और विदेशी पूंजी के ताजा प्रवाह के बीच रुपये ने शुक्रवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में बढ़त दर्ज की और 38 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.00 (अस्थायी) पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.26 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान इसने 85.93 प्रति डॉलर के उच्च स्तर और 86.30 प्रति डॉलर के निम्न स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में रुपया डॉलर के मुकाबले 86.00 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 36 पैसे की बढ़त दर्शाता है।

रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.36 पर बंद हुआ था। रुपये में डॉलर के मुकाबले लगातार छठे कारोबारी सत्र में बढ़त दर्ज की गई। इस दौरान यह कुल 123 पैसे मजबूत हुआ है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 104.04 पर रहा। अंतर्राष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71.79 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स 557.45 अंक की बढ़त के साथ 76,905.51 अंक पर जबकि निफ्टी 159.75 अंक चढ़कर 23,350.40 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बृहस्पतिवार को लिवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 3,239.14 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

पेज एक का शेष

## रेप का आरोपी

बीच फरार आरोपी का भाई पकड़ा गया था। पुलिस ने फरार ऑटो ड्राइवर पर एक लाख रुपये का इनाम रखा था और गहन तफ्तीश में सामने आया था कि इस पर 23 मुकदमें दर्ज थे। पुलिस के मुताबिक, मुख्य आरोपी की पहचान दुबग्गा के हिस्ट्रीशीटर अजय कुमार के तौर पर हुई है। अजय और दिनेश दोनों भाई हैं। दोनों का पहले से ही आपराधिक रिकॉर्ड है। अजय पर 23, जबकि दिनेश पर 9 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी ने जब घटना को अंजाम दिया, उस समय ऑटो पर नंबर प्लेट नहीं थी। आरोपियों ने ऑटो की पहचान छिपाने और बचाव के लिए नंबर प्लेट को दोबारा लगा दिया था। ऑटो ड्राइवर के भाई दिनेश ने पुलिस को बताया कि अजय ने मंगलवार रात आलमबाग बस अड्डे से महिला को किडनैप किया था। मैं दुबग्गा में था। मुझे फोन किया और वहां से साथ में लिया। हम दोनों महिला को मलिहाबाद के भदवाना इलाके में ले गए। यहां बाग में रेप की कोशिश की। महिला के विरोध करने पर उसकी पैजामी से गला दबाकर हत्या कर दी।

## दिल्ली हाईकोर्ट के

किया। न्यायमूर्ति वर्मा का प्रस्तावित स्थानांतरण केंद्र द्वारा कॉलेजियम की सिफारिश को स्वीकार करने के बाद प्रभावी हो सकता है। इस सिफारिश को आधिकारिक रूप से आगे भेजा जाना अभी बाकी है। यदि आवश्यक हुआ, तो कॉलेजियम आगे की कार्वाई भी कर सकता है। इस बीच, दिल्ली उच्च न्यायालय के दूसरे सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश वर्मा ने शुक्रवार को अदालत में सुनवाई नहीं की। यह जानकारी उनके कोर्ट मास्टर ने वकीलों को दी। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आवास से कथित तौर पर भारी मात्रा में नकदी बरामद होने का एक वरिष्ठ वकील ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष जिक्र किया और इस घटना पर दुख एवं आश्चर्य व्यक्त किया। वकील ने कहा कि वह और कई अन्य वकील इस घटना से सकते में हैं। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय ने भी कहा, हर कोई ऐसा ही महसूस कर रहा है। हमें जानकारी है। वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण भारद्वाज ने मुख्य न्यायाधीश उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ से भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कदम उठाए जाने का अनुरोध किया। ऐसा बताया जा रहा है कि कुछ सरकारी अधिकारियों ने उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम को न्यायमूर्ति वर्मा के आवास में लगी भीषण आग के बाद वहां से बड़ी मात्रा में नकद राशि बरामद होने की जानकारी दी जिसके बाद कॉलेजियम ने कार्वाई की। ऐसी खबरें हैं कि कॉलेजियम के कुछ वरिष्ठ सदस्य न्यायमूर्ति वर्मा के तबादले के अलावा उनके खिलाफ और सख्त कार्वाई चाहते थे। उनका कहना है कि उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम को न्यायमूर्ति वर्मा का इस्तीफा मांगना चाहिए और यदि ऐसा करने से इनकार कर दिए जाए तो शीर्ष अदालत के निर्णयों के अनुसार, उनके खिलाफ आंतरिक जांच शुरू की जा सकती है। न्यायमूर्ति वर्मा का जन्म छह जनवरी, 1969 को हुआ था। उन्हें 13 अक्टूबर, 2014 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। दिल्ली उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, न्यायमूर्ति वर्मा ने 11 अक्टूबर, 2021 को दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त होने से पहले एक फरवरी, 2016 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश के रूप में शपथ ली थी। उनका आठ अगस्त, 1992 को एक वकील के रूप में पंजीकरण हुआ था। नकद बरामद होने की खबर सामने आने के बाद वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा अटकलों को रोकने के लिए कॉलेजियम को बरामद धनराशि के संबंध में तुरंत खुलासा करना चाहिए।

## 1148 युवा

प्रतिदिन 2.5 लाख लोग दर्शन के लिए आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान विंध्यवासिनी धाम, काशी, गोरखपुर, चित्रकूट और नैमिषारण्य जैसे तीर्थ भी श्रद्धालुओं से भरे रहे। उन्होंने कहा कि इन धार्मिक आयोजनों ने आस्था को आजीविका से जोड़ा है। हजारों लोगों के लिए नए रोजगार का सृजन भी हुआ। उन्होंने कहा कि आस्था और संस्कृति रोजगार का पर्व भी बन सकती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महर्षि नारद को उद्धृत करते हुए कहा कि इस धरती पर लिखने के लिए कोई महामानव है तो वह केवल राम हैं, राम पर लिखेंगे तो लेखनी धन्य हो जाएगी। यहां साहित्यकार यतीन्द्र मिश्र द्वारा आयोजित एक साहित्य उत्सव को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या में सूर्यवंश की परंपरा में एक अवतार के रूप में मानवीय मर्यादा और आदर्श के सर्वोत्तम स्वरूप प्रभु श्री राम हैं जिनकी पावन धरा पर आयोजित यह सम्मेलन अदभुत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा मैं अद्भुत इसलिए कहूंगा कि इतने वर्षों तक अयोध्या मौन रही, जबकि यह सत्य है कि जिसने राम पर लिखा वह महान हुआ। उन्होंने कहा कि महर्षि नारद ने महर्षि वाल्मीकि को प्रेरणा दी कि इस धरती पर लिखने के लिए कोई महामानव है तो वह केवल राम हैं, राम पर लिखोगे तो लेखनी धन्य हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा अयोध्या भारत के सनातन धर्म की एक आधारभूमि है। सप्तपुरियों में प्रथम पुरी है। सनातन काल से ही सनातन धर्म की प्रेरणा स्थली रही है। उन्होंने कहा कि भगवान ऋषभदेव से चली परंपरा, जिसके तहत भगवान मनु ने पृथ्वी पर मनुष्य के रहने की व्यवस्था तय की, जिसे आप मानव धर्म कह सकते हैं, उसकी शुरुआती भूमि अयोध्या है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यावहारिक संस्कृति पर दुनिया का पहला महाकाव्य रामायण बना जो साहित्य का आधारभूमि है तथा आप वैदिक संस्कृति से व्यावहारिक संस्कृति में आ गये। उन्होंने कहा कि व्यावहारिक संस्कृति से कैसे अपनी लेखनी को धन्य करना है, यह सीखना है तो महर्षि वाल्मीकि के शरण में जाएं, जिन्होंने राम को आधार बनाकर महाकाव्य की रचना कर डाली, उससे पहले उस प्रकार का महाकाव्य किसी ने नहीं रचा। योगी का कहना था कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम उसकी आत्मा बने, अयोध्या उसका आधार बनी तो साहित्य की एक नयी विधा का सृजन हो गया। फिर यह आमजन के लिए लोकप्रिय हुई और केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के हर भाषा में रामायण और रामचरितमानस किसी न किसी रूप में हृदय को जरूर छू रही है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार योगी ने इसके पहले वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अशोक के पौधे को जल अर्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। साहित्यिक महोत्सव में सबसे पहले मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। योगी ने कहा कि अयोध्या में 2016-17 में पूरे साल भर मात्र 2.34 लाख श्रद्धालु अयोध्या आते थे, लेकिन आज 16 करोड़ से अधिक लोग यहां भगवान श्री राम का दर्शन करने आ रहे हैं-यह अयोध्या की बढ़ती महिमा और भव्यता का प्रतीक है।

उन्होंने महर्षि वाल्मीकि के रामायण और संत तुलसीदास के रामचरितमानस की रचना का उल्लेख करते हुए कहा कि अयोध्या हमेशा से साहित्य और संस्कृति का केंद्र रही है। योगी ने कहा कि भगवान मनु ने यहीं से मानव धर्म की नींव रखी और यही भूमि श्री हरि विष्णु के अवतार प्रभु श्रीराम की कर्मभूमि बनी। उन्होंने कहा कि रामायण दुनिया का पहला महाकाव्य बना, जिसने साहित्य को नई दिशा दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार महर्षि वाल्मीकि ने राम कथा को विश्वभर में अमर कर दिया, उसी प्रकार आज भी अयोध्या से जुड़ी हर रचना लोगों के हृदय को छूती है। उन्होंने कहा कि रामायण और रामचरितमानस आज भी दुनिया के हर कोने और देश के हर घर में पढ़े और सराहे जाते हैं।

मुख्यमंत्री ने राम मंदिर आंदोलन की चर्चा करते हुए कहा कि अयोध्या को वह सम्मान मिलना चाहिए, जिसकी वह सदियों से हकदार रही है। उन्होंने बताया कि 2017 में जब अयोध्या में दीपोत्सव मनाने की योजना बनाई, तब कुछ लोगों ने इसे लेकर सवाल उठाए, लेकिन आज लाखों करोड़ों श्रद्धालु दीपोत्सव में शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में पढ़ने-लिखने की परंपरा बाधित हो रही है, लेकिन साहित्य उत्सव जैसे आयोजन इसे पुनर्जीवित करने में मददगार साबित होंगे। योगी ने एक संस्मरण सुनाते हुए कहा मुझे एक बार यूरोप जाने का अवसर मिला। वहां एक टैक्सी ली। टैक्सी वाले से पूछा, तुम कहां के रहने वाले हो? तो उसने कहा, पंजाब का। फिर मैंने कहा कि पंजाब में कहां से। थोड़े संकोच के बाद उसने कहा, मैं पाकिस्तान वाले पंजाब से हूं। मैंने पूछा, पहले तुमने भारतीय क्यों कहा। तो उसने कहा हम भारतीय कहने पर सेफ (सुरक्षित) रहते हैं। अगर हम पाकिस्तान का बोलें तो पता नहीं क्या हो जाए। यह स्थिति आज दुनिया के अंदर है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रति सम्मान का भाव है, लेकिन जिन्होंने दुनिया को आतंकवाद का भाव दिया उनके प्रति उतनी ही नफरत दुनिया के मन में भी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने विरासत और विकास को साथ जोड़कर भारत की परंपराओं को पुनर्जीवित करने का कार्य किया है, जिससे एक बड़ी शुरुआत हुई है। इस समारोह में अयोध्या के प्रभारी एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पद्मश्री मालिनी अवस्थी समेत कई प्रमुख लोग उपस्थित थे।

## पावर ग्रिड

कर लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि प्राथमिकी में पांच व्यक्तियों और केईसी इंटरनेशनल कंपनी को नामजद आरोपी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि केईसी इंटरनेशनल के उपाध्यक्ष और उत्तर भारत प्रमुख जबराज सिंह प्राथमिकी में नामजद आरोपियों में शामिल हैं। प्राथमिकी में जयपुर स्थित केईसी इंटरनेशनल के वित्त एवं लेखा के वरिष्ठ प्रबंधक अतुल अग्रवाल और कंपनी के कर्मचारी आशुतोष कुमार को भी आरोपी बनाया गया है। कंपनी की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है। सीबीआई प्रवक्ता ने बयान में कहा यह आरोप लगाया गया था कि पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के आरोपी लोक सेवक ने निजी कंपनी के आरोपी प्रतिनिधियों के साथ मिलीभगत करते हुए, रिश्वत के बदले में आरोपी निजी कंपनी को दिए गए पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के अनुबंधों से संबंधित बिलों की मंजूरी के वास्ते अनुचित लाभ पहुंचाने में मदद की थी। बयान के अनुसार एजेंसी ने सीकर, जयपुर और मोहाली में आरोपियों के आवासीय और आधिकारिक परिसरों की तलाशी ली, जिसमें कई आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण बरामद किये गये।

## कर्नाटक विधानसभा

गरिमा और पवित्रता की रक्षा करनी चाहिए। हममें से कोई भी आसन से ऊपर नहीं है। हमारी निजी भावनाएं इस आसन की गरिमा से ऊपर नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा हमें प्रतिबद्धता, शांति और सभ्य तरीके से व्यवहार करना चाहिए। इस घटना से हमें सबक लेना चाहिए। आइए हम आने वाले दिनों में संविधान और इस आसन की पवित्रता का सम्मान करें। खादर ने कहा यह आसन सदन की कार्यवाही में बाधा डालने, आसन की गरिमा की अनदेखी करने तथा संसदीय परंपराओं को नुकसान पहुंचाने वाला व्यवहार बर्दाश्त नहीं कर सकता।

## उत्तराखंड सरकार

के विकास, एक जनपद दो उत्पाद योजना, कुटीर और लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए और तेजी से कार्य किये जाएं। जिन लोगों ने सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत अच्छा कार्य कर पलायन को रोकने में योगदान दिया है, उनको प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्द्धन के साथ जल संचय की दिशा में जिलों में और तेजी से कार्य किये जाएं। बैठक में प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, आर.मीनाक्षी सुदंरम, सचिव शैलेश बगोली, विनय शंकर पाण्डेय, अपर पुलिस महानिदेशक एपी अंशुमन, उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी एवं वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।




# आईपीएल में नये नियमों और नये कप्तानों पर होगी नजर




कोलकाता। गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच शनिवार को यहां होने वाले मैच से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें सत्र का आगाज होगा जिसमें नए नियमों और नए कप्तानों पर सभी की निगाह रहेगी।

नए नियमों में सबसे महत्वपूर्ण गेंद पर लार लगाने की अनुमति फिर से देना है। कोविड-19 महामारी के कारण गेंद पर लार लगाना प्रतिबंधित कर दिया गया था और उसके बाद यह पहला अवसर होगा जबकि गेंदबाजों को इसकी अनुमति दी जाएगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल के अधिकतर कप्तानों से इस मामले में सहमति मिलने के बाद गुरुवार को लार पर लगा प्रतिबंध हटाने का फैसला किया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 2022 में गेंद पर लार लगाने पर स्थाई रूप से प्रतिबंध लगा दिया था लेकिन आईपीएल अपने नियमों से संचालित किया जाता है और उसका यह फैसला विश्व क्रिकेट के अन्य देशों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है।

अन्य नियमों में शाम को खेले जाने वाले मैचों में अगर अंपायरों को लगता है कि ओस खेल पर अपना प्रभाव डाल रही है तो वह दूसरी पारी के 11वें ओवर से नयी गेंद का इस्तेमाल करने की अनुमति दे सकते हैं। दिन में होने वाले मैचों पर यह नियम लागू नहीं होगा।

इसके अलावा टीम उंचाई और ऑफसाइड की वाइड के लिए भी निर्णय समीक्षा प्रणाली का उपयोग कर सकते हैं। इन सब के बीच इंपैक्ट प्लेयर का नियम पहले की तरह बरकरार रहेगा। आईपीएल 2025 में कम से कम सात टीम नए कप्तान के साथ मैदान पर उतरेंगी। इनमें से कुछ खिलाड़ी विभिन्न कारण से कुछ मैच में ही अपनी टीम की अगुवाई करेंगे। सबसे चौंकाने वाला फैसला आरसीबी ने रजत पाटीदार को कप्तान बनाकर किया। आरसीबी की टीम में स्टार बल्लेबाज विराट कोहली भी शामिल हैं और यह देखना दिलचस्प होगा कि पाटीदार किस तरह से टीम की कप्तानी करते हैं। अक्षर पटेल दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करेंगे जबकि 2024 में केकेआर को चैंपियन बनाने वाले श्रेयस अय्यर इस बार पंजाब किंग्स की कमान संभालेंगे। कोलकाता की टीम की कप्तानी इस बार अजिंक्य रहाणे को सौंपी गई है। संजू सैमसन की उंगली की चोट के कारण रियान पराग राजस्थान रॉयल्स के शुरुआती मैचों में कप्तानी करेंगे। हार्दिक पंड्या पर पिछले सत्र में धीमी ओवर गति के लिए एक मैच का प्रतिबंध लगा था और इसलिए वह मुंबई इंडियंस के पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ रविवार को होने वाले इस मैच में सूर्यकुमार यादव मुंबई की कमान संभालेंगे। आईपीएल में सबसे अधिक कीमत पर बिकने वाले ऋषभ पंत इस सत्र में लखनऊ सुपर जॉइंट्स की कमान संभालेंगे जिसने इस विकेटकीपर बल्लेबाज को 27 करोड रुपए में खरीदा था। वह पिछले कुछ समय से कोई मैच नहीं खेल पाए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में होने के बावजूद उन्हें एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था। आईपीएल में इस बार कुछ टीमों के सहयोगी स्टाफ में भी बदलाव किया गया है। रिकी पोंटिंग दिल्ली कैपिटल्स को छोड़कर पंजाब किंग्स में मुख्य कोच बन गए हैं। पोंटिंग की जगह हेमांग बदानी को दिल्ली कैपिटल्स का मुख्य कोच बनाया गया है। केविन पीटरसन दिल्ली कैपिटल्स में मेंटोर (मार्गदर्शक) के रूप में शामिल हो गए हैं, जबकि राहुल द्रविड़ मुख्य कोच के रूप में राजस्थान रॉयल्स में लौट आए हैं। पिछले साल भारत को टी20 विश्व कप खिताब दिलाने के बाद यह आईपीएल में उनका पहला कोचिंग कार्यकाल है। लंबे समय तक चेन्नई की तरफ से खेलने वाले ड्वेन ब्रावो केकेआर के मेंटोर होंगे। वह गौतम गंभीर की जगह लेंगे, जो अब भारत के मुख्य कोच हैं। जसप्रीत बुमराह की फिटनेस पर बड़ा सवालिया निशान लगा हुआ है। बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में वापस लौटे इस तेज गेंदबाज की फिटनेस का अभी आकलन किया जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों से महेंद्र सिंह धोनी की आईपीएल से संन्यास को लेकर चर्चा चलती रही है लेकिन यह 43 वर्षीय खिलाड़ी अब भी चेन्नई की टीम का अभिन्न अंग बना हुआ है। उन्होंने 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था लेकिन उन्होंने आईपीएल में खेलना जारी रखा है। धोनी से ठीक 30 साल छोटे वैभव सूर्यवंशी भी इस बार आईपीएल का हिस्सा होंगे। राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें अपनी टीम से जोड़ा है और यह देखना दिलचस्प होगा कि उन्हें कितने मैच में खेलने का मौका मिलता है। रोहित शर्मा और विराट कोहली पर भी इस बार नजर रहेगी। पिछले साल भारत के टी20 विश्व कप में भारत के विजय अभियान का अंग रहे इन दोनों बल्लेबाजों ने इसके बाद सबसे छोटे प्रारूप के अंतरराष्ट्रीय स्तर से संन्यास ले लिया था। इसके बाद वह पहली बार टी20 क्रिकेट में खेलते हुए नजर आएंगे। अगर शनिवार को होने वाले मैच की बात करें तो कोलकाता और बेंगलुरु दोनों ही जीत के साथ शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। इस मैच में सभी की निगाह स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर टिकी रहेंगी जिसमें उनका सामना कोहली और फिल साल्ट जैसे धुरंधर बल्लेबाजों से होगा। चक्रवर्ती ने चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। बारिश हालांकि इस मैच का मजा किरकिरा कर सकती है क्योंकि मौसम विभाग में शनिवार को तेज आंधी के साथ बारिश की भविष्यवाणी की है। टूर्नामेंट की शुरुआत एक शानदार उद्घाटन समारोह के साथ होगी जिसमें श्रेया घोषाल, करण औजला और दिशा पटानी अपनी प्रस्तुति देंगे।

## इंडियन प्रीमियर लीग से जुड़े आंकड़े

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट को नयी पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी 20 का 18 वां सत्र शनिवार से शुरू हो रहा है। इस लीग के पिछले 17 सत्रों में विस्फोटक बल्लेबाजी से लेकर कमाल की गेंदबाजी के साथ बेहतरीन क्षेत्ररक्षण देखने को मिले हैं। आईपीएल में खिलाड़ियों की बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण के साथ टीमों से जुड़े प्रमुख आंकड़े इस प्रकार हैं।

**सबसे सफल टीम:**

मुंबई इंडियंस ने पांच आईपीएल खिताब जीतेः 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020।

चेन्नई सुपर किंग्स ने पांच आईपीएल खिताब जीतेः 2010, 2011, 2018, 2021 और 2023।

कोलकाता नाइट राइडर्स ने तीन आईपीएल खिताब जीतेः 2012, 2014 और 2024।

**सबसे ज्यादा रन:**

विराट कोहली (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) 8004, शिखर धवन (दिल्ली कैपिटल्साडेक्कन चार्जर्सा मुंबई इंडियंसा पंजाब किंग्सा सनराइजर्स हैदराबाद) 6769, रोहित शर्मा (डेक्कन चार्जर्स। मुंबई इंडियंस) 6628 डेविड वार्नर (दिल्ली कैपिटल्स । सनराइजर्स हैदराबाद) 6565, सुरेश रैना (चेन्नई सुपर किंग्स । गुजरात लायन्स) 5528

**सबसे ज्यादा व्यक्तिगत स्कोर:**

क्रिस गेल 66 गेंदों पर 175 रन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम पुणे वॉरियर्स

बैंडन मैकुलम 73 गेंदों पर 158 (नाबाद) रन कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**क्विंटन डिकॉक**

70 गेंदों पर 140 (नाबाद) रन लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स

**एबी डिविलियर्स**

59 गेंदों पर 133 (नाबाद) रन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम मुंबई इंडियंस

**लोकेश राहुल**

69 गेंदों पर 132 (नाबाद) रन किंग्स इलेवन बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**सबसे ज्यादा विकेट:**

युजवेंद्र चहल (मुंबई इंडियंसा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुा राजस्थान रॉयल्स) 205, पीयूष चावला (चेन्नई सुपर किंग्सा कोलकाता नाइट राइडर्सा किंग्स इलेवन पंजाबा मुंबई इंडियंस) 192, ड्वेन ब्रावो (चेन्नई सुपर किंग्सा गुजरात लायन्सा मुंबई इंडियंस) 183, भुवनेश्वर कुमार (पुणे वारियर्सा सनराइजर्स हैदराबाद) 181, सुनील नारायण (कोलकाता नाइट राइडर्स) 180

**सबसे ज्यादा मैच:**

महेंद्र सिंह (चेन्नई सुपर किंग्स । राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स) 2008 से 2024 तक 264 मैच, दिनेश कार्तिक (दिल्ली कैपिटल्स । गुजरात लायन्स । कोलकाता नाइट राइडर्स । किंग्स इलेवन पंजाब । मुंबई इंडियंसा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) 2008 से 2024 तक 257 मैच, रोहित शर्मा (डेक्कन चार्जर्स ।मुंबई इंडियंस) 2008 से 2024 तक 257 मैच, विराट कोहली (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) 2008 से 2024 तक 252, रविंद्र जडेजा (चेन्नई सुपर किंग्सा गुजरात लायन्सा कोच्चि टस्कर्स केरल । राजस्थान रॉयल्स) 2008 से 2024 तक 240 मैच

**सबसे ज्यादा कैच:**

विराट कोहली (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) 114, सुरेश रैना (चेन्नई सुपर किंग्स । गुजरात लायन्स) 109, कीरोन पोलार्ड (मुंबई इंडियंस) 103, रविंद्र जडेजा (चेन्नई सुपर किंग्सा गुजरात लायन्स । कोच्चि टस्कर्स केरला राजस्थान रॉयल्स) 103 रोहित शर्मा (डेक्कन चार्जर्स। मुंबई इंडियंस) 101

मुंबई इंडियंस ने 2017 में दिल्ली डेयरडेविल्स को 146 रनों से हराया

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 2016 में गुजरात लायन्स को 144 रनों से हराया, कोलकाता नाइटराइडर्स ने 2008 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 140 रनों से हराया।

संक्षेप

## क्रोएशिया ने नेशंस लीग क्वार्टर फाइनल में फ्रांस को 2-0 से हराया

ज़ाग्रेब। क्रोएशिया ने किलियन एम्बाप्पे और ओस्मान डेम्बेले की आक्रामक जोड़ी पर अंकुश लगाकर नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में फ्रांस को 2-0 से हराया। एंटे बुदिमिर ने गुरुवार को खेले गए मैच में 26वें मिनट में इवान पेरीसिक के क्रॉस पर क्रोएशिया को बढ़त दिलाई। पेरिसिक ने पहले हाफ के स्टॉपेज समय में बढ़त को दोगुना कर एम्बाप्पे की अपनी राष्ट्रीय टीम में छह महीने के बाद वापसी को फीका कर दिया। एम्बाप्पे ने पहले हाफ में कई बार डोमिनिक लिवाकोविच की परीक्षा ली लेकिन क्रोएशिया के गोलकीपर ने कुछ अच्छे बचाव करके उनके प्रयासों को विफल कर दिया। यह छह सितंबर को इटली से 3-।की हार के बाद पहला अवसर था जबकि एम्बाप्पे फ्रांस की तरफ से खेल रहे थे। पहले चरण के अन्य क्वार्टरफाइनल मैचों में जर्मनी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इटली को 2-। से हराया, गत चैंपियन स्पेन ने नीदरलैंड के खिलाफ 2-2 से ड्रा खेला और डेनमार्क ने पुर्तगाल को ।-0 से पराजित किया।

## पनामा ने अमेरिका को हराकर बाहर का रास्ता दिखाया

इंगलवुड (अमेरिका)। सेसिलियो वॉटरमैन ने दूसरे हाफ के इंजुरी टाइम के चौथे मिनट में गोल किया जिससे पनामा तीन बार के गत चैंपियन अमेरिका को ।-0 से हराकर कॉनकाफ नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने में सफल रहा। जब लग रहा था कि मैच अतिरिक्त समय तक खिंच जाएगा तब वाटरमैन ने अमेरिकी बॉक्स में एडलबर्टो कैरासक्विला से दाहिनी ओर से पास लिया और मैट टर्नर को पीछे छोड़ते हुए शानदार गोल दागा। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में अपना 11वां गोल करने वाले वॉटरमैन ने मैच के बाद कहा, मेरे करियर में मेरे साथ कई अच्छी चीजें हुई हैं, लेकिन यह सबसे अलग है। यह अविश्वसनीय है। पनामा फाइनल में मैक्सिको का सामना करेगा जिसने एक अन्य सेमी फाइनल में कनाडा को 20 से हराया।

## एआईयू ने दो और भारतीय एथलीटों पर प्रतिबंध लगाया

नयी दिल्ली। भारत के लंबी दूरी के धावक प्रधान किरुलकर और विवेक मोरे को प्रतिबंधित पदार्थों के जांच में पॉजिटिव आने पर एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) द्वारा क्रमशः तीन और पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। इन दोनों खिलाड़ियों के नमूने 15 दिसंबर 2024 को पुणे हाफ मैराथन के दौरान लिये गये थे। इससे पहले मंगलवार को अर्चना जाधव को चार साल के लिए प्रतिबंधित किया गया था।

## आईएमएल का खिताब लगातार तीसरी बार जीतना शानदार उपलब्धिः तेंदुलकर



मुंबई। महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर ने अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग (आईएमएल) में लगातार तीसरी बार भारतीय टीम के चैंपियन बनने का श्रेय शानदार योजना और टीम वर्क को दिया। भारतीय मास्टर्स ने 16 मार्च को रायपुर में खेले गये फाइनल में अंबाती रायुडू (74) और रंगनाथ विनय कुमार (तीन विकेट) के बेहतरीन खेल के दम पर वेस्टइंडीज मास्टर्स को छह विकेट से हराया था। तेंदुलकर ने खिताबी मुकाबले में 25 रन बनाए थे।

तेंदुलकर ने कहा कि हां, यह एक शानदार उपलब्धि है। यह अच्छी टीमवर्क, उचित योजना बनाने और उसे सफलता से मैदान पर उतारने का परिणाम है। इसलिए लगातार तीन बार चैंपियन बनकर वाकई बहुत अच्छा लग रहा है। इस करिश्माई बल्लेबाज ने कहा कि रायपुर के प्रशंसकों के साथ फिर से जुड़कर अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि हम सभी ने कुछ समय पहले सक्रिय क्रिकेट खेलना बंद कर दिया था। लेकिन हमारे समय में खेल का लुत्फ उठाने वालों के साथ नयी पीढ़ी से भी जुड़ना शानदार रहा। कुल मिलाकर यह अनुभव बहुत ही सुखद था। तेंदुलकर ने टूर्नामेंट के दौरान अपने साथियों के प्रदर्शन की भी प्रशंसा की, जिन्होंने विभिन्न मैचों में अपने खेल का लोहा मनवाया। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यूसुफ पठान की आक्रामक बल्लेबाजी ने हमें श्रीलंका के खिलाफ बड़ा स्कोर बनाने में मदद की। इरफान ने संगकारा का महत्वपूर्ण विकेट लिया, जो वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे। मैच का सबसे महत्वपूर्ण ओवर (अभिमन्यु) मिथुन ने फेंका। तेंदुलकर ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ युवराज सिंह ने शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने कुछ बड़े शॉट लगाये। फिर गेंदबाजी (शाहबाज) नदीम वाकई बहुत खास थे। उन्होंने महत्वपूर्ण विकेट लिए और इससे हमारी टीम की लय बनी रही।

## तीसरे टी20 में पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को नौ विकेट से हराकर श्रृंखला जीवंत रखी



ऑकलैंड। पाकिस्तान ने हसन नवाज की 45 गेंद में खेली गई नाबाद 105 रन की पारी से शुक्रवार को यहां तीसरे ट्वेंटी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड को नौ विकेट से हराकर श्रृंखला जीवंत रखी।

न्यूजीलैंड ने पांच मैच की श्रृंखला के शुरूआती दोनों मैच नौ विकेट और पांच विकेट से जीते थे। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद घरेलू टीम को 19.5 ओवर में 204 रन पर समेट दिया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए नवाज ने अपना पहला शतक जड़ा जिसमें कप्तान सलमान अली आगा (31 गेंद में 51 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 133 रन की अटूट साझेदारी बनाने में अच्छा साथ निभाया और टीम ने पूरे चार ओवर रहते एक विकेट पर 207 रन बनाकर न्यूजीलैंड को विकेटों के लिहाज से टी20 में सबसे करारी शिकस्त दी। नवाज पहले दो मैच में खाता भी नहीं खोल सके थे। न्यूजीलैंड के लिए मार्क चैपमैन ने 44 गेंद में 94 रन बनाये जिसमें 11 चौके और चार छक्के जड़े थे। न्यूजीलैंड ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाये। कप्तान माइकल ब्रेसवेल ने 31 रन और टिम सिफर्ट ने 19 रन का योगदान दिया। पाकिस्तान के लिए हारिस रऊफ ने 29 रन देकर तीन विकेट झटककर शानदार गेंदबाजी की। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान के लिए हारिस ने 20 गेंद में चार चौके और तीन छक्के से 41 रन बनाकर तेज शुरूआत कराई जिससे टीम ने चार ओवर में 50 रन बना लिए थे। काइल जैमीसन ने पहले दो ओवर में 30 रन लुटाए। नवाज ने इस तरह 26 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया और सलमान ने 30 गेंद में अपना पहला अर्धशतक बनाया।

## भविष्य के मेजबान के चयन पर विचार जल्द साझा करूंगी : क्रिस्टी

कोस्टा नवारिनो। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की नव निर्वाचित अध्यक्ष क्रिस्टी कोवेंट्री ने 2036 ओलंपिक के आयोजन के लिए भारत की बोली पर उम्मीद के मुताबिक सतर्कता बरतते हुए कहा कि वह आने वाले दिनों में भविष्य के मेजबान के चयन पर अपने विचारों का खुलासा करेंगी। कोवेंट्री को बृहस्पतिवार को आईओसी का अध्यक्ष चुना गया। वह वैश्विक ओलंपिक संस्था का नेतृत्व करने वाली पहली महिला और अफ्रीका की पहली सदस्य हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या मौजूदा अध्यक्ष थॉमस बाक के 23 जून को पद छोड़ने से पहले भारत की बोली पर कोई संभावना है तो कोवेंट्री ने कहा कि आखिरकार एक प्रक्रिया होती है और वह प्रक्रिया जारी है और जहां तक मुझे पता है, यह अगले कुछ महीनों तक जारी रहेगी। अपने चुनाव के बाद उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि मुझे लगता है कि हमें भावी मेजबान के चयन में सदस्यों को शामिल करने की आवश्यकता है और मेरे पास कुछ विचार हैं और मैं उन्हें साझा करने के लिए तैयार हो सकती हूं, पर शायद अगले सप्ताह। वह तीन महीने के बदलाव के दौर के बाद 23 जून को ओलंपिक दिवस पर बाक से आईओसी अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालेंगी।

## आईपीएल 2025 के लिए कुछ अन्य गेंदों पर भी काम कर रहे हैं वरुण




कोलकाता। मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती भारतीय टीम के साथ कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं और उनका मानना है कि निरंतरता ही सफलता की कुंजी है और वह अपनी कला में नयी विविधता जोड़ने पर काम कर रहे हैं।

फिटनेस चुनौतियों से जूझने से लेकर भारत की हालिया चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के सफर में अहम भूमिका निभाने तक आर्किटेक्ट से क्रिकेटर बने इस खिलाड़ी का सफर शानदार रहा है। चक्रवर्ती ने चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान नौ विकेट हासिल किए जिसमें वह प्रतिद्वंद्वी टीम के चारों ओर जाल बुनने के लिए कुलदीप यादव (सात विकेट), रविंद्र जडेजा (पांच विकेट) और अक्षर पटेल (पांच विकेट) के साथ घातक स्पिन चौकड़ी साबित हुए। चक्रवर्ती (33 वर्ष) ने विज्ञप्ति में कहा कि सबसे अहम चीज निरंतरता पर काम करना है जो महारत हासिल करने के लिए सबसे मुश्किल चीज है और मैं इसे हासिल करने के लिए लगातार काम कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि और साथ ही मैं कुछ अन्य गेंदों पर भी काम कर रहा हूं और मुझे उम्मीद है कि आने वाले मैचों में मैं इनका इस्तेमाल करके अच्छा प्रदर्शन करूंगा। मौजूदा चैंपियन केकेआर शनिवार को यहां ईडन गार्डन्स में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ अपने आईपीएल अभियान की शुरुआत करेगी। इस सत्र के सबसे प्रतीक्षित मुकाबलों में से एक में चक्रवर्ती का सामना आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली से होगा। हालांकि उन्होंने बेंगलुरु की इस फ्रेंचाइजी के साथ किसी विशेष प्रतिद्वंद्विता से इनकार करते हुए कहा, कुछ खास नहीं, बस उनके खिलाफ मैच की परिस्थितियां ही ऐसी थीं कि मुझे विकेट लेने में मदद मिली। उन सभी मैच में परिस्थितियां हमारे लिए पूरी तरह से अनुकूल थीं इसलिए मैं सर्वश्रेष्ठ संभव परिणाम निकालने में सक्षम रहा। केकेआर में अब अजिंक्य रहाणे के रूप में नया कप्तान है और मेंटॉर के तौर पर टी20 के महान क्रिकेटर ड्वेन ब्रावो हैं। तमिलनाडु के इस स्पिनर ने कहा कि टीम अच्छी दिख रही है। मुझे लगता है कि यह बस तालमेल बिठाने और सर्वश्रेष्ठ अंतिम एकादश के साथ लगातार प्रदर्शन करने की बात है। अगर हम पहले तीन मैच में निश्चित कोर टीम बनाने में सफल रहे तो इस सत्र में हमारे पास आगे बढ़िया मौका होगा।

## आईपीएल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगा हार्दिकः बाउचर




नयी दिल्ली। मुंबई इंडियंस के पूर्व कोच मार्क बाउचर का मानना है कि आईपीएल के पिछले सत्र में मुश्किल दौर से गुजरने के बाद हार्दिक पंड्या अधिक मजबूत खिलाड़ी बने हैं और इस टूर्नामेंट के शनिवार से शुरू होने वाले नए सत्र में वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहेंगे।

मुंबई इंडियंस ने पिछले साल रोहित शर्मा की जगह हार्दिक को कप्तान नियुक्त किया था। मुंबई के समर्थकों को यह फैसला नागवार गुजरा और उन्होंने प्रत्येक मैच में हार्दिक को अपने निशाने पर रखा। परिणाम भी मुंबई इंडियंस के अनुकूल नहीं रहे और उसकी टीम अंतिम स्थान पर रही। इसके बाद हालांकि चीजें तेजी से बदली और हार्दिक ने भारत की टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अब वह क्रिकेट प्रेमियों के चहेते बन गए हैं। हार्दिक को जब पिछले सत्र में मुंबई इंडियंस का कप्तान नियुक्त किया गया तब बाउचर उसके मुख्य कोच थे। बाउचर ने जिओ स्टार एक्सपर्ट में कहा कि पिछला सत्र वास्तव में उसके लिए बेहद मुश्किल रहा। वह जब भी मैदान पर कदम रखता दर्शक उसकी हूटिंग करने लग जाते। उसके साथ ऐसा व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए था। वह 100 प्रतिशत सम्मान का हकदार था। उन्होंने कहा कि कोई भी क्रिकेटर नहीं चाहता कि उसके साथ इस तरह का व्यवहार हो लेकिन वह बेहद मजबूत इंसान है। उसने इन सब चीजों को पीछे छोड़कर सफलता हासिल की और अब वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। भारत और मुंबई इंडियंस के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने भी हार्दिक की जमकर प्रशंसा की और कहा कि खुद पर भरोसा और सकारात्मक रवैया उन्हें अन्य खिलाड़ियों से अलग बनाता है। हरभजन ने कहा कि वह बहुत आत्मविश्वास वाला खिलाड़ी है। उसका रवैया बेहद सकारात्मक है। उसे इस बात पर बहुत भरोसा है कि वह कुछ भी कर सकता है। यह ऐसी चीज है जो उसे अन्य से अलग बनाती है। उन्होंने कहा कि यह देखकर वास्तव में अच्छा लगा कि वह पिछले साल के मुश्किल दौर से आगे निकलने में सफल रहा। इस साल वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगा। सभी खराब चीजें अतीत की बातें हैं। यह उसके लिए एक नया साल है।

## शंकर सुब्रमण्यम ने एंटोनसेन को उलटफेर का शिकार बनाया

बासेल। भारत के शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम ने डेनमार्क के विश्व में नंबर दो खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन को तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में उलटफेर का शिकार बनाकर यहां स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2022 के रजत पदक विजेता और वर्तमान में दुनिया में 64वें नंबर के 21 वर्षीय खिलाड़ी सुब्रमण्यम ने अपने रक्षण का प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए तीन बार के विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता को 66 मिनट में 18-21 21-12 21-5 से हराया। तमिलनाडु के रहने वाले सुब्रमण्यम के करियर की यह सबसे बड़ी जीत है। उनका अगला मुकाबला फ्रांस के विश्व में 31वें नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टो पोपोव से होगा जिन्होंने इस सत्र में अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। सुब्रमण्यम टूर्नामेंट में बचे एकमात्र भारतीय एकल खिलाड़ी हैं, जबकि त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। विश्व में नौवें नंबर की भारतीय जोड़ी में गुरुवार को खेले गए मैच में जर्मनी की एमिली लेहमैन और सेलिन हब्श को 21-12, 21-8 से हराया। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में इशरानी बरुआ चीन की हान कियान शी से 63 मिनट में 19-21, 21-18, 18-21 से जबकि अनुपमा उपाध्याय महिला एकल के एक अन्य मैच में इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी से 17-21, 19-21 से हार गईं। सतीश करुणाकरन और आद्या वरियाथ की मिश्रित युगल जोड़ी को लियू कुआंग हेंग और झेंग यू चीह से 14-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। सुब्रमण्यम ने एंटोनसेन के खिलाफ सटीक खेल दिखाया जबकि डेनमार्क के खिलाड़ी का अपने शॉट पर नियंत्रण नहीं था। शुरुआती गेम में दोनों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें बढ़त बार-बार बदलती रही। ब्रेक के समय एंटोनसेन केवल एक अंक की बढ़त बना सके। बाएं हाथ से खेलने वाले सुब्रमण्यम ने स्कोर 16-14 कर दिया, लेकिन दबाव बरकरार नहीं रख सके और एंटोनसेन ने पहला गेम अपने नाम कर लिया।

# भाषा के नाम पर बहुत हुई राजनीति

## अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए द्रमुक भाषा को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है : शाह

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने त्रि-भाषा फार्मूले को लेकर जारी विवाद के बीच द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर जोरादार हमला बोला और कहा कि अपने भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी भाषा को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है।

राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज पर हुई शक्रवार को चर्चा का जवाब देते हुए शाह ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) इस मुद्दे को गांव-गांव लेकर जाएगा और द्रमुक की पोल खेलेगा। शाह ने स्पष्ट किया कि हिंदी की किसी भी भारतीय भाषा से स्पर्धा नहीं है। हिंदी, सभी भारतीय भाषाओं की सखी है। हिंदी से ही सभी भारतीय भाषाएं मजबूत होती हैं और सभी भारतीय भाषाओं से ही हिंदी मजबूत होती है। ज्ञात हो कि पिछले कुछ समय से केंद्र और तमिलनाडु के बीच भाषा को लेकर विवाद जारी है। तमिलनाडु ने केंद्र सरकार पर हिंदी थोपने का आरोप लगाया है। हालांकि, केंद्र ने इस आरोप से इनकार किया है। द्रमुक का कहना है कि केंद्र राष्ट्रीय शिक्षा नीति में त्रि-भाषा फार्मूले के कार्यान्वयन के माध्यम से तमिलनाडु पर हिंदी भाषा थोपना चाहता है। राज्य सरकार का कहना है कि वह त्रि-भाषा फार्मूले का पालन नहीं करेगी, बल्कि तमिल और अंग्रेजी की, अपनी दशकों पुरानी द्वि-भाषा नीति पर ही कायम रहेगी। उच्च सदन में चर्चा का जवाब देते हुए शाह ने कहा कि



नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने राजभाषा विभाग के अंतर्गत भारतीय भाषा अनुभाग की स्थापना की है और सभी भारतीय भाषाओं के प्रचलन को बढ़ाने के लिए काम किया जाए। सभी भाषाओं का हिंदी और अंग्रेजी से अनुवाद के लिए ऐप बनाए जाने की घोषणा करते हुए शाह ने कहा कि दिसंबर महीने के बाद वह हर राज्यों के मुख्यमंत्री, मंत्री और सांसदों को या वहां के किसी भी नागरिक से उसकी ही भाषा में ही पत्र व्यवहार करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि ये जो भाषा के नाम पर दुकान चलाते हैं अपने भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए, उनको यह मजबूत जवाब है। शाह ने कहा कि भाषा के नाम पर बहुत राजनीति हो गई लेकिन अब यह बंद होना चाहिए। देश आगे बढ़ गया है। अब विकास की बात करिए। आप अपने घपले, घोटाले, भ्रष्टाचार छिपाने के लिए भाषा की आड़ लेते हैं। आपकी हम पोल खोलेंगे। गांव-गांव जाकर पोल खोलेंगे कि कि अपने भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए ये (द्रमुक) भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने भारत की एक-एक भाषा को भारत की संस्कृति का गहना करार दिया और भारतीय जनता पार्टी को दक्षिण भारतीय भाषाओं का विरोधी कहे जाने पर द्रमुक को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि यह कैसे हो सकता है? हम भी तो वहीं से आते हैं? मैं भी गुजरात से आता हूं। निर्मला जी तमिलनाडु से आती हैं। हम कैसे विरोधी (दक्षिण भारतीय भाषाओं के) हो सकते हैं? क्या बात करते हो आप? हमने भाषाओं के लिए काम किया है। हमने मेडिकल और इंजीनियरिंग के शिक्षा को भारत की भाषाओं में किया है। शाह ने कहा कि केंद्र सरकार दो साल से तमिलनाडु सरकार से कह रही है लेकिन उसमें हिम्मत नहीं है मेडिकल और इंजीनियरिंग के शिक्षा को तमिल में अनुवादित करने की। क्योंकि आपके आर्थिक हित जुड़े हुए हैं। आप यह नहीं कर सकते हो। मगर हमारी सरकार आएगी वहां, राजग की, तो हम मेडिकल और इंजीनियरिंग का कोर्स तमिल में बनाएंगे। उन्होंने भाषा के नाम पर जहर फैलाने वालों पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें हजारों किलोमीटर दूर की कोई भाषा तो अच्छी लगती है पर भारत की भाषा उन्हें अच्छी नहीं लगती है।

## लोकसभा में भी कई सदस्य ओवरवेट हैं, साल में एक बार स्वास्थ्य जांच जरूर करायें: नड्डा

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने शुक्रवार को लोकसभा में सभी सदस्यों से साल में कम से कम एक बार पूरी स्वास्थ्य जांच कराने की अपील करते हुए कहा कि यहां कई सदस्य हैं जो ओवरवेट (आवश्यकता से अधिक वजन वाले) हैं। नड्डा ने प्रश्नकाल में स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि हम आप सभी के स्वास्थ्य की चिंता रखते हैं। मेरा सभी सदस्यों से आग्रह है कि साल में कम से कम एक बार पूरी स्वास्थ्य जांच जरूर कराएं और इसके लिए स्वास्थ्य मंत्रालय तैयार बैठा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंत्री से कहा कि आप तो सदस्यों से कहें कि वे अपने क्षेत्र की जनता की स्वास्थ्य जांच कराएं। इस पर मंत्री ने कहा कि जनता की जांच तो जरूरी है ही, लेकिन सदस्यों को भी अपनी मेडिकल जांच करानी चाहिए और यहां बैठे कई सदस्य ओवरवेट हैं। नड्डा ने देश में कैंसर और टीबी समेत विभिन्न रोगों की स्क्रीनिंग के लिए चलाए जा रहे अभियानों की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर के तहत 30 साल से अधिक उम्र के सभी नागरिकों के लिए स्वास्थ्य जांच का अभियान शुरू किया है। इसमें उच्च रक्तचाप, मधुमेह और कैंसर की निशुल्क स्क्रीनिंग की जाती है। मंत्री ने कहा कि अभियान शुरू होने के बाद से अब तक 35 करोड़ लोगों की जांच की गई है, जिनमें से 4.2 करोड़ लोग



उच्च रक्तचाप से पीड़ित पाए गए और 2.6 करोड़ लोग मधुमेह से पीड़ति पाए गए। उन्होंने कहा कि 29.35 करोड़ लोगों की मुख कैंसर के लिए जांच की गई, जिनमें से 1.18 करोड़ लोगों में कैंसर पाया गया। उन्होंने देश में टीबी उन्मूलन से संबंधित एक पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि अब एक ऐसी मशीन से टीबी स्क्रीनिंग शुरू की गई जो एक साथ 32 नमूनों की स्क्रीनिंग कर सकती है। एम्स (पटना) के निदेशक को किसी कारण से हटाया गया। बहुत जल्दी नए निदेशक की नियुक्ति की जाएगी। भारतीय जनता पार्टी की सांसद हेमा मालिनी ने आयुष्मान कार्ड होते हुए भी कुछ अस्पतालों में मरीजों को इलाज से इनकार किए जाने का दावा किया।

### संक्षेप

## उत्तर कोरिया ने नयी मिसाइलों के परीक्षण का दावा किया

सियोल। उत्तर कोरिया ने नयी विमान भेदी मिसाइलों का परीक्षण करने का शुक्रवार को दावा किया। उत्तर कोरिया ने ऐसे समय में यह दावा किया है जब उसकी सेना ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यासों के खिलाफ गंभीर कदम उठाने की हाल में धमकी दी है। उत्तर कोरिया इन सैन्य अभ्यासों को उस पर हमले के अभ्यास के तौर पर देखता है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा कि देश के नेता किम जोंग उन की निगरानी में बृहस्पतिवार को ये मिसाइल परीक्षण किए गए। उसने कहा कि ये मिसाइल उत्तर कोरिया के लिए एक और प्रमुख रक्षा हथियार प्रणाली हैं। यह मिसाइल प्रक्षेपण इस वर्ष उत्तर कोरिया का छठा हथियार परीक्षण है। यह परीक्षण उसी दिन किया गया जब अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेनाओं ने अपना वार्षिक फ्रीडम शील्ड कमांड पोस्ट अभ्यास समाप्त किया। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के अधिकारी अपने संयुक्त सैन्य अभ्यास को रक्षात्मक प्रकृति का बताते हैं लेकिन उत्तर कोरिया इसे अपनी सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बताता रहा है। उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास में उत्तर कोरिया के परमाणु हथियारों को नष्ट करने के मकसद से भूमिगत सुरंगों को ध्वस्त करने का अभ्यास किया गया।

## राष्ट्रगान के अनादर पर नीतीश कुमार के खिलाफ अदालत में याचिका दायर

मुजफ्फरपुर। बिहार के मुजफ्फरपुर की एक अदालत में शुक्रवार को एक याचिका दायर की गई जिसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर पटना में एक कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रगान का अनादर करने का आरोप लगाया गया है।

याचिका एक स्थानीय वकील सूरज कुमार ने मुजफ्फरपुर के अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (पश्चिम) की अदालत में दायर की है। वकील ने याचिका दायर करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा, मुख्यमंत्री ने बृहस्पतिवार को एक खेल आयोजन के उद्घाटन के दौरान अपने आचरण से



राज्य की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचायी। अदालत से पुलिस को मुख्यमंत्री के खिलाफ बीएनएस और राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज करने का निर्देश देने का आग्रह किया गया है।

## मजबूत अमेरिका-भारत संबंधों को दर्शाती है गबार्ड की यात्रा

नयी दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड की भारत यात्रा दशकों पुराने मजबूत अमेरिका-भारत संबंधों को दर्शाती है, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मित्रता से बल मिला है। अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशालय (डीएनआई) ने एक बयान में यह टिप्पणी की।

गबार्ड बतौर अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक विभिन्न देशों की अपनी पहली यात्रा पर थीं। उन्होंने हवाई, जापान, थाईलैंड, भारत और फ्रांस की यात्रा की। डीएनआई की ओर से बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा गया, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में जन्मी और पली-बढ़ी गबार्ड में इस क्षेत्र की



महत्वपूर्ण साझेदारियों और जटिल चुनौतियों की गहरी समझ है तथा उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में राष्ट्रपति ट्रंप की अमेरिका प्रथम नीतियों को आगे बढ़ाने के अवसरों को खंगाला है। भारत में गबार्ड ने प्रधानमंत्री मोदी समेत कई नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं

बयान में कहा गया है, अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड की भारत यात्रा दशकों पुराने मजबूत अमेरिका-भारत संबंधों को दर्शाती है, जिसे प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व एवं उनकी मित्रता से बल मिला है। बयान में कहा गया है कि भारत में गबार्ड की बैठकें खुफिया जानकारी साझा करने, रक्षा, आतंकवाद-रोधी उपायों और अंतरराष्ट्रीय खतरों जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग पर केंद्रित रहीं। बयान में कहा गया कि गबार्ड रायसीना डायलॉग में भी शामिल हुईं, जहां उन्होंने शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, सुरक्षित और समृद्ध समाज के ट्रंप के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सामूहिक प्रयास पर मुख्य भाषण दिया।

## लोगों के लिए 26 मार्च से खुलेगा एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन



जम्मू। जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर स्थित एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन जनता के लिए 26 मार्च को खोल दिया जाएगा। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि डल झील और जबरवान पहाड़ियों के बीच स्थित ट्यूलिप गार्डन कश्मीर घाटी में पर्यटन सीजन की शुरुआत का प्रतीक होगा। जम्मू कश्मीर के तत्कालीन मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने साल 2007 में इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन की स्थापना की थी जिससे यहां पर्यटन सीजन को विस्तारित किया जा सके। केंद्र शासित प्रदेश में पहले पर्यटन सीजन गर्मियों और सर्दियों तक ही सीमित रहता था। पुष्पकृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन को पहले सिराज बाग के नाम से जाना जाता था। उन्होंने बताया कि यह उद्यान अब जनता के लिए खोल दिया जाएगा क्योंकि यहां विभिन्न रंगों के ट्यूलिप खिलने शुरू हो गए हैं। पुष्पकृषि विभाग चरणबद्ध तरीके से ट्यूलिप की गांठों को लगाता है ताकि फूल एक महीने या उससे अधिक समय तक खिले रहें। ट्यूलिप गार्डन के सहायक पुष्पकृषि अधिकारी आसिफ अहमद ने बताया, यह गार्डन 26 मार्च को जनता के लिए खोल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला इस उद्यान को जनता के लिए खोलेंगे। अहमद ने बताया कि विभाग ने उद्यान में इस साल ट्यूलिप की दो नयी किस्में लगाई हैं। उन्होंने बताया कि हम हर साल ट्यूलिप गार्डन के लिए कुछ नया करने की कोशिश करते हैं। हमने इस साल ट्यूलिप की दो नयी किस्में जोड़ी हैं, जिससे इसकी कुल संख्या 74 हो गई है।

## लंबे अंतरिक्ष प्रवास के लिए ओवरटाइम नहीं मिलेगा सुनीता और बुच को

न्यूयॉर्क। क्या सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को अंतरिक्ष में तय समय से ज़्यादा समय बिताने के लिए ओवरटाइम मिलेगा? बिल्कुल नहीं।

न्यूयॉर्क टाइम्स की एक खबर के अनुसार, नासा के नियमों के अनुसार, सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को अप्रत्याशित रूप से लंबे अपने अंतरिक्ष प्रवास के लिए कोई ओवरटाइम नहीं मिलेगा। दोनों अंतरिक्ष में 286 दिन बिताने के बाद मंगलवार को धरती पर लौटे हैं। उनके अंतरिक्ष यान में खराबी आने के बाद अनुमान से 278 दिन ज़्यादा उन्होंने अंतरिक्ष में बिताए। अखबार ने कहा कि उन्हें आकस्मिक खर्चों के लिए प्रतिदिन पांच अमेरिकी डॉलर मिलते हैं। न्यूयॉर्क



टाइम्स ने कहा कि अपने दूरस्थ गंतव्य और अंतरिक्ष यात्रा के जोखिमों के बावजूद, जब वेतन की बात आती है, तो अंतरिक्ष यात्रियों के साथ व्यवसायिक यात्रा पर जाने वाले किसी भी अन्य सरकारी कर्मचारी की तरह व्यवहार किया जाता है। एजेंसी के अंतरिक्ष संचालन मिशन निदेशालय के प्रवक्ता जिमी रसेल ने न्यूयॉर्क टाइम्स को ईमेल के ज़रिए बताया अंतरिक्ष में रहते हुए, नासा के अंतरिक्ष यात्री संघीय कर्मचारियों के रूप में आधिकारिक यात्रा पर होते हैं। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर मूल रूप से नौ महीने से ज़्यादा समय तक अपने कार्यस्थल को छोड़ने में असमर्थ थे। रसेल ने कहा कि लेकिन अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अंतरिक्ष यात्रियों को कोई ओवरटाइम, छुट्टी या सप्ताहांत का वेतन नहीं मिलता है। रसेल ने कहा कि उनके परिवहन, भोजन और आवास का खर्च वहन किया जाता है और कार्य यात्राओं पर जाने वाले अन्य संघीय कर्मचारियों की तरह, उन्हें दैनिक आकस्मिक भत्ता मिलता है।

## भारत-पाक के रिश्ते इतिहास के सबसे बुरे दौर से गुजर रहे : पूर्व विदेश मंत्री

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री खुर्शीद महमूद कसूरी ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के रिश्ते मौजूदा वक्त में युद्ध के समय को छोड़कर इतिहास के सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि द्विपक्षीय संबंधों में अचानक सकारात्मक बदलाव भी आ सकते हैं।

इंस्टीट्यूट ऑफ पीस एंड कनेक्टिविटी (आईपीएसी) की ओर से बृहस्पतिवार रात लाहौर में पाकिस्तान-भारत संबंध : वर्तमान स्थिति और आगे की राह विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम में कसूरी ने कहा कि आपसी बातचीत ही दोनों देशों के लिए अपने लंबित मुद्दों को सुलझाने का एकमात्र जरिया है। मौजूदा समय को भारत-पाकिस्तान के रिश्ते के लिहाज से इतिहास के सबसे बुरे दौर में एक से करार देते हुए कसूरी ने कहा कि यहां तक कि युद्ध के बाद भी नयी दिल्ली और इस्लामाबाद शांति प्रक्रिया को फिर से शुरू करने के लिए जल्द ही बातचीत की मेज पर आ गए। आईपीएसी के अध्यक्ष कसूरी ने कहा कि अगर दोनों देश आपसी विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने का मौका चूक जाते हैं।

### इंटरटेनमेंट...

## अभिनेता दग्गुबाती, प्रकाश राज समेत अन्य पर केस

हैदराबाद। सट्टेबाजी ऐप का कथित तौर पर प्रचार करने को लेकर तेलुगु फिल्म अभिनेता राणा दग्गुबाती, प्रकाश राज, विजय देवरकोंडा समेत छह अभिनेताओं और 19 सोशल मीडिया इंफ्लुएंसरों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है।

मियांपुर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि अभिनेत्री लक्ष्मी मांचू, प्रणीता और निधि अग्रवाल के खिलाफ भी यह मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि इन कलाकारों और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ने पॉप-अप विज्ञापनों और अन्य माध्यमों से सट्टेबाजी ऐप का प्रचार किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले में 19 मार्च को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), जुआ अधिनियम और आईटी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि जब वह हाल ही में अपनी कॉलोनी के युवाओं से बातचीत कर रहा था, तो उसने पाया कि उनमें से ज्यादातर युवा सट्टेबाजी, जुआ और ऑनलाइन कैसीनो ऐप में निवेश के बारे में चर्चा कर रहे थे, जिनका प्रचार सोशल मीडिया पर फिल्मी हस्तियां और (सोशल मीडिया) इंफ्लुएंसर द्वारा किया जा रहा है।



शिकायतकर्ता ने बताया कि वह खुद भी इन ऐप से प्रभावित हुआ था और एक सट्टेबाजीजुआकैसीनो वेबसाइट में पैसे लगाने वाला था, लेकिन उसके परिवार ने उसे ऐसा करने से रोक दिया। प्राथमिकी में कहा गया है कि शिकायतकर्ता जब सोशल मीडिया ऐप का उपयोग कर रहा था, उसने कई मशहूर हस्तियों और इंफ्लुएंसर को इन अवैध सट्टेबाजी ऐप और वेबसाइट का प्रचार करते देखा। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि ये सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर और मशहूर कलाकार भारी कमीशन और पारिश्रमिक लेकर अवैध सट्टेबाजी ऐप को बढ़ावा दे रहे हैं। इससे खासतौर पर वे लोग प्रभावित हो रहे हैं जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और पैसों की जरूरत में अपनी मेहनत की कमाई इन ऐप में निवेश कर देते हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार, ये प्लेटफॉर्म सोशल मीडिया पर विज्ञापनों के माध्यम से अपने ऐप का प्रचार कर रहे हैं जिससे ये स्वतः ही लक्षित दर्शकों तक पहुंच रहे हैं।

## ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट व शहाना गोस्वामी को मिला सम्मान

लॉस एंजिलिस। पायल कपाड़िया की फिल्म ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट को सर्वश्रेष्ठ फिल्म के खिताब के साथ ही फिल्म संतोष की अभिनेत्री शहाना गोस्वामी और इसकी निर्देशक संध्या सूरी को एशियन फिल्म अवार्ड 2025 में शीर्ष सम्मानों से नवाजा गया। हांगकांग के वेस्ट कॉव्लून कल्चरल जिले के जिकू सेंटर में रविवार को 18वां पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया। एशियन फिल्म अवार्ड ने आधिकारिक वेबसाइट पर विजेताओं की सूची साझा की। इस कार्यक्रम में पायल कपाड़िया की ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट को सर्वश्रेष्ठ फ़्लिम का पुरस्कार मिला। यह ब्लैक डॉग (चीन), एक्सहुमा (दक्षिण कोरिया), टेकी कॉमेथ (जापान) और ट्विलाइट ऑफ़ द वॉरियर्सः वॉल्ड इन (हांगकांग) के साथ प्रतिस्पर्धा में थी।

## आयुष्मान खुराना बने फिट इंडिया आइकन

नयी दिल्ली। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को नयी दिल्ली में आयोजित समारोह में अभिनेता आयुष्मान खुराना को आधिकारिक रूप से फिट इंडिया आइकन घोषित किया। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अभिनेता अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया अभियान से जुड़ गए हैं जिसका उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। अभियान का मकसद विभिन्न पहल और कार्यक्रमों के जरिए तंदुरूस्ती को बढ़ावा देना है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य तंदुरूस्ती को सरल, मजेदार और सहज बनाना है, ताकि लोग इसे अपनी दिनचर्या में आसानी से शामिल कर सकें।

## तेलंगाना में होगी 72वीं मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता

हैदराबाद। तेलंगाना के पर्यटन मंत्री जुपल्ली कृष्णा राव ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि 72वीं मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का आयोजन 10 मई से 31 मई तक तेलंगाना के विभिन्न सांस्कृतिक महत्व वाले स्थानों में किया जाएगा। इस आयोजन पर 54 करोड़ रुपये के खर्च का अनुमान है।

मंत्री ने बताया कि इस खर्च को तेलंगाना पर्यटन विभाग और मिस वर्ल्ड लिमिटेड साझा करेंगे। उन्होंने कहा तेलंगाना की ओर से दिए जाने वाले 27 करोड़ रुपये मुख्य रूप से प्रायोजकों (स्पॉन्सरशिप) के माध्यम से आएंगे। मीडिया खबरों में दावा किया गया है कि इस आयोजन की कुल लागत करीब 200 करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है जिसे लेकर विपक्षी दलों ने सवाल उठाए



हैं। उन्होंने राज्य के 71,000 करोड़ रुपये के राजस्व घाटे के बीच इस तरह की बड़ी धनराशि एक सौंदर्य प्रतियोगिता पर खर्च करने को लेकर आलोचना की है। राव ने दक्षिण कोरिया की लोकप्रिय टेलीविजन श्रृंखला स्क्विड गेम और विश्व प्रसिद्ध बैंड बीटीएस का उदाहरण देते हुए कहा कि दक्षिण कोरिया ने अपने सांस्कृतिक संसाधनों का लाभ उठाकर अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है। उन्होंने कहा जुरासिक पार्क फ्रेंचाइजी ने अकेले 1.5 करोड़ होंडा कारों की बिक्री से अधिक राजस्व उत्पन्न किया है जो यह दर्शाता है कि सांस्कृतिक निर्यात किस तरह से आर्थिक परिणामों को प्रभावित कर सकता है। मंत्री ने विपक्ष के गलत वित्तीय प्राथमिकताओं के आरोपों को खारिज करते हुए आश्वासन दिया कि मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता तेलंगाना की अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देगी। राव ने तेलंगाना की बढ़ती सांस्कृतिक पहचान पर भी जोर दिया और कहा कि राज्य के त्योहारों और परंपराओं को लेकर वैश्विक रुचि लगातार बढ़ रही है।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com